www.deshbandhu.co.in ताजा समाचार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 1 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –226 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

सीएम सिद्दारमैया बोले, बेंगलुरु में 188 और इंदिरा कैंटीन खुलेंगी पृष्ठ 2
■ खेल में खनकती पूंजी
■ खनिज तेल आपूर्ति में कटौती का सवाल, सभी निगाहें ओपेक की ... पृष्ठ 6
■ अमेरिका के आरोपों पर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करेगा भारत
सीओपी-28 में भाग लेंगे मोदी पृष्ठ 7
बाबर की रिमेज से तुलना करना तमाम रिमेज की कोहली से तुलना करने जैसा है : उस्मान ख्वाजा पृष्ठ 8

तेलंगाना में 5 बजे तक 64 फीसदी मतदान

कई जगहों पर कांग्रेस व बीआरएस कार्यकर्ताओं में हुई भिड़ंत

हैदराबाद, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 5 बजे 63.94 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। आदिलाबाद में मतदान करने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजना (65) की मौत हो गई। मतदान के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं पोलिंग बूथ में मीडिया से बात करने की वजह से बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मतदान के दौरान तीन से चार जगह कांग्रेस से बीआरएस और बीजेपी-बीआरएस के कार्यकर्ता भिड़ गए। कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ।

2290 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

तेलंगाना में कुल 2290 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। राज्य में चुनाव के लिए 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 511 केंद्र संवेदनशील रहे। ये सभी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे हैं और नक्सल प्रभावित हैं। सुरक्षा के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 100 से ज्यादा कंपनियां तैनात की गई थी। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

बीआरएस व कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला

तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है। यहां पिछली बार दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे और तेलंगाना राष्ट्र समिति ने सरकार बनाई थी। चंद्रशेखर राव दूसरी बार मुख्यमंत्री बने थे। टीआएएस का नाम अब बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) हो गया है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। साल 2018 में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी।

एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त पर कांटे की टक्कर भी

एग्जिट पोल के अनुसार वोट शेयर में भाजपा को बढ़त, कांग्रेस को नुकसान

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल में वोट शेयर के मामले में भाजपा को बढ़त मिलती दिख रही है। वहीं, वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस को नुकसान होता दिख रहा है। हालांकि अधिकांश पोल में सीटों के लिहाज से कांग्रेस को बढ़त मिलती दिख रही है।

आज तेलंगाना में मतदान समाप्त होने के साथ ही एग्जिट पोल के नतीजे आ गए हैं। अधिकांश सर्वे में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। वोट शेयर के लिहाज से भाजपा को फायदा होता दिख रहा है। वहीं, 2018 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से कांग्रेस को थोड़ा नुकसान हो रहा है।

2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 44 प्रतिशत और भाजपा का साढ़े 33 प्रतिशत था। तब कांग्रेस 68 और भाजपा 15 सीट जीती थी। इस बार के चुनावी सर्वे में भाजपा का वोट शेयर 41 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान बताया जा रहा है, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 42 प्रतिशत रह सकता है।

एग्जिट पोल करने वाली संस्थाओं के अनुसार इसमें 3 से 6 प्रतिशत ऊपर-नीचे होने की संभावना बनी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

एग्जिट पोल केआंकड़े एक समान नहीं : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, एग्जिट पोल के आंकड़ों में समानता नहीं है लेकिन 2 दिन बाद तो सभी आंकड़े एक समान होंगे। एग्जिट पोल चलने दीजिए, सरकार हमारी बनेगी, भारी बहुमत से बनेगी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, अभी 6-7 सर्वे हुए हैं और किसी के भी आंकड़े एक समान नहीं है। हमने 75 पार का लक्ष्य रखा था, हम उसी के आसपास रहेंगे।

छत्तीसगढ़	कांग्रेस	भाजपा	अन्य
डीबी लाइव	51-57	30-36	1-5
जन की बात	42-53	34-45	3
इंडिया टीवी सीएनएक्स	46-56	30-40	3-5
एबीपी-सी वोटर	41-53	36-48	0-4
टाउम्स नाऊ-ईटीजी	48-56	32-40	2-4

मध्यप्रदेश	कांग्रेस	भाजपा	अन्य
डीबी लाइव	116-130	92-106	2-14
जन की बात	102-12	100-123	0-5
इंडिया टीवी सीएनएक्स	70-89	140-149	0-2
न्यूज 24 टुडेज चाणक्य	74	151	5
टाउम्स नाऊ-ईटीजी	109-125	105-117	1-5

राजस्थान	कांग्रेस	भाजपा	अन्य
डीबी लाइव	93-107	72-86	16-24
जन की बात	62-85	100-122	14-15
इंडिया टीवी सीएनएक्स	94-104	80-90	14-18
एबीपी-सी वोटर	71-91	94-114	9-19
टाउम्स नाऊ-ईटीजी	56-72	108-128	13-21

तेलंगाना	कांग्रेस	भाजपा	बीआरएस
डीबी लाइव	72-78	2-4	30-36
जन की बात	48-64	7-13	40-45
इंडिया टीवी सीएनएक्स	63-79	2-4	31-47
न्यूज 24 टुडेज चाणक्य	71	7	33
टाउम्स नाऊ-ईटीजी	60-70	6-8	37-45

मिजोरम	कांग्रेस	भाजपा	एमएनएफ	जेपीएम
डीबी लाइव	12-16	0-0	10-14	10-14
जन की बात	5-9	0-2	10-14	15-25
इंडिया टीवी सीएनएक्स	8-10	0-2	14-18	12-16
एबीपी-सी वोटर	8-10	0-2	14-18	12-16
टाउम्स नाऊ-ईटीजी	8-10	0-2	14-18	12-16

सार संक्षेप

ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट : कोर्ट ने एएसआई को दिया 10 दिन का समय

वाराणसी। वाराणसी अदालत ने गुरुवार को एएसआई को ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए और 10 दिन का समय दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी। एएसआई ने तकनीकी देरी का हवाला देते हुए रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन मस्जिद समिति ने इसका विरोध किया, कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 11 दिसम्बर तय की है।

अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर का निधन

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर का बुधवार को 100 साल की उम्र में कनेक्टिकट स्थित घर पर निधन हो गया। राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और जेराल्ड फोर्ड के कार्यकाल में विदेशमंत्री के तौर पर काम करने वाले डॉ. किसिंजर ने चीन के लिए रास्ता खोलने, मध्य पूर्व में योम किप्पुर युद्ध की समाप्ति पर बातचीत करने और वियतनाम युद्ध में अमेरिका की भूमिका को समाप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बयान के मुताबिक डॉ. किसिंजर ने राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर 21 किताबें लिखी हैं।

कन्नूर विवि के कुलपति की पुनर्नियुक्ति रद्द

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. गोपीनाथ रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की समीक्षा के बाद यह फैसला सुनाया।

आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक पर जुर्माना लगाया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने फेमा की धाराओं के माध्यम से प्राप्त शक्तियों के तहत एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका पर जुर्माना लगाया है। एचडीएफसी पर प्रवासियों से जमा स्वीकार करने पर आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफ अमेरिका पर फेमा 1999 की उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

गैंगस्टर सोनू खत्री का गुर्गा पंजाब में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने विदेश स्थित गैंगस्टर राजेश कुमार उर्फ सोनू खत्री के गुर्गे गैंगस्टर करणजीत सिंह उर्फ जस्सा हप्पोवाल और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा मोहनवालिया को गिरफ्तार किया है।

संसद का शीतकालीन सत्र 4 से हो रहा शुरू

सरकार ने संसद सत्र के लिए सूचीबद्ध किए 18 विधेयक

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। संसद का शीतकालीन सत्र अगले सप्ताह 4 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। सरकार की ओर से इस सत्र के लिए जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को बढ़ाने वाले दो और आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयकों को सूची बद्ध किया गया है। इसकी जानकारी लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार कश्मीरी प्रवासियों, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के विस्थापितों और अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सदस्यों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 करने के लिए एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक,2023, जम्मू और कश्मीर विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इसके अलावा पुडुचेरी विधानसभा में महिलाओं के लिए समान आरक्षण प्रावधानों को प्रस्ताव करते हुए केंद्रशासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक,2023 को भी पेश किए जाने की योजना है।

■ लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में दी गई जानकारी

विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल -शीतकालीन सत्र के लिए विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल हैं। इनमें से दो महिला कोटा विधेयक भी शामिल हैं। सरकार के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

प्रधानमंत्री ने 50 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

■ मोदी ने कहा, जनता के जीवन में सुगमता के लिए समर्पित हों कर्मचारी
■ देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (देशबन्धु) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के पत्र वितरित किए और उनका आह्वान किया कि वे देश की जनता जनार्दन के जीवन में सुगमता लाने के लिए सत्य निष्ठा से खुद को खपाने के लिए तैयार रहें। श्री मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह कहा। यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल में केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र- शासित प्रदेशों में भर्ती कर्मचारी भी शामिल थे। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी सरकार के राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में योगदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है। आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ये नियुक्ति पत्र उनके परिश्रम और प्रतिभा का नतीजा है।

भारत ने ब्राजील को सौंपी जी-20 की अध्यक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। श्री मोदी ने भारत की जी 20 अध्यक्षता के कार्यकाल के अंतिम दिन एक लेख में उम्मीद जताई कि इन इन क्षेत्रों में आगे भी तेजी से काम किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा, अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

देश में अब हाइड्रोजन ट्रेन दौड़ाने की तैयारी : वैष्णव

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। देश के अधिकांश हिस्सों में रेलवे का विद्युतीकरण हो जाने के बाद अब हाइड्रोजन ईंधन से रेलगाड़ियों को दौड़ाने की है। इसके लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का निर्माण किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि पहली हाइड्रोजन रेलगाडी 2024 से के आखिर तक हरियाणा के जिंद से चलाई जा सकती है। यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कुछ देशों ने हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाडियों की प्रौद्योगिकी हासिल कर ली है। भारत भी इस दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है। संभावना है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक रेलवे एक प्रोटोटाइप का विकास करने में सफल हो जाएगा। वैष्णव ने कहा कि इस तकनीक के आधार पर रेलगाड़ियों का निर्माण घरलू और अंतरराष्ट्रीय रेलवे प्रणाली निर्माताओं के साथ साझेदारी में किया जाएगा। प्रोटोटाइप तैयार हो जाने के बाद ग्लोबल फर्मों की रुचि के लिए आमंत्रण अगले साल जारी किया जा सकता है। मालूम हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी फरवरी 2023 के अपने बजट भाषण में विरासत के लिए हाइड्रोजन योजना की घोषणा थी। जो पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील चुनिंदा विरासत और पहाड़ी मार्गों पर हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाड़ियों को संचालित करने को महात्वाकांक्षी योजना है। बतादें कि अभी सिर्फ जर्मनी ही है जहां व्यावसायिक रूप से हाइड्रोजन से चलने रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान में इसके लिए परीक्षण चल रहा है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत का दावा

कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एग्जिट पोल से पहले गुरुवार शाम को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी जहां इस महीने चुनाव हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी।

उन्होंने कहा, राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं, और सट्टा बाजार जो भी कहता है, मीडिया जो भी कहता है और आपका सर्वेक्षण जो भी कहता है, मेरा अनुमान कहता है - जैसा कि मैंने पिछले छह महीनों में गांवों और शहरों में लोगों की

टिप्पणियां सुनीं, कांग्रेस सरकार बनाएगी।

मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी उस दिन आई है जब दक्षिणी राज्य तेलंगाना में विधानसभा की 119 सीटों के लिए मतदान हो रहा था। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 7 नवंबर को हुआ था, जबकि 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए मतदान 7 और 17 नवंबर को हुआ था। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान 17 नवंबर और 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को हुआ था। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। कांग्रेस के लिए दांव ऊंचे हैं क्योंकि वह छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्तारूढ़ पार्टी है और दोनों राज्यों में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है। मध्य प्रदेश में पार्टी सत्ता में लौटने की उम्मीद कर रही है, जहां 2018 में जीतने के बावजूद मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और 22 विधायकों के पार्टी छोड़कर भाजपा में शमिल होने के बाद उसने बहुमत खो दिया। तेलंगाना में कांग्रेस सत्तारूढ़ बीआरएस को हराने की कोशिश कर रही है, जो राज्य में लगातार तीसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है।

गुजरात में जहरीला सिरप पीने से 5 की मौत

अहमदाबाद, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। गुजरात के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मिथाइल अल्कोहल युक्त आयुर्वेदिक सिरप पीने से पिछले दो दिन में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खेड़ा जिले में नडियाड शहर के निकट बिलोदरा गांव में एक दुकानदार द्वारा 'कालमेघसव- आसव अरिष्ट' नामक आयुर्वेदिक सिरप लगभग 50 लोगों को बेचा गया था। खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा कि एक ग्रामीण के रक्त के नमूने

की रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि सिरप बेचने से पहले उसमें मिथाइल अल्कोहल मिलाया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिन में सिरप पीने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है और दो अन्य का अभी भी इलाज किया जा रहा है।

मोरबी ब्रिज हादसा : ओरेवा ग्रुप के मालिक को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं

गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज का मैंटेनेंस करने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप के मालिक जयसुख पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जयसुख पटेल के वकील से कहा- आप जमानत के लिए फिलहाल निचली अदालत या हाईकोर्ट जाएं।

जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ की योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की एक योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1079.96 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता द्वारा प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और ज़मीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है। इस योजना को तीन वर्ष की अवधि में लागू किया जाएगा।

मौसम

बर्फ के गिरते ही सैलानियों को पुकारने लगा कश्मीर, सर्दियों में एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका गुलमर्ग

धरती के स्वर्ग ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर बर्फ की चादर में लिपटा हुआ है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में जमकर बर्फबारी हुई है।

बर्फ के गिरते ही विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग सैलानियों को पुकारने लगा है क्योंकि जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाके में बसा गुलमर्ग सर्दियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उत्तरी कश्मीर में स्थित यह सुरम्य स्थान, बर्फ से ढके परिदृश्यों से सुसज्जित एक मनोरम स्वर्ग में बदल चुका है, जो रोमांच और शांति की तलाश करने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। यह सच है कि बर्फ से ढका गुलमर्ग पर्यटकों और साहसिक खेलों के प्रेमियों को

मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है।

समुद्र तल से 8,694 फीट की ऊंचाई पर

समुद्र तल से लगभग 8,694 फीट की ऊंचाई पर, गुलमर्ग सर्दियों के महीनों के दौरान एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका है। बर्फ से ढका यह इलाका आगंतुकों और साहसिक प्रेमियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है, जो इसे एक पसंदीदा गंतव्य बना रहा है। बर्फबारी के बाद राष्ट्रीय स्तर के शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध गुलमर्ग, खुद को शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में स्थापित कर चुका है। इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय स्की रिसॉर्ट हैं, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और विभिन्न शीतकालीन खेलों के अवसर प्रदान कर रहे हैं। इसका आकर्षक इलाका दुनिया भर से साहसिक चाहने वालों और पेशेवर एथलीटों को आकर्षित कर रहा है। गुलमर्ग में केबल कार की सवारी गोंडोला दुनिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है, जो लुभावनी यात्रा पर निकलने वाले आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान कर रही है।

देश

उवाच

‘एम्बुलेंस चालकों का निजी अस्पतालों के साथ गुप्त समझौता होता है और वे सभी दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी अस्पतालों में ले जाते हैं।’ ऐसी बहुत सारी घटनाएं हैं। एक बार जब उन्हें निजी अस्पतालों में ले जाया जाता है, तो मरीज़ों को भारी बिल चुकाना पड़ता है, जबकि उन्हें सरकारी अस्पताल में बहुत कम कीमत पर इलाज मिल सकता था:- डीके शिवकुमार, डिप्टी सीएम कर्नाटक

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	25.1	12.6
मुंबई	31.5	19.7
कोलकाता	30.0	20.8
चेन्नई	28.4	22.9

समृद्धि के लिए देश की सीमाओं के साथ आंतरिक सुरक्षा जरूरी: मुर्मु

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। श्रीमती मुर्मु ने पुणे के खड़कवासला में गुरूवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सेना की 5वीं बटालियन के भवन की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा, ‘शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं जो देश की एकता और अखंडता की भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं।’

राष्ट्रपति ने कहा कि एनडीए नेतृत्व का एक ऐसा उद्गम स्थल है जिसने महान योद्धाओं को जन्म दिया है। यह अकादमी देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में भी विशिष्ट स्थान रखती है और इसकी सशस्त्र बलों के लिए देश के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मान्यता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए से प्राप्त प्रशिक्षण और जीवन मूल्य कैडेटों को अपने जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कैडेटों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को सीखकर और उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे सशस्त्र सेवाओं के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरे साहस और बहादुरी के साथ हर चुनौती का सामना करेंगे।

राष्ट्रपति एनडीए की पासिंग आउट परेड के मार्चिंग दस्ते में महिला कैडेटों की पहली बार भागीदारी देखकर बहुत प्रसन्न हुई। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन सच्चे अर्थों में ऐतिहासिक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी महिला कैडेट भविष्य में देश और एनडीए को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

■ **‘शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम ‘वसुधैव कुटुंबकम’ की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं :- द्रौपदी मुर्मु**

सीएम सिद्दारमैया बोले, बेंगलुरु में 188 और इंदिरा कैंटीन खुलेंगी

बेंगलुरु, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि लोगों के फायदे के लिए इस वर्ष बेंगलुरु में 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। इंदिरा कैंटीन सरकार द्वारा संचालित कैंटीन हैं और लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराती हैं। सीएम ने यह जानकारी गुरुवार को विधान भवन परिसर में संत कनकदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए दी।

इस दैरान इंदिरा कैंटीन के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि बेंगलुरु के 225 वार्डों में इंदिरा कैंटीन शुरू की जाएगी। इसके अलावा जहां जरूरी होगा, वहां कैंटीन शुरू की जाएगी। जहां इंदिरा कैंटीन के लिए जगह की कमी है, वहां मोबाइल कैंटीन स्थापित की जाएगी। सीएम ने कहा कि कनकदास एक समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से मानवता का उपदेश दिया। वह एक सार्वभौमिक व्यक्ति थे जिन्होंने भेदभाव रहित समतामूलक समाज के निर्माण के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने रामधन्य चरित, मोहनतरंगिणी सहित कई कृतियों की रचना की। गुरुवार को सरकार कनकदास की जयंती मना रही है, जिन्होंने समाज में भेदभाव खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने साहित्य के माध्यम से लोगों को अपने आदर्शों से अवगत कराया। उन्होंने अपने दास साहित्य की रचना सरल भाषा में की ताकि लोग समझ सकें। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को कनकदास जयंती की शुभकामनाएं दीं।

लोगों के फायदे के लिए इस वर्ष बेंगलुरु में 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। इंदिरा कैंटीन सरकार द्वारा संचालित कैंटीन हैं और लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराती हैं:-सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से कहा: पुराने, गंदे कपड़े पहनकर आने वालों के साथ मानवीय व्यवहार करें

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को डॉक्टरों से उन गरीब लोगों का मानवता के साथ इलाज करने का आह्वान किया, जो उनके पास पुराने और गंदे कपड़ों में आते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बिना भेदभाव के अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कर्नाटक विधान सौध की सीढ़ियों पर आयोजित एक कार्यक्रम में 262 अत्याधुनिक एम्बुलेंस को सार्वजनिक सेवा में समर्पित करने के बाद बोल रहे थे। सिद्दारमैया ने कहा कि यह देखना सरकार का लक्ष्य है कि बेंगलुरु के विश्व स्तरीय जयदेव अस्पताल में प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सभी सरकारी अस्पतालों में भी उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवा में आपातकालीन एम्बुलेंस को जोड़ा गया है ताकि इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में 840 से अधिक एम्बुलेंस की आवश्यकता है और प्रत्येक तालुक में चार एम्बुलेंस काम कर रही हैं और हर दिन सैकड़ों लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक आपातकालीन उपचार जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिद्दारमैया ने कहा कि हर जिले में एमआरआई स्कैनिंग की सुविधा होनी चाहिए क्योंकि निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों में सेवाओं की उच्च लागत के कारण गरीबों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान के सीएम का दावा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। एग्जिट पोल से पहले गुरुवार शाम को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी जहां इस महीने चुनाव हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा, ‘कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी।’ उन्होंने कहा, ‘राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं, और सट्टा बाजार जो भी कहता है, मीडिया जो भी कहता है और आपका सर्वेक्षण जो भी कहता है, मेरा अनुमान कहता है - जैसा कि मैंने पिछले छह महीनों में गांवों और शहरों में लोगों की टिप्पणियां सुनीं -कांग्रेस सरकार बनाएगी।’ मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 7 नवम्बर को हुआ था, जबकि 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए मतदान 7 और 17 नवम्बर को हुआ था। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान 17 नवम्बर और 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवम्बर को हुआ था। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। कांग्रेस के लिए दांव ऊंचे हैं क्योंकि वह छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्तारूढ़ पार्टी है और दोनों राज्यों में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है।

महिलाओं की 13,000 अश्लील तस्वीरें रखने के आरोप में बेंगलुरु से बीपीओ कर्मचारी गिरफ्तार

बेंगलुरु। महिलाओं की 13,000 अश्लील तस्वीरें रखने और उन्हें अपनी महिला सहकर्मियों के चेहरे के साथ फोटोशॉप करने के आरोप में बेंगलुरु से 25 वर्षीय बीपीओ कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उसने कबूल किया है कि उसे ऐसा

MOTILAL OSWAL HOME LOANS

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

[illegible]

वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, ई-मेल : hfquery@motilaloswal.com

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के तहत

[illegible]

क्र. सं.	ऋण अनुबंध सं./कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों) का नाम/सह आवेदक का नाम/ गारंटर का नाम	मांग सूचना तिथि और राशि	अचल सम्पत्ति का वर्णन
1	[illegible]	06-11-2023/ रु. 6,35,736/- [illegible]	[illegible] राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441
2	[illegible]	10-11-2023/ रु. 3,31,854/- [illegible]	[illegible] राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441

[illegible]

स्थान : छत्तीसगढ़

तिथि : 01-12-2023

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, (मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड)

अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

जाति जनगणना पर पीएम मोदी का पलटवार, कहा - मेरी लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की मांग कर रहे कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर पलटवार करते हुए कहा है कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत के दौरान उन्हें संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा, ‘विकसित भारत का संकल्प- 4 अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं - हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। जब तक इन चारों जातियों को मैं सभी समस्याओं से, सभी मुश्किलों से उबार नहीं देता हूं तब तक मैं चैन से बैठने वाला नहीं हूं। बस आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। जब ये चारों जाति सशक्त होगी तो निश्चित तौर पर देश की सभी जातियां सशक्त होगी।’ प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के लोगों ने वह दौर भी देखा है, जब पहले की सरकारें खुद को जनता का माई बाप समझती थी। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही। लोग सरकार से पूरी तरह हताश और निराश हो गए थे। उस समय सरकारें भी सिर्फ चुनाव और वोट बैंक पर ही ध्यान रखती थी।

मतदान के दिन नागार्जुन सागर में तनाव एक साजिश: रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच नागार्जुन सागर बांध पर तनावपूर्ण स्थिति को राज्य सरकार की साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि के. चंद्रशेखर राव का ये हताश प्रयास कामयाब नहीं होगा। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से इस तरह के बहकावे में न आने की अपील की और वादा किया कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सभी अंतरराज्यीय विवादों को बातचीत से सुलझाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस नेता तेलंगाना के अधिकारियों द्वारा आंध्र प्रदेश को पानी छोड़ने के लिए बांध के दरवाजे खोलने से रोकने के बाद दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच तनाव की खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने मांग की कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि सरकार उनके अधीन काम कर रही है।

ICICI Home Finance | आईसीआईसीआई होम फाइनेंस

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नामऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	रमेश मिश्रा (कर्जदार), आशा मिश्रा (सह-कर्जदार), ऋण खाता सं. एनएचडीआरजी00001245669 एवं एनएचडीआरजी00001245670	मकान नंबर ई.डब्ल्यू.एस. एच 04, वार्ड नंबर 46, भू तल, पद्मनाभपुर, दुर्ग, मौजा- सी.जी.एच.बी. जिला दुर्ग (सी.जी.) मध्य प्रदेश, दुर्ग-491001	रू. 38,38,623/- 22-11-2023	रू. 20,12,040/- / रू. 2,01,210/-	11-12-2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप.2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 18-12-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 में 18-12-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 में 18-12-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 01-12-2023 प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : दुर्ग आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

[illegible]

तिथि : 01-12-2023 प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : रायपुर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Home Finance | आईसीआईसीआई होम फाइनेंस

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001

शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	राधेश्याम देवांगन (कर्जदार), प्रभा देवांगन (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001330025	सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति परिवर्तित भूमि शीट नंबर 31, प्लॉट नंबर 10, राजस्व सर्वे नंबर 1704/3, मौजा निरातू, पटवारी सर्किल नंबर 31/53, ग्राम पंचायत क्षेत्र की सीमांतर्गत, आरआई सर्किल सकरी, ब्लॉक तखतपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़)	रू. 20,65,579/- 17-11-2023	रू. 17,22,263/- / रू. 1,72,230/-	11-12-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2.	सुरजीत सिंह संधू (कर्जदार), कुलदीप कौर संधू (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001299525	ग्राम कुंडा वार्ड नंबर 19, आदर्श नगर, कुमदा, तहसील पाटन दुर्ग पाटन खसरा नंबर 50/10, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001	रू. 29,49,806/- 23-11-2023	रू. 19,13,844/- / रू. 1,91,390/-	11-12-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
3.	कैलाश चन्द्र दुबे (कर्जदार), गायत्री दुबे (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001448415 एवं एलएचबीएसआर00001448416	मौजा बोदरी पीएच नंबर 1 केएच नंबर 528/2 पार्ट, वार्ड नंबर 2, रविशंकर शुक्ला वार्ड, नगर पंचायत बोदरी, तहसील और जिला बिलासपुर सीजी, बिलासपुर 528/2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001	रू. 29,79,542/- 23-11-2023	रू. 24,05,700/- / रू. 2,40,570/-	11-12-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (;wvkj,y fyad & https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 18-12-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 18-12-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 18-12-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 01-12-2023 प्राधिकृत अधिकारी

सीान : बिलासपुर , दुर्ग आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

ICICI Home Finance | आईसीआईसीआई होम फाइनेंस

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001

शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	याकूब अहमद (कर्जदार), खिलेश्वरी देवी (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एनएचडीआरजी00000834012	अपार्टमेंट नंबर मकान एलआईजी 63, भू तल, खसरा नंबर 201, जुनवानी, जिला दुर्ग, मध्य प्रदेश दुर्ग-491001	रू. 18,89,296/- 23-11-2023	रू. 7,10,046/- / रू. 71010/-	11-12-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2.	मनोज घरामी (कर्जदार), मिनाती घरामी (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001294810	63 एमआईजी फ्लैट नंबर 63 पीएचएन 115, खसरा नंबर 6 का भाग, ब्लॉक नंबर 03, चतुर्थ तल, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, डूमरतराई रायपुर, रायपुर, रायपुर-492001	रू. 28,29,515/- 23-11-2023	रू. 16,94,925/- / रू. 1,69,500/-	11-12-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 18-12-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 में 18-12-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 में 18-12-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में दुर्ग, रायपुर में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 022-69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 01-12-2023 प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : दुर्ग, रायपुर आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

आईएमडीबी ने वर्ष 2023 की टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर फिल्मों की लिस्ट जारी की

मुंबई। आईएमडीबी ने वर्ष 2023 की सिनेमाघरों में प्रदर्शित टॉप 10 भारतीय फिल्म, ओटीटी पर प्रसारित फिल्म और वेब सीरीज की लिस्ट जारी कर दी है। टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर भारतीय फिल्म (थिएट्रिकल) में जवान, पठान, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, लियो, ओएमजी 2, जेलर, गदर 2, द केरला स्टोरी, तू झूठी मैं मक्कार और भोला शामिल है। आईएमडीबी टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर भारतीय फिल्म 2023 (स्ट्रीमिंग) में लस्ट स्टोरीज 2, जाने जान, मिशन मजनू, बवाल, चोर निकल के भागा, क्वाड्रो डैडी, सिफ़ी एक बंदा काफ़ी है, गैसलाइट, कटहल ए जैकफ्रूट मिस्टरीज और मिसेज अंडरकवर शामिल है। इसी तरह आईएमडीबी टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर इंडियन वेब सीरीज 2023 में फर्जी, गन्स एंड गुलाबस, द नाईट मैनेजर, कोहरा, असुर 2, राणा नायडू, दहाड़, सास, बहू और फ्लेमिंगो, स्कूप और जुबिली शामिल है।

समुदाय आधारित कार्यक्रमों से रोका जा सकता है एचआईवी संक्रमण

■ डॉ. मनोज कुमार तिवारी

लखनऊ/वाराणसी, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एचआईवी की पहचान के चार दशक बाद भी यह एक विश्वव्यापी समस्या बना हुआ है। एचआईवी वायरस मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है जब व्यक्ति का रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाता है तो उसे अनेक अवसरवादी संक्रमण हो जाता है इस स्थिति को एड्स कहते हैं।

■ मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है संक्रमण

दुनिया में लगभग 38 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित हैं जिनमें से लगभग 25.4 मिलियन लोग ए आर टी ड्रग ले रहे हैं। अब तक एचआईवी/ एड्स से लगभग 32.7 मिलियन लोगों की मृत्यु हो चुकी है। प्रतिवर्ष पूरी दुनिया में लगभग 1.7 मिलियन एचआईवी का नया संक्रमण होता है। दुनिया में कुल संक्रमित मरीजों में लगभग 18 मिलियन बच्चे हैं। भारतवर्ष में कुल एचआईवी संक्रमित मरीजों की संख्या लगभग 2.1 मिलियन है जिसमें से लगभग 880000 महिलाएं हैं तथा बच्चों की संख्या लगभग 145000 है। 2010 से 2019 के बीच एचआईवी संक्रमण की दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। किंतु उपरोक्त लक्षण अन्य बीमारियों में भी हो सकते हैं लक्षण के आधार पर किसी भी व्यक्ति के एचआईवी संक्रमित होने की स्थिति निर्धारित नहीं की जा सकती है, इसके लिए एचआईवी जांच कराना चाहिए सिर्फ रक्त जांच से ही किसी

विश्व एड्स दिवस

की एचआईवी की स्थिति निर्धारित की जा सकती है। एचआईवी संक्रमण के कई मरीजों में कई वर्षों तक संक्रमण के लक्षण दिखाई नहीं पड़ते हैं इसके पीछे व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता, खान-पान, जीवन-शैली एवं दवाओं की उपलब्धता इत्यादि का असर पड़ता है। एचआईवी की जांच सभी सरकारी अस्पतालों में नाको द्वारा संचालित समेकित परामर्श एवं जांच केंद्र (आईसीटीसी) में नि:शुल्क की जाती है व एचआईवी संबंधित परामर्श भी प्रदान किया जाता है। एचआईवी पॉजिटिव आने पर व्यक्ति को इलाज हेतु ए आर टी एवं डॉट सेंटर संदर्भित किया जाता है। व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से गुप्त रखा जाता है। एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी सेंटर खोले गए हैं जहां पर एचआईवी संक्रमित मरीजों को एंटीरिट्रोवायरल ड्रग नि:शुल्क प्रदान किया जाता है। ए आर टी सेंटर में चिकित्सक एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को न केवल एचआईवी की चिकित्सा प्रदान करते हैं बल्कि अवसरवादी संक्रमण जैसे- टीबी, खांसी, बुखार, डायरिया इत्यादि का भी इलाज किया करते हैं। एआरवी ड्रग एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को जीवनभर, सही समय पर एवं सही डोज में खाना होता है। परामर्शदाता उन्हें दवाओं से संबंधित परामर्श के साथ-साथ उन्हें जीवन के सभी पक्षों से संबंधित परामर्श तथा जीवन जीने का कौशल सीखते हैं। प्रिवेंशन आफ पेरेंट टू चाइल्ड ट्रांसमीशन सेंटर (पीपीटीसीटी) मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में नाको द्वारा संचालित किया जाता है जिसमें गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क एचआईवी जांच किया जाता है उन्हें परामर्श भी प्रदान किया जाता है। एचआईवी संक्रमित महिलाओं को ए आर टी सेंटर संदर्भित किया जाता है, यदि संक्रमित महिला सही समय पर जांच कराकर नियमित एआरटी की दवा खाए तथा चिकित्सक के देखरेख में प्रसव कराए तो उसके बच्चे को एचआईवी के संक्रमण का खतरा बहुत कम होता है। एचआईवी संक्रमित महिला से पैदा होने वाले बच्चों को अर्ली इन्फेंट डायग्नोस्टिक (ईआईडी) कार्यक्रम के तहत 18 माह तक जांच एवं इलाज की सुविधा भी नि:शुल्क प्रदान की जाती है।

नाको द्वारा संचालित सुरक्षा क्लिनिक में यौन संचारित रोगों का नि:शुल्क परामर्श तथा दवाएं भी प्रदान की जाती हैं। यौन संचारित रोग होने पर एचआईवी के संक्रमण का जोखिम बहुत अधिक बढ़ जाता है। पोस्ट एक्सपोज़र प्रोफाइलेक्सिस (पीईपी) स्वास्थ्य कर्मियों को एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से एक्सपोज (रक्त, शारीरक द्रव्य, संक्रमित सुई के संपर्क) होने पर प्रदान की जाती है। पीईपी एक्सपोज़र होने के 72 घंटे के अंदर शुरू करना होता है तथा यह 28 दिन तक चलता है।

किच्चा सुदीप के साथ 'टेम्पटेशन आइलैंड' पर जाना चाहती हैं जिग्ना वोरा

मुंबई, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' के घर से बाहर आई प्रतियोगी जिग्ना वोरा ने बताया कि अगर उन्हें 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' का हिस्सा बनने का मौका मिलता है, तो वह कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप के साथ जाना पसंद करेंगी।

'बिग बॉस' के घर से निकलने के बाद वह क्या देखने के लिए उत्सुक हैं, इस पर जिग्ना ने खुलासा किया कि वह 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से किच्चा सुदीप ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ अगर मौका मिला तो मैं शो में शामिल होना पसंद करूंगी। मैं काफी समय से सिंगल हूं।

शो के लिए 'बिग बॉस 17' के प्रतियोगियों की अपनी पसंद पर चर्चा करते हुए जिग्ना ने साझा किया, 'मैं अभिषेक और खानजादी को 'टेम्पटेशन आइलैंड' पर उनके रिश्ते का परीक्षण करने के लिए भेजना पसंद करूंगी। उनके बीच बहुत अच्छा रिश्ता है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि वे शो में क्या करते हैं।'

उन्होंने कहा कि आकर्षक रुप से देखें तो अभिषेक सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन जब हम भावनात्मक रूप पर जाएं तो मुनव्वर बेस्ट हैं। खानजादी दिखने में अच्छी और बेहद स्टाइलिश हैं, यह उन्हें काफी आकर्षक बनाता है। मेरा मानना है कि उसका नरम पक्ष केवल टेम्पटेशन द्वीप पर ही सामने आ सकता है। टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया ज़ियो सिनेमा पर प्रसारित होता है।

फिल्म 'कुछ कुछ होता है' को लेकर रानी मुखर्जी ने शेयर की खूब सारी यादें

मुंबई, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। स्ट्रीमिंग चैट शो 'काँफी विद करण' में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने बताया कि उनके पास 1998 की रोमांटिक फिल्म 'कुछ कुछ होता है' को लेकर खूब सारी यादें हैं। रानी और काजोल हाल ही में स्ट्रीमिंग चैट शो 'काँफी विद करण' में नजर आईं और शो के होस्ट करण जौहर के साथ बातचीत करते हुए खूब मस्ती की।करण द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में शाहरुख खान, काजोल और रानी मुख्य भूमिका में हैं। इसके बारे में बात करते हुए रानी ने कहा कि मैं कहना चाहती हूं कि 'कुछ कुछ होता है' की जो यादें मेरे पास आपके (करण जौहर) के बारे में हैं, विशेष रूप से आप बेहद दयालु थे और आप मेरे साथ बहुत निष्पक्ष थे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि एक न्यूकमर के रूप में उन्होंने मुझमें बहुत आत्मविश्वास जगाया और उस समय इंडस्ट्री के लोगों में बहुत सारी अच्छाइयां पैदा की, क्योंकि मैं उस समय शुरुआत कर रही थी, यह मेरी तीसरी फिल्म थी। वह न केवल अपने अभिनेताओं के प्रति बहुत स्नेही थे बल्कि 'कुछ कुछ होता है' के प्रत्येक सदस्य से प्यार करते थे। काँफी विद करण 8 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

पोकेमॉन गो को मिला गूगल प्ले का 'बेस्ट ऑनगोइंग गेम' का पुरस्कार

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। नियांटिक के सबसे बड़े ऑगमेंटेड रियलिटी मोबाइल गेम में से एक पोकेमॉन गो को 2023 में भारत में गूगल प्ले के 'बेस्ट ऑनगोइंग गेम' पुरस्कार दिया गया है। कंपनी ने कहा कि यह पुरस्कार पोकमॉन गो के लॉन्च के बाद सात साल से खिलाड़ियों को जोड़े रखने के निरंतर प्रयासों और आकर्षक, बेहतरीन वास्तविक अनुभव, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक संपर्क देने में गेम की स्पष्ट सफलता का प्रमाण है, जो भारत और दुनिया भर में लाखों ट्रेनर्स के साथ प्रतिध्वनित होता है।

2016 में पोकेमॉन गो के लॉन्च के बाद से, नियांटिक ने दुनिया भर में पोकेमॉन प्रशंसकों को खुद से जोड़ने और उन्हें अपने आस पड़ोस का पता लगाने के लिए प्रेरित कर अदृश्ट समर्पण दिखाया है। लगातार रोमांचक फीचर्स, इवेंट, इन-गेम रिवार्ड्स और गेम और उसमें शामिल बेहतरीन टेक्नोलॉजी के इनोवेटिव अपडेट के साथ, कंपनी ने हमेशा पोकेमॉन गो एडवेंचर को समृद्ध बनाने को प्राथमिकता दी है और ट्रेनर्स के लिए सफलतापूर्वक लगातार विकसित होने वाला गहन अनुभव तैयार किया है। नियांटिक ने हाल ही में गेम में हिंदी भाषा को जोड़ा है ताकि भारत में मौजूद व्यापक उपभोक्ता खुद को पोकेमॉन गो का हिस्सा बना सकें।

नियांटिक के इमर्जिंग मार्केट्स के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ ने कहा कि भारत में गूगल प्ले पर बेस्ट ऑनगोइंग गेम के रूप में पोकेमॉन गो को मिला पुरुस्कार नियांटिक और हमारे अविश्वसनीय समुदाय की सहयोगात्मक भावना की एक नई परिभाषा है। यह पुरुस्कार हमारे ट्रेनर्स और कम्युनिटीज के प्रेम को दर्शाती है जो 2016 में इस खेल को इस दुनिया में पेश करने के बाद से हर गुजरते साल के साथ बढ़ रहा है। कम्युनिटी के विस्तार की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता में योगदान देने के लिए अपने प्रत्येक भारतीय ट्रेनर्स के हम आभारी हैं और नए ट्रेनर्स को उनके पोकेमॉन एडवेंचर में शामिल होते देखकर खुशी हो रही है।

नेटफ्लिक्स का लोकप्रिय गेम 'जीटीए द ट्रिलॉजी' दिसम्बर से मोबाइल ऐप पर

सैन फ्रांसिस्को, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। स्ट्रीमिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि रॉकस्टार गेम्स 'ग्रैंड थेफ्ट ऑटो द ट्रिलॉजी – द डेफिनिटिव एडिशन' 14 दिसम्बर को ऐप स्टोर, गूगल प्ले और नेटफ्लिक्स सदस्यों के लिए उसके मोबाइल ऐप पर आ रहा है।

जीटीए द ट्रिलॉजी 2021 में रिलीज़ हुआ था। यह लोकप्रिय जीटीए श्रृंखला के तीन खेलों का एक संग्रह है। नेटफ्लिक्स ने बुधवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि आज से, फैन्स ग्रैंड थेफ्ट ऑटो द ट्रिलॉजी – द डेफिनिटिव एडिशन खेलने के लिए प्री-रजिस्टर कर सकते हैं। इसमें ग्रैंड थेफ्ट ऑटो 3, ग्रैंड थेफ्ट ऑटो वाइस सिटी और ग्रैंड थेफ्ट ऑटो सैन एंड्रियास के अपनी-अपनी शैली में नई परिभाषा गढ़ने वाले टाइटल शामिल हैं। सभी को मोबाइल के लिए अपडेट किया गया है।

कंपनी ने बताया कि जीटीए द ट्रिलॉजी 80 से ज्यादा मोबाइल गेम्स की बढ़ती सूची में शामिल हो गई है, जिसमें सभी शैलियों के अवश्य खेले जाने वाले शीर्षक शामिल हैं, जो सभी नेटफ्लिक्स सदस्यता के लिए और अधिक वैल्यू एडिशन करते हैं। इसमें इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित श्रृंखला में से एक भी बिना किसी विज्ञापन, इन-ऐप खरीदारी या अतिरिक्त शुल्क के शामिल है।

नेटफ्लिक्स ने अगस्त में अपने गेम्स को सभी डिवाइसों – टीवी, कंप्यूटर और मोबाइल – पर लॉन्च किया और अपने क्लाउड-स्ट्रीम गेम्स के पहले सार्वजनिक परीक्षणों की घोषणा की। गेम्स के नेटफ्लिक्स वीपी, माइक वर्दु ने कहा था कि स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स.कॉम के माध्यम से समर्थित ब्राउज़रों पर चुनिंदा टीवी, पीसी और मैक पर कनाडा और ब्रिटेन में कुछ सदस्यों के लिए एक सीमित बीटा परीक्षण शुरू कर रहा है। उन्होंने घोषणा की, दो गेम इस प्रारंभिक परीक्षण का हिस्सा होंगे- नाइट स्कूल स्टूडियो से ऑक्सनफ्री, एक नेटफ्लिक्स गेम स्टूडियो, और मोल्यूज़ माइनिंग एडवेंचर, एक रत्न-खनन आर्केड गेम।

'गर्भाशय सुरक्षित रखने' के बारे में जागरुकता फैलाना की जरूरत

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी विशेषज्ञों का मानना हैं कि गर्भाशय संबंधी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के दिशा-निर्देशों का व्यापक क्रियान्वयन, अनावश्यक गर्भाशय निकालने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये बेहतर साबित हो सकता है।

'फ्रिजर्व द यूटेरस नेशनल समिट' के दूसरे संस्करण में गुरुवार को केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास और आयुष राज्य मंत्री डॉ. महेंद्रभाई मुंजापारा ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि एकीकृत स्वास्थ्य और कल्याण परिषद, बायर और फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) इस मामले में आगे आये हैं। महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में इस तरह के मंच पर चर्चा से इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में मदद मिलेगी और देश की महिलाओं की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्रवाई की रूपरेखा तैयार होगी।एफओजीएसआई के अध्यक्ष एवं ब्लूम आईवीएफ सेंटर के चिकित्सा निदेशक डॉ. हृषिकेश पई ने कहा कि यह जरूरी है कि सरकारी दिशा-निर्देशों को अक्षरशः लागू किया जाए। बेहतर स्वास्थ्य परिणामों और गर्भाशय संरक्षण उपचारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की क्षमता निर्माण आवश्यक है। एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण स्वस्थ महिलाओं द्वारा किया जा सकता है और इसलिए महिलाओं का स्वास्थ्य सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। बायर जुइडस फार्मा के बिजनेस यूनिट हेड, महिला स्वास्थ्य देखभाल, दीपक चोपड़ा ने कहा कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात सामने आती है तो यह जागरूकता निर्णय लेने की सबसे अहम हो जाता है और इसलिये गर्भाशय से जुड़ी जानकारियां देने के लिये महिलाओं को जागरुक करना बेहद आवश्यक है। चर्चा में भाग लेते हुए आईएचडब्ल्यू कार्डासेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमल नारायण ने कहा कि समुदायों और राष्ट्र के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिये महिलाओं का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। सोशल मीडिया के उपयोग में वृद्धि, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने के लिये गर्भाशय को संरक्षित करने जैसी पहल को महत्वपूर्ण बनाती है। इस संबंध में संवेदनशील और आसानी से समझने योग्य जानकारी देना आवश्यक है।यह सम्मेलन अप्रैल 2022 में देश में महिलाओं के असामयिक गर्भाशय निकाले जाने की बढ़ती मीडिया रिपोर्टों के बीच बायर के फार्मास्यूटिकल्स डिवीजन, इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलबीईंग (आईएचडब्ल्यू) कार्डासेल और फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) की ओर से शुरू किया गया था।

अभिनेत्री जया अहसन का बॉलीवुड में पंकज त्रिपाठी के साथ डेब्यू

मुंबई, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'कड़क सिंह' से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगालदेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, आईएफएफआई में प्रदर्शित की गई 'कड़क सिंह' को दर्शकों से खूब सराहना मिली। जया ने कहा कि यह एक विशेष क्षण था – एक ऐसा दिन जिसे मैं कभी नहीं भूल सकती। पिछले कुछ वर्षों में मेरे काम ने मुझे 32 से अधिक पुरस्कार दिलाए हैं, लेकिन आईएफएफआई का अनुभव महत्वपूर्ण था। मुझे लगता है कि मैं इस नयी यात्रा पर निकलने के लिए भाग्यशाली हूं और इस समय बहुत खुश हूं। यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गयीं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

दूल्हे ने सिंदूर दान के पहले मांगा हनीमून पर जाने का फ्लाइट टिकट, दुल्हन ने शादी से इनकार किया

मोतिहारी, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। अब तक आपने दूल्हे को कई तरह के डिमांड करते देखा और सुना होगा, लेकिन बिहार के पूर्वी चंपारण में एक दूल्हे के अजीबोगरीब डिमांड करने का मामला सामने आया, जहां एक दूल्हे ने हनीमून पर जाने को लेकर फ्लाइट टिकट की डिमांड कर दी। हालांकि, दूल्हे की डिमांड उस पर ही भारी पड़ गई। उसकी डिमांड तो पूरी नहीं हो हुई, बिना दुल्हन के ही उसे लौटना भी पड़ा। दरअसल, पूरा मामला पूर्वी चंपारण जिले के चकिया के कुआंव गांव का है, जहां पटना के बाकरगंज से बारात आई थी। दूल्हा बने पवन कुमार बारात लेकर जब लड़की के दरवाजे पर पहुंचे, तब बारात का जोरदार स्वागत हुआ। बरमाला के बाद अन्य रस्म रिवाज निभाया गया।

इस दौरान जब सिंदूर दान का समय आया तब दूल्हे ने सोने की चेन और हनीमून टिकट की डिमांड कर दी। इस डिमांड के बाद लड़की के परिजन हतप्रभ हो गए। इसके बाद दूल्हे को कापी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दूल्हा अपनी मांग पर अड़ा रहा। इसके बाद दुल्हन भी गुस्से में आ गई और शादी से इनकार कर दिया। उसके बाद दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हा और अन्य बारातियों को बंधक बना लिया। लड़की के परिजनों के साथ स्थानीय लोगों ने दुल्हन समेत दूल्हा और बारात में आए उसके परिजनों व रिश्तेदारों को मनाने की काफी कोशिश की। मामला काफी तनावपूर्ण होने लगा।

लड़की वालों ने दूल्हा समेत कई बारातियों को बंधक बना लिया। इस मामले की जानकारी पुलिस को हुई। पुलिस ने दूल्हा समेत बंधक बने अन्य लोगों को मुक्त कराया।

चकिया थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद दूल्हा और बारातियों के साथ दुल्हन पक्ष के लोगों को थाना पर लाया गया। जहां स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दोनों पक्षों में मामला सुलह कराया गया। लेकिन, लड़की शादी की तैयार नहीं हुई। उसके बाद दूल्हा और बारातियों को सुरक्षित भेज दिया गया।

बाहरी वायु प्रदूषण से हर साल 2.18 मिलियन लोगों की होती है मौत

बीमारी और मृत्यु के लिए प्रमुख पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम कारक

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नए मॉडलिंग अध्ययन के अनुसार, सभी स्रोतों से होने वाला बाहरी वायु प्रदूषण भारत में प्रति वर्ष 2.18 मिलियन लोगों की जान ले लेता है। इससे जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से अपनाने से संभावित रूप से बचा जा सकता है। बीएमजे द्वारा प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि परिवेशी वायु प्रदूषण के सभी स्रोतों के कारण होने वाली मौतों की संख्या – बीमारी और मृत्यु के लिए प्रमुख पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम कारक – दक्षिण और पूर्वी एशिया में सबसे अधिक और प्रति वर्ष 2.44 मिलियन मौतों के साथ चीन सबसे आगे है।

अमेरिका, जर्मनी, स्पेन की एक अंतरराष्ट्रीय टीम के नेतृत्व में किए गए शोध में पाया गया कि उद्योग, बिजली उत्पादन और परिवहन में जीवाश्म ईंधन के उपयोग से होने वाले वायु प्रदूषण के कारण दुनिया भर में प्रति वर्ष 5.1 मिलियन (61 प्रतिशत) अतिरिक्त मौतें होती हैं।

दुनिया भर में लगभग 8.3 मिलियन मौतें परिवेशी वायु में सूक्ष्म कणों (पीएम2.5) और ओजोन (ओ3) के कारण हुई, जो वायु प्रदूषण से होने वाली अधिकतम 82 प्रतिशत मौतों के बराबर है, जिन्हें सभी मानवजनित उत्सर्जन को नियंत्रित करके रोका जा सकता है।

अधिकांश (52 प्रतिशत) मौतें इस्केमिक हृदय रोग (30 प्रतिशत), स्ट्रोक (16 प्रतिशत), क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव फेफड़े की बीमारी (16 प्रतिशत) और मधुमेह (6 प्रतिशत) जैसी सामान्य स्थितियों से संबंधित हैं। लगभग 20 प्रतिशत अपरिभाषित हैं, लेकिन आंशिक रूप से उच्च रक्तचाप और अल्जाइमर और पार्किंसंस रोग जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों से जुड़े होने की संभावना है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि जीवाश्म ईंधन से संबंधित मौतों के ये नए अनुमान पहले बताए गए अधिकांश मूल्यों से बड़े हैं, जो बताते हैं कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से जिम्मेदार मृत्यु दर पर पहले की तुलना में अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

अध्ययन में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2019 अध्ययन, नासा उपग्रह-आधारित सूक्ष्म कण पदार्थ और जनसंख्या डेटा, और 2019 के लिए वायुमंडलीय रसायन विज्ञान, एयरोसोल और सापेक्ष जोखिम मॉडलिंग के डेटा का उपयोग किया गया।

परिणामों से पता चला कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से दक्षिण, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशिया में होने वाली मौतों में सबसे बड़ी पूर्ण कमी आएगी, जो कि सालाना लगभग 3.85 मिलियन है, जो पर्यावरण के सभी मानवजनित स्रोतों से संभावित रूप से इन क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से रोकी जा सकने वाली मौतों के 80-85 प्रतिशत के बराबर है।

उच्च आय वाले देशों में जो बड़े पैमाने पर जीवाश्म ऊर्जा पर निर्भर हैं, जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से सालाना लगभग 460,000 मौतों को संभावित रूप से रोका जा सकता है, जो परिवेशी वायु प्रदूषण के सभी मानवजनित स्रोतों से होने वाली संभावित रोकी जा सकने वाली मौतों का लगभग 90 प्रतिशत है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पेरिस जलवायु समझौते के 2050 तक जलवायु तटस्थता के लक्ष्य के अनुरूप, जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग से जबरदस्त सार्वजनिक स्वास्थ्य और जलवायु सह-लाभ होंगे।

उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में आगामी सीओपी 28 जलवायु परिवर्तन वार्ता 'जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहास्वास्थ्य लाभ एजेंडे में शीर्ष पर होना चाहिए।'

'चांद जलने लगा' में शीजान खान के शामिल होने से प्रेम कहानी में आएगा ट्विस्ट

मुंबई, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। रोमांटिक प्रेम कहानी 'चांद जलने लगा' के कलाकारों में अभिनेता और 'खतरों के खिलाड़ी' फेम शीजान एम खान शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि शो में मेरी उपस्थिति एक अप्रत्याशित मोड़ लेकर आएगी। प्रेम कहानी देव (विशाल आदित्य सिंह) और तारा (कनिका मान) के रोमांस का पता लगाती है। शीजान डॉ. अर्जुन का किरदार निभाएंगे, जो तारा के बचपन का दोस्त है और जो प्रेम कहानी में तीसरा किरदार बनता है। शीजान का किरदार शो में और अधिक ड्रामा और रोमांस लाने के लिए तैयार है। शो में अपने प्रवेश के बारे में बात करते हुए शीजान ने कहा कि दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि शो में मेरी उपस्थिति देव और तारा के बीच की केमिस्ट्री में एक अप्रत्याशित मोड़ लाती है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि तारा और देव की यात्रा के माध्यम से प्यार की जटिलताओं की खोज करना चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक होगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली कलाकारों विशाल और कनिका के साथ सहयोग करने और इस मंत्रमुग्ध कर देने वाली कहानी में एक नई गतिशीलता लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

रायपुर, शुक्रवार 1 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

मौतों वाली कार्य संस्कृति

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है। स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वज़ह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण। यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है जो मुनाफा कमाने के लिये अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है। पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है।

आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई। यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है। जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना। अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये। ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि 'अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये।' दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीज़ा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है। यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरज़ीह देते हैं। ये वे मौतें हैं जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेज़ों तक पहुंच सकी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते। यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है। एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं।

वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं। भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीज़ा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था। इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हज़ारों लोगों ने जानें गंवाई थीं। उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे। नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हज़ारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी। पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं।

आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं- गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीज़ल इंजिन एग्जास्ट 14700, असेंनिक 7600 एवं निकल से 7300। जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं। इस रिपोर्ट पर सिडनी में चल रही 23वीं कांग्रेस में चर्चा होगी जिसमें सुरक्षित कार्य पद्धति विकसित करने सम्बन्धी उपाय सुझाए जायेंगे। काम के दौरान घायल होने वालों की संख्या तो करोड़ों में है जो यह बतलाता है कि कामकाजी जनता के लिये सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह रिपोर्ट ऐसे वक्त पर आई है जब भोपाल गैस त्रासदी के करीब 40 साल पूरे होने जा रहे हैं। 2 व 3 दिसम्बर, 1984 की मध्य रात्रि को यहां स्थित यूनियन कार्बाइड के संयंत्र से 45 टन मिथाइल आईसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। इससे 15 से 20 हजार लोग मारे गये थे और करीब 6 लाख लोगों पर उसका प्रभाव पड़ा था। इनमें बड़ी तादाद में सामान्य जनता के अलावा संयंत्र के कर्मचारी थे जो या तो कार्यरत थे अथवा आसपास ही रहते थे। बेशक मरने वाले गैर कर्मचारी अधिक हैं परन्तु यह बतलाने के लिये ये आंकड़े पर्याप्त हैं कि कर्मचारियों को किन हालात में काम करना पड़ता है। इस त्रासदी को अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में निरूपित किया जाता है।

कारखानेदारों की औद्योगिक सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर खर्च न करने की प्रवृत्ति से काम करने वालों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। शासकीय विभाग एवं नियामक एजेंसियां भी इस ओर ध्यान नहीं देतीं। संवेदनहीन सरकारी मशीनरी व सरकारें सर्वहारा की बजाये पूंजीपतियों की पक्षधर होती हैं जिसका परिणाम यह मौतों वाली कार्य संस्कृति है।

खेल में खनकती पूंजी

विश्वकप क्रिकेट में कमेंटरी करने भारत आए पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की यह टिप्पणी अभी भी सोशल मीडिया पर चर्चा और विवाद का विषय बनी है कि आस्ट्रेलिया को फाइनल की जीत' क्रिकेट माफिया के खिलाफ न्याय की जीत है।' उनका इशारा ही नहीं, साफ कहना है कि क्रिकेट पर माफिया काबिज है, वही अधिकांश फैसले करने लगा है और आस्ट्रेलिया ने अपने खेल के दम पर इस क्रम को पलटा है। इस बयान से उन लोगों की बाछें खिल गई हैं जो गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय क्रिकेट प्रशासन पर हावी जमात के आलोचक रहे हैं।

यह आलोचना अभी से नहीं डालमिया, बिन्द्रा और पवार राज के दिनों से हो रही है और इधर यह शोर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट प्रशासन का दबदबा बढ़ा है-निश्चित रूप से बढ़ा है, भारत की मर्जी के खिलाफ ज्यादा उल्टा फैसला होना बंद हुआ है। ऐसा भारत में क्रिकेट के बढ़ने, लोकप्रिय होने और क्रिकेट में बाजार की तरफ से भारी पैसा आने की वजह से ज्यादा हुआ है, किसी माफिया के चलते उतना नहीं। स्वयं पोंटिंग से लेकर आस्ट्रेलिया के ही नहीं, दुनिया के सारे बड़े खिलाड़ियों का 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) में खेलने को लालायित रहना इसका ही प्रमाण है।

जब से यह बदलाव हुआ है तब से भारत का माफिया प्रभावी हुआ हो या नहीं, भारतीय क्रिकेट प्रशासकों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़े फैसलों पर दबदबा बना है या नहीं, लेकिन इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के क्रिकेट प्रशासकों का दबदबा खत्म जरूर हुआ है। भारत ही नहीं तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के क्रिकेट प्रशासकों और खिलाड़ियों को उस दबदबे के चलते क्या-क्या भुगतना पड़ा है इसका किस्सा लिखना शुरू हो तो पूरा पुराण बन जाएगा। अपने अनुकूल पिच बनाने जैसी आलोचना तो बहुत ही हल्की है।

अब ऐसा भी नहीं है कि क्रिकेट प्रशासन बहुत लोकतान्त्रिक ढंग से चलता हो या वहां सारा कुछ पाक-साफ ही हो। इस बार ही आयोजन स्थल, मैदान, खेल के दिन से लेकर टिकट की ब्लैकमेलिंग और होटल या विमान भाड़ा तक में जो-जो हुआ उसे 'हेल्दी हैबिट' तो कदापि नहीं कहा जा सकता। खिलाड़ियों से ज्यादा क्रिकेट प्रशासकों की अय्याशी की भी चर्चा खेल के लिए स्वस्थ नहीं है। क्रिकेट के प्रसारण राइट्स की कहानी भी गंदली है और दर्शक बढ़ने का ज्यादा लाभ खिलाड़ी और प्रशासन की जगह बाजार उठाता जा रहा है।

इसी का प्रमाण है कि भारत के अंदर भी नेट के

अरविन्द मोहन

विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए।

जरिए मैच देखने/दिखाने का कारोबार सामान्य टीवी प्रसारण से अलग किया गया है। तब भी वहां साढ़े पांच करोड़ तक दर्शक पहुंचे ही नहीं हैं, ज्यादा समय तक क्रिकेट देखने का रिकार्ड भी दर्ज हो रहा है। दसियों भाषाओं में कमेंटरी हो रही है। दस सेकेंड के विज्ञापन का रेट तीस लाख रुपए तक पहुंचने की चर्चा है। एक फ़ोटो इस्तेमाल करने की कीमत चुकानी पड़ती है।

क्रिकेटरों के बल्ले से लेकर वर्दी तक पर कितनी कंपनियों के विज्ञापन का बोझ होता है इसकी गिनती मुश्किल हो गई है। कैमरा कहां फोकस करे इसको लेकर झगड़ा होता है। क्रिकेट दिखाने का सामान्य शिष्टाचार पीछे चला गया है। बाजार और ब्रांड के अलावा पर्सनल खुराक और ट्रेनर भी ब्रांड बनाते जा रहे हैं। कमेंटेटरों तक को मिलने वाले पैसे आंख फाड़ने वाले हैं, उपहार और अन्य सुविधाओं का तो हिसाब ही अलग है।

अलबत्ता, क्रिकेट प्रसारकों को भारत के फाइनल में हारने से ही नहीं, धमाकेदार ढंग से लगातार दस मैच जीतकर फाइनल पहुंचने से भी शिकायत रही है। भारतीय गेंदबाज इस बार फाइनल के अलावा लगभग सभी मैचों में सफल रहे और पूरे पचास ओवर की जगह छब्बीस, सत्ताइस ओवर में ही विपक्षी दल को समेट देते थे। विपक्ष के कम स्कोर को धमाकेदार भारतीय बल्लेबाज पचीस-तीस ओवर में ही पूरा कर लेते थे। ऐसा प्रतियोगिता के ज्यादातर मैचों में हुआ और नजदीकी मुकाबले देखने के लिए दर्शक भी तरसे। ऐसे मुकाबलों में बाजार के लोगों को विज्ञापन के लिए कम समय मिलता है। अगर पचास ओवर की पारी चालीस ओवर से पहले निपट जाए तो 7000 से लेकर 7500 सेकेंड के विज्ञापन समय का नुकसान होता है। यह समय 'कीमती' है और यह नुकसान बड़ा।

जब विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए। इस बार स्टेडियम ही नहीं सड़कों पर भी भारतीय जर्सी का रंग छाया रहा, पर उससे ज्यादा सड़क के किनारे सस्ते ब्रांड और आनलाइन बिक्री में ब्रांडेड माल की धूम रही। देश में सौ करोड़ की एक ब्रांड की जर्सी बिकने का अंदाजा है। आनलाइन बुकिंग में आठ-नौ गुना तक ज्यादा मांग आई है, पर कहना होगा कि फाइनल की हार ने इस धूम-धड़ाके पर रोक ही नहीं लगाई, इसकी चर्चा भी बंद करा दी है।

इन ब्रांडों से ज्यादा नुकसान क्रिकेट को यहां तक पहुंचाने वाले खिलाड़ियों की कमाई में हो गया लगता है। जिस विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बल्ले से धूम मचाई, उनका ब्रांड मूल्य या विज्ञापनों की संख्या में ज्यादा वृद्धि का अनुमान नहीं है। यह तब है जब विराट ने अपनी पुरानी मार्केटिंग कंपनी से करार तोड़कर नई कंपनी से करार किया था जिससे नए रेट पाने में आसानी होगी। वैसे अकेले उनकी ही कमाई डेढ़ हजार करोड़ के करीब है।

बाकी तो इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा धूम मचाने वाले मोहम्मद समी को अभी तक कोई बड़ा ब्रांड नहीं मिला है और बाजार के जानकार मानते हैं कि उनको ज्यादा ब्रांड ही नहीं, ज्यादा रेट मिलने की भी उम्मीद नहीं है। उनको पहले 40 से 50 लाख रुपए प्रति ब्रांड मिलता था जो अब एक करोड़ तक पहुंच सकता है, जबकि बड़े खिलाड़ी और सिनेस्टार दस करोड़ तक पाते हैं। अब पोंटिंग को भारतीय क्रिकेट प्रशासकों पर टिप्पणी करने की सूझी, लेकिन उनको बाजार का यह खेल, यह दादागिरी, यह माफियागिरी समझ आती भी है या नहीं यह कहना कठिन है। वे इससे कहां अलग हैं, यह समझना तो और भी मुश्किल है। (सप्रेस)

खनिज तेल आपूर्ति में कटौती का सवाल, सभी निगाहें ओपेक की बैठक पर

■ के रवीन्द्रन

तेल बाजार इस सप्ताह आगामी ओपेक+ बैठक के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जिसकी 26 नवम्बर की बैठक को आंतरिक समस्याओं के कारण स्थगित करना पड़ा था। यह बैठक उत्पादक और आयातक दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इस आकलन के बीच कि एक नये उत्पादन में कटौती पर समझौता चुनौतीपूर्ण होने वाला है? हालांकि ओपेक की बैठकें पहले भी स्थगित की जा चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है कि यह स्थगन इतने दिनों तक चला है।

स्थगन के कारण ही कच्चे तेल की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। सप्ताह की शुरुआत में क्रूड की कीमतें लगभग 74.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही थीं, जबकि ब्रेंट क्रूड गिरकर लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था। मामूली वृद्धि दर्ज करने के बाद, सप्ताहों में इस तरह की पहली बढ़ोतरी, ओपेक+ द्वारा अफ्रीकी देशों में उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मंत्री स्तरीय बैठक को 30 नवंबर तक स्थगित करने के बाद सप्ताह के मध्य में कीमतों में गिरावट आई।

राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

यह स्थगन ओपेक+ समूह के भीतर उत्पादन में कटौती के समझौते पर पहुंचने में कठिनाइयों का संकेत देता है। प्रत्येक सदस्य देश 2024 में कीमतों का समर्थन करने के लिए उत्पादन में कमी करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है, लेकिन सवाल यह है कि आपूर्ति में कटौती का बोझ कैसे साझा किया जाये। यह माना जाता है कि आगे की कटौती के बिना, कीमतें 2024 तक 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेंगी।

जून 2023 में तय किये गये 2024 उत्पादन कोटा में 23 सदस्य देशों में से नौ के लिए कम उत्पादन लक्ष्य शामिल था, जो रूस, नाइजीरिया, अंगोला, मलेशिया, अजरबैजान, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो, ब्रुनेई और सूडान हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों के लिए कम उत्पादन कोटा स्वीकार करना भी मुश्किल होगा।

हालांकि, चुनौतियों के बावजूद, तेल बाज़ार विशेषज्ञ रिस्टैड एनर्जी को उम्मीद है कि ओपेक + आगामी बैठक में उत्पादन कम करने के समझौते पर पहुंचेगा। इसमें संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे सदस्यों से आगे स्वैच्छिक कटौती शामिल हो सकती है। वहीं, रिस्टैड गतिरोध की संभावना से इनकार करने को तैयार नहीं हैं।

इस बात को लेकर काफी उम्मीदें हैं कि सरगना सऊदी अरब प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल (बीपीडी) की स्वैच्छिक कच्चे तेल उत्पादन में कटौती पर क्या निर्णय लेता है। चाहे वे कोई भी रास्ता अपनाएं, उत्पादन में कटौती पर सऊदी अरब का निर्णय अंततः वैश्विक तेल कीमतों के अल्पकालिक भविष्य को आकार देगा।

राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

सऊदी अरब ने उस बैठक के मौके पर अपनी स्वैच्छिक कटौती की घोषणा की, शुरुआत में जुलाई के लिए 1 मिलियन-बीपीडी उत्पादन कटौती की प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद इसे मासिक आधार पर अगस्त और सितंबर तक बढ़ा दिया गया, जबकि सितंबर की शुरुआत में, रियाद ने इस साल के अंत तक विस्तार की घोषणा की। तेल बाजार यह देखना चाहेंगे कि क्या सऊदी अरब इन कटौती को 2024 तक बढ़ाता है या वह इन्हें धीरे-धीरे कम करना चाहता है या इस साल के अंत में इन्हें समाप्त होने देता है। चाहे जो भी हो, सऊदी अरब के फैसले का तेल बाजारों और विशेष रूप से अगले साल तेल की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

रिस्टैड एनर्जी का मानना है कि सऊदी स्वैच्छिक कटौती को 2024 तक नहीं बढ़ाया जायेगा, क्योंकि आपूर्ति में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, जो अगले साल की पहली तिमाही के लिए संतुलित बाजार का संकेत है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही में 600,000 बीपीडी से अधिक का बाजार अधिशेष दिखाई दे रहा है। आगे बढ़ते हुए, अगले वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 450,000 बीपीडी की कमी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, रिस्टैड को उम्मीद है कि इस साल लगभग 1.2 मिलियन के महत्वपूर्ण घाटे की तुलना में 2024 में तेल बाजार काफी संतुलित रहेगा।

हाल के सप्ताहों में तेल की कीमत पर गिरावट का दबाव बढ़ गया है, अत्यधिक आपूर्ति की चिंताओं के कारण भारी बिकवाली के कारण कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गई हैं। यह अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हुए इज़राइल-हमास संघर्ष के फैलने के ठीक बाद तेल की कीमत के स्तर से काफी नीचे है, जब कीमतें लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। मंदी की उम्मीदों को और अधिक बल दे रहे हैं, हाल के आंकड़े, जिससे पता चलता है कि अमेरिकी वाणिज्यिक कच्चे माल की सूची पिछले चार हफ्तों में बढ़ी है और अब यह 440 मिलियन बैरल है, जो एक महीने पहले 420 मिलियन बैरल से अधिक था।

रिस्टैड विश्लेषण से पता चलता है कि, ऐसे परिदृश्य में जहां सऊदी अरब स्वैच्छिक कटौती का विस्तार नहीं करता है, बाजार में मंदी बढ़ेगी और अगले साल तेल की कीमत औसतन 70 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर होगी। दूसरे छोर पर, यदि सऊदी अरब अप्रैल 2024 तक स्वैच्छिक कटौती बढ़ाता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें कम करता है, तो 2024 में कीमत औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल होगी। आईएमएफ का नवीनतम अनुमान सऊदी तेल के लिए 86 डॉलर प्रति बैरल की ब्रेकईवन कीमत का सुझाव देता है। इसका मतलब यह होगा कि सऊदी अरब को उस मूल्य स्तर को हासिल करने के लिए, कम से कम जून 2024 तक बाजार हिस्सेदारी देना जारी रखना होगा।

पावन प्रसंग

सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है

हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना, कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है। आज का आदमी काम से नहीं, दाम से मतलब रखता है।

लौकाशाह श्रावक ही थे, पर उनका आत्मबल अत्यन्त प्रखर था। वे तत्वज्ञ थे। साथ ही उनके जीवन में व्रतों की तेजस्विता एवं निर्मलता थी। संयम-साधना के क्षेत्र में विकृतियों का पोषण उन्हें ठीक नहीं लगा। धर्म और सत्य के क्षेत्र में जो आडम्बर खुलकर चल रहे थे, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने सिंहनाद किया। उनके सिंहनाद में सत्य का बल था, किसी भी व्यक्ति या परम्परा विशेष के प्रति दुर्भाव नहीं था।

व्यक्ति जब सत्य का आश्रय लेकर चलता है तो उसका प्रभाव होता ही और ऐसा ही हुआ। कहा जाता है कि लौंकाशाह के सिंहनाद से यतियों के द्वारा की जा रही विकृत स्थापनाओं पर विराम लगने लगा, पर लौंकाशाह को कदम-कदम विरोध का सामना भी करना पड़ा। लौंकाशाह की प्रेरणा से अनेकों गृहस्थों ने दीक्षा ग्रहण की। अनेकों यतियों ने अपनी विकृत मान्यताओं में परिष्कार किया। समय आने पर स्वयं लौंकाशाह ने अपने अनेकों साथियों के साथ धर्म और परम्परा की रक्षा के लिए संयम ग्रहण कर लिया। आध्यात्मिक जगत में तेजस्वी क्रान्ति आई। गुजरात, राजस्थान प्रान्त में लौंकाशाह ने सघन विचरण किया। कई दुर्मतिजन लौंकाशाह के प्रभाव को सहन नहीं कर पाए। फलस्वरूप अलवर में तपस्या के पारणक में विष मिश्रित आहार उन्हें दे दिया गया एवं वहीं पर लौंकाशाह दिवंगत हो गए। लौंकाशाह ने प्राणों का उत्सर्ग पसन्द किया। उनका स्पष्ट अभिमत था- मैं असत्य और पाखण्डों का पक्षधर एक क्षण के लिए भी नहीं बन सकता।

पूर्णिमा का दिन चातुर्मास की समाप्ति का दिवस है। आज का दिन अत्यन्त महिमापूर्ण दिन है। अनेक सत्पुरुषों का सम्बन्ध इस दिन के साथ जुड़ा है। आज के दिन अनेक महान आत्माओं ने जन्म लिया और हमारे आदर्श बनें। उनका पुण्य स्मरण हमारे मन में नई प्रेरणा और स्फूर्ति का संचार करता है। हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है।

लौंकाशाह जैसे महान साधकों हम कभी भी भुला नहीं सकते। जैन परम्परा, गौरवशाली परंपरा है। इस परम्परा की प्राचीनता एवं उपादेयता असंदिग्ध है। इस महान परंपरा को सत्पुरुषों ने गौरवान्वित किया है पर स्वयं इसमें सुई भर संशय नहीं है।

कांतिलाल मांडोत

आपके पत्र

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती

डीपफेक ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेरफेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है। कहते हैं इनफार्मेशन टेक्नालॉजी के इस युग में डेटा ही तेल समान है, मतलब उसका महत्व बहुत ज्यादा है, और बिना डेटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डेटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नालॉजी भी आ गयी हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नालॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है। गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्यजनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च, एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया, और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है।

भारतीय चिंतन और अध्यात्म का, विश्वदृष्टि का प्रचार करने के लिए भारत को अपने स्वयं के एआई एल्गोरिदम विकसित करने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एआई पूर्वाग्रह का मुकाबला करने का शायद यही एकमात्र तरीका है। यदि भारत विरोधी ताकतें वास्तव में अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों को प्रचारित करने के लिए एआई का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, तो हमें एआई का अपना संस्करण बनाने की जरूरत है जो भारत समर्थक हो। कई हित समूहों और हितधारकों द्वारा बढ़ती मध्यस्थता वाली दुनिया में, ज्ञान अब उदासीन नहीं रह सकता है। हमें एआई के निष्क्रिय उपभोक्ताओं और बड़ी तकनीकी कंपनियों की सफेदपोश कार्यबल के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ कर सोचना होगा, और लगातार विकसित हो रहे एआई विमर्श में सक्रिय खिलाड़ी बनना ही पड़ेगा।

डीपफेक हमारे डिजिटल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं, हालांकि वे नवाचार और सहयोग का अवसर भी पेश करते हैं। तकनीकी प्रगति, कानूनी ढांचे और सार्वजनिक जागरूकता के संयोजन से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, जहां डीपफेक कम हानिकारक और अधिक जवाबदेह होंगे। निष्कर्षत: मुख्य रूप से एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है, जो इस उभरते खतरे के तकनीकी, कानूनी और नैतिक आयामों को संबोधित करता हो।

भारत में डीपफेक के पीड़ितों के लिए कानूनी उपाय देखे तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कानूनी रूप से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने और 36 घंटों के भीतर डीपफेक सामग्री को हटाने के लिए बाध्य हैं। साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए पीड़ित राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं और साइबर क्रीमेल को सहायता ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 जालसाजी और झूठी सूचना के प्रसार सहित साइबर अपराध अपराधों से संबंधित है।

-डॉ सत्यवान सौरभ

देश विदेश

इजरायल गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

यरुशलम। इजरायल में गुरुवार सुबह हुई गोलीबारी में दो बंदूकधारियों सहित करीब पांच लोग मारे गए। पुलिस और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने आज यह जानकारी दी। इज़रायल पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो बंदूकधारियों ने यरुशलम के प्रवेश द्वार एक बस स्टॉप पर गोलीबारी की। दोनों मौके पर ही मारे गए। स्थानीय मीडिया ने आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम के हवाले से कहा कि एक महिला (24) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो बुजुर्ग पीड़ितों की अस्पताल में मौत हो गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने किया स्पष्ट

अमेरिका के आरोपों पर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करेगा भारत

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के कथित प्रयास को लेकर अमेरिका के बयानों को लेकर आज फिर कहा कि उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के बारे में विशेष ब्रीफिंग में अमेरिका एवं पन्नू को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूकधारियों,

आतंकवादियों और अन्य चरमपंथियों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसे इनपुट को बहुत गंभीरता से लेते हैं और मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं को देखने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। जांच समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक समुचित कार्रवाई की जाएगी। श्री बागची ने कहा कि जहां तक अमेरिकी अदालत में ? ?एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें कथित तौर पर उसे एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है, यह चिंता का विषय है। हमने कहा है कि यह सरकारी नीति के भी विपरीत है। संगठित अपराध, तस्करी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चरमपंथियों के बीच हथियारों की खरीद फरोखा कानून प्रवर्तन एजेंसियों और संस्थाओं को विचार करने के लिए एक गंभीर मुद्दा है। यही कारण है कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है और हम इसके परिणामों के आधार पर कदम उठाएंगे।

सीओपी-28 में भाग लेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी-28) में भाग लेने के लिए आज रात संयुक्त अरब अमीरात के सबसे बड़े शहर दुबई जा रहे हैं जहां वह कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि श्री मोदी आज रात यूएई के लिए रवाना होंगे जहां कल वह सीओपी-28 में भाग लेंगे। इससे पहले वह जुलाई में यूएई गये थे। श्री क्वात्रा ने कहा, श्री मोदी कल शाम को भारत लौटने से पहले कल, एक दिसंबर को शिखर सम्मेलन के कार्यक्रमों में भाग लेंगे... सीओपी-28 में प्रधानमंत्री की भागीदारी के संदर्भ में, वह विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपना संबोधन देंगे। विदेश सचिव ने कहा कि सीओपी-28 में अपने संबोधन के अलावा, प्रधानमंत्री तीन उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे, जिनमें से दो की सह-मेजबानी भारत द्वारा की जा रही है।

जापान ने अमेरिका से उड़ान सुरक्षा की पुष्टि करने का किया आग्रह

टोक्यो, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। पश्चिमी जापान का सैन्य विमान ओंस्पे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जापान ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि ओंस्प्रे उड़ानों को संचालित करने से पहले इन उड़ानों की सुरक्षित होने की पुष्टि करें। जापानी रक्षा मंत्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मिनोरू किहारा ने संसद में कहा, इस तरह की दुर्घटना की घटना से क्षेत्र के लोगों में बहुत चिंता पैदा होती है। और हम अमेरिकी पक्ष से अनुरोध कर रहे हैं कि इन उड़ानों के सुरक्षित होने की पुष्टि होने के बाद जापान में तैनात ओंस्प्रे की उड़ानें संचालित की जाएं। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तारो यामातो ने संसदीय सुनवाई में बताया कि फिलहाल, जापान की ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स अपनी ओंस्प्रे उड़ानें निलंबित कर देगी। जापान स्थित अमेरिकी ओंस्प्रे सैन्य परिवहन विमान बुधवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप याकुशिमा के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जापान तट रक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में एक बेहोश व्यक्ति समुद्र में पाया गया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। तटरक्षक प्रवक्ता काजुओ ओगावा ने कहा कि दुर्घटना का कारण और उसमें सवार सात अन्य लोगों की स्थिति का तुरंत पता नहीं चल पाया है। जापान के तट रक्षक और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। अमेरिकी वायु सेना ने कहा कि सीवी-22 टिल्ट-रोटर परिवहन विमान नियमित प्रशिक्षण के दौरान 'दुर्घटना' का शिकार हो गया, इसमें आठ वायुसैनिक सवार थे। जापान तट रक्षक ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त ओंस्प्रे में आठ चालक दल सवार थे।

सुडोकू 6392

6		9					1
2			8				
		1	5		3		
7					1	6	3
		2				8	
1		3	2				5
			9		6	1	
					4		9
5						7	4

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6392



बायें से दायें:-

१. सुध-बुध खोया हुआ जिसे होशहवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सजल, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एकतरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

ऊपर से नीचे:-

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, कुतर्क, वाक्चिया
१५. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना
१८. शराब
१३. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम के शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

वर्ग पहेली-6391

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 1 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 4

राशिफल

मेष - किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

वृषभ - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा क्षेत्रीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा। आप आज के दिन का अधिकांश भाग निवेश की योजना बनाने में लगे रहेंगे।

मिथुन - आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आप को मिलेगी।

कर्क - आज आप के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सारगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कम्पमूवन ना हो, इसका ध्यान रखें।

सिंह - आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

कन्या - आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

तुला - आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक - आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

धनु - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा।

मकर - बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ - कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। परंतु दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। अपूर्ण काम पूरे होंगे।

मीन - आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है। पेट के रोग दूर हो सकते हैं। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

पुतिन ने किसिंजर के निधन पर जताया शोक

मॉस्को, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अमेरिका विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। समकालीन राजनीतिक विमर्श और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाने जाने वाले श्री किसिंजर का बुधवार को अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, प्रिय श्रीमती किसिंजर, कृपया अपने पति हेनरी किसिंजर निधन पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें।एक उत्कृष्ट राजनयिक, एक बुद्धिमान और दूरदर्शी राजनेता, जिन्होंने कई दशकों तक दुनिया भर में अच्छी तरह से योग्य अधिकार का आनंद लिया।श्री किसिंजर का नाम एक व्यावहारिक लाइन से जुड़ा है।

वतन लौटे हमास के बंधन से मुक्त हुए थाईलैंड के 17 नागरिक

हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं व बच्चों को रिहा किया है

बैंकॉक, 30 दिसम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड के 17 नागरिक लगभग 50 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद वतन लौट आए हैं। इन लोगों की रिहाई उस समझौते से अलग हुई है, जिसके तहत हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं और बच्चों को रिहा किया है। इन लोगों की रिहाई और संघर्ष विराम के विस्तार से अब हमास के कैद से थाईलैंड के शेष नौ निवासियों की रिहाई की उम्मीद जगी है। हमास ने सात अब्दुबा का इजरायल में हमला करके 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें 39 थाईलैंड के नागरिक थे। पिछले दो दिनों के दौरान

हमास ने थाईलैंड के छह नागरिकों को रिहा की है, जो चिकित्सीय जांच के लिए अभी इजरायल में हैं, लेकिन जिन अन्य लोगों को मुक्त कराया गया वे साथ थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिधा-नुकारा के साथ वतन लौट आए।

इजरायल ने की संघर्ष विराम बढ़ाने की पुष्टि

यरूशलम। इजरायल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी में हमास के साथ संघर्ष विराम अवधि को बढ़ाये जाने की गुरुवार सुबह पुष्टि की। मौजूदा संघर्ष विराम समझौते की समाप्ति से काफी पहले आईडीएफ द्वारा जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, बंधकों को रिहा करने की प्रक्रिया जारी रखने के मध्यस्थों के प्रयासों और रूपरेखा की शर्तों के अधीन परिचालन विराम जारी रहेगा। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि संघर्ष विराम कितने दिनों तक चलेगा। दूसरी ओर हमास की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघर्ष विराम आज सुबह समाप्त होना था, लेकिन इसे एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

एग्जिट पोल में कांग्रेस को...

रहती है। यानी पोल के नतीजे बदल सकते हैं। लगभग सभी सर्वे में राज्य की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर की बात कही गई है। 3 से 5 सीटों पर बसपा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ भी टक्कर में रही। इन सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा।

वोट शेयर और सीटों की संख्या का गणित

राज्य बनने के बाद से अब तक चार बार विधानसभा के चुनाव हुए हैं। 2023 का चुनाव पांचवां है। इससे पहले हुए 4 चुनाव के वोट शेयर और सीटों की संख्या का गणित देखें तो अधिक वोट शेयर के बावजूद सीटों की संख्या कम रही है। 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रही थी। उस चुनाव में भाजपा को 49 सीट मिले थे, जबकि पार्टी का वोट शेयर 42 प्रतिशत से अधिक था। वहीं, 2008 में भाजपा के खाते में 40 प्रतिशत वोट गए थे, जबकि पार्टी को 50 सीट मिले थे, 2003 में भी भाजपा को 50 सीटें मिली थी, लेकिन तक पार्टी का वोट शेयर 39 प्रतिशत था। इधर, कांग्रेस को 2003 में लगभग 37 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कांग्रेस 37 सीट जीत पाई थी। 2008 में कांग्रेस 38 सीट जीती थी। इस चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 39 प्रतिशत था। 2013 में कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 42 प्रतिशत था, लेकिन सीट केवल 39 ही मिल पाई थी।

सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिलते दिख रही है। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिल रही है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 48-56 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि भाजपा के खाते में 32-40 सीटें आ सकती हैं। अन्य को दो से चार सीटें मिल सकती हैं। न्यूज 24 चाणक्य टुडेज के सर्वे में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जबरदस्त बढ़त मिल रही है। कांग्रेस को 57 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा को 33 सीटें मिलने का अनुमान है। जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को जोरदार बढ़त मिल रही है। जन की बात के अनुसार कांग्रेस को 42-53 सीटें मिल रही हैं। जबकि भाजपा 34-45 जीत रही है। अन्य को तीन सीटें मिल रही हैं। सीवोटर के एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों में कांग्रेस को 41-53 सीटें मिल रही हैं। भाजपा के खाते में 36-48 सीटें आ रही हैं। वहीं अन्य को चार सीटें मिलते दिख रही हैं। सीएनएक्स के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को बढ़त मिल रही है। सीएनएक्स के अनुसार भाजपा को 30-40 सीटें मिल रही हैं। जबकि कांग्रेस को 46-56 सीटें मिल रही हैं। जबकि अन्य को तीन से पांच सीटें मिल रही हैं।

इंडिया टुडे-माई एक्सिस के सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 42 फीसदी वोट शेयर मिल रहा है।जबकि भाजपा को 41 फीसदी वोट मिल रहा है। इस बार यहां कांटे की टक्कर है। भाजपा को 36 से 46 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 40 से 50 सीटें मिलने का अनुमान है। एक्सिस इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को 40-50, भाजपा 36-46 और अन्य को 1 से 5 सीटें दी हैं।

बहुमत के लिए चाहिए 46 सीटें

छत्तीसगढ़ की कुल 90 सीटों पर बहुमत के लिए किसी भी पार्टी को 46 सीटें जीतनी होंगी। मतदाताओं के रुझान के आधार पर कड़े मुकाबले की चर्चा हो रही है। कांग्रेस 75 पार तो भाजपा 55 सीट के साथ जीतने का दावा करती दिख रही है।

सरकार ने संसद सत्र के लिए...

एजेंडे में 33 लंबित विधेयकों के बैकलॉग को संबोधित करना भी शामिल है,जिनमें से 12 विचार और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध हैं। लंबित विधेयकों में तीन आपराधिक कानून संशोधन विधेयक भी शामिल हैं, जिन्हें मानसून में ही लोकसभा में पेश किया गया था। बाद में इन्हें स्थायी समिति के पास भेज दिया गया था। फिलहाल समिति ने अपनी रिपोर्ट गृहमंत्रालय को सौंप दी है।

सरकार ने कल बुलाई सर्वदलीय बैठक

सरकार ने संसद सत्र के सुचारू संचालन के बारे में बातचीत के लिए शनिवार को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को संसद पुस्तकालय भवन में होगी। शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर को शुरू होगा और सरकारी कामकाज की उपलब्धता के अनुसार यह 22 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी।

परेशानी | डेनमार्क व नीदरलैंड निमोनिया के प्रकोप की रिपोर्ट करने वाले देशों में शामिल

चीन के बाद दूसरे देशों में भी फैली निमोनिया महामारी

नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के बाद डेनमार्क और नीदरलैंड बच्चों में निमोनिया के प्रकोप की रिपोर्ट करने वाले नए देशों में शामिल हो गए हैं। एक संक्रामक रोग समाचार ब्लॉग, एवियन फ्लू डायरी पर एक पोस्ट से पता चला है कि माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण महामारी स्तर तक पहुंच गया है। इसमें वृद्धि गर्मियों में शुरु हुई लेकिन पिछले पांच सप्ताह में काफी बढ़ गई है। डेनमार्क के स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के अनुसार, यह संख्या अब इतनी अधिक है कि यह एक महामारी है।

स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ शोधकर्ता हेने-डोरो एम्बार्ग ने कहा, पिछले पांच सप्ताह में नए मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, और अब हम सामान्य से काफी अधिक मामले देख रहे हैं, और पूरे देश में व्यापक संक्रमण है। सप्ताह 47 में, माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण के 541 नए मामले सामने आए, जो कि सप्ताह 42 से तीन गुना से अधिक है, जब पाए गए मामलों की संख्या 168 थी। मामलों की वास्तविक संख्या संभवत: बहुत अधिक है, क्योंकि हल्के लक्षणों वाले हर व्यक्ति का परीक्षण नहीं किया जाता है। हालाँकि, एम्बार्ग ने कहा कि ये मामले डेनमार्क के लिए असामान्य नहीं हैं, जो ऐतिहासिक रूप से लगभग हर चार साल में माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण की राष्ट्रव्यापी महामारी का सामना करता है। उन्होंने कहा कि यह घटना आम तौर पर शरद ऋतु और शुरुआती सर्दियों में सबसे अधिक होती है। एम्बार्ग ने कहा, पिछले चार वर्षों से, माइकोप्लाज्मा संक्रमणों की संख्या बेहद कम रही है, और इसलिए यह असामान्य नहीं है कि हमारे समक्ष अब एक महामारी है। कोविड-19 महामारी के बाद देश में लॉकडाउन लगाने के बाद हम वास्तव में इसका इंतजार कर रहे थे। यह रोग अक्सर हल्के फ्लू जैसे लक्षणों के साथ थकान, सिरदर्द, गले में खराश और लंबे समय तक सूखी खांसी, विशेष रूप से रात में होने वाली खांसी के रूप में आता है। विशाल बहुमत को बुखार है, लेकिन अक्सर इन्फ्लूएंजा और अन्य क्लासिक निमोनिया जितना तेज बुखार नहीं होता है। पोस्ट में कहा गया है कि इसने इसे कोल्ड निमोनिया या एटिपिकल निमोनिया उपनाम दिया है, क्योंकि नियमित पेनिसिलिन का भी संक्रमण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। संक्रामक रोग समाचार संदेश बोर्ड फ्लूट्रैकर्स पर एक सरकारी निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह नीदरलैंड ने अगस्त के बाद से बच्चों और युवाओं में निमोनिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की।

पिछले पांच सप्ताह में बढ़ी मरीजों की संख्या

आज का इतिहास

1640 – स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तगाल स्वतंत्रता हुआ।
1933 – कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
1959 – अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1963 – नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
1974 – वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
1976 – अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
1976 – बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
1987 – अफगानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
1988 – पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक खान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
1988 – बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।
1991 – एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई।
1992 – दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।
1997 – चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।
2000 – संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।
2001 – अफ़गानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।

दुनिया को जानें

नेपाल में पंजीकृत हुआ पहला समलैंगिक विवाह

काठमांडू, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के पश्चिमी लमजंग जिले में देश के पहले समलैंगिक विवाह का पंजीकरण किया गया है और इसे देश में लेस्बियन-गे-बाइसेक्शुअल-ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) समुदाय के अधिकारों की विजय के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिमी लमजंग जिले में औपचारिक रूप से माया गुरुंग (35) और सुरेंद्र पाण्डेय (27) के विवाह को बुधवार को पंजीकृत किया गया। देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक जोड़ों के विवाह के पंजीकरण के संबंध में पांच महीने पहले दिये गये अंतरिम आदेश के बाद यह पंजीकरण किया गया है। एशिया में अभी तक ताईवान ही एकमात्र देश था जहां समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिली हुई है। विवाह के पंजीकरण के बाद श्रीमती गुरुंग ने बीबीसी से कहा आज का दिन केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि सभी लैंगिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बहुत बड़ा दिन है। अपने अधिकारों की यह लड़ाई बिल्कुल भी आसान नहीं रही है लेकिन आखिरकार हमें जीत हासिल हुई । अब आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए राह आसान होगी।

खेल जगत

ओटागो ओवल को अस्थायी रूप से सूजी बेट्स ओवल नाम दिया जाएगा

डुनेडिन, 30 नवंबर (एजेंसियां)। डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल अस्थायी रूप से अपनी पूर्व छात्र सूजी बेट्स को अगले सप्ताह अपना नामकरण अधिकार सौंप देगा क्योंकि न्यूजीलैंड की महिलाएं पाकिस्तान के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर की शुरुआत करेंगी। सूजी बेट्स ओवल% अनुभवी ऑलराउंडर के सम्मान में टी20 सीरीज के दूसरे मैच की मेजबानी करेगा, जो न्यूजीलैंड के हाल के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 300 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की तीसरी महिला बनीं। इस अवसर पर सूजी का परिवार, दोस्त, टीम के साथी और कोच डुनेडिन में मौजूद रहेंगे। 36 वर्षीय सूजी को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए परिचित दिखने वाली न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल किया गया है, जो पूरी तरह से साउथ आइलैंड में खेली जाएगी।

टेस्ट क्रिकेट खेलने की चाहत अभी बाकी है : मैक्सवेल

मेलबर्न, 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के लगभग दो महीने लंबे दौरे से स्वदेश लौटने के बाद, जिसमें 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतना भी शामिल है, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा नहीं छोड़ी है।

मैक्सवेल ने अपने सात टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में खेला था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के विजयी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान में दो शतक लगाए - नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में शतक और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी, साथ ही 47 गेंदों में शतक। गुवाहाटी में भारत के खिलाफ तीसरा टी20 मैच चयनकर्ताओं को उन्हें टेस्ट टीम में वापस बुलाने के लिए पर्याप्त कर सकता है। मैक्सवेल को मेलबर्न हवाई अड्डे पर द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने यह कहते हुए उद्धृत किया, मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा। आप एक विश्व कप खेलते हैं और फिर आप कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, और गर्मियों के अंत में सफेद गेंद से खेलते हैं और कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसा पिछले 10 वर्षों में हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पैर की चोट के कारण इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की भारत यात्रा से चूकने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने मैक्सवेल को 2025 में श्रीलंका के टेस्ट दौरे के लिए उनकी योजनाओं में शामिल होने के बारे में बताया था। मैक्सवेल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के खिलाफ छह विकेट की अंतिम जीत में ऑस्ट्रेलिया के लिए विजयी रन भी बनाए, उन्हें लगता है कि यह क्षण उनकी स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा।

फाइनल में दो रन बहुत अच्छे थे। मुझे नहीं लगता कि इससे ऊपर कुछ भी होने वाला है। भले ही टूर्नामेंट के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुछ क्षण थे,

मुझे लगता है कि फाइनल... उससे ऊपर कुछ भी नहीं होने वाला है। टेस्ट क्षेत्र में मैक्सवेल की वापसी का दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी समर्थन किया है। मैं उन्हें उन

> मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि मैं जिस तरह से सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा। आप एक विश्व कप खेलते हैं और फिर आप कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, आप गर्मियों के अंत में सफेद गेंद से खेलते हैं और कोई शील्ड क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो यह ठीक वैसा ही है जैसा पिछले 10 वर्षों में हुआ है : ग्लेन मैक्सवेल

परिस्थितियों में अपने हरफनमौला खेल के कारण टेस्ट लाइन-अप में वापस आने हुए देख सकता हूं।

उन्होंने एसईएन रेडियो पर कहा, अफगानिस्तान के खिलाफ उस मैच में (201 नाबाद), जो कि अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय एक दिवसीय पारी है। मैं बहुत सारे मैच देख चुका हूं, बहुत सारे मैच खेले हैं मैंने ऐसा कभी नहीं देखा।

नाथन लियोन सीजन 2024 के लिए लंकाशायर क्रिकेट में शामिल हुए

ओल्ड ट्रैफर्ड। ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर नाथन लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वो अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होंगे। लंकाशायर क्रिकेट ने नाथन लियोन के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए गुरुवार को एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया, लंकाशायर क्रिकेट को 2024 सीजन के लिए अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय ऑफ-स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन के विदेशी अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद वो 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होगा। तीन बार के एशेज विजेता और मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियन लियोन के पास 122 मैचों में 31 की औसत से 496 शिकार के साथ एक ऑस्ट्रेलियाई फिंगर स्पिनर द्वारा लिए गए सबसे अधिक टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड है। उन्हें आईसीसी टेस्ट टीम 2018, 19 और 22 में नामित किया गया था। वह स्पिन गेंदबाज के रूप में चौथे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं और वर्तमान में अब तक के आठवें सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ हस्ताक्षर करने के बाद कहा, यह मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है और मैं वास्तव में लंकाशायर के साथ कांउटी क्रिकेट के पूर्ण सत्र के लिए इंग्लैंड जाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे इंग्लैंड में क्रिकेट खेलना पसंद है। मैं सीखना जारी रखने, अपने खेल में सुधार करने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि मैं रेड रोज के लिए मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं और अपने करियर के दौरान वर्षों में प्राप्त किए गए कुछ अनुभवों को साझा कर सकता हूं। अब तक के 202 करियर प्रथम श्रेणी मैचों में न्यू साउथ वेल्स में जन्मे लियोन ने 33 की औसत से 733 विकेट लिए हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में 90 और टी20 मैचों में 57 शिकार किए हैं। लियोन अपने गृह राज्य न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलते हैं और उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स, सिडनी सिक्क्सर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए हस्ताक्षर किए हैं। ऑफ स्पिनर को 2017 सीज़न के दौरान वॉर्सेस्टरशायर के साथ काउंटी चैम्पियनशिप का एक संक्षिप्त स्वाद मिला।

बाबर की स्मिथ से तुलना करना लगभग स्मिथ की कोहली से तुलना करने जैसा है : उस्मान ख्वाजा

पर्थ, 30 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने स्टीवन स्मिथ और बाबर आजम के बीच टकराव की तुलना करते हुए कहा कि यह सिडनी स्थित स्मिथ की तुलना करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के साथ करने जैसा है।

आजम भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद श्रृंखला में आए, जिसके कारण उन्हें सभी प्रारूपों में नेतृत्व की जिम्मेदारी छोड़नी पड़ी। दूसरी ओर, स्मिथ अहमदाबाद में वैश्विक ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य के रूप में श्रृंखला में आते हैं।

बाबर आजम तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। स्टीव स्मिथ हमारे युग के महानतम बल्लेबाज हैं। जब वे दोनों यहां बेनौकादिर श्रृंखला में खेलेंगे, तो यह रोमांचक होगा। स्मिथ के साथ बाबर की बराबरी करना लगभग वैसा ही है जैसा कोहली के साथ स्मिथ की बराबरी करना।

ख्वाजा ने पत्रकारों से कहा, बाबर के बारे में एक बड़ी बात यह है कि वह केवल पाकिस्तान में ही रन नहीं बनाता, बल्कि वह विदेशों में भी रन बनाता है। उसने पहले भी यहां शतक बनाया है।

ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों, खासकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी की चुनौती को भी स्वीकार किया। मुझे लगता है कि शाहीन शाह और मिचेल स्टार्क, दोनों बहुत तेज़ गेंदबाज़ हैं और दोनों 145 तक गेंदबाज़ी कर सकते हैं। हम जानते हैं कि स्टार्क नई गेंद को स्विंग करा सकते हैं।

शाहीन की कलाई बहुत अच्छी है। वह निश्चित रूप से गेंद को स्विंग करते हैं। अब ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में बादल छाए होते हैं, अगर कोई तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग करा रहा है, तो यह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में हमारे काम को थोड़ा कठिन बना देता है।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी भी टेस्ट सीरीज़ नहीं जीती है, लेकिन ख्वाजा को लगता है कि वे 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में हल्के में लेने वाली टीम नहीं हैं। पाकिस्तान दुनिया की बेहतर टीमों में से एक है। उनके पास अच्छी बल्लेबाज़ी है और उनके पास हमेशा बेहतरीन तेज़ गेंदबाज़ हैं।

पिछली टीमों को देखते हुए, मुझे लगता है कि यह पाकिस्तान की सबसे मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप है। बाबर आजम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। इमाम उल हक और अब्दुल्ला शफीक ने बहुत सारे रन बनाए हैं। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं।

14-18 दिसंबर तक पर्थ में शुरुआती टेस्ट के बाद, ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के अगले दो टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (26-30 दिसंबर) और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (3-7 जनवरी, 2024) में होंगे।

भारत दौरे पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : ओली पोप

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि उनकी टीम भारत में अगले साल के बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी बैजबॉल रणनीति के तहत ही खेलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है। पोप इंग्लैंड की उस टीम के सदस्य थे जो 2021 में भारत आई थी। चेन्नई में शुरुआती टेस्ट जीतने के बाद रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के दमदार प्रदर्शन के आगे मेहमान टीम सीरीज 3-1 से हार गई। टेलीग्राफ ने पोप के हवाले से कहा, दाएँ हाथ के खिलाड़ी के रूप में दोनों किनारों पर खतरा है। अश्विन शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं, वहीं रवींद्र जडेजा और अक्षर तेजी से गेंद को बल्ले से दूर घुमा रहे थे। भारत की पिच पर इन गेंदबाजों का सामना करना और उन पर दबाव डालना कठिन है लेकिन हम इसे अपने तरीके से खेलते हुए जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती देंगे।

पोप को भारतीय परिस्थितियों में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा और आठ पारियों में 19.13 की औसत से केवल 153 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने इस साल लॉर्ड्स में दूसरे एशेज मैच के बाद से टेस्ट नहीं खेला है, जहां वो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। वह हाल ही में अबू धाबी में इंग्लैंड लायंस के साथ थे और उन रणनीतियों पर काम कर रहे थे, जिन्हें भारत के टेस्ट दौरे में उनके सामने आने वाली पिचों पर अपने गेम प्लान को लागू करने की आवश्यकता होगी। बेन स्टोक्स के नेतृत्व में तीसरे नंबर पर आने के बाद से पोप का औसत 45.3 हो गया है जबकि इससे पहले यह 28.7 था। पोप का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम थिंक-टैंक होने से खिलाड़ियों को अधिक सुरक्षा मिली है।

युगांडा ने टी-20 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

दुबई, 30 नवंबर (वार्ता) युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है। युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। हालांकि अगले मुकाबले में युगांडा नामीबिया से हार गयी थी। इस मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं

गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाब्वे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा के रियाज़त अली शाह ने 42 और अल्पेश रमजानी 40 रन बनाये। उन्होंने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर के साथ पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इस बार टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली टीमें में वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा शामिल हैं।

पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए गुरुवार को हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है।

टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे।

गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज

कारकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं।

टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट हमें विभिन्न चीजों को आज़माने और समायोजित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। यह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, अगले सात महीने हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हमें बहुत सारे मैच खेलने हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम एक प्रक्रिया का पालन करें और चरण-दर-चरण आगे बढ़ें।

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा की

वेलिंगटन, 30 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने घरेलू मैदान पर होने श्रृंखला के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला में तीन टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच सफेद गेंद से खेले जायेंगे और यह बंगलादेश में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप से पहले अनुभव प्रदान करेगा। कप्तान सोफी डिवाइन एक बार फिर पूरी श्रृंखला में न्यूजीलैंड की टीम कप्तान होंगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार केर हालांकि तीन दिसंबर को डुनेडिन में श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगी क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू डब्ल्यूबीबीएल प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगी।

न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि यह श्रृंखला 2024 टी-20 विश्वकप की शुरुआत से पहले उनकी टीम को अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है। सॉयर ने कहा, हम द्विपक्षीय श्रृंखला में हाल के अच्छे फॉर्म के आधार पर टीम चाहते हैं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले वर्ष बंगलादेश में टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए संयोजन विकसित करना जारी रखना है। उन्होंने कहा, एकदिवसीय परिप्रेक्ष्य के साथ ही साथ अपने गेम प्लान को विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि हम जितना संभव हो उतने विश्व चैम्पियनशिप अंक प्राप्त करें।

सार संक्षेप

केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ

कोच्चि। केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा। बुधवार की रात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की। जबकि जॉर्डन मरे ने 13वें और 24वें मिनट में गोल किये। केरला ब्लास्टर्स के लिए दिमित्रियोस डायमांताकोस ने 11वें और 59वें मिनट में और क्वामे पेप्रा ने 30वें मिनट में गोल किये। दोनों छोर से तीन शानदार गोल के बावजूद,अंततः दोनों पक्षों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स एफसी तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जबकि चेन्नईयिन एफसी सात दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से मुकाबला करेंगे।

महिला जूनियर विश्व कप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12-0 से धोया

सैंटियागो। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में शुरुआती मैच में बुधवार को कनाडा के खिलाफ 12-0 से शानदार जीत हासिल करके अपने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत की ओर से अनू (4, 6, 39), दीपी मोनिका टोप्पो (21), मुमताज खान (26, 41, 54, 60), दीपिका सोरेंग (34, 50, 54), और नीलम (45) ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक रुख के साथ की और कनाडा पर लगातार दबाव बनाये रखा। अनू ने चौथे और छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिये दो शुरुआती गोल किए। दूसरे क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो ने 21वें और मुमताज खान 26वें मिनट में एक-एक फील्ड गोल किया। इस बीच कनाडा को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। अच्छी बढ़त के बावजूद भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और दीपिका सोरेंग (34) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दबदबा बनाए रखा, जिसके बाद अनू (39) ने अपनी हैट्रिक पूरी की।

शान मसूद को पीसीबी ने बी श्रेणी में किया अपग्रेड

कराची, 30 नवंबर (एजेंसियां)। नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शान मसूद को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रेणी डी से अपग्रेड करके बी में दिया गया है। मसूद ने हाल ही में बाबर आजम की पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया और वह 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान की टीम की अगुवाई करेंगे।

आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला बोर्ड की नीति के अनुरूप लिया गया है जिसके तहत अगर ए या बी श्रेणियों से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है तो उनके अनुबंध को उनके कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड किया जाना चाहिए। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को हाल ही में पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है। उन्होंने 30 टेस्ट मैचों में 28.5 की औसत से 1597 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक भी शामिल हैं।

जुलाई में श्रीलंका को सीरीज में 2-0 से हराकर पाकिस्तान वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में नंबर एक पर है। पहला टेस्ट 14 से 18 दिसंबर तक पर्थ में शुरू होगा उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जायेगा और तीन से सात जनवरी के दौरान सिडनी में तीसरे टेस्ट के साथ श्रृंखला समाप्त होगी।

अमित पंघाल, संजीत सहित सेना के 12 मुक्केबाज सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां) 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल और 2021 के एशियाई चैंपियन संजीत ने क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत हासिल की और वे सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के अपने 10 अन्य साथियों के साथ शिलांग में 77वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन गुरूवार को सेमीफाइनल में पहुंच गए।

चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल चरण में 51 किग्रा में अमित पंघाल और 92 किग्रा में संजीत का उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में, पंघाल ने जम्मू-कश्मीर के मोहम्मद आरिफ के खिलाफ अपने अनुभव का प्रदर्शन किया, पूरे मुकाबले पर हावी रहे और अंततः

सर्वसम्मत निर्णय से आसानी से मुकाबला जीत लिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला आरएसपीबी के अंकित से होगा।

इस बीच, 2021 एशियाई चैंपियन, संजीत 92 किग्रा क्वार्टर फाइनल में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर के खिलाफ आमने-सामने थे। संजीत अपने खेल में शीर्ष पर थे क्योंकि उन्होंने मुकाबले पर नियंत्रण रखा और दूर से खेलते हुए पूरे समय जोरदार मुक्के मारे। उन्होंने गति जारी रखी और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में संजीत का मुकाबला ऑल इंडिया पुलिस (एआईपी) के विक्की से होगा।

सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य 10 एसएससीबी मुक्केबाजों में बरुण सिंह (48 किग्रा), पवन (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश (60 किग्रा), वंशज (63.5 किग्रा), रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और जुगनू (86 किग्रा) शामिल हैं।

अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में, असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा ने, अपने प्रसिद्ध कौशल सेट और शक्तिशाली पंचों का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली के शशांक प्रधान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में दबदबा बनाया। उन्होंने 5-0 से शानदार जीत हासिल की और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा।

सुडोकू 6392 का हल

6	3	9	7	4	2	5	8	1
2	7	5	8	1	9	3	4	6
4	8	1	5	6	3	9	7	2
7	5	8	4	9	1	6	2	3
9	4	2	6	3	5	8	1	7
1	6	3	2	8	7	4	9	5
3	2	4	9	7	6	1	5	8
8	1	7	3	5	4	2	6	9
5	9	6	1	2	8	7	3	4

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

अल्ट्रासिमको	3.14 प्रतिशत
सन फार्मा	2.19 प्रतिशत
भारती एयरटेल	1.91 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.80 प्रतिशत
विप्रो	1.75 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

इंडसइंड बैंक	1.19 प्रतिशत
पावरग्रिड	1.02 प्रतिशत
रिलायंस	1.00 प्रतिशत
एशियन पेंट	0.95 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	0.83 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.6 प्रतिशत

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण, खान एवं खनन, निर्माण जैसे क्षेत्रों में रही तेजी के बल पर देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.2 प्रतिशत रही थी। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार वास्तविक जीडीपी या जीडीपी 2023-24 की दूसरी तिमाही में 41.74 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 38.78 लाख करोड़ रुपये था जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद 71.66 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 65.67 लाख करोड़ रुपये था, जो कि 2022-23 की दूसरी तिमाही की 17.2 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर की पहली छमाही में जीडीपी 82.11 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 76.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण गतिविधियों में 13.9 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह शून्य से 3.8 प्रतिशत नीचे रहा था। इसी तरह से खान एवं खनन गतिविधियों में भी 10 प्रतिशत की

दूसरी तिमाही में तेजी रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह भी 0.1 प्रतिशत रिणात्मक रहा था। निर्माण गतिविधियों में भी इस वर्ष दूसरी तिमाही में 13.3 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि में यह 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य यूटिलिटि सेवाओं में भी जुलाई सितंबर तिमाही में 10.1 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा है क्योंकि इस तिमाही में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह दर 2.5 प्रतिशत रही थी। इसी तरह से ट्रेड, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में दूसरी तिमाही में 4.3 प्रतिशत की बढोतरी हुयी जबकि पिछले पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 9.2 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर भी सुस्त पड़ी है क्योंकि दूसरी तिमाही में ये क्षेत्र 6.0 प्रतिशत की गति से बढ़ा से है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 12.2 प्रतिशत रहा था। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की गतिविधियां लगभग स्थिर रही है क्योंकि दूसरी तिमाही में ये 7.6 प्रतिशत की दर से बढे है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तमाही में यह 7.9 प्रतिशत रहा था।

गोदरेज यमीज ने कैटेगरी में फ्रोजन फूड्स का सैशेबंद फॉर्मेट पेश करने की पहल की

मुंबई। गोदरेज टायसन फूड्स लिमिटेड (जीटीएफएल) के फ्रोज़न रेडी-टू-कुक प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड गोदरेज यमीज़ ने प्रोटीनयुक्त चिकन सॉसेज के दो पैक लॉन्च किया है। यमीज़ ने इस कैटेगरी में पहली बार फ्रोज़न फूड्स को सैशेबंद फॉर्मेट में पेश की है। उसने कहा कि इस सैशेबंद फॉर्मेट में ये दो सॉसेज मिलकर 7 ग्राम प्रोटीन की मात्रा को पूरा करते हैं। सॉसेज जैसे सैशेबंद फ्रोज़न फूड्स सबके लिए उपलब्ध होंगे, जिससे हर कोई किफायती कीमत में इसे खरीद पाएगा। ऐसी उम्मीद है कि ना केवल बड़े शहरों में, बल्कि टियर 2 शहरों तथा कस्बों में भी बड़ी मात्रा में फ्रोज़न फूड्स की खपत बढ़ेगी। भारत में फिलहाल फ्रोज़न फूड्स की कैटेगरी की पहुंच 5 प्रतिशत से भी कम है, जिससे इसके लिए ज्यादा से ज्यादा विस्तार करने के संकेत मिल रहे हैं।

देश में 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन इस साल 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन इस साल के अंत तक 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2029 तक बढ़कर 86 करोड़ होने का अनुमान है। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को यह बात कही गई है। एरिक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2029 के अंत तक भारत में मोबाइल सब्सक्रिप्शन में 5जी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा 68 प्रतिशत होने का अनुमान है।

एरिक्सन इंडिया के प्रमुख नितिन बंसल ने कहा, हमारे वैश्विक परिनियोजन अनुभव और प्रौद्योगिकी नेतृत्व ने हमें भारत को उसकी 5जी यात्रा में समर्थन देने में सक्षम बनाया है। मोबाइल नेटवर्क भारत में सामाजिक और आर्थिक समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन मिलता है। रिपोर्ट के अनुसार 4जी देश में कनेक्टिविटी बढ़ाने और डेटा वृद्धि को बढ़ावा देने वाला प्रमुख सब्सक्रिप्शन प्रकार बना हुआ है। हालाँकि, जैसे-जैसे सब्सक्राइबर 5जी की ओर स्थानांतरित होते हैं, 4जी सब्सक्रिप्शन 2023 में 87 करोड़ से घटकर 2029 तक 39 करोड़ होने का अनुमान है।

इस क्षेत्र में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन 2029 में बढ़कर 1.27 अरब होने का अनुमान है। भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत डेटा ट्रैफ़िक विश्व स्तर पर सबसे अधिक है। इसके 2023 में 31 जीबी प्रति माह से बढ़कर 2029 में लगभग 75 जीबी प्रति माह होने का अनुमान है जो 16 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि (सीएजीआर) दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक 2023 में 26 ईबी (एक्साबाइट) प्रति माह से बढ़कर 2029 में 73 ईबी प्रति माह हो जाने का अनुमान है, जो 19 प्रतिशत की सीएजीआर है। कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन के प्रतिशत के रूप में भारत में स्मार्टफोन सब्सक्रिप्शन 2023 में 82 प्रतिशत से बढ़कर 2029 में 93 प्रतिशत होने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर, कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए 61 करोड़ नए 5जी सब्सक्रिप्शन होंगे - पिछले साल के मुकाबले 63 प्रतिशत अधिक।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 के अंत और 2029 के बीच छह वर्षों में, वैश्विक 5जी सदस्यता 330 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1.6 अरब से 5.3 अरब तक पहुँचने का अनुमान है। 2023 के अंत तक 5जी कवरेज वैश्विक आबादी के 45 प्रतिशत से अधिक और 2029

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BHAVESH GOLCHA S/O DHANRAJ GOLCHA resident of D157 SECTOR 4 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name BHAVESH GOLCHA S/O DHANRAJ GOLCHA so in future I should be recognized by my new name that is BHAVESH GOLCHHA S/O DHANRAJ GOLCHA in all Government and other documents.

BHAVESH GOLCHHA
D157 SECTOR 4 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ-जिला-रायपुर तहसील धरसींवा प.ह.नं. 0011 जरौदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीटी-202324440414300005

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00011 के अंतर्गत ग्राम जरौदा के वर्तमान भूमिस्वामी सावित्री बाई कोटवानी पिता/पति रामचंद कोटवानी पता एस. बलदेव सिंग पिता/पति स्व. गुलजार सिंग पता, एस. मंजीत, एस. गिल पिता/पति चरण एस. गिल पता कुलबीर कौर पिता/पति स्व. निर्मल तेजसिंग पता, कैलाश कुमार खेमानी पिता/पति बसंत कुमार खेमानी पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 530/3, 0.1540, 530/9 0.1540, 539/1 0.7610, 540/5 0.0410, 540/2 0.3770 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता डॉ. आशीष सिंग पिता/पति स्व. बलदेव सिंग पता देवेन्द्र नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय में अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ASHOK RIJWANI S/O GHUMAN MAL RIJWANI resident of H NO B73B ,JAGANNATH MANDIR ROAD GAYTRI NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name ASHOK RIJWANI S/O GHUMAN MAL RIJWANI so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR RIJWANI S/O GHUMAN MAL RIJWANI in all Government and other documents.

ASHOK KUMAR RIJWANI
H NO B73B ,JAGANNATH MANDIR ROAD GAYTRI NAGAR RAIPUR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KAILASH PRASAD S/O HIRANAND KHEMANI resident of KHEMANI HOUSE - A/3,RAJEEV NAGAR,NEAR IOB BANK SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) 492007 have changed my old name KAILASH PRASAD S/O HIRANAND KHEMANI so in future I should be recognized by my new name that is KAILASH KHEMANI S/O HIRANAND KHEMANI in all Government and other documents.

KAILASH KHEMANI
KHEMANI HOUSE -A/3, RAJEEV NAGAR,NEAR IOB BANK SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) 492007

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, HIRANAND S/O CHELOMAL KHEMANI resident of KHEMANI HOUSE - A/3,RAJEEV NAGAR,NEAR IOB BANK SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) 492007 have changed my old name HIRANAND S/O CHELOMAL KHEMANI so in future I should be recognized by my new name that is HIRANAND KHEMANI S/O CHELOMAL KHEMANI in all Government and other documents.

HIRANAND KHEMANI
KHEMANI HOUSE -A/3, RAJEEV NAGAR,NEAR IOB BANK SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) 492007

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MAMTA BAI W/O SHYAMU RAM DATE OF BIRTH 22.10.1973 resident of VILLAGE BHELEVAKUDA, TAHSIL BHAKHARA DISTT DHAMTARI (C.G.) have changed my old name MAMTA BAI W/O SHYAMU RAM DATE OF BIRTH 22.10.1973 so in future I should be recognized by my new name that is MAMTA SAHU W/O SHYAMU RAM DATE OF BIRTH 22.10.1974 in all Government and other documents.

MAMTA SAHU
VILLAGE BHELEVAKUDA, TAHSIL BHAKHARA DISTT DHAMTARI (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAKESH KUMAR S/O SHYAMU RAM resident of VILLAGE BHELEVAKUDA, TAHSIL BHAKHARA DISTT DHAMTARI (C.G.) have changed my old name RAKESH KUMAR S/O SHYAMU RAM so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH SAHU S/O SHYAMU RAM in all Government and other documents.

RAKESH SAHU
VILLAGE BHELEVAKUDA, TAHSIL BHAKHARA DISTT DHAMTARI (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHEILENDRA PRATAP SINGH S/O LAL JI SINGH resident of HO NO 8 JINDAL OPAN CAST COAL MAINCE COLONY DONGAMAHUA RAIGARH (C.G.) 496107 have changed my old name SHEILENDRA PRATAP SINGH S/O LAL JI SINGH so in future I should be recognized by my new name that is SHAILENDRA PRATAP SINGH S/O LALJI SINGH in all Government and other documents.

SHAILENDRA PRATAP SINGH
HO NO 8 JINDAL OPAN CAST COAL MAINCE COLONY DONGAMAHUA RAIGARH (C.G.) 496107

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MAHAVIR KUMAR S/O KANWAR LAL GOLECHHA resident of D/68/69 OPPOSITE FUN FIESTA GROUND SHAILENDRA NAGAR RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name MAHAVIR KUMAR S/O KANWAR LAL GOLECHHA so in future I should be recognized by my new name that is MAHAVIR KUMAR GOLECHHA S/O KANWAR LAL GOLECHHA in all Government and other documents.

MAHAVIR KUMAR GOLECHHA
D/68/69 OPPOSITE FUN FIESTA GROUND SHAILENDRA NAGAR RAIPUR 492001 (C.G.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202310110800195/
अ-6/वर्ष 2022-2023
ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39
रायपुर दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/वसीयतप्राप्तकर्ता श्रीमती चंदनश्रुति वाधवा पति स्व. श्री अशोका चन्द्र वाधवा निवासी ठक्करबापा वार्ड गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम भनपुरी प.ह.नं.39 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 29/2 रकबा 3770 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति अशोका चन्द्र वाधवा के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पति अशोका चन्द्र वाधवा की मृत्यु दिनांक 10.07.2023 को हो गई है। आवेदिका के पति के द्वारा प्रश्नाधीन भूमि को दो गवाहों के समक्ष एक नोटराईज वसीयतनामा दिनांक 26.05.2023 के माध्यम से आवेदिका के पक्ष में वसीयत प्रदान किया गया है। अतः उक्त वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि को आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 11.12.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

दिनांक 30.11.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार जैन पिता नेमीचंद निवासी भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) की ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 364/1 शामिल 364/2 रकबा 0.1380 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक /क/वाचक/अति. तह./2023 आदेश दिनांक 15.05.2023 के परिपालन में दिनांक 07.12.2023 को समय 2 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 गुमा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जाने

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00035 जरवाय ऊर्फ हीरापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244407215000 013

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00035 के अंतर्गत ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर के वर्तमान भूमिस्वामी ललित कुमार पिता/पति सीताराम पता बलांगीर, राजमल पिता/पति दीनाचंद पता बलांगीर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 741/5 0.1120, 731/3 0.2120 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती मंजू जैन पिता/पति स्व. ललित कुमार जैन पता पोतदार कालोनी, खेतराजपुर सदर सम्बलपुर ओडिशा, शुभम कुमार जैन पिता/पति स्व. ललित कुमार जैन पता पोतदार कालोनी, खेतराजपुर सदर सम्बलपुर ओडिशा, परिधी जैन पिता/पति स्व. ललित कुमार जैन पता पोतदार कालोनी खेतराजपुर सदर सम्बलपुर ओडिशा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय में अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00053 डूमरतालाब ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440722000049

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00053 के अंतर्गत ग्राम डूमरतालाब के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती शांता देवी झा पिता/पति शीलाकांत झा पता चौबे कॉलोनी रायपुर, श्रीमती संगीता पाठक पिता/पति सत्य जीत पाठक पता चौबे कॉलोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/126 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता श्रीमती संगीता पाठक पिता/पति सत्यजीत पाठक पता 9/32 शाला मार्ग चौबे कॉलोनी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय में अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार 8 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440725600060

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी प्रभाषचंद्र मजुमदार पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ उर्फ नारायण दास मजुमदार पता कुमारी चंचला मजुमदार पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ ऊर्फ नारायणदास मजुमदार पता कुमारी तरला पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ उर्फ नारायण दास मजुमदार पता, श्यामला मजुमदार पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ उर्फ नारायण दास मजुमदार पता छोटापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 517/1 0.1140 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कुमारी चंचला मजुमदार पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ ऊर्फ नारायणदास मजुमदार पता छोटापारा रायपुर, श्यामला मजुमदार पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ उर्फ नारायण दास मजुमदार पता छोटापारा रायपुर, कुमारी तरला पिता/पति स्व. देवेन्द्रनाथ उर्फ नारायण दास मजुमदार पता छोटापारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय में अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00037 गोंदवारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440723300012

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00037 के अंतर्गत ग्राम गोंदवारा के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती गायत्री यादव पिता/पति विष्णु प्रसाद यादव पता शुभम यादव पिता/पति स्व. विष्णु प्रसाद यादव पता लोकेश कुमार यादव पिता/पति स्व. विष्णु प्रसाद यादव पता नाबा. वंदना यादव पिता/पति स्व. विष्णु प्रसाद यादव पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 149/19 0.0090 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता वंदना यादव पिता/पति स्व. विष्णु प्रसाद यादव पता गोंदवारा रायपुर छ.ग., श्रीमती गायत्री यादव पिता/पति विष्णु प्रसाद यादव पता शुभम यादव पिता/पति स्व. विष्णु प्रसाद यादव पता, लोकेश कुमार यादव पिता/पति स्व. विष्णु प्रसाद यादव पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय में अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./अ-6/2022-2023
रायपुर, दिनांक 20.11.2023
प्रति,

सत्यनारायण अग्रवाल पिता स्व. मथुरादास जी अग्रवाल निवासी नयापारा जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)

द्वारा- मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि प्रकरण भुईया ऑनलाईन वेब के माध्यम से प्राप्त। आवेदिका मनमीत कौर सोहल पिता डी.एस. सोहल निवासी आर.एस. पार्क बैरन बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 396/11 रकबा 0.0460 हे. भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्री सत्यनारायण अग्रवाल पिता स्व. मथुरादास जी अग्रवाल निवासी नयापारा जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 17.07.2014 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 11.12.2023 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202310114900019/
बी-121/2022-2023
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
रायपुर, दिनांक 20.11.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आफरीन मिर्जा पति नुरूद्दीन बेग निवासी नयापारा रायपुर तहसील जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम टिकरापारा पटवारी हल्का नंबर 70 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 456/6 रकबा 0.0120 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका आफरीन मिर्जा पति नुरूद्दीन बेग के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि का किसान किताब कहीं गुम हो गया है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि का नया किसान किताब प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के समर्थन में बी-1 खसरा की प्रति संलग्न किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 11.12.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./अ-6/2022-2023
रायपुर, दिनांक 21.11.2023
प्रति,

अमरचंद जैन पिता बी.डी. जैन निवासी मातृछाया बिल्डिंग प्रथम तल बैंक ऑफ बड़ौदा के पास टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.)

द्वारा:- मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि प्रकरण भुईया ऑनलाईन साफ्टवेयर के माध्यम प्राप्त। आवेदिका श्रीमती हिमांशु जोशी पति रवि प्रकाश जोशी निवासी वार्ड नंबर 11 सतनामी पारा ग्राम हसदा पो. हसदा तहसील कुरूद जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित पड़त भूमि खसरा नंबर 451/14 रकबा 0.0400 हे. याने 4375 वर्गफुट एवं परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 451/18 रकबा 0.0060 हे. याने 625 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 17.1112020 के माध्यम से विक्रेता /अनावेदक अमरचंद जैन पिता बी.डी. जैन निवासी सी-10 मातृछाया बिल्डिंग प्रथम तल बैंक ऑफ बड़ौदा के पास टैगोर नगर छ.ग. से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 08.12.2023 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार

पत्र क्र./6821/न.पा.नि./जोन क्र.-8/2023
रायपुर, दिनांक 29.11.2023
नामांतरण प्र.क्र. 6821
वार्ड का नाम- 2-पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि प्रॉपर्टी आई.डी RPR802F0374C जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती POONAM DOSHI पिता/पति श्री/श्रीमती JITENDRA DOSHI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RUKSAD BEE पिता/पति श्री/श्रीमती MUKIM KHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. (8)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2023
ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.11.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मल सिंग सग्गू पिता श्री अजीत सिंह सग्गू निवासी 25/1115/घ, जीवन बीमा मार्ग नकोड़ा ज्वेलर्स के पीछे पंडरीतराई रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 47 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 22 भूखंड क्रमांक 12/3 रकबा 2500 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती अंजू मारवाह पति श्री मनोज मारवाह निवासी गली नंबर-6 न्यू शांति नगर शंकर नगर बिद्रानवागढ़ रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 16.10.2023 को स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया। अत: आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 12.12.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 8396/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 26/06/23

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर योजनांतर्गत श्रीमती सुमति नायर पति श्री शशिधरण नायर को जनता मकान क्रमांक 475 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित हैं। आबंटिती के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी कोई आपत्ति /दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 26.06.2023 को जारी।
राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 15381/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 30.11.2023

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (550 जनता मकान) योजना के अंतर्गत श्री नंदकिशोर रावत पिता स्व. झाडूराम रावत को जनता मकान क्रमांक 180 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी कोई आपत्ति /दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 30.11.2023 को जारी।
राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटा प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री पुनीत पिता बद्री प्रसाद वगैरह निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 113/17 रकबा 0.163 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./2023/अ-12/वर्ष 2022-2023 आदेश दिनांक 13.10.2023 के परिपालन में दिनांक 05.12.2023 को 12 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटा प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्रीमती ममता नारवानी पति अशोक कुमार नारवानी निवासी भवानी नगर कोटा रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 90/9 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./2023/अ-12/वर्ष 2022-2023 आदेश दिनांक 18.10.2023 के परिपालन में दिनांक 05.12.2023 को 4.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202310110800189/
अ-6/वर्ष 2022-2023
ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39
रायपुर दिनांक 20.11.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डॉ. विवेक वाधवा, डॉ. सूरज वाधवा पिसरान स्व. श्री अशोका चन्द्र वाधवा सभी निवासी ठक्करबापा वार्ड गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 29/10 रकबा 1508 वर्गफुट भूमि आवेदकगण के पिता अशोका चन्द्र वाधवा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। आवेदकगण के पिता अशोका चन्द्र वाधवा की मृत्यु दिनांक 10.07.2023 को हो गई है। आवेदकगण के पिता अशोका चन्द्र वाधवा के द्वारा अपने जीवनकाल में निष्पादित नोटराईज वसीयतनामा दिनांक 26.05.2023 के माध्यम से प्रश्नाधीन भूमि को आवेदकगण के पक्ष में वसीयत प्रदान किया गया है। अतः उक्त वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि को आवेदकगण के नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.12.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना रहेगा पूर्णत प्रतिबंधित

बलौदाबाजार एवं भाटापारा विस में 14-14 टेबल और कसडोल के लिए 21 टेबल लगाया जाएगा

बलौदाबाजार, 30 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। कलेक्टर श्री कुमार की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना नवीन मंडी परिसर बलौदाबाजार में की जाएगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ताओं को स्ट्रांग रूम के गेट नंबर 1 से आने-जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा में 14-14 टेबल और कसडोल के लिए 21 टेबल लगाया जाएगा। इसी तरह डाक मतपत्र के लिए बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा में 3-3, कसडोल के लिए 4 टेबल लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से एक-एक प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से हाल, स्ट्रांग रूम, परिसर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को गणना स्थल पर मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना सुबह 7 बजे से गोपनीयता बनाये रखने की शपथ के साथ प्रेक्षक एवं रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर मतगणना प्रारंभ की जाएगी। इससे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर श्री कुमार ने अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रियाओं एवं उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु किए जाने वाले व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतगणना प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने एवं ईव्हीएम तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए गये उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए गणना अभिकर्ताओं को जारी पास के साथ परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किए जाने हेतु स्ट्रांग रूम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों तथा उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग रास्ता बनाया गया है। प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए 16 गणना अभिकर्ता की नियुक्ति की जा सकती है। चाय-नाश्ता के वितरण हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी अधिकतम 2 व्यक्ति प्रति विधानसभा की नियुक्ति हेतु रिटर्निंग अधिकारी से पास जारी करवा सकते हैं। उन्होंने अभ्यथियों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को मतगणना के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंचने को कहा। कलेक्टर ने मतगणना हाल में प्रवेश हेतु अधिकृत व्यक्तियों की जानकारी हेतु एवं गणना अभिकर्ताओं की अधिकतम संख्या तथा उनके योग्यता के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि गणना अभिकर्ता नियुक्ति के संबंध में फार्म 18 में नियुक्ति हेतु रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने फार्म 18 के साथ में संबंधित व्यक्तियों को दो-दो फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि गणना अभिकर्ताओं को केवल अपने विधानसभा क्षेत्र के गणना कक्ष में ही प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा उन्हें केवल उनके लिए निर्धारित टेबल में ही बैठने की अनुमति होगी। मतगणना के दौरान प्लास्टिक एवं पॉलिथिन पैकेट में खाद्य सामग्री एवं नशे से संबंधित बैग आदि पूर्णत: वर्जित होगा। प्रजेन्टेशन के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना प्रक्रिया एवं स्थल की सभी व्यवस्थाओं के संबंध में अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ता उपस्थित थे।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ के डीईओ भगत ने ली शिक्षक-शिक्षिकाओं की समीक्षा बैठक

भटगांव/बलौदाबाजार, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विकास खंड स्तरीय संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं समस्त प्राथमिक उच्च प्राथमिक शिक्षक शिक्षिकाओं की समीक्षा बैठक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलाईगढ़ में रखा गया। जिसमें विकास खंड बिलाईगढ़ के संकुल शैक्षिक समन्वयक संकुल प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का समीक्षात्मक बैठक जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत के द्वारा बिंदुवार जानकारी के साथ प्रत्येक शालाओं का समीक्षा किया गया।

समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत ने कहा कि शिक्षक का प्रथम कर्तव्य बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना है, समय पर शाला में उपस्थित होकर सभी शिक्षक अपने निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा कराएं आगे जिला शिक्षा अधिकारी कहा कि आज मैंने विकास खंड बिलाईगढ़ के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया और मैंने देखा कि शिक्षक की कमी जिस विद्यालय में है वहां के शिक्षक भरसक प्रयास कर के बच्चों को कक्षा के अनुरूप गुणवत्ता प्रदान करते हुए अपने पाठ्यक्रम को पूरा कराते हुए अध्यापन कार्य करा रहे हैं। वही समीक्षा बैठक में आये शिक्षको ने अपनी अपनी शालाओं की कमी बेसी को भी जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखें जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। आज के समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू, विकास खँड स्त्रोत समन्वयक नेतराम रात्रे, बालवाड़ी नोडल बिलाईगढ़ संजीव राजेत्री, सेजेस प्रिंसिपल बिलाईगढ़ आई पी साहु संकुल समन्वयक कोमल साहू, हेमचन्द्र साहु, एवं बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रहे।

जिला नाजिर अजय त्रिवेदी को दी गई भावभीनी विदाई

बलौदाबाजार, 30 नवंबर (देशबन्धु)। संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ जिला नाजिर अजय त्रिवेदी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद आज शासकीय सेवा से निवृत्त हो गये। सँयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से श्री त्रिवेदी को भावभीनी बिदाई दी गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार उनके विभिन्न स्वत्वों की स्वीकृति पत्र की प्रति भी सौंपी गई। जिला प्रशासन परिवार की ओर से अपर कलेक्टर बी सी एक्का ने उनका शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया एवं उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का एवं अनुपम तिवारी ने बताया कि श्री त्रिवेदी को उनके योगदान एवं उत्कृष्ठ कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। सेवानिवृत्त त्रिवेदी ने विदाई सम्बोधन में अपनी सेवा काल के महत्वपूर्ण संस्मरण सुनाये और शासकीय सेवाकाल के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर सभी सहयोगी अधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री त्रिवेदी मूलत राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारी रहे है। राज्य गठन सविलयन के बाद उनकी प्रतिनियुक्ति सन 2008 में राजस्व विभाग में हुई। इस दौरान उन्हें तहसील कार्यालय भाटापारा में सहायक ग्रेड 3 के रूप में हुई। इसके बाद 2016 से जिला कार्यालय में जिला नाजिर के रुप में अपनी सेवाएं देते हुए अधिवार्षिकी आयु आज पूर्ण की। इस तरह उन्होंने लगभग राजस्व विभाग में 15 वर्ष की सेवा पूर्ण की हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, श्री त्रिवेदी परिवार के सदस्य सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण राजस्व विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

चालीस साल की सेवा के बाद व्याख्याता राजाराम सेवानिवृत्त

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में पदस्थ व्याख्याता राजाराम साहू लगभग चालीस साल की दीर्घकालिक शिक्षकीय सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए हैं. विद्यालय परिवार ने उन्हें सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दिया. विद्यालय द्वारा आयोजित विदाई समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना पश्चात सेवानिवृत्त व्याख्याता के स्वागत से हुआ. इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने श्रीफल, साल व स्मृति चिन्ह प्रदान किया, साथ ही नवमीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने भी उपहार प्रदान किया. संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि व्याख्याता राजाराम साहू बहुत ही सहज, सरल व मृदुभाषी स्वभाव के व्यक्ति हैं. वे विद्यालय में सौंपे गए सभी काम निर्धारित समय में जिम्मेदारीपूर्वक करते रहे हैं. उप शिक्षक के रूप में उनकी प्रथम नियुक्ति 15 फरवरी 1984 को शासकीय प्राथमिक शाला इंदौरी में हुआ था. तब से पदोन्नति के रूप में सहायक शिक्षक, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक एवं व्याख्याता के पदों पर कार्य करते हुए 39 साल नौ माह सोलह दिन की सेवा पश्चात 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त हुए हैं. सेवानिवृत्ति पश्चात दीर्घायु व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं देता हूँ. व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने राजाराम साहू के विद्यालय में सभी के साथ में सहज व्यवहार व योगदान को याद करते हुए आगे भी सतत मार्गदर्शन करते रहने का अनुरोध किया. इस दौरान व्याख्याता राजाराम साहू ने विद्यालय में मिले सम्मान व स्नेह को याद करते हुए अपने पारिवारिक पृष्ठभूमि व शिक्षकीय जीवन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया. सभी विद्यार्थियों को परिश्रम करते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया. उन्होंने वर्तमान सत्र में वार्षिक परीक्षा में 9वीं व 10वीं में प्रथम स्थान आने वाले विद्यार्थियों को 1051 रुपये एवं द्वितीय स्थान वाले को 551 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा किया. छात्रा दामिनी जायसवाल, अम्बिका टण्डन, रीना पटेल, अनिता बंजारे, पूनम पटेल आदि ने साहू सर से मिले स्नेह को याद किया आगे भी आशीर्वाद बनाये रखने का अनुरोध किया. कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता वीणाक्षी नामदेव ने किया. इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

विद्यालय परिवार ने दिया भावभीनी विदाई

3 दिसंबर मतगणना के दिन देशी-विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने शुष्क अवधि घोषित

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत 03 दिसंबर 2023 मतगणना के दिन मतगणना स्थल के समीपस्थ जिले में संचालित देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान कवर्धा टाउन, देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान मवेशी बाजार एवं मद्यभंडारण भाण्डागार तथा एफ.एल.4 (क) मून सिटी व्यवसायिक क्लब बार को बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय अटल नगर रायपुर से जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि मतगणना स्थल के समीपस्थ जिले में संचालित देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान कवर्धा टाउन, देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान मवेशी बाजार एवं मद्यभंडारण भाण्डागार तथा एफ.एल.4 (क) मून सिटी व्यवसायिक क्लब बार को मतगणना दिनांक 03 दिसंबर 2023 को संपूर्ण दिवस पूर्णत: बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है।

तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए गणना प्रेक्षक तय

बलौदाबाजार, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 3 दिसम्बर 2023 को होने वाले मतगणना हेतु विधानसभावार गणना प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल के लिए आईएएस डॉ राजेन्द्र भारुड, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदाबाजार के लिए आईएएस डॉ अनीश शेखर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा के लिए एससीएस श्री सुमित कुमार को गणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया गया है। गणना प्रेक्षकों की देख-रेख में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र का मतगणना कार्य 3 दिसंम्बर 2023 को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर बलौदाबाजार में सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72-कवर्धा के लिए मतगणना हॉल में अतिरिक्त टेबल लगाने की मिली अनुमति

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा के लिए मतगणना हॉल में अतिरिक्त टेबल लगाने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस बार मतगणना के लिए कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा के मतगणना हॉल में 21-21 टेबल और डाक मतपत्र के लिए 07 टेबल लगाएं जाएंगे। जिले में मतदान केन्द्रों की अधिक संख्या होने के कारण समय अवधि में मतगणना की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे द्वारा सीयू के लिए अतिरिक्त 7-7 टेबल तथा डाक मतपत्र की गणना के लिए अतिरिक्त टेबल बढ़ाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सीयू द्वारा मतों की गणना के लिए दोनो विधानसभा में 07-07 टेबल बढ़ाने और डाक मतपत्र गणना के लिए विधानसभा पंडरिया के लिए 01 टेबल और कवर्धा के लिए 02 टेबल बढ़ाने की अनुमति दी गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि मतगणना दिवस के दिन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम की सील को अभ्यार्थियों या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों, रिटर्निंग अधिकारियां की उपस्थिति में खोला जाएगा। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी किया जाएगा। इसके स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम मशीन को लाने और मशीन को गणना के बाद जमा करने की प्रकिया की पूरी वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर आधार भूत संरचना के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। परिसर में आने-जाने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों का रिकार्ड रखा जा रहा है। साथ ही पूरे परिसर की सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है।

मतगणना के लिए कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा के मतगणना हॉल में 21-21 टेबल और डाक मतपत्र के लिए 7 टेबल लगाएं जाएंगे

दोनो विधानसभा के लिए 21-21 मतगणना दल का गठन, 05-05 दल रिजर्व: विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया और 72-कवर्धा के लिए विधानसभावार मतगणना के लिए 21-21 टेबल लगाने की तैयारी की जा रही है। प्रत्येक टेबल के लिए एक मतगणना दल गठन किया गया है तथा पांच-पांच मतगणना दल रिवर्ज रखा गया है। इस प्रकार कुल 26-26 मतगणना दल का गठन किया गया है। प्रत्येक मतगणना टेबल के लिए एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक और इसके अतिरिक्त एक और माईक्रो ऑबर्जवर नियुक्त किया गया है। सात टेबल के लिए एक मतगणना सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्ति किया गया है। इस प्रकार कवर्धा विधानसभा के मतगणना के लिए 03 सहायक मतगणना रिटर्निंग अधिकारी और पंडरिया विधानसभा के मतगणना के लिए 03 सहायक मतगणना रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

दोनो विधानसभा के मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक ईवीएम मशीन को प्रत्येक टेबल तक लाने के लिए 01-01 चतुर्थ कर्मचारी की नियुक्ति की गई है तथा 04-04 कर्मचारी रिर्जव रखें गए है। इस प्रकार कुल 25-25 कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। इन प्रत्येक 07 टेबल की निगरानी के लिए एक अधिकारी को लगाया गया है। इस प्रकार दोनो विधानसभा के लिए 03-03 अधिकारी नियुक्ति किए गए है।

डाक मतपत्र की गणना के लिए लगेंगे 7 टेबल, पंडरिया के लिए 3 और कवर्धा के लिए 4 टेबल: डाक मतपत्र की गणना के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा के लिए 07 टेबल लगाएं जाएंगे। विधानसभा पंडरिया के लिए 03 और विधानसभा कवर्धा के लिए 04 टेबल होंगें। इन टेबलों के लिए मतगणना दल गठित कर दी गई है और प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके साथ ही 01-01 दल रिजर्व रखा गया है। एक टेबल के लिए 01 डाक मतपत्र गणना पर्यवेक्षक, 02 गणना सहायक और इसके अतिरिक्त एक माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। प्रत्येक टेबल में एक अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (डाक मतपत्र) की नियुक्ति की गई है। उनके द्वारा डाक मतपत्र गणना एवं पूरी कार्यवाही की मॉनिटरिंग की जाएगी।

हनुमान मंदिर परिसर में अखण्ड जप नाम कीर्तन का हुआ आयोजन

कसडोल/बलौदाबाजार, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर हटौद नाका के पास श्री हनुमान मंदिर परिसर में हे कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव अखंड जप भगवान नाम कीर्तन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

ज्ञात हो कि हटौद नाका हनुमान मंदिर परिसर में प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को एक दिवसीय अखंड भगवान नाम हे कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव का निरंतर जप वाद्य यंत्र एवम संगीत के साथ किया जाता है इसी कड़ी में सोमवार 27 नवंबर को भी यह कार्यक्रम किया गया। जिसमें समीपस्थ ग्राम हटौद के रामायण मंडली सहित आस पास गावों से भी रामायण कीर्तन मंडली ने भी पहुंचकर लोगो को कीर्तन कराया। अंत में हवन व महा आरती के बाद प्रसाद वितरण और भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

समक्ष-न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग 1 डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

ज्ञापन

प्र.क्रं.06/23
प्रासेस नं. 193/23
पेशी तारीख 08.01.2024
गिरधर गोपाल वगैरह — आवेदकगण
विरूद्ध
आम जनता — अनावेदकगण

[illegible]

होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई कर निराकरण किया जावेगा। अत: आज दिनांक 24.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान-डोंगरगढ़
दिनांक 24.11.2023

सीमा प्रताप चंद्रा
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

छत्तीसगढ सहकारी साख समिति मर्यादित सेक्टर-1, भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पंजीयन क्रमांक: स.पं./उ.पं.दु./2149. दिनांक: 06.12.76

//निविदा सूचना//

छत्तीसगढ सहकारी साख समिति मर्यादित सेक्टर-1, भिलाईनगर में भवन मरम्मत, पुताई, खिडकी फिटिंग, पाईप कार्य एवं अन्य भवन मरम्मत संबंधित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:- . निविदा आमंत्रित करनें की अंतिम तिथि: 06/12/2023 है।

क्र	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1.	Aluminium Window Fixing & Cutting, Reparing	10,01,000.00
2.	Roof Water Profing	7,92,000.00
3.	Painting Work in Side	5,04,000.00
4.	Painting Work Out Side	1,60,000.00
5.	Stair Case	3,65,750.00
6.	Repair Latkan	1,79,200.00
7.	Tank Work	1,10,250.00
8.	R.C.C.	4,800.00
9.	Pipe	1,27,500.00
10	Earthwork	3,675.00
11	Steel (Cutting & Binding)	56,000.00
12.	Dismantling & Re Contraaction	1,79,200.00
	Total	34,83,375.00
13	Note Door Frem With Fitting	7,000.00
14	Door Shuter With Fitting	10,500.00

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।
दिनांक: 30/11/2023

प्रबंधक
छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति
सेक्टर-1, भिलाईनगर

न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6 अ/वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखचंद बर्मन पिता जगतु निवासी ग्राम केसला द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम केसला प.ह.नं. 13 तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 4 रकबा 0.22 हे. भूमि आवेदक सुखचंद बर्मन पिता जगतु के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। परंतु ऑनलाईन बी 1 खसरा पांचसाला में खसरा नंबर 4 रकबा 0.22 हे. दर्ज नहीं है एवं बी 1 में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे सुधारकर दर्ज किये जाने निवेदन किया है जो स्पष्ट अभिमत सहित कंडिकावार जांच प्रतिवेदन हेतु मूलतः इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 13.12.2023 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 26.10.2023
पेशी दिनांक 13.12.2023

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6 अ/वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखचंद बर्मन पिता जगतु निवासी ग्राम केसला द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम केसला प.ह.नं. 13 तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 4 रकबा 0.22 हे. भूमि आवेदक सुखचंद बर्मन पिता जगतु के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। परंतु ऑनलाईन बी 1 खसरा पांचसाला में खसरा नंबर 4 रकबा 0.22 हे. दर्ज नहीं है एवं बी 1 में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे सुधारकर दर्ज किये जाने निवेदन किया है जो स्पष्ट अभिमत सहित कंडिकावार जांच प्रतिवेदन हेतु मूलतः इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 13.12.2023 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 26.10.2023
पेशी दिनांक 13.12.2023

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

कार्यालय- सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र- दुर्ग

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहन लाल खण्डेलवाल आ. स्व. मांगीलाल खण्डेलवाल, निवासी पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.) को छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-139, पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी श्री मोहनलाल खण्डेलवाल के देहांत उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री सचिन खण्डेलवाल आ. स्व. मोहनलाल खण्डेलवाल ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-139, पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.) श्री सचिन खण्डेलवाल के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. मोहनलाल खण्डेलवाल के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा। अत: श्री सचिन खण्डेलवाल के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक .... को जारी किया गया।

सील — **सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय- सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र- दुर्ग

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजीत कुमार विश्वकर्मा आ. श्री एल.एन. विश्वकर्मा, निवासी- जुनवानी दुर्ग (छ.ग.) को छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी.-113 (प्रथम तल), जुनवानी, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी श्री संजीत कुमार विश्वकर्मा के देहांत उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों (1) श्रीमती कल्पना विश्वकर्मा पति स्व. संजीत कुमार विश्वकर्मा (2) श्री अनुराग विश्वकर्मा आ. स्व. संजीत कुमार विश्वकर्मा एवं (3) श्री अभिषेक विश्वकर्मा आ. स्व. संजीत कुमार विश्वकर्मा ने आबंटित भवन को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-113 (प्रथम तल), जुनवानी जिला दुर्ग (छ.ग.) (1) श्रीमती कल्पना विश्वकर्मा (2) श्री अनुराग विश्वकर्मा एवं (3) श्री अभिषेक विश्वकर्मा के संयुक्त नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. संजीत कुमार विश्वकर्मा के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा। अत: (1) श्रीमती कल्पना विश्वकर्मा (2) श्री अनुराग विश्वकर्मा एवं (3) श्री अभिषेक विश्वकर्मा के संयुक्त नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 24.11.23 को जारी किया गया।

सील — **सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र......ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम- स्टेशन वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदिका जेनी हिलेरियन पिता इंगनेशियस हिलेरियन निवासी स्टेशन वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के द्वारा आवेदिका जेनी हिलेरियन (पिता का नाम-इंगनेशियस हिलेरियन, माता का नाम-विक्टोरिया) की जन्म दिनांक 20/06/1973 को (स्थान) स्टेशन वार्ड भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु मुख्य नगर पालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 15/12/2023 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेष करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/12/2023जाये तक तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पष्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आजदिनांक 28/11/23 को न्यायालय के पद मुहर सहितजारी किया गया।

सील — **तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ)**

भांसी के 14 वाहनों में आगजनी वारदात में शामिल 4 नक्सली गिरफ्तार

- डीआरजी दंतेवाड़ा-बीजापुर, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ को सफलता
- गिरफ्त में आए नक्सलियों में 2 पर एक-एक लाख का ईनाम

दंतेवाड़ा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के भांसी में नक्सलियों ने 14 वाहनों में आगजनी की थी। इस मामले में आज पुलिस ने दो ईनामी सहित चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी मिरतुर थाना जिला बीजापुर अंतर्गत अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं और नक्सल संगठन में अलग-अलग पदो पर काम कर रहे थे। वाहनों में आगजनी के बाद पुलिस लगातार वारदात को अंजाम देने वाले नक्सलियों की सर्चिंग में जुटी थी। इसी दौरान ये चार नक्सली गिरफ्तार किये गए।

अभियान के तहत् डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दन्तेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर एवं यंग प्लाटून सीआरपीएफ 230 बटालियन एवं थाना भांसी का संयुक्त बल सर्चिंग में निकला था। फोर्स को जानकारी मिली थी कि आगजनी की वारदात के बाद नक्सली ग्राम गहनार, कोण्डापाल, हुर्रेपाल एवं बेचापाल के जंगल/पहाड़ी की ओर गए हैं। इसी इलाके में सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी को देखकर 4 संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे। इन्हें पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम बोटी उर्फ बदरू इच्छाम निवासी हुर्रेपाल गायतापारा थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया कमाण्डर (1 लाख ईनामी, लक्ष्मण हपका निवासी एटेपाल पटेलपारा थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष (1 लाख ईनामी), मोटू उर्फ बुधरू इच्छाम निवासी हुर्रेपाल स्कूलपारा थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सेक्शन कमाण्डर एवं सोनारू मड़काम निवासी कोण्डपाल गहनारपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर ग्राम कोण्डापाल डीएकेएमएस सदस्य बताया।

इन चारों ने सड़क निर्माण में लगे वाहनों में आगजनी की वारदात में शामिल होना बताया। इनके के विरूद्ध थाना भांसी में अप0क्र0 21/2023 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 435 भा0द0वि0, 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए यह अभियान आईजी बस्तर सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्शन एवं एसपी गौरव राय, कमाण्डेंट 230 वीं बटालियन सीआरपीएफ अनिल कुमार प्रसाद तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के निर्देशन में चलाया गया।

रायपुर में भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए ऐसे पहुंचें स्टेडियम

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एक दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में भारत और आस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज का चौथे मैच खेला जाएगा। इस दौरान क्रिकेट मैच देखने के लिए राज्य के अलग-अलग जिलों से आने वाले दर्शकों के सुगम व सुरक्षित आवागमन और किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए रायपुर यातायात पुलिस ने मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया है। पार्किंग से स्टेडियम तक पहुंचने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों को एक किलोमीटर तक पैदल चलना होगा।

एक दिसंबर को नवा रायपुर के सभी प्रवेश मार्गों पर मध्यम व भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश शाम चार बजे से रात्रि 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

इन जगहों पर अपने वाहन कर सकेंगे पार्क- रायपुर शहर से होकर क्रिकेट स्टेडियम जाने के लिए तेलीबांधा थाना तिराहा नेशनल हाइवे क्र-53 होकर सेरीखेड़ी ओवरब्रीज से नया रायपुर मार्ग होकर स्टेडियम तिराहा से साई अस्पताल रोड होकर साई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल जाना होगा।

बिलासपुर की ओर से होकर क्रिकेट स्टेडियम आने वाले दर्शकगण बिलासपुर-रायपुर मार्ग से होकर धनेली नाला से रिंग रोड नंबर-03 होकर विधानसभा चौक, राजू ढाबा रिंग रोड नंबर-03 जंक्शन होकर नेशनल हाइवे क्र-53 से मंदिर हसौद होकर नवागांव से स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुंचेंगे।

बलौदा बाजार-खरोरा मार्ग से होकर स्टेडियम आने वाले दर्शक बलौदाबाजार-रायपुर मार्ग में विधानसभा ओवरब्रिज चौक से रिंग रोड नंबर-03 होकर विधानसभा चौक, राजू ढाबा रिंग रोड नंबर-03 जंक्शन होकर नेशनल हाइवे क्र-53 से मंदिर हसौद होकर नवागांव से स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुंचेंगे।

धमतरी-जगदलपुर की ओर से आने वाले दर्शक अभनपुर से केंद्री, उपरवारा, मंत्रालय चौक, कोटरभाठा, सेंध तालाब होकर साई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेंगे।

दुर्ग व राजनांदगांव की ओर से आने वाले दर्शक टाटीबंध से रिंग रोड-01 होकर पचपेड़ी नाका- तालपुर-माना- तूता से नया रायपुर मार्ग होकर सत्यसाई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पहुंचेंगे।

महासमुंद सरायपाली की ओर से आने वाले दर्शकों के लिए आरंग से सीधे स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुंचेंगे।

यह ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

- शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला इत्यादि।
- माचिस, लाइटर, लेजर लाइट, पटाखा, इत्यादि अग्नि सामग्री।
- चाकू, कैंची, कटर, नेलकटर, पिन, सिक्के, आलपिन, पेचकस, पलाशा, सेल्फी स्टिक, एवं अन्य कोई भी धारदार वस्तुएं।
- पानी का बोतल, कोल्ड ड्रिंक्स बोतल, कैन, समस्त प्रकार के बोतलबंद पेय पदार्थ एवं ज्वलनशील सामग्री
- लाउड हैलर, सिटी, हार्न रेडियो, भड़काउ व संकट पैदा करने वाले संकेत।
- व्यक्तिगत महिला पर्स के अलावा और कोई भी बैग नहीं।
- खाने पीने की वस्तुएं, टिफिन डिब्बा, थैला इत्यादि।

इन सामानों के साथ हो जाएगी एंट्री

- मोबाइल के साथ फोन।
- छोटे निजी कैमरा।
- महिलाओं का मेकअप सामान।
- परफ्यूम, लिक्विड नेल पालिस।

पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

रायपुर, 30 नवम्बर (देशबन्धु) पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन के साथ-साथ पीसीपीएनडीटी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म-बी में आवेदक का नाम अंकित किए जाने और पीसीपीएनडीटी पोर्टल में 06 माह प्रशिक्षण हेतु अधिसूचित संस्था एवं प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों की सूची प्रदर्शित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में संयुक्त संचालक श्री प्रशांत श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, पीसीपीएनडीटी की सलाहकार डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. ओमकार खंडेलवाल सहित अन्य संबंधित कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस नेत्री छाया वर्मा के पति डॉ. दया का निधन

भूपेश बघेल ने जताया शोक

रायपुर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के पति डॉ. दया वर्मा का आज निधन हो गया। उन्होंने अंबेडकर अस्पताल में अंतिम सांसें ली। दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ है। डॉ. दया वर्मा शासकीय चिकित्सक रहे हैं।

छाया वर्मा धरसींवा से कांग्रेस प्रत्याशी हैं। उनके पति डॉ. दया वर्मा सिलयारी उपस्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय तक पदस्थ रहे। सिलयारी के समीप ही उनका गांव किरना है, जहां बजरंग पावर प्लांट है।

छाया वर्मा के पति के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, पूर्व राज्यसभा सांसद, कांग्रेस नेत्री छाया वर्मा के पति डॉ. दया वर्मा का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं परिवारजनों को संबल प्रदान करे। इस दुःख की घड़ी में हम सब उनके साथ हैं।

अतिक्रमण हटाने की अपील के बाद अब पालिका ने शुरू की कार्रवाई

मुख्य मार्ग के अलावा अन्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान

महासमुंद,30 नवंबर (देशबंधु)। पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्ग के साथ अन्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने शुरू किए गए अभियान में अतिक्रमण करने वालों को हटाने के निर्देश देने के बाद अब अमले ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अमले ने मंगलवार को बीटीआई रोड में सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान संचालित कर रहें दुकानों में समान जब्ती और हटाने की कार्रवाई की। इसी क्रम में बुधवार को भी शहर के मुख्य मार्ग में कचहरी चौक से बरोंडा चौक और नेहरू चौक से स्वामी चौक तक सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण कर फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी रखा इस दौरान अपील के बाद भी दुकान लगाने वाले दो दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 5.5 सौ रुपए वसूल किया गया। कार्रवाई में निकले पालिका के राजस्व अमले ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे सड़क के किनारे फुटपाथ पर दुकान संचालित न करें अन्यथा पालिका उन पर कार्रवाई करेगी जिसकी पूरी जवाबदेही दुकान संचालित करने वालों की होगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक अनीश ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, अनुराग गुप्ता, ललित साहू, शुभम सोना, जयकिशन सोना और धनेंद्र चंद्राकर सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

चांवल के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे पौन तीन करोड़ का गांजा

महासमुंद, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पिथौरा पुलिस और सायबर सेल ने भारी मात्रा में गांजे से भरे ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रक से 517 किलो गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत 2 करोड़ 76 लाख रुपये आंकी गई है।

■ 517 किलो का था वजन

जानकारी के मुताबिक पिथौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ट्रक क्रमांक छत्त 04 छ्ष्ट 2783 में भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की जा रही है, जिसके बाद मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने तस्करों को पकड़ने के लिए नेशनल हाइवे 53 टप्पा सेवईया के पास घेराबंदी की थी, इसी दौरान तस्करों को पुलिस की घेराबंदी के बारे में भनक लग गयी। जिसके बाद ट्रक का ड्राइवर और उसका साथी ट्रक हाइवे पर मौजूद एक ढाबे के पास छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक तस्कर ट्रक में खंडा चावल के नीचे गांजा छुपाकर ले रहे थे, जब पुलिस कर्मियों ने ट्रक की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए।मामले में पिथौरा पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

गौरतलब है कि महासमुंद में पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, इससे पहले पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते गांजा तस्करी करते तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों मामलों में 110 किलो गांजा जब्त किया था, जिसकी बाजार में कीमत 55 लाख रुपए आंकी गई है। पहले मामले में पुलिस ने कार सवार युवक के पास से 100 किलो गांजा जब्त किया। इन मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अंचल में रेत माफियाओं द्वारा अंधाधुंध की जा रही अवैध रेत खनन

राजिम, 30 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम क्षेत्र के पैरी नदी पर पर्यावरणीय नियमों की धज्जियां उड़ाते नदियों के आसितल के साथ रेत माफियाओ खिलवाड़ कर रहे हैं प् राजिम क्षेत्र अंतर्गत चौबेबांधा और बुडेनी घाट पर चौबीसो घंटे पोंकलेन मशीन की सहायता से हाईवा में ओवर लोड परिवहन किया जा रहा.

आपको बता दें कि इन्ही अवैध रेत माफिया के खनन कार्य प्रभावित ना हो इसे देखते हुए माफियाओ व्दारा एनीकेट का गेट खोल कर रेत का अवैध खनन कर अपने काले कारनामों को अंजाम दे रहे हैं. दिन दहाड़े अवैध रेत खनन के साथ साथ क्षेत्र के लोग अवैध रेत परिवहन करने वाले ओवर लोड हाईवा वाहनों से परेशान हैं जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटना हो रहा है. प्रशासन मुख दर्शक बना बैठा हुआ है जब की ओवर लोड परिवहन पर पुलिस या फिर आरटीओ अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही नहीं किया जाना समझ से परे है स वही रेत माफिया के लगातार दिन दहाड़े पैरी नदी का सीना चीर कर अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए नदी के जलवायु को प्रभावित कर रहे है. रेत माफिया शासन के राजस्व में करोड़ों रुपए का डाका डाल रहें हैं वहीं जिम्मेदार प्रशासन में बैठे लोग भी ऐसे अवैध रेत खदानों पर कारवाई नही कर पा रहे हैं जिससे ये अंदेशा लगाया जा सकता है कही ना कही अवैध रेत माफियाओ और उच्च अधिकारियों के मिलीभगत के चलते नदी को बर्बाद करने का षड्यंत्र और काले कारोबार अच्छे से फलफूल रहा है।

गांजा तस्करी करते जीजा-साली गिरफ्तार

कोंडागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। केशकाल पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर रिश्ते में जीजा-साली हैं। आरोपियों के कब्जे से 23 किलो गांजा बरामद हुआ है।

दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि एनएच 30 बेड़मा, बड़ेपारा तिराहे में एक पुरुष व एक महिला ट्रॉली बैग में गांजा रख कर बेचने के फिराक में घूम रहे हैं। इसके बाद केशकाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान मो.उमर पिता कमरुद्दीन उम्र 30 वर्ष व मुस्कान कुरैशी उम्र 22 वर्ष दोनो महाराष्ट्र के निवासी हैं और रिश्ते में जीजा साली है । जिनके कब्जे से ट्रॉली बैग में रखा 23 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 30 हजार रुपए है।

दोना-पत्तल के गोदाम में लगी आग, मची अफरा-तफरी

रायगढ़, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर के भीतर भीड़ भाड़ वाले इलाके महात्मा गांधी चौक में बुधवार शाम करीब 7 बजे तब अफरा तफरी मच गई, जब चौक के पास स्थिति भवन के प्रथम तल से लोगों ने धुंवा उठते देखा। देखते ही देखते धुंए के साथ भवन के प्रथम तल से आग की लपटें भी उठनी लगी। जिसकी सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई जिसने समय रहते मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के गांधी प्रतिमा चौक के समीप स्थित अग्रवाल दोना-पत्तल दुकान के ऊपरी मंजिल में आग लगने से गोदाम में रखा हजारों का माल स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप राठे भी मौके पर पहुंचे और आसपास खड़े लोगों को दूर हटाते हुए दमकल कर्मियों के साथ आग को बुझाने में सफलता पाई। एक साथ दो दमकल वाहन में डेढ़ घंटे रेस्क्यू करने के बाद मौके पर काबू पाया जा सका।

स्थानीय गांधी प्रतिमा चौक से एमजी रोड स्थित अप्सरा भोजनालय के बगल में दोना-पत्तल दुकान है, जिसे अग्रवाल परिवार संचालित करता है। संजय कॉम्प्लेक्स जाने वाले मार्ग में नीचे दोना-पत्तल, डिस्पोजल और झाड़ू जैसे सामानों की दुकान तथा मकान है तो ऊपर सेकेंड फ्लोर गोदाम है।

मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने डेढ़ घंटे तक पानी की बौछारें मारी, तब कहीं जाकर हालात काबू में हुआ। आशंका है कि विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से आगजनी हुई। आग से गोदाम में रखे कुछ सामानों का नुकसान जरूर हुआ है। परंतु पुलिस और अग्नि शामक कर्मियो की सक्रियता से आग पर जल्दी ही नियंत्रण पा लिया गया।

छत्तीसगढ़ में भी चक्रवाती तूफान मिचौंग का दिखेगा असर

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल सकता है. मौसम विभाग ने मिचौंग तूफान के कारण छत्तीसगढ़ ओडिशा महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी है. छत्तीसगढ़ में बस्तर, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग पर भी इसका असर दिखेगा. मौसम केंद्र ने गुरुवार को आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है.

■ मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे अंडमान सागर के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र स्थित है. 30 नवंबर को इसके अवदाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है. चक्रवात तूफान मिचौंग 2 दिसंबर को दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचेगा. चक्रवात का असर 3 दिसंबर को बस्तर संभाग में दिखेगा. 4 दिसंबर को दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर संभाग यानी मध्य छत्तीसगढ़ में इसका असर दिखने की संभावना है. प्रदेश में इन दिनों बंगाल की खाड़ी से निम्न स्तर पर नमी आ रही है, जिसके कारण 30 नवंबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा या चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है.

राज्य के प्रमुख शहरों में मौसम का हाल

राज्य के कई इलाकों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई. रायपुर का न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस था. बुधवार की अधिकतम तापमान रायपुर में 29.2, माना में 29.4, बिलासपुर में 27.4, पेण्ड्रारोड में 25.5, अंबिकापुर में 27.9, जगदलपुर में 30.8, दुर्ग में 27.4 और राजनांदगांव में 27 डिग्री सेल्सियस था. रात को हल्की ठंड थी.

कोयला कटिंग मशीन में लगी आग ऑपरेटर ने कूदकर बचाई जान

कोरबा, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले की एसईसीएल कुसमुंडा खदान में बुधवार रात करीब 9.40 बजे कोयला कटिंग मशीन (सरफेस माइनर मशीन) में भीषण आग लग गई। मशीन चला रहे ऑपरेटर को भी ये समझ में नहीं आया कि आखिर आग लगी कैसे? आनन-फानन में मशीन से कूदकर उसने अपनी जान बचाई।

आग लगने की वजह अब तक सामने नहीं आ सकी है। आग लगने की सूचना ऑपरेटर ने तुरंत आला अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को दी। आग बुझाने के लिए जब तक कुसमुंडा एसईसीएल की दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची, तब तक मशीन आधे से ज्यादा जल चुकी थी।

बीते 2 दिनों में एसईसीएल कुसमुंडा खदान में आग लगने की ये दूसरी बड़ी घटना है। सोमवार को कोरबा जिले के साउथ ईस्टर्न कोल लिमिटेड गेवरा खदान में कोयला लोडेड टिपर में अचानक आग लग गई थी। आग में टिपर का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया था। ड्राइवर ने जैसे-तैसे ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई थी। वहीं रविवार को भी गेवरा खदान में ट्रेलर पलटने से ड्राइवर मनहरण सिंह की मौत हो गई थी। ये सभी हादसे सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान हो रहे हैं।

देशबन्धु
पाठकों के लिए
माह नवम्बर 2023 का अखबार बिल

दिन	दर	रू.पै.
29 दिन	4.00	- 116.00
कुल 29 दिन		116.00

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 दिसम्बर 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

01.12.2023	अंडा	मुर्गी	काकोल
फार्म	5.35	83	145
बिल्टर	6.50	98	175
डिलीवरी	550 रु/क्रेट		

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

एयरपोर्ट पर फास्टैग

एक स्वागत योग्य निर्णय के अंतर्गत रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग के लिये लगने वाला शुल्क अब फास्टैग के जरिये भी पटाया जा सकेगा। अब तक यह भुगतान नगद लेन-देन के जरिये होता है। इससे जहां एक ओर लोगों व पार्किंग ठेकेदार कर्मचारियों का समय बचेगा, वहीं किसी तरह का विवाद भी नहीं होगा। अक्सर वहां वाहनों से आने वाले लोगों और कर्मचारियों के बीच पार्किंग के समय को लेकर विवाद होते रहते हैं। इससे भी निज़ात मिल सकेगी। ठेकेदार को इस आशय के निर्देश भी एयरपोर्ट निदेशक द्वारा दिये गये हैं। साथ ही 7 दिनों के भीतर इस तरह की आवश्यक व्यवस्था लागू करने के लिये कह दिया गया है वरना ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

यह भी बतलाया गया है कि फास्टैग का उपयोग न करने वाले चार पहिया वाहनों के चालक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड के जरिये भुगतान कर सकेंगे। जो इन दोनों का इस्तेमाल नहीं करते वे नगद भुगतान कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित रूप से इससे निर्गम वाले स्थान पर वाहनों की भीड़ नहीं होगी। अक्सर ऐसा होता है कि वाहनों की लम्बी कतारों के कारण कई ऐसे लोगों को भी देर हो जाती है जो निर्धारित छूट वाली अवधि के भीतर ही आ चुके रहते हैं लेकिन भीड़ के कारण उन्हें ठहरना पड़ जाता है। ठेकेदार के कर्मचारी इस बात को नहीं मानते और वहां अक्सर इसे लेकर तीखी बहस हो जाती है। कई बार तो मारपीट तक होती देखी गई है। इससे बाहर से आने वाले लोग परेशान होते हैं। निश्चित रूप से फास्टैग वालों के लिये रुकने की आवश्यकता न होगी तथा क्यूआर कोड का इस्तेमाल करने वालों को केवल भुगतान कर दिया जाना ही दिखलाना पड़ेगा जो वे पहले ही कर सकते हैं। उसमें क्यूआर पेमेंट का वक्त भी दर्ज होता है। अब वहां केवल उन्हीं लोगों की भीड़ होगी जो नगद भुगतान करेंगे। तीनों तरह के भुगतान करने वालों के लिये अगर पृथक निर्गम की व्यवस्था कर दी जाये तो इससे वहां वाहनों के लिये बेहतर सुविधा निर्मित हो जायेगी। एयरपोर्ट पर होने वाली वाहनों की भीड़ से सभी को परेशानी होती है। छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा वहां होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ नागरिक उड्डयन मंत्रालय को शिकायत की गयी थी। सम्भवतः उसी के मद्देनज़र यह व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान दरों के अनुसार पहले चार मिनटों के लिये पार्किंग पूर्णतः निशुल्क है। इसके बाद दो पहिया वाहनों के लिये 30 मिनट तक 10 रु., चार पहिया वाहनों के लिये 20 रु. और मालवाहक का शुल्क 30 रु. होता है।

उम्मीद की जा सकती है कि वाहनों की पार्किंग की फास्टैग एवं क्यूआर करने से लोगों को सुविधा तो बढ़ेगी ही, पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद भी अब नहीं होंगे।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं।
मिन्टू- अरे भाई, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है!!!

अगहन गुरुवार पर मां लक्ष्मी की हुई पूजा-अर्चना, घरों में जलाए गए दीप

21 दिसंबर तक प्रत्येक गुरुवार को माता लक्ष्मी की आराधना

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। अगहन मास की पहले गुरुवार को लोगों ने मां लक्ष्मी का स्मरण कर सुबह चार बजे ब्रह्म मुहूर्त पर पूजन के बाद घर के द्वार पर दीप प्रज्वलित किया। वहीं महिलाओं ने मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए अल्पना सजा कर द्वार खोल दिया। सुबह शंख घंटी बजाकर आरती के साथ मां का स्वागत किया गया। महिलाओं ने मां लक्ष्मी की पूजा से पहले उनका शृंगार कर नए वस्त्र सुहाग की सामग्री अर्पित की। दोपहर और शाम को भी पूजा अर्चना के बाद आरती कर भोग लगाया गया। बस्तर में अगहन गुरुवार का विशेष महत्व है। मृगशीश नक्षत्र में अगहन का प्रथम गुरुवार का पर्व श्रद्धा-उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने बुधवार की रात में ही घरों की साफ-सफाई कर ली थी। इसके बाद माता के स्वागत में अल्पना और रंगोली बनाकर दीप भी जलाये थे। गुरूवार को तड़के ब्रम्ह मुहूर्त में उठकर घर के चारों तरफ दीप प्रज्वलित करने के बाद मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। दीपावली की तरह घर के कोने-कोने को दीप जलाकर रोशन किया गया। वहीं शाम में भी दीप जलाकर मां लक्ष्मी की आराधना की गई। अगहन गुरूवार की पूजा में प्रथम दिन मां लक्ष्मी को चावल से बना भोग चढ़ाया गया।

मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना: अगहन के प्रथम गुरुवार को शहर के मंदिरों में भी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गई। पनारापारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सूर्य उगने से पहले मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में दीपक जलाए गए। इसके अलावा श्रीराम मंदिर, पुराना बालाजी मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, काली मंदिर आदि में माता की पूजा-अर्चना कर भोग अर्पित किया गया।

अगहन गुरुवार की मान्यता

अगहन महीने में श्रद्धालु घर-द्वार सजाकर मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता के मुताबिक, अगहन को महालक्ष्मी का महीना माना गया है। इस महीने के गुरुवार को धन की देवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से सुख-शांति और समृद्धि मिलती है। माना जाता है कि इस महीने में लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं। गुरुवार को इनका आगमन ऐसे भक्त के यहां होता हैं, जिनके घर में साफ-सफाई, सजावट व मन, वचन और कर्म से पूरी सात्विकता रहती है।

पीजी कॉलेज में शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग, अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं ने शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को शिक्षकों की कमी दूर करने और विषयों से संबंधित पुस्तकों को ग्रंथालय में रखे जाने की मांग करते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। अभाविप जगदलपुर नगरमंत्री शैलेष ध्रुव ने बताया कि शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज को बस्तर संभाग का सबसे बड़ा एवं पुराना कॉलेज का गौरव प्राप्त है। परंतु दुर्भाग्यवश समय-समय पर विभिन्न अनियमिताएं कॉलेज प्रशासन के सामने आकर खड़े हो जाते हैं। सत्र प्रारंभ होने के लगभग 4 माह हो चुके हैं। अभी तक बी ए द्वितीय वर्ष अंग्रेजी साहित्य की कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो पाई है। महाविधालय के पुस्तकालय में पिछले पाठ्यक्रम पर आधारित पुस्तकें भी उपलब्ध है, सभी संकायों के सभी विषयों में वर्तमान पाठ्यक्रम पर आधारित पर्याप्त नई अपडेटेड पुस्तकें नहीं हैं। इसके साथ ही कुछ विषयों के पुस्तकें बाजार में भी उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्रों को समस्याएं हो रही है। जिसके कारण विद्यार्थियों के मन में आगामी परीक्षा को लेकर काफी असंतोष का वातावरण छाया हुआ है। इस दौरान अभाविप बस्तर जिला संयोजक वरुण साहनी, विवेक मंडल, परिवेद दुबे, कौशल, सागर, मोहन, लिवरू, धर्मी, निशा समेत अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पीसीसी चीफ व सांसद बस्तर दीपक बैज ने ली बस्तर जिला कार्यकारिणी की सामान्य बैठक

3 दिसंबर की मतगणना को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। पीसीसी चीफ व सांसद बस्तर दीपक बैज ने गुरुवार को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बूथ, सेक्टर, जोन प्रभारी की संभाग मुख्यालय राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक ली। पीसीसी चीफ श्री बैज ने इस बैठक में उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों से चर्चा कर 3 दिसंबर की मतगणना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए पार्षद कमलेश पाठक, सुनीता सिंह, इमरान खान, महामंत्री ज़ाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी, अल्ताफ खान, सेमियल नाथ, कोषाध्यक्ष असीम सुता, जावेद खान, प्रशांत जैन, अवधेश झा, अनुराग महतो, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शादाब अहमद, सायमा अशरफ, निकेत झा, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤। इस दौरान प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु, शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, कांग्रेस प्रत्याशी जतिन जायसवाल, ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलराम मौर्य, जिलाध्यक्ष सरला तिवारी, बलराम यादव, अंजना नाग, सभापति कविता साहू, जनरल उपाध्यक्ष जीशान कुरैशी,

जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में रूपशिला नाग प्रथम

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जगतु महारा हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिला समग्र शिक्षा विभाग के द्वारा बस्तर जिले के सभी सातों विकास खंडों से चयनित 21 प्रतिभागियों ने इस स्पर्धा में हिस्सा लिया। स्पर्धा में प्रथम स्थान पर कुमारी रूपशिला नाग, द्वितीय- अरविंद सत्यार्थी तथा तृतीय स्थान पर कुमारी संतोषी दीवान रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान के मार्गदर्शन में बच्चों के समग्र विकास तथा बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि को जागृत करने के उद्देश्य से इस प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्विज प्रतियोगिता में देवाशीष चौधरी एडीपीओ, राकेश खापर्डे एपीसी, प्राचार्य रामकुमार सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। क्विज प्रतियोगिता का संचालन में व्याख्याता अनुपा दास, व्याख्याता मनीष अहीर, व्याख्याता प्रकाश सारथी ने किया।

भाजपा ने मतगणना में नियुक्त अभिकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



- जगदलपुर, बस्तर, चित्रकोट विधानसभा के अभिकर्ताओं को बताये गयीं बारिकियां
- गड़बड़ी दिखने पर तत्काल करें आपत्ति, अंतिम राउण्ड तक टेबल में डटे रहें

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव की 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिये जिले की तीनों विधानसभा जगदलपुर, चित्रकोट व बस्तर से नियुक्त किये अभिकर्ताओं की गुरूवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रशिक्षण बैठक ली और मतगणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। मतगणना के समय सभी अभिकर्ताओं को सजगता से निर्धारित टेबलों में गंभीरता से अंत तक बैठने व किसी भी तरह की गड़बड़ी या चूक दिखायी देने पर अविलंब आपत्ति दर्ज करने कहा गया है। मतगणना के लिये अभिकर्ता के रूप में नियुक्त कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, शरद अवस्थी, भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डवी व अनिल शर्मा ने विस्तृत जानकारी दी और मतगणना में ध्यान रखने वाली बातों को समझाया। शरद अवस्थी ने कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक-एक वोट कीमती होता है। अत्यंत सजगता से सभी नियुक्त अभिकर्ता टेबलों में बैठे रहेंगे और सभी 17-18 की मतों की गिनती पूर्ण होने तक डटे रहेंगे। केदार कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनायें देते हुये कहा कि पांच साल की मेहनत का सकारात्मक परिणाम आने वाला है। मतगणना में पार्टी के तरफ से तैनात अभिकर्ता मतों की गिनती में कोई भी चूक नज़र आने पर तत्काल आपत्ति करें। बैठक में बताया गया कि सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। उसके पश्चात ईव्हीएम के वोटों की गणना राउण्ड के हिसाब से क्रमवार की जायेगी। सभी अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल में एक घंटे पूर्व पहुंचने कहा गया है। बैठक का संचालन वेदप्रकाश पाण्डेय व आभार प्रदर्शन रामाश्रय सिंह ने किया। प्रशिक्षण बैठक में भाजपा के तीनों प्रत्याशी किरणदेव, मनीराम कश्यप, विनायक गोयल, श्रीनिवास राव मद्दी, बैदूराम कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, विद्या शरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, सुरेश गुप्ता, सतीश सेठिया, परिस बेसरा आदि सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेंशन प्रकरणों को संवेदनशील होकर प्राथमिकता से सभी सवत्वों का समय पर करें निराकरण : कलेक्टर

सेवानिवृत्त 19 अधिकारी कर्मचारी को पेंशन, उपदान प्राधिकार पत्र का वितरण

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे 19 अधिकारी कर्मचारी को पेंशन, उपदान प्राधिकार पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि परिवार पेंशन के प्रकरणों का सभी विभागों के अधिकारियों को संवेदनशील होकर प्राथमिकता से सभी सवत्वों का निराकरण समय पर करने की आवश्यकता है। प्रशासनिक मशीनरी से अलग हो रहे साथियों के पास प्रशासन का एक लंबा अनुभव है, उनके अनुभव का लाभ नए अधिकारी-कर्मचारियों का लाभ लेना चाहिए। सभी ने अपने सेवा काल में बस्तर के विकास में सहयोग दिया है, इसके लिए बस्तर की बुनियाद में भाग रहने का सभी को हमेशा गर्व होना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि लगातार छः माह से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी-कर्मचारी को सम्मान समारोह का आयोजन कर शासकीय सेवा के अंतिम दिन पेंशन, उपदान प्राधिकार पत्र का वितरण करना सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसकी सेवा का सम्मान करना गर्व व व्यक्तिगत खुशी का अनुभव है। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों- कर्मचारियों शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने परिवार पेंशन वाले को सांत्वना देते हुए पेंशन की राशि प्रत्येक माह मिलने का आश्वासन दिए। कार्यक्रम में पूर्व माह के सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों- कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोष लेखा एवं पेंशन के संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी और कोषालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन संभागीय कोष, लेखा एवं पेंशन एवं जिला कोषालय कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम किया गया।

चेतना चाइल्ड एंड वुमन वेलफेयर सोसाइटी एचआईवी और एड्स के प्रति लोगों को कर ही जागरूक

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। चेतना चाइल्ड एंड वुमन वेलफेयर सोसाइटी बस्तर और रायपुर में वर्ष 2009 से छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से कार्य कर रही है। पिछले कई वर्षों से ही एचआईवी/ एड्स पर समुदाय के बीच जाकर जमीनी स्तर पर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से जैसे वाद-विविद, पोस्टर, मुख पेंटिंग, मानव श्रृंखला, रंगोली, रैली आदि स्कूल, कॉलेज, विभिन्न संस्थान, और लोगों के बीच में सुविधानुसार आयोजित किया जा रहा है जिससे सभी एचआईवी/ एड्स पर जागरूक हो। यह एक ऐसा विषय था जिस पर कार्य करना उतना आसान नही था क्योंकि जब भी एचआईवी संक्रमण होने के और बचाव के चार कारणों पर चर्चा की जाती थी (जैसे असुरक्षित यौन सम्बन्ध, संक्रमित सुई या सीरिज के प्रयोग, संक्रमित रक्त को चढ़ाने से, संक्रमित गर्भवती माँ से उसके बच्चों को।) लोगों की सोचने की नजर ऐसे होती थी की हम उन पर दोषारोपण कर रहे है जिससे टीम के सदस्य को कई दफा गाली गोलोज और मारपीट का भी सामना करना पड़ा है, परन्तु कहते है ना जितना बड़ा सपन होगा उतनी बड़ी तकलीफे होगी और जितनी बड़ी तकलीफें होगी उतनी बड़ी कामयाबी होगी। संस्था में एचआईवी/ एड्स पर कार्य कर रही टीम ने 99 प्रतिशत महिलायें है जो बहुत ही रचनात्मक तरीके से कार्य को सुचारू रूप से समुदाय तक पंहुचा रही है, चाहे वो विषय कंडोम का ही क्यों न हो या कंडोम अपनाने के फायदे और नुकसान क्योंकि कंडोम सम्भोग के दौरान एक प्रकार से दीवार (बेरियर) का काम करता है। यह संक्रमण की आशंका वाले वीर्य यानि योनी द्रवों को सीधे सम्पर्क में आने से विभिन्न प्रकार से बचाता है। इसके साथ ही एचआईवी में जी रहे लोगों की कई प्रकार से किसी भी तरह का उनके जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हर संभव मदद संस्था के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हुए विभिन्न प्रकार के परामर्श किये जा रहे है और उनके पोषण आहार, दवाइयों का नियमित सेवन के फायदे पर एक्सपोर्ट टीम के मदद से लगातार कार्य कर रही है। इस के साथ एचआईवी/ एड्स अधिनियम 2017 को ध्यान में रखते हुए जिला एड्स नियंत्रण समिति के मार्गदर्शन पर लगातार कार्य कर रही है। 1097 एचआईवी/ एड्स की सम्पूर्ण जानकारी के लिए कंही से भी, किसी भी समय, किसी भी माध्यम में, किसी भी दिन जानकारी प्राप्त कर सकते है वो भी बिल्कुल फ्री। अध्यक्ष चेतना, इंदु साहू ने कहा कि यह सच है की यदि एड्स को खत्म करना है तो समुदाय यानि कम्युनिटी का मदद लेनी है। समुदाय की मदद से ही एड्स से पीड़ित लोगों के जरुरी उपचार, सेवाए और जागरूकता के लिए कम किया जा सकता है। रेखा पारेया, उपाध्यक्ष, चेतना ने कहा कि समुदाय के मदद से बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त किये जा सकते है। समुदाय के मदद से ही उन लोगों तक पहुंचा जा सकता है, जहाँ तक उपचार और सेवाए पहुंचने में कठिनाई होती है, सामजिक दृष्टिकोण और मापदंडों को बदला जा सकता है, सक्षम वातावरण बनया जा सकता है जिससे पीडितों के प्रति भेदभाव खत्म किया जा सके।

चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों से चोरी हुए 10 पिचंटल चावल को किया गया जप्त

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। 10 क्विंटल चावल चोरी की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी हुए 10 क्विंटल चावल भी जप्त किया है। असफाक हुनानी निवासी प. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड जगदलपुर थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराया कि विगत कुछ दिनों से उसके राइस मिल में रखे चावल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाया जा रहा हैं, महसूस होने पर अपने स्टाफ हमाल से पूछताछ किये, कोई पता नहीं चल रहा है। 29 नवंबर को 6 बजे अपने हमालों से 20 क्विंटल बोरी चावल कुल 10 क्विंटल चावल किमती लगभग 20,000/- रु. को दीवाल किनारे छप्पी बनवाकर रखा जिसे रात्रि करीबन 09:30 बजे जाकर चेक किया बोरी वहां पर नहीं था चोरी हो गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मिल के हमाल से पूछताछ किया गया जो बताये कि वेयर हाउस के बाजू में रहने वाले व्यक्ति किशोर सिन्हा तथा किशोर सेवक को मिल के दिवार तरफ आते जाते देखा हैं, जिससे संदेह होने पर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

साफ-सफाई शहर का आईना होता है जिसे हम सबको मिलकर करना है : कलेक्टर

शहरवासियों के सहयोग एवं सहभागिता से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएंगे : आयुक्त

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र में 25 नवंबर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। वार्ड में लोगों के द्वारा नालियों एवं सड़कों में कचरा ना डालने के संकल्प के साथ निगम का सफाई में पूरा सहयोग करने की बात कह रहे हैं। इसी कड़ी में आज विशेष सफाई अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत आज छठवें दिवस शहर के विभिन्न मार्गों में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें खपराबट्टी क्षेत्र में ,नयामुंडा क्षेत्र में, धरमपुरा शास्त्री मार्केट के पास एवं शहीद पार्क के सामने वाले क्षेत्र में नालियों मे सफाई किया गया । कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे सफाई अभियान का सुबह आयुक्त हरेश मंडावी ने स्वयं स्थल में रहकर अभियान का निरीक्षण कर रहे हैं । आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्वच्छता विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को साफ सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया । अपने अपने क्षेत्रों में स्वच्छता विभाग के कर्मचारी ,स्वच्छता दीदी, वार्ड सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारी वार्ड एवं दुकानों में लोगों से कचरा नालियों एवं सड़कों पर ना डालने की अपील करते क्षेत्र का सतत निगरानी करें और कचरा नाली एवं सड़कों पर डालने वालों पर अब सख्ती से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

बीएसएफ दंडकवन द्वारा गुरु नानक जयंती पर किया गया सामूहिक भोज का आयोजन

दंडकवन/नारायणपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। श्री त्रिवेणी शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमांडेण्ट, 11 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल एवं अनिल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमांडेण्ट, 162 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की अगुवाई में गुरु नानक देव जी की जयंती पर सीओबी दण्डकवन में गुरु पर्व और प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस पावन पर्व पर सभी जवानों ने गुरुद्वारे जाकर गुरुग्रंथ साहिब का पाठ सुना एवं कीर्तन किया। इसके साथ साथ, क्षेत्र के ग्रामवासियों व यात्रियों को भी सामूहिक भोजन (लंगर) करवाया गया। यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय गांव, भैंसगांव, अतुरबेड़ा व आस पास के गावों के तकरीबन 150 लोग शामिल हुए। इस अवसर पर श्री त्रिवेणी शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमांडेण्ट, 11 वाहिनी ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना पूरा जीवन समाज सुधारक के रूप में समर्पित कर दिया। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और भेद-भाव को मिटाने के लिए खास कदम उठाए थे। इंसानियत के नाम पर लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उपदेश दिए थे। श्री नानक देव जी ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का काम किया था और इसी वजह से उनकी जयंती हर साल प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। बीएसएफ द्वारा किये गये इस प्रकार के कार्यक्रमों से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों के हृदय में सदभावना व सुरक्षा की भावना पैदा होती है।

आज से फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

नारायणपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में संचालित आर के एम फुटबॉल अकादमी द्वारा आई लीग तृतीय डिविजन फुटबाल प्रतियोगिता आई लीग टूर्नामेंट 2023 का आयोजन आर.के.एम. फुटबाल मैदान, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नारायणपुर में किया जा रहा है। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज ने बताया कि 1दिसंबर से 9 दिसंबर तक नारायणपुर में आयोजित फुटबॉल की इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने आर के एम फुटबॉल एकेडमी नारायणपुर छत्तीसगढ़ ,भवानीपुर एफसी कोलकाता, गढ़वाल एफसी दिल्ली ,केरला यूनाइटेड एफसी केरल एवं के.आई.वाय.सी. एफसी मणिपुर की फुटबाल टीमें नारायणपुर पहुंच गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 1 दिसंबर को प्रातः 8ः30 बजे आर के एम फुटबॉल एकेडमी नारायणपुर एवं गढ़वाल एफसी दिल्ली के मध्य खेला जाएगा । उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से श्री मोहन लाल कार्यकारिणी सदस्य, आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन, रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज, बेलुड़ मठ कलकत्ता से स्वामी शुकदेवानन्द जी महाराज, रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के स्वामी अनुभवानंद महाराज, स्वामी वसुदानंद महाराज ,प्रचार्य स्वामी कृष्णमृतानंद महाराज, स्वामी देवनाथानंद महाराज आदि उपस्थित रहेंगे।आई लीग तृतीय डिवीजन फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

थाना प्रभारी ने शिकायतों पर की त्वरित कार्रवाई

डोंगरगांव, 30 नवंबर। 29 नवंबर को थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे नागरिक जनसामान्य के शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रार्थी के लिखित शिकायत पर मौके पर जाकर कार्यवाही के दौरान अनावेदगणों के द्वारा उन पर धान चोरी का झूठा आरोप लगा रहे कहकर ,आक्रोशित हो गया एवं वाद विवाद कर मारपीट करने पर उतारू हो गया जिसे मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व पुलिस अधिकारी के द्वारा समझाया गया नही माने एवं और आक्रोशित हो गया जिससे पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु गिर0 के अलावा अन्य कोई विकल्प नही होने से धारा- 107,116 के तहत टिलेश्वर उर्फ टिल्लू पिता सुखदेव , मुकेश कुमार ऊर्फ शरद पिता किशुन विश्वकर्मा , दोनो निवासी ग्राम आरी , को धारा- 151 अंतर्गत गिर0 कर अनोवदकों को भारी से भारी अनुभुति राशि से दण्डित करने हेतु अनुविभागयी दण्डाधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव के न्यायालय पेश किया गया है।

कौन बनेगा डोंगरगढ़ का विधायक, फैसला 3 को

डोंगरगढ़, 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश की 20 सीटो में से विधानसभा क्षेत्र क्र 74 डोंगरगढ़ सीट में 7 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव के परिणामो को लेकर यहां राजनीति पार्टी सहित मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। तो वही जैसे-जैसे चुनाव परिणाम की घोषणा की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे नेताओं की धड़कनें भी तेज हो रही है । चुनाव परिणाम की घोषणा को लेकर केवल 5 दिन शेष रहे गए ऐसे में पार्टी के पदाधिकारी के साथ-साथ कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र के शहर से लेकर गांव तक पहुँच कर मतदान के विषय मे अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं से जानकारी ले रहे हैं जिसके बाद भाजपा - कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने प्रत्याशी के जीत का दावा किया जा रहा है । जहां कांग्रेस ने प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल को जिताने कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने दिन-रात एक कर दिया था तो वहीं भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी विनोद खांडेकर के लिए कार्यकर्ताओं के साथ गांव के अंतिम छोर में बसे व्यक्ति से मिलकर पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा । वही चुनाव प्रचार के दौरान दोनों पार्टी के शीर्ष बड़े नेता भी क्षेत्र में सभाएं लेकर जनता को लुभावने घोषणा करके पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगने में कोई कसर नहीं छोड़ी है अब देखना यह होगा कि दोनों पार्टियों द्वारा लोक लुभाने वादों और घोषणाओं से क्षेत्र के मतदाता कौन सी पार्टी को अपना समर्थन दिया है यह कहना मुश्किल है लेकिन सर्वे के अनुसार कांग्रेस के लिए ग्रामीण क्षेत्र में मजबूत और भाजपा के लिए शहरी क्षेत्र मे बढ़त होने की संभावना बताई जा रही है यह भी कहा रहा है कि चुनाव में हार - जीत का फैसला ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में हुए मतदान से ही होना है । देखा जाए तो विधानसभा चुनाव का नतीजा आगामी 3 दिसंबर

पार्टी कार्यकर्ता सहित मतदाताओं को बेसब्री से इंतजार

को होने वाली घोषणा में सामने आएगा लेकिन अभी से मतदाताओ ने अपना आकलन लगाना शुरू कर दिया है कि शहर में कांग्रेस के बड़े नेता शहर के बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान देते रहे इस वजह से शहरी मतदाता पार्टी से नाराज चल रहे है जिसके फलस्वरूप कांग्रेस को शहर में नुकसान उठाना पड़ सकता है । तो वही भाजपा शहर मे विगत 5 वर्षों में क्षेत्र से जुड़े जनहित मुद्दों जैसे शराबबंदी , सड़क निर्माण, बिजली, पानी सहित अन्य मुद्दों पर अपनी आवाज़ उठाते आई है इस वजह से शहरी मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर होने की संभावना बताई जा रही है । ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के धान को समर्थन मूल्य में खरीदने के साथ-साथ इस बार फिर कर्ज माफी करने की घोषणा ग्रामीण मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित किया है । शहरी एवम ग्रामीण मतदाताओं से सीधे तौर पर संपर्क करने पर एक बात तो साफ सामने आ रही है की विधायक कुर्सी का फैसला शहरी एवं ग्रामीण मतदाताओं के रुझान पर निर्भर है कुल मिलाकर इस बार विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आगामी 3 दिसंबर को काफी चौंकाने वाला होगा जिसका मतदाताओं को काफी बेसब्री से इंतजार है ।

विधानसभा चुनाव में मजबूत संगठन के चलते बेहतर रिजल्ट आएगा स्थानीय प्रत्याशी होने से ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है कुल मिलाकर शहर में इस बार 70 - 30 का रेशु रहेगा।

- अमित जैन,
भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष

भूपेश सरकार से प्रदेश की जनता पूरी तरह से खुश है और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता पूरे निष्ठा व लगन के साथ प्रत्याशी को जीतने के लिए काम किया है जिसके फलस्वरुप शहर के साथ-साथ ग्रामीण में कांग्रेस की जीत तय हैं।

- संजीव गोमास्ता
अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर

आरमरीकला आत्मानंद स्कूल में 2 लाख के कंप्यूटर सेट चोरी के मामले में छानबीन जारी

गुरूर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। गुरुर ब्लॉक के अरमरीकुला के आत्मानंद स्कूल में लगातार हो रही चोरियों से शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य और शिक्षा विभाग सवालों के घेरे में है। पुलिस से ज्यादा इन लोगों पर आरोप लग रहे हैं कि लगातार जब चार पांच बार चोरी हो चुकी तो सुरक्षा के इंतजाम में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह दुर्भाग्य की बात ही कही जा सकती है कि पिछली बार चोर यहां से दो बड़े एलइडी टीवी और कैमरा सेट चुरा कर ले गए थे। एलइडी टीवी तो जैसे तैसे बाद में मिल गई लेकिन कैमरे नहीं मिल पाए। तो इस घटना के बाद दोबारा प्रबंधन समिति सहित विभाग ने कैमरे ही नहीं लगाए और इसी का फायदा दोबारा चोरों ने उठाया।

बेमौसम बारिश से किसान परेशान

डोंगरगांव, 30 नवंबर। 28 नवंबर मंगलवार को दोपहर को हुई अचानक बे मौसम बारिश से क्षेत्र के किसान परेशान हो गए हैं लगातार रिमझिम बारिश के चलते किसान अपने धान को खेत खलिहान में ही त्रिपाल तालपत्री के भरोसे रौंद तक कर रख दिया गया है सुबह से ही आज आसमान पर बादल छाए रहे हैं दोपहर को हुई अचानक बारिश से किसान अन्नदाता की चिंता की लकीरें बढ़ गई है एक ओर धान उपार्जन केंद्रो में भी मौसम को लेकर अफरा तफरी देखी गई है अचानक बारिश से डोंगरगांव एवं खुज्जी क्षेत्र के सभी सोसाइटियों में लाखों रुपए के त्रिपाल तालपत्री के भरोसे ढकवाया गया है वर्तमान में परिवहन की लचर व्यवस्था के चलते धान सोसाइटी में ही जाम पड़ा हुआ है सोसाइटियों के प्रबंधकों ने धान को भीगने से बचा लिया है परंतु किसान टोकन लेने के बाद भी बेच नहीं पा रहे हैं अचानक हुई बारिश से सभी सोसाइटी में धान खरीदी को बंद कर दिया गया है आगे मौसम साफ होने पर ही धान खरीदी शुरू किया जाएगा क्षेत्र में किसान वर्ग बड़े चिंता में है अभी

- बारिश के चलते धान खरीदी बंद किया
- करोड़ों के धान को त्रिपाल तालपत्री से ढंकवाया

अधिकतर किसानों के धान खेत में पड़ा है जो कटाई मिंजाई चल रहा है वर्तमान में सोसाइटी में लगभग लाखों किवंटल धान जाम पड़ा हुआ है

बारिश से सेहत पर असर

मौसम की मार से लोगों का सेहत पर असर पड़ा हैं अचानक हुई बारिश से सरकारी अस्पतालों में सर्दी खांसी बुखार हाथ पैरदर्द वायरल फीवर जैसे अन्य लोगों से पीड़ित पहुंच रहे हैं बारिश के चलते आज अधिकतर लोग सर्दी खांसी बुखार वायरल के मरीजो में बढ़ोतरी हुई है सुबह से अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है।

बारिश के चलते ठंड बढ़ी

अचानक हुई बारिश से ठंड कपकपी भी बढ़ गई है लोग मंगलवार को कंटोप स्वेटर जैकेट मफलर साल से ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ा का उपयोग किया जा रहा है रात्रि में चौक चौराहे पर लोग अलाव जलाकर ठंड पर काबू पाया है।

7वीं सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में महाराष्ट्र, कर्नाटक, टीम फायनल में

तमिलनाडु व पंजाब की टीम तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेलेंगे

राजनांदगांव, 30 नवंबर (देशबन्धु)। बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आज प्रातः खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में महाराष्ट्र ने पंजाब टीम को अंको से एवं द्वितीय सेमीफाइनल में कर्नाटक ने तमिलनाडु को अंकों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। सायंकाल तिसरे और चौथे स्थान के मैच में पंजाब ने कर्नाटक को 36-14 अंकों से परास्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। 27 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित हुई पुरूषों की इस प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ टीम सहित 11 टीमों ने लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली गई इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

उकाशाय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। दूसरे चरण में पूरुष वर्ग के सेमीफाइनल मैच 29 नवंबर को प्रातः खेला गया तथा फायनल मैच कल शाम को खेलें जायेंगा।

सांसद पांडे ने गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा

राजनांदगांव। श्री गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व के शुभ दिन में क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने गुरुद्वारा साहिब राजनांदगांव में माथा टेका एवं आयोजित कीर्तन में शामिल हुए। सांसद पांडेय ने कहा कि गुरु नानक जी के प्रेम, शांति और भाईचारे की सीख को दिल से लगाकर ही सामाजिक उत्थान संभव है।

होटल में आगजनी करने वाले आरोपीगण गिरफ्तार

बेमेतरा, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी मोहन साहू उम्र 36 साल साकिन कठौतिया थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13.10.23 के रात्रि में होटल में अचानक आग लग गया अचानक आग लगने से होटल में रखे सामान टेबल दो नग, प्लास्टिक की खुर्ची 10 नग, काउण्टर, आलु, मैदा, बेसन, मिचर्ची, मशाला, तेल, प्लास्टिक का मग्गा 10 नग, चाय बिस्कौट, राजश्री दो पैकेट, आशिकी दो पैकेट, विमल दो पैकेट, छप्पर, बांस, बल्ली, कमचिल, तिरपाल, सभी सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से 90,000/- रु. की आर्थिक नुकसानी हुआ है कि रिपोर्ट पर आगजनी क्रमांक 09/23 दिनांक 14.10.23 को कामय कर जांच में लिया गया। जांच दौरान घटना स्थल निरीक्षण, प्रार्थी गवाहो का कथन लिया, नुकसानी पंचनामा बनाया गया, साक्षियों द्वारा आरोपीगण के विरुद्ध आग लगाने बताये जाने से अपराध सदर धारा 436,34 भादवि कामय कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना दाढी प्रभारी एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपीगण मुकेश चन्द्राकर उर्फ भुरवा, बिरेन्द्र विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपीगण 1. मुकेश चन्द्राकर उर्फ भुरवा पिता गोपी चन्द्राकर उम्र 22 साल, 2. बिरेन्द्र विश्वकर्मा पिता सीताराम विश्वकर्मा उम्र 26 साल साकिनान कठौतिया जिला बेमेतरा के विरुद्ध पर्याप्त जुर्म सबुत पाये जाने से आज दिनांक 29.11.23 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना दाढी प्रभारी उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सउनि भानू पटेल, आरक्षक बालमुकुंद, राहुल दुबे, केशव विश्वकर्मा, ओंकार निर्मलकर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

बेमेतरा दाढ़ी पुलिस की कार्रवाई

जिले के तीन हजार से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से किया मतदान

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्य में संलग्न रहे लगभग तीन हजार से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है. छग0 टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से 3263 मत डाले गए हैं, जिसमें कवर्धा विधानसभा में 2098 एवं पंडरिया में 1165 मतपत्र शामिल है. छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद हुए विगत चार विधानसभा चुनाव को देखने से स्पष्ट है कि डाक मतपत्र की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुआ है. छत्तीसगढ़ बनने के बाद वर्ष 2003 में हुए प्रथम विधानसभा चुनाव में संलग्न केवल दस प्रतिशत कर्मचारियों ने डाक मतपत्र का उपयोग किया था. 2008 के विधानसभा चुनाव में 1033 डाक मतपत्र जारी किए गए थे, जिसमें कवर्धा से 634 तथा पंडरिया से 399 शामिल है. वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में 2408 शिक्षकों व कर्मचारियों को डाक मतपत्र जारी किया गया था, जिसमें कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से 1362 तथा पंडरिया से 1044 शामिल है. इसी प्रकार वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 3366 शिक्षकों व कर्मचारियों को डाक मतपत्र जारी किया गया, जिसमें कवर्धा से 1741 एवं पंडरिया से 1622 डाक मतपत्र शामिल हैं. वर्तमान विधानसभा चुनाव 2023 में अब तक 3263 डाक मतपत्र डाले गए हैं. इस प्रकार स्पष्ट है कि विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की जागरूकता अभियान एवं छग0 टीचर्स एसोसिएशन के प्रयासों से डाक मतपत्र का उपयोग करने वाले कर्मचारियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुआ है. पिछले चुनाव की तुलना में इस बार महिला कर्मचारियों की अधिक संख्या में ड्यूटी लगाया गया था, जिसमें से ज्यादातर की ड्यूटी उसी विधानसभा में लगा था, जहां के वे मतदाता हैं, इस कारण से ये सभी ईडीसी के माध्यम से डयूटीरत मतदान केंद्र में ही सामान्य प्रक्रिया से मतदान किए हैं।

निधन

डॉ. रामानंद सोनी



रायपुर, 30 नवंबर। फिंगेश्वर निवासी डॉ. रामानंद सोनी (उम्र-76) का आकस्मिक निधन 30 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान से फिगेश्वर मुक्तिधाम में 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे आर्चाद सोनी के दादा थे।

मिथिलेश तिवारी

जगदलपुर, 30 नवंबर। पं. अवधेश तिवारी पुजारी बालाजी मंदिर (भीतर मठ) की धर्मपत्नी श्रीमती मिथिलेश तिवारी का 30 नवंबर को स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे उनके गृह निवास मोती तालाब पारा महावीर भवन के पास से खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

सुखनंदन यादव

महासमुंद, 30 नवंबर। स्थानीय वार्ड क्रमांक 14 बिठोवा के समीप निवासी सुखनंदन यादव 70 वर्ष का 30 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेम यादव के बड़े भाई, जीवन, अनिता, गीता, सीता यादव के पिता, संजय यादव के बड़े पिता व अजय यादव के दादा थे।

डॉ. दयाराम वर्मा



बलौदाबाजार, 30 नवम्बर। ग्राम किरना (तिल्दा) निवासी डॉ. दयाराम वर्मा 72 वर्ष का देहावसान 30 नवम्बर को हो गया है। वे पूर्व राज्य सभा सदस्य छाया वर्मा के पति थे। जिनकी अंत्येष्टि गृह ग्राम किरना (तिल्दा) में 1 दिसम्बर दिन शुक्रवार को 11 बजे होगी। इनके निधन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु सहित राजनीतिक नेताओं, शुभचिंतकों एवं समाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

विठ्ठल गजभिए



भिलाईनगर, 30 नवंबर। सेक्टर-2 सड़क-3, क्वॉटर-7/ए निवासी 75 वर्ष विठ्ठल गजभिए का निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास स्थान सेक्टर-2 से गुरुवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

प्रादेशिकी का शेष...

पीसीसी चीफ व सांसद बस्तर ...

एनएसयूआई शहर अध्यक्ष विशाल खम्बारी, एनएसयूआई ग्रामीण अध्यक्ष नीलम कश्यप, सोनू, चैतराम बघेल सहित महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस बूथ, सेक्टर, ज़ोन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चोरी के मामले ...

किशोर सेवक तथा किशोर सिन्हा से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया। जिन्होंने उपरोक्त चावल को चोरी करना तथा घटना में अपने साथ इरफ़ान सिद्धकी को शामिल होना बताने से चोरी किये गए चावल को बरामद करते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों किशोर सिन्हा, किशोर सेवक, इरफ़ान सिद्धकी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया ।

पहले डाक मतपत्रों की गणना, 14 टेबलों पर 20 चक्रों में पूर्ण होगी गिनती

- मतगणना की तैयारी पूरी, कलेक्टर की मौजूदगी में प्रशिक्षण
- सावधानी और पारदर्शिता के साथ मतगणना के निर्देश

दंतेवाड़ा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के मुख्य सभाकक्ष में मतगणना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दंतेवाड़ा विधानसभा में कुल 273 मतदान केन्द्र हैं। वोटों की गिनती 14 टेबलों पर 20 चक्रों में पूर्ण होगी। प्रत्येक चक्र में 14 टेबल में 14 मशीनें (ईव्हीएम) आयेंगी।

इस मौके पर कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि 3 दिसंबर को मतगणना मुख्यालय के आंवराभाटा स्थित डाइट परिसर मतगणना केंद्र में की जाएगी। मतगणना केन्द्र में मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मतगणना प्रक्रिया का कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण चरण है और सावधानी एवं पारदर्शिता के सभी मानको के पालन के साथ ही मतगणना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं मतगणना दल मतगणना संबंधी प्रत्येक प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने के साथ ही अपनी जिज्ञासाओं, शंकाओं का समाधान अवश्य कर लेवें ताकि मतगणना कार्य को नियमानुसार बेहतर ढंग से संपन्न कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी।

इसके साथ ही प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईटीपीबीएस, डाक मत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी देते हुए मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा मास्टर ट्रेनर्स ने निर्वाचन संचालन के नियम व्ही व्ही पैट पर्चियों के अनिवार्य सत्यापन, मतगणना केन्द्रों की आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, गणना स्थल में प्रवेश व्यवस्था, ईटीपीबीएस, डाक मत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा, मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी, और इसमें सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए मॉक काउंटिंग करके भी देखा। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रेक्षक अनुराग पटेल, अपर कलेक्टर संजय कजौंध, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर, रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

गांजा तस्करी के आरोप में जीजा साली को किया, गिरफ्तार

कोण्डागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। अवैध गांजा का परिवहन कर रहे जीजा साली से तकरीबन 2 लाख 30 हजार पये कीमत का 23.410 किलोग्राम गांजा को केशकाल पुलिस द्वारा बरामद करने के साथ ही महाराट्र के अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर के आरोप में दोनों आरोपियों का गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अीक्षक कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अीकारी केशकाल भूपत सिंह नेश्री के पर्यवेक्षण में केशकाल पुलिस के द्वारा लगातार अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों पर कार्यवाही हेतु नजर रखी जा रही थी। 29 नवम्बर 2023 को केशकाल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बेड़मा बड़ेपारा तिराहा नेशनल हाईवे 30 मेनरोड के पास एक पु व महिला हरा पीला व नीला रंग के दो ट्राली बैग में अवौ मादक पदार्थ गांजा को बिकी करने हेतु अपने ट्राली बैग में छुपाकर रखे हैं। उक्त सुचना पर बेड़मा बड़ेपारा तिराहा पर रवाना होकर रोबर्दी कर दोनों संदिगों के संयुक्त कब्जे से ट्राली बैग में अवौ मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 23.410 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 2 लाख 30 हजार पये को बरामद कर मो.उमर पिता कमददीन जाति मुसलमान 30 वां साकिन रफीक नगर 1पड़पट्टी गोवाण्डी थाना माड़ा चैकी राज्य महाराट्र एवं मुस्कान पति मो.अजीम कुरैशी जाति मुसलमान 22 वां साकिन रफीक नगर 1पड़पट्टी गोवाण्डी थाना माड़ा चैकी राज्य महाराट्र नामक दोनों आरोपियों के विद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी आनंद सोनी सउनि निहार रंजन मंडल, प्र.आर.संजय बिसेन, ईश्वर नेताम, आर.शंभू मण्डावी, मनोहर निषाद की अहम भूमिका रही।

2.30 लाख का 23.4 किलो गांजा को केशकाल पुलिस ने किया बरामद

सेवानिवृत्त शिक्षिका को विश्रामपुरी में दी गई विदाई

कोण्डागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय मायमिक शाला कोडापारा संकुल विश्रामपुरी में प्रधान अधयापिका के पद पर पदस्थ रमो देहारी को संकुल परिवार संकुल केन्द्र विश्रामपुरी की ओर से उसके सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू के द्वारा बताया गया कि रमो देहारी ने 41 वां तक शिक्षा विभाग में अपना अमूल्य योगदान दिया। जिसे शिक्षा विभाग कभी भूल नहीं सकता। बड़ेराजपुर वि.खं.के शिक्षा अीकारी कंवल सिंह पोया ने भी रमो देहारी के शिक्षा विभाग में अमूल्य योगदान की सराहना की। ज्ञात हो कि रमो देहारी 30 जून 2023 को मा.शा.कोडापारा से सेवानिवृत्त हुई जिसे शाला स्तर पर सम्मानित करने हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया एवं 27 नवंबर 2023 को संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के समस्त संस्थाओ के प्रान अयापक, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने वि.ख.शिक्षा अीकारी कंवल सिंह पोया की उपस्थिति में रमो देहारी को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

धान उपार्जन केंद्रों में सुचारू व्यवस्था, जिला स्तरीय अधिकारियों को बनाया गया नोडल अधिकारी

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में 79 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की कार्यवाही की जा रही है। जिले के धान उपार्जन केंद्रों के सतत निरीक्षण-पर्यवेक्षण किये जाने एवं धान उपार्जन केंद्रों में सुचारू व्यवस्था हेतु कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी धान उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारी के रूप में लगाई है। नोडल अधिकारी को उन्हें आबंटित धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करते हुये धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी केंद्रों में सभी मूलभुत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना। धान खरीदी केंद्र के द्वारा जारी किये जाने वाले टोकन में लघु एवं सीमांत कृषकों के लिये 70:30 के अनुपात का पालन सुनिश्चित कराना। उपार्जित धान की किस्मवार एवं बारदाने के प्रकार के अनुसार स्टेकिंग कराना, धान खरीदी केंद्रों में नये एवं पुराने बारदानों का व्यवस्थित रूप से भंडारण कराना। उपार्जित धान की सुरक्षा हेतु कैंप कव्हर से ढककर रखना,धान के तौल हेतु धान खरीदी केंद्रों में हमालो की व्यवस्था। केंद्र की समस्त दस्तावेजों का विधिवत संधारण और निर्धारित गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित कराना है। इसके साथ ही उक्त कार्यवाही को सुनिश्चित कराते हुये साप्ताहिक निरीक्षण प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए है। नोडल अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी द्वारा किया जा रहा धान खरीदी कार्य का सतत निरीक्षण

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरणों में दी 12 लाख की आर्थिक सहायता जारी

कोण्डागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 03 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के बेलगांव निवासी चांदनी की तेज हवा के कारण साल वृक्ष गिरने से उसके चपेट में आने से पैर, पीठ एवं सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु होने पर माता सियाबती मण्डावी एवं पिता तुलाराम मण्डावी, माकड़ी तहसील के ग्राम तारगांव निवासी सरस्वती नेताम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता आसमती नेताम एवं पिता कुश कुमार, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम खलारी निवासी रामचंद की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मनशीला एवं माता भागवती को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिये गये हैं।

श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भव्य एवं दिव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर पूरे विश्व से निमंत्रण देने कि प्रकिया में विश्व हिन्दू परिषद जिला बस्तर के तत्वावधान पर बस्तर जिला समस्त अंचलों पर भव्य कार्यक्रम किया जाना तय किया गया है। 2 दिसंबर को नगर भ्रमण तय किया गया है। 2 दिसंबर को रायपुर राम मंदिर से जगदलपुर के लिए निकलेगी और बस्तर प्रवेश द्वार भानपुरी में अक्षत कलश का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। भानपुरी में सुबह 11 बजे, बस्तर में 12 बजे और आसना में दोपहर 1 बजे पुष्प वर्षा के साथ आतिश बाजी एवं भव्य बाईक के साथ नगर भ्रमण किया जायेगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, जिला मंत्री हरी साहू, जिला संयोजक घनश्याम नाग, जिला गौ रक्षा प्रमुख मुन्ना बजरंगी ने एसडीएम को आवेदन सौंपा।

जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़े के तहत की गई 30 नसबंदी

4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी हेतु चलाया जाएगा अभियान

कोण्डागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बती जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले भर में पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस बार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा स्वस्थ्य मां, स्वस्थ्य बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा के थीम पर पखवाड़े में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुरुष नसबंदी हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा प्रत्येक हितग्राही को 3000 पये एवं नसबंदी हेतु लाने वाले प्रेरक जैसे मितानिन, एएनएम, आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या अन्य व्यक्ति को 400 रुपए प्रोत्साहन राशि के प में भी दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आकिारी डॉ.आर.के.सिंह के द्वारा बुधवार को 19 हितग्राहियों का नसबंदी (एनएसवीटी) विकास खण्ड माकडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माकड़ी में किया गया। इस कैम्प में चिकित्सक दल में सीएमएचओ सहित खण्ड चिकित्सा आकिारी माकड़ी डॉ. डी.के. भारत, उमा साहू, लता मरकाम शामिल रहे साथ ही शिविर हेतु जिला मुख्यालय से म्मनलाल वर्मा, नीतू कर्मकार, सौरभ ठाहिरे उपस्थित रहे। जिला अस्पताल कोण्डागाव में भी इस पखवाड़े के दौरान कुल 11 हितग्राहियों की नसबंदी (एनएसवीटी) हुई है। इस तरह जिले मे अब तक कुल 30 पुरु नसबंदी (एनएसवीटी) हुआ है। ज्ञात हो कि पुरुष नसबंदी करवाने के तुरंत पश्चात हितग्राही को छुटटी दे दिया जाता है। इसमें कोई कमजोरी नहीं आता है पुरुष स्वस्थ्य रहते है एवं अच्छे से कार्य कर सकते है। पुरुष नसबंदी करवाने के पूर्व सामान्य जांच जैसे शुगर, बी.पी.एच.आई.वी. हिमोग्लोबिन इत्यादि जांच किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आकिारी के द्वारा आमजनों से अपील किया गया है कि दो या दो से अकि सतान वाले पुरुष इस पखवाड़े में भाग लेवें एवं नसबंदी करवाकर जीवन को खुशहाल बनाये।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली छात्रा का किया सम्मान

कोण्डागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा हरियाणा के गुग्राम में आयोजित राट्रीय खेल कुद प्रतियोगिता में जुडो खेल में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली छात्रा लेखा नेताम का सम्मान किया। ज्ञात हो कि 06 से 09 नवम्बर के मय हरियाणा के गुग्राम में आयोजित 52 वीं केन्द्रीय विलय संगठन राट्रीय खेल कुद प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। जिसमें 14 वां से कम आयु वर्ग में 44 किलो ग्राम वर्ग में लेखा नेताम द्वारा उत्कृट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर कलेक्टर ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी खेल प्रतियोगिताओं में इसी प्रकाश शानदार प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लेखा के परिजनों से कलेक्टर ने मुलाकात कर उन्हें भी बाांइया दी। इस अवसर पर जुडो प्रशिक्षक नारायण सोरेन ने कलेक्टर को बताया कि 03 से 06 दिसम्बर तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली खेलों इंडिया वुमन लीग रैंकिंग प्रतियोगिता में जिले के 4 खिलाड़ी जुडो प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिनमें हेमवती नाग, राजेश्वरी मरकाम, गीता हिड़कों, निर्मला शोरी शामिल होंगे। कलेक्टर सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि कोण्डागांव में जिला प्रशासन एवं आईटीबीपी की 41 बटालियन द्वारा निःशुल्क जुडो प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा है। जिसमें सैनानी नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जुडो प्रशिक्षण सीजीडी नारायण सोरेन एवं सीजीडी उदय सिंह यादव के द्वारा अब तक 200 से अकि बच्चों को जुडो का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके लिए प्रशिक्षित बच्चे विभिन्न राट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृट प्रदर्शन कर रहे है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण

जगदलपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भव्य एवं दिव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर पूरे विश्व से निमंत्रण देने कि प्रकिया में विश्व हिन्दू परिषद जिला बस्तर के तत्वावधान पर बस्तर जिला समस्त अंचलों पर भव्य कार्यक्रम किया जाना तय किया गया है। 2 दिसंबर को नगर भ्रमण तय किया गया है। 2 दिसंबर को रायपुर राम मंदिर से जगदलपुर के लिए निकलेगी और बस्तर प्रवेश द्वार भानपुरी में अक्षत कलश का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। भानपुरी में सुबह 11 बजे, बस्तर में 12 बजे और आसना में दोपहर 1 बजे पुष्प वर्षा के साथ आतिश बाजी एवं भव्य बाईक के साथ नगर भ्रमण किया जायेगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, जिला मंत्री हरी साहू, जिला संयोजक घनश्याम नाग, जिला गौ रक्षा प्रमुख मुन्ना बजरंगी ने एसडीएम को आवेदन सौंपा।

सर्वोच्च अलंकरण से अनुसुइया साहू हुई सम्मानित

खरोरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। पिछड़े एवं संवेदनशील क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं व नन्हे बच्चों के शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार और लोगों में व्यवहार परिवर्तन पर लगातार सेवाएं दे रही महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक अनुसुइया साहू को उत्कृष्ट महिला सशक्तिकरण अवार्ड 2023 कि मानद उपाधि का सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं। बधाई देने वाले में सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, झाड़ू राम मंडावी जनपद सदस्य, सौरभ ठाकुर सरपंच कोरर, रामकुमार दरों सरपंच हाटकरां, सुनहेर गजेंद्र उप सरपंच, नवीन पांडे, राघवेंद्र राजपूत, ममता सुखदेवे परियेजना अधिकारी तथा समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर हाटकर्स आदि महिला मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी ने की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी से, दिया धरना

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के मतगणना स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत प्रवेश करने एवं सीसीटीवी बंद रहने के संबंध में

कोण्डागांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा क्षेत्र कोण्डागांव- 83 की भाजपा प्रत्याशी लता उसेण्डी द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी छत्तीसगढ़ को शिकायत पत्र लिखकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के मतगणना स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत प्रवेश करने एवं 30 नवम्बर की सुबह सीसीटीवी बंद रहने के सम्बन्ध में जांच करने की मांग करने के साथ ही मौके पर धरना दिया गया।

शिकायत पत्र में लेख किया गया है कि कोण्डागांव जिला मुख्यालय में बने मतगणना स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत रूप से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को प्रवेश एवं 30 नवम्बर 2023 को सुबह 8 बजे सीसीटीवी बंद होने के संबां में जांच किए जाने का आग्रह करते आगे लेख किया है कि कोण्डागांव जिला विाान सभा चुनाव 2023 के दौरान निपक्ष चुनाव प्रभावित करने हेतु मतगणना स्ट्रांग म के सुरक्षा लेयर को तोड़कर अनाकिृत प से कांग्रेसी कार्यकर्ता नरेंद्र देवांगन, युसुफ रिजवी एवं गीतेश गौंति के द्वारा स्ट्रांग म से लगे हुए मतगणना स्थल में गडबडी करने के उद्देश्य से प्रवेश किया गया, जबकि प्राप्त पत्र के अनुसार उक्त स्थल में केवल प्रत्याशी एवं प्रत्याशी के अभिकर्ता को प्रवेश की अनुमति थी एवं 30 नवम्बर 2023 को सुबह 8 बजे सीसीटीवी बंद होने की सुचना प्राप्त हुई। उक्त सीसीटीवी किसके आदेश पर बंद हुआ था, उक्त अीकारियों पर तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए भारतीय जनता पार्टी विरोा करती है। संबंीत अीकारियों पर कार्यवाही एवं उपरोक्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए, कार्यवाही करने एवं अनाकिृत प से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के मतगणना स्थल में प्रवेश एवं सीसीटीवी बंद होने में सम्मलित अीकारी एवं कर्मचारी पर तत्काल कार्यवाही की जावे। षिकायत पत्र की प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अीकारी कोण्डागांव रिटर्निंग अीकारी विाान सभा- 83 कोण्डागांव को भी दी गई। शिकायत पत्र देने के साथ ही मौके पर धरना भी दिया गया।

कच्ची महुआ शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

पलारी, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। 29 नवंबर को ग्राम अमेरा केसला मार्ग चौक में आरोपी पुरन सिह जोशी पिता मंशाराम जोशी उम्र 41 वर्ष साा डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से एक सफेद बोरी अंदर रखे 20 नग पांच पांच ली. वाली सफेद पारदर्शी झिल्ली प्रत्येक में 5-5 ली भरी कच्ची महुआ शराब कुल 100 लीटर किम्मती 20000 एवं 02. पुरानी इस्तेमाली मोएसाे क्रा इल 04 ड्डङ्क 6267 कि. ?15000 को जप्त किया गया। शराब के संबंध में पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो अपने मेमोरण्डम में उक्त शराब संजय पिता खरौदिया निवासी ग्राम खैरी से खरीदना एवं बिक्री हेतु ले जाना बताया आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्र. 542/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर- बताओ सबसे नशीला पदार्थ कौन सा होता है?

संता- किताब है सर, खोलते ही नींद आ जाती है।

संपादकीय

एयरपोर्ट पर फास्टैग

एक स्वागत योग्य निर्णय के अंतर्गत रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग के लिये लगने वाला शुल्क अब फास्टैग के जरिये भी पटाया जा सकेगा। अब तक यह भुगतान नगद लेन-देन के जरिये होता है। इससे जहां एक ओर लोगों व पार्किंग ठेकेदार कर्मचारियों का समय बचेगा, वहीं किसी तरह का विवाद भी नहीं होगा। अक्सर वहां वाहनों से आने वाले लोगों और कर्मचारियों के बीच पार्किंग के समय को लेकर विवाद होते रहते हैं। इससे भी निज़ात मिल सकेगी। ठेकेदार को इस आशय के निर्देश भी एयरपोर्ट निदेशक द्वारा दिये गये हैं। साथ ही 7 दिनों के भीतर इस तरह की आवश्यक व्यवस्था लागू करने के लिये कह दिया गया है वरना ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

यह भी बतलाया गया है कि फास्टैग का उपयोग न करने वाले चार पहिया वाहनों के चालक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड के जरिये भुगतान कर सकेंगे। जो इन दोनों का इस्तेमाल नहीं करते वे नगद भुगतान कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित रूप से इससे निर्गम वाले स्थान पर वाहनों की भीड़ नहीं होगी। अक्सर ऐसा होता है कि वाहनों की लम्बी कतारों के कारण कई ऐसे लोगों को भी देर हो जाती है जो निर्धारित छूट वाली अवधि के भीतर ही आ चुके रहते हैं लेकिन भीड़ के कारण उन्हें ठहरना पड़ जाता है। ठेकेदार के कर्मचारी इस बात को नहीं मानते और वहां अक्सर इसे लेकर तीखी बहस हो जाती है। कई बार तो मारपीट तक होती देखी गई है। इससे बाहर से आने वाले लोग परेशान होते हैं। निश्चित रूप से फास्टैग वालों के लिये रूकने की आवश्यकता न होगी तथा क्यूआर कोड का इस्तेमाल करने वालों को केवल भुगतान कर दिया जाना ही दिखलाना पड़ेगा जो वे पहले ही कर सकते हैं। उसमें क्यूआर पेमेंट का वक्त भी दर्ज होता है। अब वहां केवल उन्हीं लोगों की भीड़ होगी जो नगद भुगतान करेंगे। तीनों तरह के भुगतान करने वालों के लिये अगर पृथक निर्गम की व्यवस्था कर दी जाये तो इससे वहां वाहनों के लिये बेहतर सुविधा निर्मित हो जायेगी। एयरपोर्ट पर होने वाली वाहनों की भीड़ से सभी को परेशानी होती है। छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा वहां होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ नागरिक उड्डयन मंत्रालय को शिकायत की गयी थी। सम्भवत: उसी के मद्देनज़र यह व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान दरों के अनुसार पहले चार मिनटों के लिये पार्किंग पूर्णत: निशुल्क है। इसके बाद दो पहिया वाहनों के लिये 30 मिनट तक 10 रु., चार पहिया वाहनों के लिये 20 रु. और मालवाहक का शुल्क 30 रु. होता है।

उम्मीद की जा सकती है कि वाहनों की पार्किंग की फास्टैग एवं क्यूआर कोड से लोगों को सुविधा तो बढ़ेगी ही, पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद भी अब नहीं होंगे।

नगरीय निकायों में 2021 के मास्टर प्लान अधूरे, अब 2031 का प्लान लागू

शहरों में साफ-सफाई, पानी, सड़क, बिजली की समस्याएं

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में आबादी बढ़ने के साथ शहरों का विस्तार तो हुआ, लेकिन मास्टर प्लान का पालन उस गति से नहीं हो पाया, जिसकी आवश्यकता थी। 2011 के मास्टर प्लान में उल्लेखित प्रावधान 2021 तक पूरे नहीं हो सके। अब 2031 के मास्टर प्लान को लागू किया गया है। प्रावधानों का पालन नहीं होने का खामियाजा यह हुआ कि न तो रोड इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो सका और न ही सीवरेज व ड्रेनेज नेटवर्क पर काम हो सका है। प्रदेश के नगरीय निकायों में मास्टर प्लान का समुचित पालन नहीं होने का खामियाजा आम व्यक्तियों को भुगतना पड़ रहा है।

प्रदेश के कई शहरों के हालात यह है कि 2023 में पहली बार चुनिंदा शहरों के मास्टर प्लान के बारे में सोचा गया। रायपुर, बिलासपुर को स्मार्ट सिटी के दायरे में शामिल किया गया। बावजूद वहां स्मार्ट सिटी की खूबसूरती दिखाई नहीं देती। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो प्रदेश के 21 शहरों में अभी भी एसटीपी का निर्माण नहीं किया जा सका है, जिसके कारण नालियों का गंदा पानी जीवन दायिनी नदियों में मिल रहा है।

राजधानी के नए मास्टर प्लान में बदला लैंड यूज

राजधानी के नए मास्टर प्लान में कई क्षेत्रों का लैंड यूज बदला गया है, जिसमें तिल्दा को नया औद्योगिक क्षेत्र के रुप में डेवलप करने की योजना बनाई गई है। टाटीबंध को ट्रांसपोर्टेशन जोन, शैक्षणिक संस्थानों के लिए बोरियाकला को, प्रीमीयम आवासीय जोन के लिए कचना, लाजिस्टिक हब के लिए गिरौद को को शामिल किया गया है।

2011 का प्लान 2023 तक नहीं हो सका पूरा

मास्टर प्लान का समुचित पालन नहीं होने की वजह से राजधानी में 76 उन सड़कों को शामिल किया गया है, जो कि पुराने मास्टर प्लान में शामिल किया गया था। 2021 के मास्टर प्लान को 10 साल बीतने के बाद भी लागू नहीं किया जा सका है। अब 2031 के मास्टर प्लान में राजधानी में 146 एमआर रोड को शामिल किया गया है। राजधानी के मास्टर प्लान को 30 लाख की आबादी के मद्देनजर तैयार किया गया है, जिसमें शहर के दायरे को 822 हेक्टेयर बढ़ाया गया है।

पहली बार छोटे शहरों के लिए मास्टर प्लान लागू

आवास एवं पर्यावरण विभाग ने पहली बार अर्धशहरी व छोटे शहरों के लिए भी मास्टर प्लान लागू किया है। इसमें पाटन, कुरूद, कवर्धा, धमतरी एवं पिथौरा के निवेश क्षेत्रों के लिए मास्टर प्लान-2031 की अधिसूचना जारी कर दी है।

पाटन में मास्टर प्लान

मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र में लागू मास्टर प्लान-2031 को लगभग एक लाख की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके साथ-साथ सुनियोजित विकास एवं यातायात की सुगमता के लिए विभिन्न प्रस्ताव दिए गए हैं। शहरों के साथ छोटे-बड़े कस्बे व गांवों के सुव्यवस्थित विकास के साथ मास्टर प्लान के बारे में सोचना होगा। हम मास्टर प्लान बनाते हैं, लेकिन साल-दर-साल इसका पालन नहीं हो पाता है। देश के कई राज्यों में मास्टर प्लान के साथ जोनल प्लान व लोकल एरिया प्लान शामिल होता है। इससे गली-मोहल्लों तक के मास्टर प्लान के बारे में सोचा जाता है। छत्तीसगढ़ में सिर्फ मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। लेकिन जोनल एरिया प्लान कभी भी शामिल नहीं किया गया। इसकी वजह से शहर के कुछ स्थानों पर ही मास्टर प्लान का असर नजर आता है, जबकि वार्डों व कालोनियों में मास्टर प्लान का असर दिखाई नहीं देता है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में मास्टर प्लान के क्रियान्वयन के लिए अभी तक विभागों की जिम्मेदारी तय नहीं है। अन्य राज्यों में शहर विकास प्राधिकरण को मास्टर प्लान में उल्लेखित प्रावधानों को लागू करवाने की जिम्मेदारी दी जाती है। प्रदेश में रायपुर विकास प्राधिकरण तो हैं, लेकिन प्राधिकरण को अधिकार नहीं मिले हैं।

दुर्ग :मंत्रियों के गृह जिले में सीवरेज प्लांट नहीं

दुर्ग जिला मंत्रियों का गृह जिला कहा जाता है, लेकिन अभी तक यहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाया जा सका है। यहां शहरों से निकलने वाला गंदा पानी जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में मिल रहा है। दुर्ग, भिलाई, चरोदा और रिसाली को मिलाकर जिले में चार नगर निगम है द्य धमधा, पाटन और उतई को मिलाकर तीन नगर पंचायत और जामुल, कुम्हारी अहिवारा और अमलेश्वर को मिलाकर चार नगर पालिका परिषद है। नदियों के जल को दूषित होने से बचाने के लिए दुर्ग व भिलाई में एसटीपी बनाया जाना हैद्य अमृत मिशन योजना पूरी तरह पूरी नहीं होने की वजह से कई क्षेत्रों में पेयजल का संकट बना हुआ है।

पेन, पैंसिल, नोटपैंड नही ले जा सकेंगे मतगणना एंजेट

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। तीन दिसम्बर को मतगणना एजेंट अपने अपने साथ पैन, पेंसिल और नोटपैंड नहीं ले जा सकेंगे। वर्षों से इसकी अनुमति रही है, अचानक जारी आदेश के विरोध में भाजपा ने सीईओ रीना कंगाले से मुलाकात कर विरोध किया। सांसद सुनील सोनी, प्रत्याशी मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, निर्वाचन आयोग संपर्क समिति के संयोजक डॉ विजय शंकर मिश्र, ननलीश ठोकने ने दोपहर कंगाले से मुलाकात की।

उन्होंने अनुमति देने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि पार्टी के मतगणना अभिकर्ता मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को प्रात: 7 बजे से मतगणना स्थलों में उपस्थित हो जायेंगे जिस कारण मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल में मत गणना को नोट करने पेन की आवश्यकता है। अत: प्लास्टिक के पेन ले जाने की अनुमति दी जाए। मतगणना स्थल पर मतगणना से प्राप्त वोट की एंट्री के लिए पेपर सीट की आवश्यकता है अत: पेपर सीट ले जाने की अनुमति दी जाए जिसमें कि विधानसभा के सभी बूथ का नंबर ईवीएम मशीन के सीरियल का नंबर हो।

चुनाव नहीं लड़ने वाले विधायकों को दिसंबर से नहीं मिलेंगी सरकारी सुविधाएं

आबंटित बंगला भी खाली करना होगा

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के 24 विधायकों को दिसंबर से सरकारी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। ये ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने चुनाव नहीं लड़ा है। इनमें कांग्रेस से 22 और भाजपा व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के (जकांछ) से एक-एक विधायक हैं। पार्टी ने इन्हें टिकट नहीं दिया। इनके अलावा चुनाव हारने वाले विधायकों को भी सरकारी सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। फिलहाल चुनाव नहीं लड़ने वाले विधायकों को विधानसभा सचिवालय ने नो-ड्यूज कराने की सूचना दी है। इसमें बताया गया है कि एक दिसंबर से उन्हें सरकारी बंगला और भत्ता की पात्रता नहीं होगी क्योंकि वह अब पूर्व विधायक हो चुके हैं।

विधानसभा सचिवालय के मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह सलूजा ने बताया

कि यह प्रक्रिया के तहत ही होता है। चुनाव जीतने के बाद जो नए सदस्य जुड़ते हैं, उन्हें सुविधाएं मिलती हैं। नई विधानसभा गठित होने से पहले पूर्व विधायकों को बंगला खाली करना पड़ता है। एक विधायक को विधानसभा से किराया भत्ता के रूप में हर महीने 30 हजार रुपये दिया जाता है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में मौजूदा 71 विधायकों में से 22 का टिकट काटा है, जबकि भाजपा ने 13 में से एक विधायक का टिकट काटा है। तीन दिसंबर को मतगणना होगी।

कांग्रेस के इन विधायकों को अब सुविधाएं नहीं

मनेंद्रगढ़ के विधायक डा. विनय जायसवाल, प्रतापपुर के डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम, रामानुजगंज के बृहस्पत सिंह, सामरी के चिंतामणि महाराज, लैलूंगा के चक्रधर सिदार, सारईपाली के किस्मतलाल नंद, महासमुंद के विनोद सेवनलाल चंद्राकर, बिलाईगढ़ के चंद्रदेव प्रसाद राय, कसडोल के शकुंतला साहू, धरसींवा से अनिता योगेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण के सत्यनारायण शर्मा, दंतेवाड़ा की देवती कर्मा, पाली-तानाखार के मोहित केरकेट्टा, सिहावा की डा. लक्ष्मी ध्रुव, नवागढ़ के गुरुदयाल सिंह बंजारे, पंडरिया की ममता चंद्राकर, डोंगरगढ़ से भुवनेश्वर बघेल, खुज्जी से छबी साहू, जगदलपुर से रेखचंद्र जैन, कांकेर से शिशुपाल सोरी, अंतागढ़ से अनूप नाग और चित्रकोट से राजमन बेंजाम।

भाजपा और जकांछ केएक-एक विधायक

भाजपा से बिंद्रानवागढ़ के विधायक डमरूधर पुजारी और जकांछ से निर्वाचित व वर्तमान में कांग्रेस के नेता व बलौदाबाजार के विधायक प्रमोद कुमार शर्मा को भी दिसंबर से सरकारी आवास व भत्ता की सुविधा नहीं मिलेगी।

एक्जिट पोल से भी बेहतर आएंगे कांग्रेस के

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एक्जिट पोल के नतीजों से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में कांग्रेस अबकी बार तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी। कांग्रेस के 75 से अधिक विधायक चुनाव जीतकर आयेंगे। भाजपा चुनावों में दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। जनता ने कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे को देखकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 सालों में राज्य की जनता का भरोसा जीता है। 2018 में 68 सीटों के साथ सरकार बनाने के बाद कांग्रेस ने 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय, पंचायतो का चुनाव जीता। 5 सालों में कांग्रेस कभी कोई चुनाव नही हारी। इस बार भी हम रिकार्ड बरकरार रखेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ मे ईडी के अगुआई मे चुनाव लडी। ईडी नें आपने संवैधानिक मर्यादाओ को ताक मे रख कर कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियों मे बाधा पहुंचाने के लिए चुनाव के दौरान तमाम हथकंडे अपनाया मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए एक व्यक्ति के फर्जी बयान के आधार पर प्रेस नोट जारी कर के झूठे आरोप लगाया गया उसी के आधार पर प्रधानमंत्री से लेकर छोटे बड़े भजपा नेताओं नें ईडी की झूठी कहानी को जनता के सामने रखा लेकिन जनता नें भाजपा के षड्यंत्रो को नकार दिया। पूरे चुनाव के दौरान समुची भाजपा भूपेश बघेल कं कद के सामने बौनी नजर आ रही थी प्रधानमंत्री खुद 7 सभा करने आने को मजबूर हुए अमितशाह सहित एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री आधा दर्जन मुख्यमंत्री अडानी के इशारे पर छत्तीसगढ़ मे डेरा डाले थे। सभी भाजपा नेता भूपेश बघेल के खिलाफ दुष्प्रचार मे लगे उसके बावजूद छत्तीसगढ़ कि जनता नें बता दिया कि उन सब पर छत्तीसगढ़िया सपूत भारी साबित हुए।

- तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस सरकार की वापसी होगी
- 75 सीटों के साथ बनेगी भरोसे की सरकार

शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन और समृद्धि के पर्याय बन चुके भूपेश बघेल सरकार अबकी बार 75 पार के साथ वापसी करेगी। छत्तीसगढ़ के विकास और सांस्कृतिक के सम्मान में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया है उसके आधार पर कांग्रेस का कार्यकर्ता थे। घोषणा पत्र में किए गए अपने वादों से भी ज्यादा योजनाएं धरातल पर उतारे जाने से जनता के बीच में विश्वसनीय और स्वीकार्यता बढ़ी है। छत्तीसगढ़ के 26 लाख किसान, छत्तीसगढ़ के 14 लाख वनोपज संग्राहक, छत्तीसगढ़ की 27 करोड़ बहने जो ढाई लाख से अधिक महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से समृद्ध हुई है। गोठान, रीपा और वनोपज प्रसंस्करण से लाभ अर्जित कर रही है, उन सभी का भरोसा है कि अबकी बार 75 पार के साथ कांग्रेस सरकार बनाएगी। कांग्रेस का कार्यकर्ता भूपेश सरकार के कार्यक्रमों सामाजिक न्याय के प्रावधानो से गौरांवित है। छत्तीसगढ़ की प्रथा परंपरा, तीज त्यौहार, खान-पान, बोली भाषा और स्वाभिमान की पुनर्स्थापना हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए बेहतर काम हुए हैं।

जशपुर का युवा आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को करेगा बालिंग

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जशपुर शहर का प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी श्रेयम सुंदरम रायपुर में हो रहे टी 20 क्रिकेट मैच में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी बालिंग प्रतिभा से छकाते हुए नजर आएंगे। श्रेयम को इन खिलाड़ियों के नेट प्रैक्टिस के दौरान बालिंग करने का अवसर दिया गया है।

श्रेयम सुंदरम की प्रारंभिक शिक्षा जशपुर में ही हुई है। श्रेयम ने बताया कि वह लगातार कई सालों से क्रिकेट खेल रहा है। इसके पहले वह छत्तीसगढ़ में अंडर 19, अंडर 23, अंडर 25 और भारत. न्यूजीलैंड के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुका है। माता.पिता का कहना है कि श्रेयम को बचपन से ही क्रिकेट में विशेष रुचि थी जिसे उन्होंने पहचाना और आगे बढ़ाया। श्रेयम की प्रारंभिक शिक्षा जशपुर से हुई है। उसके पिता जशपुर के शासकीय महाविधालय में प्रोफेसर है। इस होनहार खिलाड़ी ने सबसे पहले झारखंड के रांची में क्रिकेट का प्रशिक्षण लिया था। इसके बाद कड़ी मेहनत कर इस होनहार खिलाड़ी ने सबसे पहले झारखंड के रांची और रायपुर में क्रिकेट का प्रशिक्षण लिया था। उसके बाद छत्तीसगढ़ अंडर.25 वनडे ट्रॉफी के दौरान इंडियंस टीम के स्काउट ने उन्हें देखा। जिसके बाद उन्होंने श्रेयम को भारत. न्यूजीलैंड के बीच मैच लिए रायपुर बुलाया गया।इसके बाद खिलाड़ी के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें भारत . ऑस्टेलिया के बीच नेट बॉलर के रूप में चुना गया है।

टिकट वितरण शुरू नहीं होने से स्टूडेंट्स निराश

सीएससीएस के खिलाफकरने लगे नारेबाजी

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एक दिसंबर को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच टी 20 मैच का आयोजन होना हैं ऐसे में एक बार फिर छात्रों के लिए टिकिट का वितरण सुबह 11 बजे से शुरू होना थाए टिकट लेने के लिए उत्साहित सैकड़ों स्टूडेंट्स बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडिय में सुबह 4 बजे से ही लाइन में लगे हुए थे लेकिन 11 बजे तक इंतजार करने के बाद भी टिकिट नहीं मिलने से छात्र काफी ज्यादा अक्रोशित होकर सीएससीएस के खिलाफनारेबाजी करते नजर आए। छात्रों का कहना हैं कि उन्हें 4 घंटे यहां धूप में खड़े होने के बाद भी टिकिट नहीं मिली हैं ऐसे में हम क्या करें। कई छात्र दूसरे राज्य से भी रायपुर पहुंचे हैं जो टिकिट नहीं मिलने से निराश नजर आए। बता दें कि आज 11 बजे से स्टूडेंस 1 हजार रुपए में टिकिट खरीद सकते थे लेकिन 12 बजे तक भी यह शुरू नहीं हो सका जबकि इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी किया गया था।

प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ बनने वाली है भाजपा सरकार : रमन

75 पर की बात करके वाली कांग्रेस सर्वे में 40 सीट पर पहुंची है, 3 दिसंबर के नतीजों में 35 के नीचे रहेगी

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एग्जिट पोल को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने कहा भाजपा ने जो इंगित किया था, वह स्पष्ट हो गया। आज एग्जिट पोल दिखा रहा है कि, 15 से बढ़कर भाजपा 48 पर आ गई है। इस आंकड़े तक भाजपा रुकने वाली नहीं है। भाजपा 52 सीटों तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा, 75 पार करने वाली कांग्रेस 40 पर आकर रुकती दिख रही है। 3 तारीख के नतीजे चौकाने वाले होंगे। कांग्रेस इससे नीचे जा सकती है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कांग्रेस शायद इस भ्रम में है कि वे इस बार भी जनता को छलने में सफल हो गए हैं। लेकिन मैं हर प्रदेशवासी को यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि आपको इस कांग्रेसी कुशासन को अगले 5 साल तक नहीं झेलना पड़ेगा। एग्जिट पोल वह रिपोर्ट होती है जो चुनाव परिणाम के पहले कुछ कम्पनियों के सर्वे इत्यादि के आधार पर सिर्फ़ अंदाज़ा लगाया गया होता है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती है। पिछली बार सन 2018 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में एग्जिट पोल आए थे लेकिन कांग्रेस की सरकार बन गई।

ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कुछ सर्वे एजेंसी और पत्रकार कम अवधि के लिए छत्तीसगढ़ आते हैं और इतने कम समय में वे पूरी तरह से जनता के मन को समझने में

अक्सर असफल हो जाते हैं इसलिए चुनाव का परिणाम एग्जिट पोल के विपरीत आ जाता है और छत्तीसगढ़ में इस बार का चुनाव तो सीधे भाजपा और कांग्रेस के बीच न होकर जनता और कांग्रेस के बीच था।

छत्तीसगढ़ की वो सभी माताएं बहनें जिनसे कांग्रेस ने शराबबंदी का झूठा वादा वादा किया था, छत्तीसगढ़ के वो सभी युवा सीजीपीएससी में जिनकी नौकरियों को नीलाम किया गया, हर वो गरीब हर वो गरीब जिसका आवास भूपेश ने नहीं बनने दिया, जिसके हक़ का चावल इस सरकार ने चोरी किया, इन सभी प्रदेशवासियों की हार संभव नहीं है, छत्तीसगढ़ का हर वर्ग, हर समाज, हर व्यक्ति जिन्होंने पिछले 5 साल इस कांग्रेसी कुशासन को झेला है उन सभी ने अपने उज्जवल भविष्य के लिए मतदान किया है। किसी सर्वे में नहीं बल्कि मतदान में कांग्रेस के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया है। इसलिए असली चुनाव का परिणाम एग्जिट पोल में नहीं बल्कि 3 दिसंबर को हर छत्तीसगढ़वासी के चेहरे की मुस्कराहट में दिखाई देगा और नि:संदेह पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

इसके साथ ही पूर्व सीएम ने कांग्रेस के 75 पार के नारे को लेकर कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले प्रदेश में भाजपा की सीटों में बढ़त दिखाई दे रही है जबकि 75 पार की बात करने वाली कांग्रेस इस एग्जिट पोल में 40 से 50 सीटों पर आ गई है और यह तो सिर्फ़ एग्जिट पोल है आनेवाले 3 दिसंबर के नतीजों में कांग्रेस को 35 से भी कम सीटे मिलने वाली हैं और 52 से 55 सीटों के साथ प्रदेश में भाजपा स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाने वाली है।

एग्जिट पोल एक सीमित सेम्पल है, हमारा सेम्पल साइज बहुत बड़ा है : अरूण साव



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने का भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि एग्जिट पोल सीमित सेम्पल साइज का होता है। भारतीय जनता पार्टी का सैंपल साइज बहुत बड़ा है। हमारे पास कार्यकर्ताओं की लंबी फेहरिस्त है मैं डेढ़ साल से पूरे छत्तीसगढ़ में घूम रहा हूं। एक-एक विधानसभा में गया। जनता से संवाद किया। कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उस आधार पर मैं बहुत स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर को जब मतगणना होगी, तब भाजपा की सरकार बनेगी। कमल खिलेगा।

श्री साव ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा ने मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता के सामने प्रस्तुत की है, लगातार हमारे केंद्रीय नेताओं के प्रवास हुए हैं, सभाएं हुईं हैं और कांग्रेस सरकार की जो विफलताएं हैं, हर वर्ग की जनता को कांग्रेस की सरकार ने ठगने का काम किया, धोखा देने का काम किया। अपराध का गढ़ बना दिया। नशे का गढ़ बना दिया। भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया। विकास पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। एक भी काम ऐसा नहीं किया, जिसे वह अपनी उपलब्धि बता सके। इसलिए 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल एक अनुमान है। तब भी जिस तरह के रुझान एग्जिट पोल में सामने आए हैं, वे कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा सदमा हैं और भाजपा के इस विश्वास पर मुहर लगा रहे हैं कि जनता ने कांग्रेस को छुट्टी दे दी है। भाजपा को छत्तीसगढ़ के विकास और जनसेवा की जिम्मेदारी मिल रही है। यह केवल एक झलक है कि 80 पार के दावे करने वाली कांग्रेस किसी सर्वे में इसके आधे पर नजर आ रही है तो भाजपा 48 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाती दिखाई दे रही है। श्री साव ने कहा कि भाजपा के वोट शेयर में भारी बढ़त तमाम एग्जिट पोल में दिखाई दे रही है। कई सर्वे भाजपा की सीटों को ज्यादा भी दिखा रहे हैं। निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 3 दिसंबर को जब मतगणना पूरी होगी तो पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी।

निर्माणाधीन शाला भवन की दीवार गिरी

पूर्व सरपंच ने कलेक्टर से की जांच की मांग

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम रूद्रा में लगभग 70 लाख रूपये की लागत से हाईस्कूल की निर्माणाधीन भवन की एक दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार गिरने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है मगर इस कार्य में भ्रष्टाचार होने की काफी चर्चा ग्रामीणों के बीच है। ग्राम रूद्रा के पूर्व सरपंच पूराण देशमुख के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच तथा इस निर्माण कार्य में लगे इंजीनियर व ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व सरपंच पूराण देशमुख ने बताया कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य लेंटर तक पहुंच चुका है ऐसे में सामने की तीन कालम सहित दीवाल भरभरा कर गिर गई। उन्होंने बताया कि ग्राम रूद्रा नदी से लगा गांव है। यह गांव बाढ़ग्रस्त है। यहां की मिट्टी धसकने वाली है। ऐसी स्थिति में यहां और अधिक मजबूती से निर्माण किया जाना चाहिए था। इस वास्तविकता की ओर ध्यान दिये गैर भवन निर्माण का ठेका दिया गया। पूर्व सरपंच ने इस पूरे मामले में संबंधित इंजीनियर व ठेकेदार पर स्तरहीन निर्माण सामग्री व कमीश्नखोरी का आरोप भी लगाया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में नरेन्द्र कुमार, सालिक राम, अमर सिंह, प्रदीप शामिल थे।

सर्वोच्च अलंकरण से अनुसुइया साहू हुई सम्मानित

खरोरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। पिछड़े एवं संवेदनशील क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं व नन्हे बच्चों के शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार और लोगों में व्यवहार परिवर्तन पर लगातार सेवाएं दे रही महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक अनुसुइया साहू को उत्कृष्ट महिला सशक्तिकरण अवार्ड 2023 कि मानद उपाधि का सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं। बधाई देने वाले में सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, झाड़ू राम मंडावी जनपद सदस्य, सौरभ ठाकुर सरपंच कोरर, रामकुमार दरों सरपंच हाटकरां, सुनेहर गजेंद्र उप सरपंच, नवीन पांडे, राघवेंद्र राजपूत, ममता सुखदेवे परिवेजना अधिकारी तथा समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर हाटकर्स आदि महिला मौजूद थे।

कच्ची महुआ शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

पलारी, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। 29 नवंबर को ग्राम अमेरा केसला मार्ग चौक में आरोपी पूरन सिह जोशी पिता मंशाराम जोशी उम्र 41 वर्ष सा0 डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से एक सफेद बोरी अंदर रखे 20 नग पांच पांच ली. वाली सफेद पारदर्शी झिल्ली प्रत्येक में 5-5 ली भरी कच्ची महुआ शराब कुल 100 लीटर किमती 20000 एवं 02. पुरानी इस्तेमाली मो0स्ता 7क0 ष्टल 04 ष्ट्रङ्क 6267 कि. ?15000 को जप्त किया गया।

निधन

डॉ. रामानंद सोनी



रायपुर, 30 नवंबर। फिंगेश्वर निवासी डॉ. रामानंद सोनी (उम्र-76) का आकस्मिक निधन 30 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान से फिंगेश्वर मुक्तिधाम में 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे आर्चाद सोनी के दादा थे।

मिथिलेश तिवारी

जगदलपुर, 30 नवंबर। पं. अवधेश तिवारी पुजारी बालाजी मंदिर (भीतर मठ) की धर्मपत्नी श्रीमती मिथिलेश तिवारी का 30 नवंबर को स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे उनके गृह निवास मोती तालाब पारा महावीर भवन के पास से खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

सुखनंदन यादव

महासमुंद, 30 नवंबर। स्थानीय वार्ड क्रमांक 14 बिठोया के समीप निवासी सुखनंदन यादव 70 वर्ष का 30 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेम यादव के बड़े भाई, जीवन, अनिता, गीता, सीता यादव के पिता, संजय यादव के बड़े पिता व अजय यादव के दादा थे।

डॉ. दयाराम वर्मा



बलौदाबाजार, 30 नवम्बर। ग्राम किरना (तिल्दा) निवासी डॉ. दयाराम वर्मा 72 वर्ष का देहावसान 30 नवम्बर को हो गया है। वे पूर्व राज्य सभा सदस्य छाया वर्मा के पति थे। जिनकी अंत्येष्टि गृह ग्राम किरना (तिल्दा) में 1 दिसम्बर दिन शुक्रवार को 11 बजे होगी। इनके निधन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु सहित राजनीतिक नेताओं, शुभचिंतकों एवं समाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

विठ्ठल गजभिए

भिलाईनगर, 30 नवंबर। सेक्टर-2 सड़क-3, क्वाटंर-7/ए निवासी 75 वर्ष विठ्ठल गजभिए का निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास स्थान सेक्टर-2 से गुरुवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

पूरन सिंह ठाकुर



छुईखदान, 30 नवंबर। स्वास्थय विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी पूरन सिंघ ठाकुर का निधन लगभग 80 साल की उम्र में सुबह अस्पताल रायपुर में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार छुईखदान स्थित टिकरी पारा शमशान घाट में किया गया। श्री सिंह स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़े बाबू के पद पर कार्य करते हुए सेवानिवृत हुए थे। श्री सिंघ साहब नवभारत संवाददाता महेंद्र सिंघ ठाकुर के पिता थे, उनके निधन पर प्रेस क्लब के सदस्य संजय शर्मा अनिल यादव सज्जाक खान दीपक देशमुख नीलम वैष्णव देवेश सोनी करण पाल ने श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

केसीजी जिले में 3 को मतगणना के दिन शराब की दुकानें रहेगी बंद

खैरागढ़, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में प्रदेश में हुए पहले चरण का विधानसभा चुनाव 20 सीटो पर संपन्न हुआ था. जिसका मतदान 7 नवम्बर को हुआ है. वही दूसरे चरण का विधानसभा चुनाव 80 सीटो में पर हुआ था. जिसका मतदान 17 नवम्बर को हुआ है. वही परिणाम 3 दिसंबर को जनता के सामने होगा छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार में कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने केसीजी जिले में स्थित देशी ,विदेशी मदिरा दुकान को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई में 3 दिसंबर को शराब की संपूर्ण दुकानें बंद रहेगी उक्त तिथि में मदिरा की सम्पूर्ण शराब भट्टी प्रतिबंधित रहेगा।

ऑपरेशन लोटस बकवास : भगत

भाजपा को सता रहा हार का डर कांग्रेस के पक्ष में आएगा परिणाम

रायपुर, 30 नवंबर। तीन दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे आ जाएंगे. इसको लेकर मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि इंतजार का दौर समाप्त हो रहा है। अब हम करीब आ गए हैं। विश्वास है कि सुखद परिणाम आएगा।

भाजपा को ऑपरेशन लोटस का डर हैं। इस सवाल पर मंत्री भगत ने कहा कि ऑपरेशन लोटस बकवास हैं। चोर की दाढ़ी के तिनका कहावत भाजपा के ऊपर फिट होता है। जीती हुई सरकार को बदलने वालों को ऐसी बात शोभा नहीं देती। कांग्रेस कभी ऐसे कृत्य नहीं करती।

सांसद सुनील सोनी ने गड़बड़ी की आशंका को लेकर निर्वाचन आयोग गए इस पर अमरजीत भगत बोले, सुनील सोनी को हारने का डर सता रहा है। हारने के बाद बहाना क्या रहेगा उसकी तैयारी कर रहे हैं। समाचार छन के आ रहा है, लोग खुद कह रहे कांग्रेस का समर्थन किया है। भाजपा के लोग बहाना ढूंढ रहे हैं, पराजय के बाद बोलने के लिए।

भाजपा के सीनियर लीडर मतगणना के पहले छत्तीसगढ़ आ रहे हैं।इस पर मंत्री भगत ने कहा, सभी नेताओं को 3 के बाद ढूंढते रह जाओगे, पाओगे नहीं, जो जहां से आया वपास लौट जाएगा। चुनावी मेला के लिए आये थे।अब मेला का ठेला खत्म हो रहा है।

आज शाम आएगा एग्जिट पोल, इस पर अमरजीत भगत ने कहा कि, हम किसी पूर्वानुमान पर भरोसा नहीं करते। हमें विश्वास हैं लोगों की मदद किये हैं, आदिवासी क्षेत्रों में काम किया, किसानों के लिए काम किया, उसका आशीर्वाद हमें मिलेगा।

धान खरीदी की गति धीमी होने पर भगत बोले, धान खरीदी की स्पीड 3 के बाद बढ़ जाएगी। सत्ता शील सरकार आने के बाद धान की सबसे ज्यादा कीमत मिलेगी। इसलिए किसान अभी नहीं बेच रहे हम धान तेजी से खरीदेंगे।

चरामेति फाउंडेशन ने किया बेबी किट का वितरण

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। चरामेति फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खो खो पारा में एक दिन से एक माह तक के करीब पचास बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर नवजात बच्चों के परिजन लक्ष्मी यादवए प्रीति सिंहए सविता तारकए भारती यादवए सरिता शर्मा आदि ने न केवल प्रसन्नता व्यक्त की अपितु इस सेवा भावना की प्रशंसा भी की। बेबी किट वितरण का यह कार्यक्रम सत्यनारायण अग्रवालए शंकरलाल अग्रवालए निलेश जैन श्रीमती सिल्की रूद्रकांत त्रिवेदी किरण कुमार त्रिवेदी डॉ रवि शुक्ला नेत्र सहायक पंकज पाण्डेय डॉ मृणालिका ओझा जनक बेन, नी. त्रिवेदी लालिमा साहू,संगीता मिश्रा, संतोषी धनकर, श्रद्धा सेन्द्रे. हेमिन साहू जीपी अखिलेश, सुनीला पंड्या, मेहुल पटेल जयंत भाई घनश्याम सराठे.प्रेम नारायण सोलंकी, वी.के.महालया आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

दुनिया में ऐसा कोई नहीं, जिसे पद मिलने के बाद घमंड न आया हो : आचार्य युवराज

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। आचार्य श्रीयुत पं. युवराज पाण्डेय ने गुरुवार को कहा कि दुनिया में ऐसा कोई नहीं है, जिसे पद मिलने के बाद घमंड नहीं आया हो। उन्होंने ब्रम्हा पुत्र दक्ष के संदर्भ में यह बातें कहते हुए बताया कि ज्ञानी बनना और ज्ञान को ज्ञान को पचा पाना बहुत मुश्किल है, ज्ञानी बहुत सहज रहता है, जो जितना ज्ञानी होता है, वह उतना ही विनम्र होता है, उन्होंने फल से लदे पेड़ का उदाहरण देकर समझाया कि झुकना इंसान की पहचान होती है, अकड़ तो मुर्दा में होता है।

आदर्श नगर मोवा में शिव महापुराण कथा का दूसरा दिन

राजधानी के आदर्श नगर मोवा महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 करिश्मा अपार्टमेंट के पीछे नौ दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। इस आयोजन के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य श्री पाण्डेय ने सृष्टि के निर्माण और उसके संचालन की व्यवस्था के बारे में श्रोताओं को जानकारी दी। इस बीच उन्होंने मधु-कैटभ दैत्यों की उत्पत्ति, उनका वध, अर्धनारीश्वर के रूप में ब्रम्हाजी को भगवान भोलेनाथ का दर्शन, ब्रम्हा पुत्र के रूप में भगवान शंकर की उत्पत्ति, के अलावा धर्म,अधर्म, दक्ष, नारद के जन्म के साथ-साथ ब्रम्हापुत्र दक्ष को सभ्यता और संस्कृति की स्थापना करना, दक्ष की तपस्या और उनके बाद उन्हें देवताओं का मुखिया बनाने की कथा विस्तार से सुनाई और दक्ष के अहंकार की जानकारी भी दी।

आचार्य श्री पाण्डेय ने कथा के बीच में गुरू की महिमा का बखान किया और कहा कि गुरू हमेशा बहुत सोच समझकर बनाना चाहिए, केवल भावावेश में आकर गुरू नहीं बनाना चाहिए। जब दिल से आवाज आए कि यहीं आपके गुरू बनने के लायक है, जिसकी खोज कर रहे थे, तभी उसे गुरू बनाना चाहिए। इसी दौरान उन्होंने भगवान शंकर के कैलाश में रहने,उनके साथ भगवान विष्णु और खुद ब्रम्हा जी द्वारा सृष्टि के निर्माण की कथा को विस्तारित किया। आचार्य श्री पाण्डेय ने कथा के बीच में कीर्तन के द्वारा श्रोताओं में भक्तिरस का संचार किया।उनके मुख से हो रहे कीर्तन में भक्तजन झूमते रहे। दूसरे दिन की कथा पूरे साढ़े तीन घंटे चली। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

डीए डीआर आदेश का मामला नई सरकार के जिम्मे जाना तय : नामदेव

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग से अनुमति लेने का नाटक कर उसे आधार बना कर 22 नवम्बर 23 को अपना आदेश जारी करने बाद ब्यूरोक्रेट लाबी और केयरटेकर मुख्यमंत्री आज तक कर्मचारियों और पेंशनरों के मामले में एकदम चुप है। कोई कुछ बताने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में लास्ट वर्किंग डे के बाद अब यह बात तय हो गया कि अब कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए डीआर देने संबंधी आदेश जारी होने का मामला नई सरकार के पाले में चला गया।

पेंशनरों के मामले में धारा 49 का बंधन बाधा बनेगा

छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेन्द्र नामदेव ने जारी बयान में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कोई कहता है मुख्यमंत्री के अनुमोदन हेतु फाइल पेंडिंग में है कोई कहता है मुख्यमंत्री का अनुमोदन हो गया है परंतु लगातार अवकाश पड़ने के कारण आदेश करने में विलम्ब हो रहा है। सच क्या है इस पर सरकार की ओर से कोई कुछ नहीं बोल रहा है। इंतजार में पूरा समय बीत जाने के बाद अब यह चर्चा आम हो रहा है कि मतगणना के बाद नई सरकार आने के बाद ही यह निर्णय लिया जा सकेगा कि एरियर का क्या करना है। उसके बाद ही मध्य दिसंबर 23 तक डीए डीआर के आदेश हो जाय तो बड़ी बात है। ऐसा भी लगता यह मामला अब 2025 तक भी पहुंच सकता है। कर्मचारियों और पेंशनरों के डीए डीआर का मामला यदि आने वाली सरकार के जिम्मे गया तो ब्यूरोक्रेट के सलाह पर मितव्ययता के बहाने पता नहीं कितने महीने के एरियर हजम करने के बाद आदेश जारी होंगे। और पेंशनरों के मामले में धारा49 के कारण यदि मध्यप्रदेश से अनुमति लेने की जरूरत होगी तो मामला पहले की तरह लम्बा अटक सकता है।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र में असामयिक वर्षा से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से कहा कि असामयिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान के सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। धान को वर्षा के जल से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर रखे तथा धान के स्टैकिंग को पूर्ण रूप से ढक कर रखे। उन्होंने कहा कि धान के स्टैकिंग के लिए नीचे में ड्रेनेज व्यवस्थित रूप से बनाएं तथा पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण भी करें। कलेक्टर महोबे ने कहा कि धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वे सभी धान उपार्जन केन्द्रों में, कैप कव्हर, बारदाना, चबूतरा, कांटा-बांट, धर्मकांटा का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र का कैलीब्रेशन, ड्रेनेज, नाली निर्माण, धान भूसा, फेसिंग, मुख्य सड़क से खरीदी केन्द्र तक रोड की व्यवस्था का निरीक्षण करें। उन्होंने असामयिक वर्षा को दृष्टिगत धान उपार्जन केन्द्रों में पानी निकासी के लिए नाली, तिरपाल, चबूतरा एवं धान भूसा में धान रखे जाने संबंधी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में 90 सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 108 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी संचालित की जा रही है। इन 108 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 537853.00 मी. टन अनुमानित लक्ष्य है। 29 नवंबर 2023 तक 74080.92 मी. टन धान खरीदी की जा चुकी है एवं किसानों के खाते में 162 करोड़ 52 लाख 40 हजार 155.60 रूपए हस्तांतरित किया जा चुका है।

मैच व मतगणना छग में दोनों साथ-साथ अधिकारी कर्मचारी प्रशासनिक व्यवस्था के लोग परेशान : विजय झा

रायपुर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में संपन्न विधानसभा चुनाव 2023 के अंतिम कड़ी में 3 दिसंबर एन आई टी सेज बाहर में मतगणना सुबह 7 बजे से संपन्न होगी। तो उसके एक दिन पूर्व स्टेडियम में मैच के कारण जनता,अधिकारी, कर्मचारी परेशान है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि दोनों एक साथ होने से इसके व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन की व्यवस्था में अधिकारी कर्मचारी शासकीय सेवक संलग्न है। तो दूसरी ओर लगातार मतगणना के लिए अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण व सुबह 7 बजे उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सबसे अधिक परेशानी पुलिस और प्रेस मीडिया के साथियों को है, जिन्हें दोनों को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। ऐसी स्थिति में अधिकारी कर्मचारी अति व्यस्तता व कड़ाके की ठंड में परेशान है। मैच के कारण मतगणना पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े इसको सुनिश्चित करने को जिम्मेदारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की है। क्योंकि समस्त शासकीय सेवक आम चुनाव की घोषणा व आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद उसके अधीन है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 30 नवंबर। कबीर नगर थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को करीबन 11 बजे प्रार्थिया की नाबालिग लकड़ी को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना कबीर नगर में धारा 363 भादवी पंजीबद्ध किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रकरण को गंभीरता लेते हुए थाना प्रभारी कबीर नगर को अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी को पता तलाश करने निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक श्रुति सिंह के नेतृत्व में थाना कबीर नगर द्वारा मुखबिर लगाकर अपहृत बालिका अज्ञात आरोपी की खोज बीन की जा रही थी। इस दौरान पता तलाश चला कि उसी मोहल्ले के लकड़ा कुणाल जगत नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर अपने बड़ी मम्मी के घर काठाडीह ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया था। आरोपी के कब्जे से नाबालिक को छुड़ाकर प्रकरण में धारा 366,376 भादवी 4, 6 पोक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी कुणाल जगत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

मंत्रालय पहुंचे बिलाईगढ़ सरपंच संघ

बिलाईगढ, 30 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ में जब से आचार संहिता लागू किया गया है तब से बहुत से कार्य पैंडिंग हो गया है। लेकिन विधान सभा चुनाव के बाद विभाग में भी कार्य धीरे से चल रहा है। इस कड़ी में विकासखंड स्तर के बहुत से कार्य को तेजी से प्रारंभ करने और जो कार्य पूर्ण हो गया है। उसकी आबंटन के लिए सरपंच संघ ने अपने प्रतिनिधि टीम बनाकर मंत्रालय और उसके बाद संचनालय पहुचकर बिलाईगढ़ ब्लाक प्रमुख समस्याओ से अवगत कराया। अधिकारी ने समस्या का समाधान जल्द पूरा करने की आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष मुकेस्वर साहू, ग्राम पंचायत छपोरा से यादराम हिरवानी,ग्राम पंचायत बिसनपुर से भूदेव बंजारे, ग्राम पंचायत तिहलीपाली से मनोज कुमार महिवाल, ग्राम पंचायत पिपरभावना से लक्षमण कुरे, ग्राम पंचायत टेढ़ीभद्रा से पूर्व सरपंच हेतराम भारती शामिल हैं।

सरकारी राशन दुकानों में चोरी का नया तरीका

राजधानी में संचालक ने चावल को गंदा बताकर हितग्राहियों को थमाया पैसा

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। राशन दुकान संचालकों ने चावल की चोरी का नया तरीका खोज निकाला है। चावल में कंकड़.पत्थर मिलाकर उसे गंदा बताकर चावल के बदले हितग्राहियों को 17 रुपये प्रति किलो के हिसाब से भुगतान करने का मामला सामने आया है। राजातालाब स्थित राशन दुकान क्रमांक. 441001308 और 441001309 में चावल वितरण नहीं होने की शिकायत स्थानीय लोगों ने की थी। इसकी जांच के लिए पहुंची विभागीय टीम ने पाया कि संचालक ने चार बोरी मिट्टी और कंकड़ मिलाकर चावल रख लिया और जब कार्डधारी चावल लेने के लिए पहुंचते तो उन्हें यही चावल दिखाकर बोला जाता है कि यह गंदा चावल क्या लोगे 17 रुपये के हिसाब से चावल के पैसे ले लो। मामले का राजफाश टीम की जांच रिपोर्ट से हुआ है। शिकायत के बाद खाद्य अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची तो कार्डधारी साजिद खान 223874410065, अनीता निषाद कार्ड

क्रमांक 223878421100 और जुबेदा खातून कार्ड क्रमांक. 223877056527 ने बताया कि दुकान की संचालक सायरा खान ने कंकड़ वाला चावल दिखाया। इसके बाद इसे ले जाओ नहीं तो 17 रुपये किलो के हिसाब से पैसे ले जाओए कहा। साफ.साफ बताने पर गाली.गलौच की जाती है। टीम ने दर्जनों लोगों से लिखित बयान लिए।

दो लाख का चावल दुकान से गायब- तीन माहिला खाद्य अधिकारियों से खाद्य नियंत्रक द्वारा दुकान की जांच करवाई गई। टीम को दुकान क्रमांक. 441001308 में 26 क्विंटल और 441001309 में 16 क्विंटल चावल कम मिला। चौंकाने वाली बात यह है कि लोगों को चावल नहीं दिया जा रहा हैए लेकिन सरकार को दिया गया चावल गायब है। जांच में दो लाख रुपये का चावल दुकान से गायब होने की जानकारी सामने आई है।

घर में ही खोल दी राशन दुकान- जांच टीम ने पाया कि राशन दुकान घर में खोली गई है। विभाग का नियम है कि कोई भी दुकान संचालक घर से दुकान का संचालन नहीं कर सकता। यहां दुकान का बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। शासन के आदेशानुसार सभी राशन दुकानों को तिरंगे के रंग से रंगना हैए जिससे अलग से उसकी पहचान हो सके लेकिन यहां ऐसा नहीं मिला।

सौम्या चौरसिया की ज़मानत पर पांच दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट में सौम्या चौरसिया की ज़मानत याचिका पर सुनवाई पाँच दिसंबर तक के लिए टल गई है।सुप्रीम कोर्ट में ईडी की ओर से ज़मानत याचिका के विरोध में तर्क दिए जाने थे, लेकिन ईडी के अधिवक्ता उपस्थित नहीं हो पाए। उनकी अनुपस्थिति की वजह स्वास्थ्यगत बताई गई है। सर्वोच्च अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए तारीख़ पाँच दिसंबर तय की है।सौम्या चौरसिया को बीते साल दो दिसंबर 2022 को ईडी ने गिरफ्तार किया था,उसके बाद से सौम्या चौरसिया लगातार केंद्रीय जेल में बंद हैं। हाईकोर्ट ने सौम्या चौरसिया की ज़मानत याचिका ख़ारिज करते हुए सौम्या चौरसिया के विरूद्ध कड़ी टिप्पणी की थी।सौम्या चौरसिया भूपेश सरकार के कार्यकाल में प्रशासन की सबसे प्रभावशाली महिला अधिकारी मानी जाती रही हैं।

फाइल फोटो

सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय ने पाँच सौ करोड़ से उपर के कोयला घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है। सौम्या चौरसिया को लेकर ईडी का आरोप है कि, कोयला ट्रांसपोर्ट में 25 रुपए टन की लेव्ही ली जाती थी।ईडी ने इस इस मामले का किंगपिन सूर्यकांत तिवारी को बताया है।ईडी ने कोर्ट को बताया है कि, लेव्ही वसूलने के लिए नियमों को बदल कर उसे मैनुअल कर दिया गया। ईडी के अनुसार सूर्यकान्त तिवारी बेहद प्रभावशाली था, सूर्यकांत को असीमित शक्ति और प्रभाव सीएम भूपेश की उप सचिव सौम्या चौरसिया से मिलती थी।ईडी का आरोप है कि सौम्या चौरसिया को कोयला घोटाला और लेव्ही वसूली से रक़म मिलती थी जिससे संपत्तियाँ अर्जित की गई।ईडी ने इस मामले में आईएएस समीर बिश्नोई,आईएएस रानू साहू, सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल और सीएम भूपेश की उप सचिव सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है।सौम्या चौरसिया पिछले साल दो दिसंबर 2022 से केंद्रीय जेल रायपुर में न्यायिक हिरासत में क़ैद है।

बचाव पक्ष की क्या है दलील

सुप्रीम कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर तर्क दिए गए हैं कि, सौम्या चौरसिया के विरुध्द मामला नहीं बनता साथ ही जबकि हाईकोर्ट ने ज़मानत याचिका ख़ारिज की,उसके पहले कर्नाटक की बैंगलोर कोर्ट से शेड्यूल अफेंस हट गए थे, लेकिन इस महत्वपूर्ण तथ्य पर विचारण नहीं हुआ।इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से जमा त दिए जाने के पक्ष में तर्क दिए जा चुके हैं,अब ईडी की ओर से ज़मानत याचिका के विरोध में तर्क दिया जाना है।सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की बेंच इस याचिका की सुनवाई कर रही है।

इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में पौन लाख कम बच्चे परीक्षा देंगे

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र 23.24 की हायर सेकंडरी 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में करीब पौन लाख बच्चे कम बैठ रहे हैं। इसकी वजह पोस्ट कोरोना इफेक्ट बताया

कोरोना के कारण संख्या में आई कमी

जा रहा है। छत्तीसगढ़ माशिमं सूत्रों के अनुसार 10,12 वीं की मार्च में होने वाली परीक्षाओं के लिए आवेदन का अंतिम अवसर आज खत्म हो गया। बोर्ड ने सामान्य शुल्क के साथ 31 अक्टूबर तक आवेदन लिए थे। उसके बाद विलंब शुल्क के साथ 1.15 नवंबर और फिर विशेष अनुमति शुल्क के साथ 16.30 नवंबर तक आवेदन लिए गए। इसके तहत अब तक

10 वीं में 3.42 लाख, और 12 वीं में 2,54 800 छात्र छात्राओं ने फार्म जमा किया है। इनमें अंतिम दिन की संख्या शामिल नहीं है। वहीं पिछले वर्ष 10 वी में 3.38 लाख और 12 वीं में 3.30 लाख विद्यार्थी बैठे थे। इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या में यह कमी कोरोना की वजह से आई है। माशिमं सूत्रों ने बताया कि वर्ष 19.20 और 20.21 में दसवीं की परीक्षाएं एक तरह से नाममात्र के लिए हुई थी। सभी को पास कर दिया गया थाए इसलिए 12 वीं में अधिक संख्या में शामिल हुए। उसके बाद 21.22ए 22.23 में हुई 10 वीं परीक्षा में मूल्यांकन आधारित नतीजे जारी होने से अनत्तीर्ण छात्रों की संख्या अधिक रही। इसलिए इस वर्ष 12 वीं में यह गिरावट आई है।

रायपुर। वर्तमान शासन नायक श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के 2550वां निर्वाण महोत्सव वर्ष 2023 एवं 52वें आचार्य विद्यासागर गुरुवर पदोरोहण दिवस पर मोतीपुर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में श्री दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय रोड में महिला मंडल रायपुर द्वारा कक्षा- 2, 3, 4, 5 के 140 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया।

पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में टिकरापारा थाने की पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से किए गए जान लेवा हमलें के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है इस दौरान 4 आरोपी युवक गिरफ्तार किए गए है। बताया गया कि प्रार्थी अभय कुमार तिवारी पिता स्व0 प्रमोद पाण्डेय उम्र 25 साल

साकिन सुमित बाजार के पीछे संतोषी नगर थाना टिकरापारा रायपुर 28नवबंर की रात करीबन 11.30 बजे प्रार्थी घर में था उसी समय घर के पास झगड़ा विवाद होने की आवाज सुनकर बाहर निकलकर देखा तो मोटू बंगाली के घर के पास उनका भाई अजय पाण्डेय खून से लथपथ पड़ा था जिनके पेट दांये पैर के पीछे जांघ एवं घुटना के नीच दायां हांथ के पंजा में गंभीर चोट लगा था भाई अजय पाण्डेय से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि बादल साहू, उमेश जोशी ने पुरानी झगड़ा विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे जिसे गाली देने से मना करने पर अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नीयत से उमेश जोशी, विक्रांत साहू एवं अन्य के द्वारा मिलकर अपने पास रखे धारदार हथियार को निकालकर मारपीट कर चोट पहुंचा कर घटना स्थल से फरार हो गये है की प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना में थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया स जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा प्रार्थी एवं आसपास के लोगो से घटना के सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ कर आरोपियो की पतासाजी करते हुए घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत् 02 बालक एवं आरोपी विक्रात साहू एवं उमेश जोशी को पकडकर घटना के संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया सभी आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है।

राजधानी में बढ़ने लगी छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट व चाकूबाजी की घटनाएं

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में एक बार फिर मामूली बात को लेकर मारपीट के मामले सामने आए है। वहीं शहर में बदमाशों की दबंगई भी देखने को मिला है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। ऐसी घटना राजेंद्रनगर इलाके में हो गई। बदमाशों सडक़ पर टहल रहे युवक से जबरन मारपीट कर किसी धारदार चीज से जांघ पर मारकर संदीप जगने को घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट संदीप ने राजेंद्र नगर थाना में की। संदीप ने पुलिस को बताया कि वह दुर्गा नगर न्यू राजेंद्र नगर में रहता है। जो बुधवार कि रात में घर के पास सड़क पर टहल रहा था। जिसे वहीं मोहल्ले में रहने वाले हेम कुमार ने उसका रास्ता रोक कर यहां क्यों टहल रहे ही कह कर गाली गलौज करने लगा। जिसका विरोध करने पर हेम कुमार संदीप के साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच हेम कुमार ने अपने पास रखे किसी धारदार चीज से संदीप के जांघ पर मारकर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने संदीप की शिकायत पर हेम कुमार के खिलाफधारा 294, 506, 323 का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। तेलीबांधा.गोलबाजार इलाके में मारपीट मौलीपारा तेलीबांधा में भी कल देर शाम मारपीट हो गई। अरबाज ने मनोज अहुजा के साथ जबरन गाली गलौज कर मारपीट की है। पुलिस ने मनोज आहुजा कि शिकायत पर अरबाज के खिलाफ 294,323,506 का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। ऐसी ही घटना गोलबाजार इलाके के लालगंगा शापिंग मॉल के पास हो गई। फहान अली प्रधान ने रमन मंदिर फफडीह निवासी मोहसीन खान के साथ किसी बात को लेकर मारपीट की। खम्हारडीह में जबरन वसुली का मामला इधर खम्हारडीह इलाके में जबरन वसुली का मामला सामने आया है। बदमाश सम्मी खान ने युवक से शराब पीने के लिए पैसों की मांग पर नहीं देने पर किसी धारदार चीज से मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अजीत सागर ने थाना में दर्ज कराई कि वह जगन्नाथ मंदिर पण्डरी में रहता है। और बुधवार को वह काम से सुरेश्वर मंदिर के पास गया हुआ था। जहा वह रात में सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान सम्मी खान नाम का शख्स वहां पर आ गया और शराब पीने के लिए पैसो की माग करने लगा। जिसे अजीत सागर के द्वारा मना करने पर जबरन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे धारदार चीज से मारकर चोट पहुंचाया। पुलिस ने सम्मी खान के खिलाफअपराध दर्ज कर कार्रवाई की।

फिर एक सिपाही की पिटाई

राजधानी में आम लोगों के साथ अब पुलिस भी बदमाशों के साथ पिट रही है। बीती रात पुरानी बस्ती इलाके में चार बदमाशों ने बीच चौराहे पर आरक्षक की बेल्ट से की पिटाई कर दी। शादी समारोह से घर लौटने के दौरान बदमाशों को गाली देने से मना करने पर आरक्षक का विवाद हुआ था। टिकरापारा थाना में पदस्थ आरक्षक को बेल्ट से पीटा गया। घटना के बाद सभी युवक फरार है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस की छवि को बनाए रखने हम सिपाही या नाम प्रकाशित नहीं कर रहे। बताया जा रहा है कि एक कांग्रेस नेता के हस्तक्षेप के चलते मामूली धाराएं लगाई गई। पिछले दिनों सिविल लाइन थाने के एक निगरानी बदमाश ने एक एएसआई पर बाटल फोड़कर हमला किया था इसके बाद बिलासपुर फरार हुआ यह बदमाश वहां भी दो सिपाही को पिटते हुए भागने मजबूर किया। उसे दो जिलों की पुलिस तलाश रही है। लेकिन पकड़ से बाहर है।

विधानसभा इलाके में भी मारपीट

विधानसभा इलाके के ग्राम छपोरा में घर के सामने नाली बनाने की बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने कांउटर रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गिरजा शंकर गेड़े ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह विधान सभा के ग्राम छपोरा में रहता है। और प्रमोद गेड़े उसका पड़ोसी है। जो घर के सामने नाली बनाने की बात को लेकर गाली गलौज और मारपीट की। गिरजाशंकर ने बताया कि घर के पानी निकासी के लिए सड़क किनारे नाली बना रहा था। जिसपर प्रमोद ने मेरे घर के सामने कच्ची नाली क्यों बना रहे हो कह कर गाली गलौज और मारपीट करने लगा। पुलिस ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया। दोनों पक्षों को थाना ले जाकर बयान लेकर आरोपी के खिलाफमारपीट का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

पूजा गिफ्ट शॉप में पटाखे से आगजनी, 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने गोलबाजार स्थित पूजा गिफ्ट कार्नर में हुई आगजनी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान दो आरोपी युवक पकड़े गए हैं । प्रार्थी संजय दीवानी थाना गोलबाजार उपस्थित आकर घटना स्थल पूजा गिफ्ट कार्नर में हुई आगजनी के संबंध में लिखित आवेदन देकर कि 12 नवंबर की रात में उसके पूजा गिफ्ट कार्नर में आग लगी थी जिससे उनको 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है आवेदन और से थाना गोलबाजार में आगजनी कायम कर जांच में लिया गया। जांच दौरान पूजा गिफ्ट कार्नर में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने पर शाम को फव्वारा चौक नयापारा गोलबाजार में आरोपी शोभित उर्फ जानू द्वारा जलते हुए पटाखे को दो बार पूजा गिफ्ट कार्नर दुकान की टूटी हुई खिड़की में निशाना लगाकर फेंकते दिखाई दे रहा था ठीक उसी समय पूजा गिफ्ट कार्नर प्रथम तल में लगे कैमरे के फुटेज में प्रथम तल में स्थित पूजा गिफ्ट कार्नर में धमाके की चिंगारी दिखाई दे रहा था साथ ही आरोपी शैलज उर्फशैलू

द्वारा भी उसी टूटी खिड़की पर निशाना लगाकर जलते पटाखे को फेंकते दिखाई दे रहा था जो की खिड़की से अंदर न जाकर टकराकर नीचे गिर गया सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपीयों द्वारा जानबूझकर क्षति कारित करने के आशय से जलते पटाखे को खिड़की से घटना स्थल के अंदर पर फेंकना पाया गया जिससे घटना स्थल पर रखे गिफ्ट आइटम से समान ;कीमत लगभग 15 से 20 लाख रुपए जल गए। जांच पर आरोपीयों के विरुद्ध थाना गोलबाजार में धारा 436, 511 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, घटना स्थल में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज के अवलोकन के आधार पर आरोपी शोभित उर्फजानू एवं शैलज उर्फशैलू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो कुमान मालिक के द्वारा एवं में आरोपियों को टोका टाकी करने के कारण दुकान को क्षति पहुंचाने की नियत से जलते पटाखे को दुकान में फेंकना पाये जाने से आरोपीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

मोटरसाइकिल की चोरी, दो आरोपी युवक पकड़ाए

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। घर के सामने से मोटरसाइकिल चुराने वाले दो चोर पुलिस के गिरफ्त में आये हैं। आरोपियों ने 17 नवंबर की रात कबीर नगर थाना क्षेत्र के सीता नगर स्थित एक घर के सामने से केटीएम डयूक पार कर दी थी। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 17 नवंबर की रात अपने घर के सामने गाड़ी खड़ी की थी। इस दौरान अज्ञात आरोपियों ने गाड़ी चुरा ली। शिकायत के बाद कबीर नगर थाना में धारा 379

भादवी पंजीबद्ध किया गया है। मुखबिर लगाकर मोटर साइकिल एवं अज्ञात आरोपी चोर का पता तलाश किया जा रहा था कि पता तलाश दौरान आरोपी रितिक कुम्हार उर्फआर्यन व दिनेश्वर साहू को संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर उक्त मोटरसाइकिल को चोरी कर छुपाकर रखना बताए। आरोपियों से चोरी गई केटीएम डयूक क्रमांक सीजी. 04, एनएन 1321 को जप्त किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

टी-20 मैच के टिकटों की कालाबाजारी

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टी.20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच 1 दिसंबर को परसदा स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। इस मैच को लेकर भारी उत्साह हैए टिकट खरीदने के लिए लोग बेक़रार हैं और इसी बात का फायदा उठाकर कुछ लोग टिकट की कालाबाजारी भी कर रहे हैं। रायपुर पुलिस को इस बात की शिकायत भी प्राप्त हो रही थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए रायपुर पुलिस ने टिकट की कालाबाजारी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला कोतवाली थाना का है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 30 नवंबर को थाना क्षेत्र में टिकटों की कालाबाजारी करते हिमांशु शेखर प्रधान अमित सिंह राजपूत रंजीत कुर्रे एवं शशांक शुक्ला को पकड़कर उनके कब्जे से कुल 17 टिकट जप्त कर चारों व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

17 टिकट के साथ 4 गिरफ्तार

सूने मकान में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने कबीर नगर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सूनें मकान में हुई चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान एक आरोपी युवक को पकड़ कर चोरी का सामान बरामद कर लिया गया हैं बताया गया कि प्रार्थी अनुग्रह केरकेट्टा निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कबीर नगर रायपुर द्वारा थाना कबीर नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 नवबंर को माना कैंप स्थित नवनिर्मित मकान में प्रेयर कार्यक्रम था जहां हमारे परिवार व समाज के लोग आए हुए थे कार्यक्रम पश्चात दूसरे दिनसुबह 5.00 बजे हम लोग अपने घर कबीर नगर आए तो घर के पीछे किचन तरफका दरवाजा खुला हुआ था घर अंदर प्रवेश कर देखा तो कमरे अंदर रखें अलमारी का ताला टूटा हुआ था तथा आलमारी में रखा सोने चांदी के जेवरात कीमती करीबन 50,000 नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर का ताला तोड़कर घर अंदर प्रवेश कर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 457 380 भादविण् का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रकरण

को गंभीरता लेते हुए थाना प्रभारी कबीर नगर को चोरी गई मशरूका एवं अज्ञात आरोपी चोर के संबंध में पता तलाश करने निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी करने प्रारंभ किया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आसपास लगे सी.सी.टी.वी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त अज्ञात आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा टाटीबंध निवासी शरद वर्मा की पतासाजी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देकर अपने घर मे रखना बताया गया जिस पर आरोपी के कब्जे से चोरी की 02 जोड़ी चांदी का पायल, 01 जोड़ी चांदी का कड़ा, 02 जोड़ी सोने का टॉप, 01जोड़ी सोने की बाली जुमला कीमती 50,000 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

संपादकीय

एयरपोर्ट पर फास्टैग

एक स्वागत योग्य निर्णय के अंतर्गत रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग के लिये लगने वाला शुल्क अब फास्टैग के जरिये भी पटाया जा सकेगा। अब तक यह भुगतान नगद लेन-देन के जरिये होता है। इससे जहां एक ओर लोगों व पार्किंग ठेकेदार कर्मचारियों का समय बचेगा, वहीं किसी तरह का विवाद भी नहीं होगा। अक्सर वहां वाहनों से आने वाले लोगों और कर्मचारियों के बीच पार्किंग के समय को लेकर विवाद होते रहते हैं। इससे भी निज़ात मिल सकेगी। ठेकेदार को इस आशय के निर्देश भी एयरपोर्ट निदेशक द्वारा दिये गये हैं। साथ ही 7 दिनों के भीतर इस तरह की आवश्यक व्यवस्था लागू करने के लिये कह दिया गया है वरना ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

यह भी बतलाया गया है कि फास्टैग का उपयोग न करने वाले चार पहिया वाहनों के चालक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड के जरिये भुगतान कर सकेंगे। जो इन दोनों का इस्तेमाल नहीं करते वे नगद भुगतान कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित रूप से इससे निर्गम वाले स्थान पर वाहनों की भीड़ नहीं होगी। अक्सर ऐसा होता है कि वाहनों की लम्बी कतारों के कारण कई ऐसे लोगों को भी देर हो जाती है जो निर्धारित छूट वाली अवधि के भीतर ही आ चुके रहते हैं लेकिन भीड़ के कारण उन्हें ठहरना पड़ जाता है। ठेकेदार के कर्मचारी इस बात को नहीं मानते और वहां अक्सर इसे लेकर तीखी बहस हो जाती है। कई बार तो मारपीट तक होती देखी गई है। इससे बाहर से आने वाले लोग परेशान होते हैं। निश्चित रूप से फास्टैग वालों के लिये रूकने की आवश्यकता न होगी तथा क्यूआर कोड का इस्तेमाल करने वालों को केवल भुगतान कर दिया जाना ही दिखलाना पड़ेगा जो वे पहले ही कर सकते हैं। उसमें क्यूआर पेमेंट का वक्त भी दर्ज होता है। अब वहां केवल उन्हीं लोगों की भीड़ होगी जो नगद भुगतान करेंगे। तीनों तरह के भुगतान करने वालों के लिये अगर पृथक निर्गम की व्यवस्था कर दी जाये तो इससे वहां वाहनों के लिये बेहतर सुविधा निर्मित हो जायेगी। एयरपोर्ट पर होने वाली वाहनों की भीड़ से सभी को परेशानी होती है। छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा वहां होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ नागरिक उड्डयन मंत्रालय को शिकायत की गयी थी। सम्भवतः उसी के मद्देनज़र यह व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान दरों के अनुसार पहले चार मिनटों के लिये पार्किंग पूर्णतः निशुल्क है। इसके बाद दो पहिया वाहनों के लिये 30 मिनट तक 10 रु., चार पहिया वाहनों के लिये 20 रु. और मालवाहक का शुल्क 30 रु. होता है।

उम्मीद की जा सकती है कि वाहनों की पार्किंग की फास्टैग एवं क्यूआर करने से लोगों को सुविधा तो बढ़ेगी ही, पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद भी अब नहीं होंगे।

उल्टा पुल्टा

टीचर- बताओ सबसे नशीला पदार्थ कौन सा होता है?
संता- किताब है सर, खोलते ही नींद आ जाती है।

अब मतगणना के 72 घंटे और नतीजों का इंतजार बेसब्री से

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत अब अंतिम दौर के रूप में मतगणना के लिये प्रशासनिक व राजनीतिक स्तर पर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रत्याशियों के लिये अब मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जायेगी। मतगणना को लेकर दोनों ही हल्कों में भारी गहमागहमी देखी जा रही है। अब सभी को चुनाव परिणामों का बेसब्री से इंतजार है।

17 नवंबर को मतदान के बाद प्रत्याशीगण मंदिर व अन्य तीर्थ स्थलों में दर्शन, मान मनौतियां पूरी करने सहित अनेक गतिविधियों में लगे रहे। अब सभी प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों में लौट आये हैं। वरिष्ठ नेताओं के साथ ही मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्तियां करने उनके लिये प्रवेश पत्र तैयार कराने में अपनी टीम के साथ लगे हैं। शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज जुनवानी में मतों की गणना होगी। दुर्ग जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों पाटन, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई नगर, वैशाली नगर, एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्रों के लिये पृथक पृथक मतगणना कक्ष बनाये जा रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा ने मतगणना के लिये लगाई जाने वाली टेबिलों में बैठने के लिये मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्तियां की जा चुकी है। अपनी अपनी पार्टी के प्रवेश पत्रों के अलावा अन्य निर्देलीय प्रत्याशियों के भी मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किये गये है।

प्रत्येक मतगणना कक्ष में प्रथम पंक्ति में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, द्वितीय पंक्ति में राज्यों के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलो, तीसरी पंक्ति में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों के अभिकर्ता बैठाये जा सकेगें। राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने अपने दलों के प्रतिनिधि अभिकर्ताओं को पूरी मतगणना पर पैनीदृष्टि रखने, जहां भी जरूरत पड़े तत्काल आपत्तियां दर्ज कराने का विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबिलें लगाई जा रही है।

प्रथम चक्र के परिणाम 11 बजे तक : 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके बाद मतगणना का दौर शुरू होगा। एक चक्र की मतगणना में लगभग डेढ़ से दो घंटे लगेगें। इसके बाद लगभग पहले चक्र की गणना का रूझान सुबह 11 बजे तक सामने आ सकने का अनुमान है। सभी 14 चक्र की मतगणना शाम 4 बजे के आसपास पूरी हो जाने एवं इनके अधीकृत परिणामों की घोषणा रात्रि तक हो पाने का अनुमान लगाया जा रहा है।

सरकारी व राजनीतिक तैयारियां पूर्णता की ओर

शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में भवन के अंदर मतगणना कक्ष के अलावा मीडिया सेंटर भी बनाया जा रहा है। मतगणना केन्द्रों में पत्रकारों सहित किसी भी व्यक्ति को सीधे प्रवेश की अनुमति नहीं है। पत्रकारों के लिये मीडिया सेंटर में ही कव्हरेज की सुविधा दी जायेगी।

अटकलों अनुमानों का दौर जारी : चुनाव परिणामों के लिये अभी भी 72 घंटों से ज्यादा का समय शेष है और अटकलों अनुमानों का दौर जारी है। कांग्रेस शुरू में 75 पार का दावा कर रही थी। अब उसके तेवर में कुछ नरमी देखी जा रही है। प्रत्याशी, बड़े नेता अभी भी 72-75 की ही रट लगाये हुए है मगर आम तौर भी अभी 58-60 सीट पाकर सरकार बना लेने की बात कर रहे है। दुर्ग जिलें में आम तौर पर अहिवारा की सीट कांग्रेस के लिये भारी मानी जा रही है। पाटन सहित अन्य सीटों पर वे लोग शत प्रतिशत जीत का दावा कर रहे है। इसके विपरीत भाजपा नेताओं का दावा है कि वे जिले की पाटन सहित सभी सीटे जीत रहे है। चुनाव कैम्पेन की शुरूआत में जो भाजपाई दुर्ग शहर की टफ कहा रहे थे इन्ही का कथन है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के बाद पांसा पलट गया है। वे महिलाओं के लिये भाजपा द्वारा 1 हजार रूपये प्रतिमाह देने की योजना को भी गेम चेंजर प्रोग्राम मान रहे है। कांग्रेस को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पांच वर्षो की उपलब्धियों, प्रत्याशियों की मेहनत एवं उनकी मतदाताओं पर पकड़ का भरोसा है। मुख्यमंत्री द्वारा दीपावली पर घोषित महालक्ष्मी योजना को जिसमें 15 हजार रूपये सालाना देने की घोषणा की गई है, उस पर भी पूरा भरोसा है। इसके अलावा दोनों दलों विशेषकर कांग्रेस में हुए भारी भीरतघात की भी चर्चा है। इसे देखते हुए तटस्थ मतदाताओं ने चुप्पी साध रखी है। भाजपा का जातिगत व हिन्दूवादी समीकरण पर भी जोर है। इधर कांग्रेस भी बौशल्या मंदिर, राम वनपथ गमन मार्ग को भाजपा का एनकाउंटर मान रही है। कुल मिलाकर सारे अटकलों, अफवाहों पर 3 दिसंबर शाम तक ही विराम लगेगा।

अब तक 7775 डाकमत पत्र प्राप्त

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत 30 नवम्बर तक कुल 7775 डाकमत पत्र प्राप्त हुए है। जिला निर्वाचन कार्यालय से अधिकृत नोडल अधिकारी डाक मतपत्र अपर कलेक्टर गोकुल रावटे से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन में डाकमत पत्र 1093, विधानसभा क्षेत्र क्र.63 दुर्ग ग्रामीण में डाकमत पत्र 1411, विधानसभा क्षेत्र क्र.64 दुर्ग शहर में डाकमत पत्र 2260, विधानसभा क्षेत्र क्र. 65 भिलाई नगर में डाकमत पत्र 950, विधानसभा क्षेत्र क्र. 66 वैशाली नगर में डाकमत पत्र 1129 एवं विधानसभा क्षेत्र क्र.67 अहिवारा में 932 डाकमत पत्र प्राप्त हुए है। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्या 6846, डाक द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्या 469 और विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, 80 प्लस एवं कोविड प्लस के डाकमत पत्र 460 शामिल है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

चोरी का आरोपी जेल भेजा गया

1 लाख 32 हजार के जेवरात बरामद

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। दो दिन पूर्व जयंती नगर निवासी छिबेन्द्र सिद्दार के घर में हुई लगभग 1 लाख 32 हजार रूपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरात की चोरी के आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी गये जेवरात बरामद कर लिये गये। आरोपी हर्ष बंसोड़ को आज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी मोहन नगर के अनुसार शिकायतकर्ता जयंती नगर निवासी छिबेन्द्र सिद्दार अपने पारिवारिक कार्यो से दो तीन के लिये सपरिवार कहीं गये थे। वे जब दो दिन पूर्व घर लौटे तो घर में रखे सामान बिखड़े पड़े थे। आलमारी खुली हुई थी। श्री सिद्दार ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने ज्ञानबीन में मामला दर्ज कर आरोपी हर्ष बंसोड़ को धर दबोचा। उसके पास से चोरी के जेवरात बरामद कर लिये गये।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये 30 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में संचालित मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज कॉलेजए नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनको सूचित किया गया है कि पोस्टमैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबाइट पर शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन करने के लिए 30 दिसंबर तक विभाग द्वारा तिथि निर्धारित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी अनुसार समस्त प्राचार्य अपने संस्था में अध्ययनरत पात्रता रखने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन को समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय दुर्ग में निर्धारित तिथि तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए एक हजार आवेदन प्राप्त

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले 19 विषयों में पीएचडी प्रवेश परीक्षा हेतु लगभग एक हजार ऑनलाईन आवेदन पत्र निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त हुए है। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि हिन्दी, अंग्रेजी, वाणिज्य, एजुकेषन, बायोटेक्नॉलाजी, माइक्रोबायोलॉजी, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायन, भौतिकी, गणित, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थषास्त्र, होमसाइंस, भूगर्भशास्त्र एवं मनोविज्ञान विषय शामिल है।

प्राप्त आवेदनों में से लगभग दो सौ से अधिक आवेदन ऐसे आवेदकों के है जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी, सीएसआईआर, नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। ऐसे अभ्यार्थियों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य नहीं है ऐसे आवेदक प्रवेश परीक्षा से छूट वाली श्रेणी में आयेंगे। वि.वि. द्वारा साक्षात्कार आयोजित कर इनका प्रवेष पीएचडी हेतु शोधकेन्द्रों में वि.वि. द्वारा पीएचडी संबंधी अधिसूचना जारी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

दूसरे दिन भी गौरव पथ से अतिक्रमण हटाओ अभियान

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज दूसरे दिन भी गौरव पथ पर से अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा। इसके तहत आज गौरव पथ पर सोई द्वार से महिला समृद्धि बाजार, जेल तिराहा चौक और महाराजा चौक क्षेत्र से बोरसी रोड तक सड़क किनारे फल व सब्जी ठेलों को हटाया गया। अधिकांश लोगों को दुबारा अवैध कब्जा न करने की समझाईश दी गई तथा कतिपय लोगों से जुर्माना भी वसूला गया।

■ महाराजा चौक से बोरसी चौक तक हटाए अतिक्रमण

उल्लेखनीय है कि गौरव पथ के नवनिर्माण, चौड़ीकरण एवं रोड डिवाईडर लगाये जाने के बाद अब नगर निगम द्वारा विगत दो दिनों से अतिक्रमण हटाकर इस मार्ग को व्यवस्थित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांधी प्रतिमा उतई चौक से ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

निर्माणाधीन शाला भवन की दीवार गिरी

पूर्व सरपंच ने कलेक्टर से की जांच की मांग

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम रूद्रा में लगभग 70 लाख रूपये की लागत से हाईस्कूल की निर्माणाधीन भवन की एक दीवार भभरा कर गिर गई। दीवार गिरने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है मगर इस कार्य में भ्रष्टाचार होने की काफी चर्चा ग्रामीणों के बीच है। ग्राम रूद्रा के पूर्व सरपंच पूराण देशमुख के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच तथा इस निर्माण कार्य में लगे इंजीनियर व ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व सरपंच पूराण देशमुख ने बताया कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य लेंटर तक पहुंच चुका है ऐसे में सामने की तीन कालम सहित दीवाल भरभरा कर गिर गई। उन्होंने बताया कि ग्राम रूद्रा नदी से लगा गांव है। यह गांव बाढ़ग्रस्त है। यहां की मिट्टी धसकने वाली है। ऐसी स्थिति में यहां और अधिक मजबूती से निर्माण किया जाना चाहिए था। इस वास्तविकता की ओर ध्यान दिये ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

शत प्रतिशत हाजिरी के लिए छात्रों की उपस्थिति में शिक्षक-पालकों की ले बैठक : कलेक्टर

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में सेजेस एवं नॉन सेजेस स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों को प्रोत्साहित करने को कहा ताकि वे निरंतर अपने अपने स्कूलों में कुछ न कुछ स्कूल व विद्यार्थियों की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए प्रयास करते रहें। जिले में गठित विषय विशेषज्ञों के समूह के द्वारा जिले के समस्त विषय शिक्षकों का एक दिवसीय ओरएंटिशन प्रोग्राम अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात किया जाएगा। बच्चों की विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बच्चों के पालकों की मीटिंग लेने को कहा, ताकि बच्चों के स्कूल नही आने की वजह प्राप्त हो सके। उन्होंने जिले में एकल शिक्षक स्कूल के तहत संचालित स्कूलों की जानकारी ली। इस पर शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक उपस्थित हैं।

■ जिले के 23 सेजेस स्कूलों में शिक्षकों को दी जा रही है कम्प्यूटर कोडिंग का प्रशिक्षण

जिले के विषयवार बेस्ट शिक्षक का चिन्हांकन कर पीयर ग्रुप की मदद से अन्य शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न विषयों के पीयररुप के शिक्षकों को उनके विषय के विषयवस्तु के अनुरूप कंटेंट निर्माण, मॉडयूल, मासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र निर्माण का कार्य दिया गया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

जिला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक की गई लैप्रोटॉमी सर्जरी

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। पांडुरंग रामाराव डॉगोंवकर शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग में लैपरोटॉमी की सर्जरी सफ्लता पूर्वक की गई। मरीज कपिल देशमुख उम्र 50 वर्ष ग्राम आलवरास पेट दर्द की शिकायत के साथ आपातकालीन वार्ड में 26 नवंबर को भर्ती हुआ। चिकित्सकों ने इलाज शुरू करने के बाद जांच में पाया की मरीज को होलो विस्कस परफोरेशन हेय जिससे मरीज की जान को भी खतरा हो सकता है। तुरंत ऑपरेशन किए जाने का निर्णय चिकित्सकीय टीम द्वारा लिया गया। मरीज के परिजन की सहमति के बाद डॉ.सरिता मिंज, डॉ.कामेंद्र ठाकुर सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ.संजय वलवेंद्र विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग एवं समस्त ओ टी स्टाफकी टीम ने एक्सप्लोरेटरी लैप्रोटॉमी एवं ओमेंटोपेक्सी सर्जरी की यह सर्जरी जटिल थी चूंकि मरीज की पिछले वर्ष ही पेट की सर्जरी हुई थी।

सिविल सर्जन डॉ. साहू के अनुसार वर्तमान में सर्जरी 3 घंटे तक चली तत्पश्चात मरीज को गहन चिकित्सा इकाई में डॉ. अनिल सिन्हा मेडिसिन विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में भर्ती किया गया। मरीज अब खतरे से बाहर है। मरीज के परिजन भी जिला अस्पताल की सेवाओं से संतुष्ट है तथा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

कुडो नेशनल प्रतियोगिता में 49 पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। वीर नर्मद साऊथ गुजरात यूनिवर्सिटी सूरत में हुई 14 वीं कुडो नेशनल टूर्नामेंट, 4 थीं फेडरेशन कप टूर्नामेंट एवं अभिनेता अक्षय कुमार कुडो इंटरनेश्नल टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अलग अलग 49 पदक जीतकर आज दुर्ग पहुंचे। रेल्वे स्टेशन पर इन विजेता खिलाड़ियों का बाजे गाजे व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

मेडल विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है: चयशवरी साहू 3 गोल्ड, देवराज बघेल 2गोल्ड, अभिजीत रजक 2 गोल्ड 1सिल्वर, मनीष साहू 1गोल्ड 2सिल्वर, भूपत साहू 3सिल्वर, दीपक बर्वे 1गोल्ड 2सिल्वर, तृप्ति साहू 1सिल्वर 1ब्रॉन्ज, ईशान सेन 2सिल्वर, पेमेश्वर कौशिक ब्रॉन्ज, यथार्थ भाला 1सिल्वर 1ब्रॉन्ज, दामिनी साहू 2 गोल्ड 1 सिल्वर, वीरभद्र पैकरा 1सिल्वर 1ब्रॉन्ज, सार्थक गैंगराले ब्रॉन्ज, द्रविड़ यादव ब्रॉन्ज, आर्या सेट्टी 2ब्रॉन्ज, भूमिका मिथलेश ब्रॉन्ज, हर्षित सिन्हा ब्रॉन्ज, जुबिया खान 1सिल्वर 2ब्रॉन्ज, खिलेश्वरी साहू 1 गोल्ड 1सिल्वर, जीतेन्द्र राजपूत ब्रॉन्ज, अक्षत चंदेल ब्रॉन्ज, यश राज खरे ब्रॉन्ज और विधि विजय ने ब्रॉन्ज मेडल जीते।

प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार

दुर्ग, 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष, सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख ने अपनी युवा कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमे बीस विभागों मे प्रदेश युवा की कार्यकारिणी बनाई है। जोइस प्रकार है :

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र चंद्राकर, कपिल कश्यप, उत्तम कुमार देशमुख, महेन्द्र चंद्रा, उपाध्यक्ष शकरपार्थ वर्मा, जलेश्वर चंद्राकर, संजय कुमार कश्यप, विजय वर्मा, बिरेन्द्र देशमुख, महेन्द्र कश्यप, प्रदीप कुमार वर्मा, चंद्रप्रकार पाटनवार, गेंदराम राजवाडे, योगेश वर्मा महेन्द्र कश्यप सनत बैस, तुकाराम चंद्रवंशी आशीष महसचिव कमलेश देशमुख, आशीष चंद्राकर फ्नेंद्र भूषण वर्मा कोषाध्यक्ष देवप्रकाश वर्मा, अमिताभ वर्मा मुरली मनोहर देशमुख, प्रवक्ता मोरध्वज चंद्राकर संगठन सचिव प्रदीप कोठिया कार्यालय सचिव धीरज वर्मा ;सचिव रूपेन्द्र वर्मा ;सह.सचिव राहुल वर्मा मीडिया एवं प्रचार प्रसार प्रेमलाल देशमुख वैभव चंद्राकर हरिवंश देशमुख डिंहार देशमुख सचिव केवल वर्मा तामेश्वर देशमुख रामेश्वर देशमुख मनीष बंछोर पुष्पा पिपरिया सुरेखा देशमुख प्रभाकर चंद्रा मिलिंद चंद्राकर ललित वर्मा टंकेश्वर चंद्रा लोमेन्द्र बैस सोहनलाल वर्मा डिगेश्वर वर्मा संतोष कुमार राजवाडे दुष्यंत देशमुख अमृता कौशिक चंद्र कुमार वर्मा अश्वनी वर्मा दीपक चंद्राकर राकेश चंद्राकर रामेश्वर चंद्रा विजय कुमार चंद्रा ओंकार सिंह चंद्रा मुकेश बेलचंदन हेमंत चंद्राकर ज्ञान प्रकाश

चंद्राकर कृषि प्रभाग भरत बैस योगेंद्र देशमुख शिवा चंद्रवंशी तुलेश्वर कौशिक शुभम वर्मा आशीष दिल्लीवार पंकज दिल्लीवार नीलकमल वर्मा संतोष कुमार वर्मा शैलेंद्र देशमुख रामकृष्ण पाटनवार शिक्षा प्रभाव गिरीश हरमुख नरेंद्र कुमार कश्यप रामकरण वर्मा शैलेंद्र राजवाडे मनोज सिंगरौल श्रवण कौशिक देवेंद्र हरमुख श्रीकांत कौशिक दीप्ति बैस अनिरूद्ध वर्मा पुष्पा शेषनारायण चंद्रवंशी संतोष कुमार वर्मा चिकित्सा विभाग डॉक्टर संदीप बेलचंदन डॉक्टर योगेश चंद्रा कोहिनूर कश्यप डॉक्टर सुधांशु सिंगरौल डॉक्टर कमल वर्मा मनीष पाटनवार श्रीकांत वर्मा विधि प्रभाग ललित वर्मा मोहनीश वर्मा प्रेम कश्यप संदीप वर्मा वीरेंद्र देशमुख कमल कश्यप धानेश्वर देशमुख निखिल देवानंद वर्मा क्रीडा प्रभाग केशव गौतम नेमन देशमुख चिंतामणि देशमुख नवीन देशमुख गौरी वर्मा प्रियंका डोटे आंचल कश्यप सूर्या वर्मा सांस्कृतिक प्रभाग दानेश्वर देशमुख सागर वर्मा लाकेश्वरी वर्मा आलोक सिंगरौल सिद्धार्थ पटेल विजेता वर्मा रचना देशमुख अनीता देशमुख दानेश्वर देशमुख चमन बैस व्यापार प्रभाग अजय चंद्राकर उमेंद्र कुमार देशमुख रामकुमार चंद्रा यादराम चंद्रा टेमेंद्र पिपरिया सुमित वर्मा नितेश वर्मा रोशन वर्मा विमल चंद्राकर अनिल चंद्राकर राहुल वर्मा उमेश वर्मा यमन वर्मा रामकांत चंद्रा तोषराम चंद्रा सोहन चंद्रा विनोद कुमार चंद्रा विपिन चंद्राकर ऋतेश हरमुख मोधा शंकर वर्मा घनश्याम चंद्राकर योग एवं आध्यात्म प्रभाग धीरेंद्र वर्मा सलाहकार डॉ राजेंद्र हरमुख मोरध्वज चंद्राकर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

15 हजार ठेलो को किया जाएगा व्यवस्थित

निगम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिना पंजीयन के नहीं लगाया जाएगा ठेला

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने नगरीय निकाय से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी नगरीय निकायों के बारे में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाजार और यातायात सुविधा को देखते हुए सड़क किनारे समान बेचने लगे ठेलों को व्यवस्थित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ठेलो के सड़क किनारे लगने से जाम की स्थिति बन जाती है। यातायात में असुविधा उत्पन्न होती है। इस कारण उक्त ठेलों को व्यवस्थित करने आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिए। कलेक्टर ने लगभग साढ़े 15 हजार ठेलों को जगह चिन्हांकित कर ठेलों को शिफ्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि ठेलों को वेडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके उसे स्थान पर ठेलों को व्यवस्थित करने को कहा। साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को अपने अपने निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ठेलों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क किनारे पड़ी कंडम गाड़ियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि सड़क के किनारे व वर्कशाप के पास कई कंडम गाड़िया रखी होती हैं जिससे यातायात में असुविधा होती है और जाम की स्थित उत्पन्न होती है। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों से उपयुक्त स्थान चिन्हांकित कर

उसे व्यवस्थित करने को कहा। मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु की जाएगी। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों से मच्छर से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए फागिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि दुर्ग में 108, भिलाई में 58, चरौदा में 54, कुम्हारी में 12, जामुल में 16, धमधा में 23, अमलेश्वर में 15, अहिवारा में 12 तथा उतई में 7 स्थानों का चयन किया गया है। उन्होंने पानी भराव वाले जगहों में मच्छरों को भगाने के लिए समुचित व्यवस्था करने को कहा। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों को सड़कों पर घुमंतु भिक्षुओं को चिन्हांकित करने को कहा। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि अभी तक 123 भिक्षुओं को चिन्हांकित किया गया है। कलेक्टर ने कहा सड़क पर भिक्षावृत्ति करने वालों को राहत केन्द्र में व्यवस्थित किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही भिक्षावृत्ति में संलिप्त घुमंतु बच्चों को बाल आश्रय स्थल पर रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने खुले में घूमने वाले मवेशियों को रेडियम बेल्ट और टेगिंग कर नजदीक के गौठानों में स्थानांतरित करने एवं पशुओं को खुले में विचरण नही करने के संबंध में व्यापक मुनादी करने को कहा।

काम के दौरान श्रमिक घायल ईलाज के लिए भटक रहा

भिलाईनगर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भिलाई में एक मजदूर की काम के दौरान हाथ में लगी गंभीर चोट के बाद खुसीपार पुलिस ने फैक्ट्री में हुई इस दुर्घटना के लिए कंपनी संचालक को जिम्मेदार मानते हुए उसके खिलाफ धारा 287, 338 के तहत कार्रवाई की है। घायल कर्मी ने बताया कि मिग्नी इंडस्ट्रियल यूनिट खुसीपार में बिना सुरक्षा मानक के मजदूरों से काम लिया जा रहा था। जब दुर्घटना में एक मजदूर का हाथ में गंभीर चोट पहुंची। घायल कर्मी ने आरोप लगाया कि कंपनी मालिक ने उसे बिना इलाज और मुआवजा दिए भगा दिया। पीड़ित मजदूर ने जब इसकी शिकायत दुर्ग एसएसपी से की, उसके बाद सक्रिय हुई खुसीपार पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। घायल मजदूर सुमित कुमार लाजेंवार 34 साल ने बताया कि वो जागीर चौक पंजाबी मोहल्ला न्यू खुसीपार में रहता है तथा भिलाई के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित इंडस्ट्रियल यूनिट लाइट इंडस्ट्रियल एरिया में कुशल वर्कर की हैसियत से काम करता था। दीपावली के ठीक एक दिन पहले रात दो बजे सुमित मशीन में काम कर रहा था। इसी दौरान उनका दाहिना हाथ मशीन में फंस गया। घायल को बीएम शाह अस्पताल रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान सुमित के हाथ की उंगली काटनी पड़ी। इलाज में अधिक पैसे खर्च होने पर सुमित ने फैक्ट्री के मालिक से मदद की गुहार लगाई लेकिन उन्हें कोई भी मदद नही मिली। बताया जा रहा है कि घायल सुमित उक्त कम्पनी में जीआई वायर बनाने का कार्य किया जाता है।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बिक्री करने वाला पकड़ाया

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। बुधारू राम यादव निवासी सुभाष चौक सुपेला की पट्टा भूमि सुभाष चौक सुपेला स्थित को सुखदेव यादव निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर स्व.चन्द्रमोहन नायर को बिक्री करने की जानकारी प्रार्थी को होने पर शिकायत प्रस्तुत किया गया है। जांच पर आरोपी द्वारा धोखाधडी करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों के विरूद्ध अभियान चलाकर पर धर पकड़ कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था। पुलिस ने आरोपी सुखदेव यादव को आदर्श नगर दुर्ग से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर प्रार्थी की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर वर्ष 2012 में स्व.चन्द्रमोहन नायर को करीब 5000 वर्गफीट भूमि बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक आकांक्षा पाण्डेय, उप निरीक्षक प्रमोद सिन्हा, आरक्षक विकास तिवारी का विशेष योगदान रहा।आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467 पंजीकृत किया गया है।

ठेका श्रमिकों की सीपीएफ राशि नहीं हो रही जमा

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय में भिलाई इस्पात संयंत्र के कोकोवन, प्लेट मिल एवं मर्चेंट मिल के श्रमिकों ने बताया कि महीने में काम 26 दिन करते हैं लेकिन ठेका कंपनी द्वारा 10 या 15 दिन का ही सीपीएफ की राशि जमा करते हैं। श्रमिकों के सीपीएफ अकाउंट में, प्रतिमाह 800 या 1000 रुपया ही जमा कर रहे हैं जबकि जमा होनी चाहिए 2400 रुपए के लगभग इससे श्रमिकों को सीपीएफ की राशि में नुकसान हो रहा है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि श्रमिकों से लिखित शिकायत लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका प्रकोष्ठ विभाग एवं सीपीएफकमिश्नर रायपुर से की शिकायत जाएगी एवं उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। श्रमिकों ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय में बताया कि बीएसपी में ठेका कंपनियों ने निर्धारित 8.33 प्रतिशत की राशि कुछ कंपनियों को छोड़कर अधिकांश ठेका कंपनियों ने 3000 से 5000 रुपए तक ही बोनस श्रमिकों के बैंक खातों में डाली है. जो कि निर्धारित राशि से बहुत कम है। श्रमिकों को उनके उपस्थिति के अनुसार पूरा बोनस दिलाने के

लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रतिनिधि मंडल, प्रबंधन से श्रमिकों के बैंक अकाउंट का विवरण सहित शिकायत की जाएगी। संयंत्र में 35 वर्ष तक ठेका श्रमिक के रूप में कार्य करने के पश्चात सेवानिवृत हो चुके एचएसएलटी ठेका श्रमिकों केवाईसी के लिए ठेका प्रकोष्ठ विभाग में आवेदन दिया गया है ठेका प्रकोष्ठ विभाग द्वारा सुधार कर उसे वित्त विभाग में भेजा जा रहा है लेकिन वित्त विभाग से हर बार श्रमिकों के केवाईसी की फाइल को वापस आईआर विभाग में भेज दिया जाता है। जिसके कारण एचएसएलटी ठेका श्रमिकों के केवाईसी नहीं होने से पेंशन नहीं मिल पा रहा है। श्रमिकों को सेवानिवृत हुए तीन से पांच साल की अवधि हो चुकी है। श्रमिकों में काफी आक्रोश है बैठक में सी पी वर्मा, दीनानाथ सिंह, मनोहर लाल, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखीराम साहू, नारायण, सुरेश कुमार टंडन एवं अन्य श्रमिक गण उपस्थित थे।

अंकुश ने मुम्बई में की अनुराग से मुलाकात

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। समकालीन भारतीय फिल्मजगत मुंबई के प्रख्यात निदेशक अनुराग बसु ने भिलाई में चलाए जा रहे कलात्मक गतिविधियो की प्रशंसा की है। संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के ललित कला अकादमी की तरफ से अधिकारिक यात्रा में मुंबई गये मशहूर मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने उनसे मुलाकात की। अपने व्यस्ततम शेड्यूल के बावजूद मिलने पर अंकुश ने उनका आभार प्रकट किया है। ज्ञात हो कि बालीवुड फिल्म इंडस्ट्री के अनुराग बसु एक दिग्गज फिल्मकार हैं। जिनकी स्कूली शिक्षा-दीक्षा भिलाई मे ही हुई है। वर्तमान में फिल्म निर्माण के चलते उनकी व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ गई है। मुलाकात के दौरान अनुराग बसु ने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने स्थापना काल के समय से ही छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति के क्षेत्र मे किए गए योगदान को मील का पत्थर माना है। और कहा कि इसी वजह से यह शहर मिनी इंडिया कहलाता है। उनके सुजनात्मक कौशल को धार भी भिलाई के कल्चर ने ही दिया है जिसके कारण वे यहां घटित दृश्यों को फिल्मों में जोड़ते रहे हैं। भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने के लिए संयंत्र द्वारा निरंतर मदद किए जाने को उन्होंने साधुवाद करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे छत्तीसगढ़ के कलाकारो का विकास होगा। वे 7 एवं 8 दिसंबर को कला साहित्य अकादमी नास्टेल्जिया 80 हेतु भिलाई के कलामंदिर आयेगे। इस अंतरराष्ट्रीय नृत्यए संगीत

और नाटक कार्यक्रम के लिए उन्होंने अपनी उत्सुकता जताई है। अंकुश ने अनुराग बसु को महान फिल्मकार सत्यजीत रे की परम्परा का निदेशक मानते हुए उन्हें मानवीय करूणा का कुशल चितेरा कहा हैए जिनमें अभी अथाह चित्रण की प्यास बाकि है। इसके अलावा उन्होंने भारत में साइंस प्रिक्शन फिल्मे और उनके भविष्य को लेकर भी लंबी चर्चा की। अंकुश ने समस्त कलाकारों और आम जनो से अपील की है कि छत्तीसगढ़ के सपूत और भारतीय फिल्मजगत की शान अनुराग बसु के कार्यक्रम मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।

तोहसे अंगनवा गुलजार बबुआ की शूटिंग प्रारंभ

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। इंदु चंद्रा फिल्म प्रोडक्शन एवं शोभा फिल्म वर्ल्ड के बैनर तले बनने वाली भोजपुरी फिल्म तोहसे अंगनवा गुलजार बबुआ की शूटिंग मोतिहारी में प्रारंभ हो गई है। इसकी शूटिंग यहां के रामगढवा और आस पास के क्षेत्र में की जा रही है। जहां शूटिंग देखने के लिए भारी भीड़ उमड रही है। ज्ञातव्य हो कि इस फिल्म के निर्देशक हिन्दी व भोजपुरी फिल्मों के सुप्रसिद्ध राईटर एवं भोजपुरी फिल्मों के निर्देशक ब्रजेश पाठक है। जिन्होंने बाक्स ऑफिस पर धुम मचाने वाली हिन्दी फिल्म एजूकेशन टेयर जैसी कहानी लिखी एवं सबसे बडा हत्याग जैसे फिल्म के लेखन के साथ ही निर्देशन कर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तहलका मचा चुके है। अब वे अपनी नई फिल्म तोहसे अंगनवा गुलजार बबुआ के निर्देशन करने में इन दिने बिजी है। इस फिल्म के निर्देशक ब्रजेश पाठक ने बताया कि इस फिल्म की निर्माता शोभा देवी है वहीं कार्यकारी निर्माता विमल कुमार मिश्र है। इस फिल्म की खसियत यह है कि पहली बार इस भोजपुरी फिल्म में जहां साउथ के फिल्मों के चर्चित विलेन संदीप मलानी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। वही भोजपुरी सिने जगत के अभिनेता बालेशवर सिंह भी अपने बेहतरीन अभिनय का जलवा दिखाते हुए दो तोलो एक्टर इस फिल्म में खलनायकी करते नजर आयेंगे इस फिल्म के हिरो राहुल सिंह एवं उदय सिंघानिया रविष और हिरोईन परी सिंह व दीपांशी तिवारी और मिस आसाम रह चुकी मानसी साक्ष है। इसके अलावा इस फिल्म में शमशीर सिवानी, संजू सोलंकी, जीतु शुक्ला, इंद्रसेन यादव, शैलेश पांडेय, पान मती देवी, गुडिया पांडेय, प्रतिभा शर्मा, गीता पांडे, राधेश्याम वर्मा के अलावा भोजपुरी फिल्म इडस्ट्री के और कई प्रसिद्ध एक्टर्स अपने अभिनय का जलवा दिखायेंगे। फिल्म की प्रोडयूसर शोभा देवी एवं विमल कुमार है।

17 दिनों में कोक ओवन के वाई 98 गैलरी का किया पुनरुद्धार

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र की बहुअनुशासी टीम ने उत्कृष्ट इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों का प्रयोग करते हुए 17 दिनों में पुनरुद्धार के पश्चात वाई 98 गैलरी से कोयले की आपूर्ति फिर से शुरू करने में सफलता प्राप्त की। 9 नवंबर को जंक्शन हाउस में झुकाव के कारण तीन गैलरी 97, 98 और 79 क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के साइलो में कोयले की आपूर्ति बाधित हो गई। पुरानी संरचनाओं को हटाना, साइटों की सफाई, साइट की तैयारी, सिविल फाउंडेशन को सुदृढ करना, बेल्ट और सहायक उपकरण के साथ गैलरी का पुन:निर्माण शामिल था। स्थिति का आंकलन करते हुए संयंत्र प्रबंधन ने तत्काल टीमों का गठन कर कार्य आरंभ किया। पहले दिन प्लांट के इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग ने संरचना और निर्माण के लिए सभी आवश्यक ड्राइंग उपलब्ध कराया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के मार्गदर्शन और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी रखरखाव और उपयोगिताएं असित साहा और सीजीएम एस के गजभिए की देखरेख में चौबीसों घंटे निरन्तर कार्य जारी रहा। निर्माण कार्यों के लिए बीएसपी के 120 टन क्षमता वाली क्रेन के अलावा, एक विशेष 400 टन क्षमता का उच्च भार वहन करने वाले क्रेन का उपयोग किया गया। स्टोर विभाग और केंद्रीय विपणन संगठन ने फेब्रिकेशन और रिपेयर के लिए सभी आवश्यक स्टील और सहायक उपकरणों की व्यवस्था की। इस कार्य में लगी सभी टीमों ने सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपना-अपना काम सटीकता से किया है। गैलरी के पुनरुद्धार के कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे, मुख्य महाप्रबंधक राकेश जोशी और मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनगर के देखरेख में टीमों को कार्यक्षेत्र सौंपे गए थे।

शराब के नशे में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

भिलाईनगर, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भिलाई की एक ब्यूटीशियन के घर मोहल्ले का युवक शराब के नशे में पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया। उसे मना करने पर युवती मारपीट की। आस.पास के लोगों ने जब विरोध जताया तो आरोपी युवक भाग निकला। घटना कल रात छावनी थानांतर्गत बैकुण्ठ धाम केम्प-2 की बताई गई है। ब्यूटीशियन की रिपोर्ट पर पुलिस ने देर रात आरोपी राजा के खिलाफ धारा 294, 323, 506 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि ब्यूटी पार्लर का काम करने वाली युवती के घर के सामने कल रात सवा 10 बजे मोहल्ले का रहने वाला राजा शराब पीकर आया और बोलने लगा कि तुम लोग मेरे से बात क्यो नहीं करते हो। वह युवती से मारपीट की। युवती की मां और व अन्य ने बीच बचाव किया तो आरोपी भाग निकला।

निगम के दूसरे दिन भी 32 पर की गई कार्रवाई

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही आज दूसरे दिन भी जारी रही। आज गुरुवार को निगम भिलाई का तोडु दस्ते की टीम ने सुपेला घड़ी चौक से चन्द्रा-मौर्या टाकीज तक अतिक्रमण को बेदखल किया। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग के कनिरा सर्विस रोड पर निगम ने वृहद बेदखली अभियान चलाकर सुपेला घड़ी चौक से चन्द्रा मौर्या टाकीज तक व दोपहर बाद दुसरी ओर चन्द्रा मौर्या टाकीज से सुपेला घड़ी चौक तक क्षेत्र के 32 स्थानो से कब्जा हटाने की कार्यवाही किए।

निगम भिलाई द्वारा सर्विस रोड पर चलाया जा रहा बेदखली अभियान के दुसरे दिन गुरुवार को 4 कंडम वाहन, 3 ठेला तथा बेनर पोष्टर को हटा कर वाहनो के आवागमन के लिए सुगम बनाया गया तथा 34 हजार रूपये दांडिक शुल्क वसुल किया गया। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम द्वारा जी.ई.रोड से लगे उत्तर दिशा के सर्विस रोड पर यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा कंडम वाहन को हटा कर सडक को बाधा मुक्त किया गया। सडक पर लगाए गये दुकानो के संकेतक बोर्ड, बेनर, पोष्ट को जप्त किया गया। संजय नगर में संचालित कार शो रूम द्वारा पुरा सर्विस रोड को घेरा कर गेट लगाया गया तथा उसे जेसीबी से तोड कर सर्विस रोड के समतुल्य किया गया। कमला मेडिकल के पास पैथालाजी लैब, मेडिकल स्टोर्स के बोर्ड जो जमीन मे गडा कर लगा रखे थे उसे भी जेसीबी से हटाया गया। अभियान के दुसरे दिन 15 स्थानो पर कार्रवाई कर 34 हजार रूपये जुर्माना राशि वसुल किया गया है। अभियान मे अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त जोन-1 खिरोद्र भोई, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह शोरी, व्ही.के.सेमुवल, कमलेश द्विवेदी, ओमप्रकाश चन्द्राकर, इमान सिंह, विरेंद्र वर्मा, धनराज नागपुरे, निरंजन असाटी, नंदकुमार सिन्हा, हरिओम गुप्ता, सुपेला थाना ए.एस.आई.के एन.के.भदोरिया, प्रधान आरक्षक राकेश राय सहित यातायात पुलिस के बल मौजूद रहे। जिन लोगों ने बांस बल्ली, ठेला गोमचे, बेनर पोस्टर, बोर्ड तथा विक्रय के लिए वाहन को रख थे उनसे दंड भी वसुला गया। सड़क पर डंप निर्माण सामग्री को हटाकर सड़क को आवागमन के लिए खाली कराया गया। अभियान के दौरान 34000 जुर्माना भी वसुल किया गया। साथ ही 3 कंडम वाहन को भी सड़क से हटाया गया। तीन कंवन वाहन दो ठेला बेनर पोस्टर सहित

आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम भिलाई का अमला लावलस्कर के साथ प्रात: 10:30 बजे सुपेला घड़ी चौक के सर्विस रोड पर कार्यवाही की। जी.इ.रोड और सर्विस रोड के बीच पार्किंग स्थल पर प्रदर्शन हेतु लगाए हुए थे। उन्होने निगम की कार्यवाही को देखकर स्वयं अपने वाहनो को हटाना शुरू कर दिये। इसके अलावा सर्विस रोड के किनारे लगाए गए होर्डिंग व साइन बोर्ड को भी उखाड़कर जप्ती बनाया गया। जेसीबी से लिफ्ट कर जप्त किया गया। तोड़फोड़ दस्ता के साथ चल रहे जे.सी.बी. सुपेल चौक से लेकर सर्विस रोड के किनारे जमीन को समतल कर चूना मार्किंग किया गया ताकि उक्त स्थल पर व्यवस्थित रूप से लोग अपना वाहन खड़े कर सके। इस अभियान में यातायात पुलिस बल साथ रहे।

दुकानों के पास से कचरा उठाने को लेकर लिखा पत्र

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने संयंत्र के ईडी पवन कुमार को पत्र भेजकर टाउनशिप के मार्केट क्षेत्र में सफाई की अस्त-व्यस्त व्यवस्था में शीघ्र अति शीघ्र सुधार करने की मांग की है। श्री जैन ने स्पष्ट किया है कि व्यापारियों से 300 से लेकर 500 तक की राशि प्रत्येक माह प्रत्येक दुकान से वसुली जाती है तो शहर के बाजार क्षेत्र में सफ़ाई की व्यवस्था क्यों नहीं की जाती है। ज्ञानचंद जैन ने कहा कि एक तरफ स्वच्छता अभियान का ढोल पीटना और दूसरी ओर मार्केट क्षेत्र के व्यापारियों से राशि वसूल करने के बाद भी सुविधा ना देना दुखद विषय है। प्रबंधन को तत्काल इस विषय पर उच्च स्तरीय बैठक कर बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित स्वरूप दिए जाने का आग्रह किया है। चैंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं होगा तो तो व्यापारियों से अपील की जाएगी की कचरा उठाने के नाम से भुगतान की जाने वाली राशि आगामी बिलों के भुगतान में काटकर बाकी राशि का भुगतान करें। चैंबर ने कहां है कि इस्पात प्रबंधन को प्रत्येक सेक्टर के बाजार क्षेत्र की सड़कों साफ सफ़ाई एंव घरो से निकलने वाले कचरे को उठाने उचित व्यवस्था कर कार्य करने वाले ठेकेदार एवं सेक्टर क्षेत्र के प्रभारी का नंबर जनहित में जारी किया जाना चाहिए और इन पर निगरानी रखने वाले अधिकारियों के नंबर भी सार्वजनिक किया जाने चाहिए ।

पुलिस ने किया बैंक का आकस्मिक निरीक्षण

आईजी के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पर

भिलाईनगर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस महा निरीक्षक दुर्ग बद्री नारायण मीणा के निर्देशन एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा बैंको के सुरक्षा ऑडिट के संबंध में दिए गए आदेशानुसार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्राइवेट एवम सरकारी बैंक में सुबह 10 बजे से समस्त थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षक किया गया। बैंक चैकिंग के दौरान बैंकों में सुरक्षा प्रबंध, चाक-चौबंद करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिन बैंको में सुरक्षा प्रबंधों में चूक पाई जाएगी उन बैंकों को नोटिस भी जारी किए जाएंगे। जिन बैंकों में गार्ड और सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं होगी। उन बैंकों को पुलिस द्वारा नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओ पर बैंक के अधिकारियों से चर्चा कर समझाइश दी। इन दिनों बैंकों एवम एटीएम में आपराधिक वारदातों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए बैंकों का सहयोग होना बेहद जरूरी है। बैंक अधिकारी स्वयं व

बैंक के गार्ड के बारे में जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें ताकि जरूरत के समय आपस में संपर्क हो सके। इसके अलावा बैंकों में सुरक्षा मानकों की समय.समय की जांच अवश्य करवाने के लिए बैंक प्रबंधन को नोट करवाया गया। बैंकों के अंदर व बाहर हाई रेन्यूलेशन के कैमरे लगे हो व इसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकार्डिंग सेव रहे। बैंकों का अलार्म सिस्टम दुरूस्त हो व जहां कैश रखा जाता है, वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हो। एटीएम मे सुरक्षा गार्ड के साथ-साथ अच्छी क्वालिटी के सेंसर भी लगे हो। बैंक में या आसपास अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो तुरंत इस बारे डायल 112 पर सूचना दें। सभी एटीएम में डायल 112 के नंबर, थाना प्रभारियों एवम वरिष्ठ अधिकारियों के नंबर चस्पा करने के निर्देश भी दिए गए।

महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा

दल्लीराजहरा/डौण्डी, 30 नवंबर (देशबन्धु)। युथ रेडक्रास सोसायटी व रेडरिबन व महाविद्यालय प्रमुख राजुलाल कोसरे ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के दिन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब और सीनियर रेड क्रॉस सोसायटी तथा महाविद्यालय का संयुक्त तत्व में महाविद्यालय से एड्स जागरूकता अभियान रैली तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।साथ ही संस्था प्रमुख ने बताया कि पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि एड्स के अंत में बाधा बन रही हैं। वर्तमान रुझानों के अनुसार विश्व एड्स पर लक्षित वैश्विक लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता। लेकिन यूएनडीएस की रिपोर्ट के अनुसार, खतरनाक अवांछनीयताए नकारात्मकताएं हैं कि सक्रिय कार्रवाई के लिए एड्स प्रतिक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है।

यूएनडीएस ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि दुनिया की कई विचारधाराओं में बढ़ते नए संक्रमण और लगातार हो रही वृद्धि के कारण एड्स बैकलैश खतरे में है। अब, यूएनडीएस की एक नई रिपोर्ट से पता चलता है कि अनचाहेपन का कारण क्या है। इसमें यह लिखा है कि विश्व नेता इन दिनों से कैसे दूर रह सकते हैं, और प्रतीकों से पता चलता है कि उनका पालन करने के लिए डेविलियर होने का दावा किया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य ने बताया कि एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु (एचआईवी) संक्रमण के बाद होती है। एचआईवी संक्रमण के पश्चात मानवीय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है। एड्स का पूर्ण रूप से उपचार अभी तक संभव नहीं हो सका है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति में एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के दिखने के पश्चात ही हो पाती है। रोग रोकथाम एवं निवारण केंद्र द्वारा एड्स के संभावित लक्षण बताये गए हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति, जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित नहीं है, में एड्स के लक्षणों की जाँच विशेष रक्त जाँच (ष्स्र4+ कोशिका गणना) के आधार पर की जा सकती है। एचआईवी संक्रमण का अर्थ यह

नहीं है कि वह व्यक्ति एड्स से भी पीड़ित हो। एड्स के लक्षण दिखने में 8 से 10 वर्ष तक का समय लग सकता है। एड्स की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा जाँच के पश्चात ही की जा सकती है। एचआईवी संक्रमण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इस हद तक कम कर देता है कि इसके बाद शरीर अन्य संक्रमणों से लड़ पाने में अक्षम हो जाता है। इस प्रकार के संक्रमण को च्अवसरवादीज् संक्रमण कहा जाता है क्योंकि ये अवसर पाकर कमजोर हो रहे प्रतिरक्षा प्रणाली पर हावी हो जाते हैं जो बाद में एक बीमारी का रूप ग्रहण कर लेती है। एड्स प्रभावित लोगों में हुए कई संक्रमण, जो गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं या जानलेवा हो सकते हैं, को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली नियंत्रित करती है। एड्स शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इतना दुष्प्रभावित कर देता है कि इस गंभीर बीमारी की रोकथाम या इसका उपचार करना आवश्यक हो जाता है।।राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयं सेवक धनेश साहू ने बताया कि भारत सरकार ने 1992 में एड्स विरोधी अभियान के रूप में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (प्रथम चरण) की शुरुआत की जिसका उद्देश्य देश में एचआईवी संक्रमण के प्रसार एवं एड्स के प्रभाव को कम करना था ताकि एड्स से मरने वाले लोगों की संख्या में कमी लाई जा सके एवं इसे वृहत स्तर पर फैलने से रोका जा सके। इस कार्यक्रम को वर्ष 1992 से 1999 के बीच लागू किया गया एवं इसके क्रियान्वयन के लिए 84 मिलियन डॉलर का खर्च निर्धारित किया गया। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं इसके प्रबंधन को और मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण बोर्ड का गठन किया गया एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की स्थापना की गई। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत 1999 में हुई। इस बार यह पूर्णत: केंद्र प्रायोजित योजना थी जिसे एड्स नियंत्रण संस्था के माध्यम से 32 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों एवं अहमदाबाद, चेन्नई एवं मुंबई के नगर निगमों में लागू किया गया। इस कार्यक्रम के तीसरे चरण को वर्ष 2007 से 2012 के बीच लागू किया गया जिसका उद्देश्य भारत में इस महामारी को और अधिक फैलने से रोकना था। इन सारे प्रयासों की मदद से ही भारत विगत दस वर्षों में एचआईवी संक्रमण के प्रसार को घटाने में सफल हो सका है एवं एचआईवी के नए मामलों में भी कमी देखने को मिली है।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र में असामयिक वर्षा से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से कहा कि असामयिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान के सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। धान को वर्षा के जल से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर रखे तथा धान के स्टैकिंग को पूर्ण रूप से ढक कर रखे। उन्होंने कहा कि धान के स्टैकिंग के लिए नीचे में ड्रैनेज व्यवस्थित रूप से बनाएं तथा पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण भी करें। कलेक्टर महोबे ने कहा कि धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वे सभी धान उपार्जन केन्द्रों में, कैप कव्हर, बारदाना, चबूतरा, कांटा-बांट, धर्मकांटा का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र का कैलीब्रेशन, डेनेज, नाली निर्माण, धान भूसा, फेसिंग, मुख्य सड़क से खरीदी केन्द्र तक रोड की व्यवस्था का निरीक्षण करें। उन्होंने असामयिक वर्षा को दृष्टिगत धान उपार्जन केन्द्रों में पानी निकासी के लिए नाली, तिरपाल, चबूतरा एवं धान भूसा में धान रखे जाने संबंधी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में 90 सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 108 धान उर्पाजन केन्द्रों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी संचालित की जा रही है। इन 108 धान उर्पाजन केन्द्रों के माध्यम से 537853.00 मी. टन अनुमानित लक्षय है। 29 नवंबर 2023 तक 74080.92 मी. टन धान खरीदी की जा चुकी है एवं किसानों के खाते में 162 करोड़ 52 लाख 40 हजार 155.60 रूपए हस्तांतरित किया जा चुका है। इसके साथ ही 23440.00 चिंटल धान मिलर को जारी किया गया है। कबीरधाम जिला राज्य के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र होने से दीगर राज्य एवं अन्य जिलों से अवैध रूप से धान का परिवहन कर उर्पाजन केन्द्रों में धान खपाए जाने की आशंका को विशेष ध्यान रखते हुए जिले के 12 सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेकपोस्ट के माध्यम से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

आज शाम शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति विलंब से

राजनांदगांव, 30 नवंबर। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जल संयंत्र गृह मोहारा के 17 एवं 27 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में हुये इंटर कलेक्शन राईजिंग पाईप लाईन लिकेज हो गया है, जिसका मरम्मत कार्य 1 दिसम्बर 2023 को किया जाना है, जिस हेतु 17 एवं 27 एम.एल.डी. प्लांट कुछ घंटो के लिये बंद किया जाना है। उक्त कार्य किये जाने के कारण 17 एवं 27 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट से भरने वाली इंदिरा नगर (हास्पिटल परिसर) टंकी, सिंगदई मोहड़ टंकी,लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी, टांकाघर नया टंकी, टांकाघर टंकी, शंकरपुर नया टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी, तुलसीपुर टंकी, नवागांव टंकी, यातायात नगर टंकी,न्यू सिविल लाईन टंकी।

निधन

डॉ. रामानंद सोनी

रायपुर, 30 नवंबर। फिंगेश्वर निवासी डॉ. रामानंद सोनी (उम्र-76) का आकस्मिक निधन 30 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान से फिंगेश्वर मुक्तिधाम में 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे आर्चीद सोनी के दादा थे।

मिथिलेश तिवारी

जगदलपुर, 30 नवंबर। पं. अवधेश तिवारी पुजारी बालाजी मंदिर (भीतर मठ) की धर्मपत्नी श्रीमती मिथिलेश तिवारी का 30 नवंबर को स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे उनके गृह निवास मोती तालाब पारा महावीर भवन के पास से खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

सुखनंदन यादव

महासमुंद, 30 नवंबर। स्थानीय वार्ड क्रमांक 14 बिठोबा के समीप निवासी सुखनंदन यादव 70 वर्ष का 30 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेम यादव के बड़े भाई, जीवन, अनिता, गीता, सीता यादव के पिता, संजय यादव के बड़े पिता व अजय यादव के दादा थे।

डॉ. दयाराम वर्मा

बलौदाबाजार, 30 नवम्बर। ग्राम किरना (तिल्दा) निवासी डॉ. दयाराम वर्मा 72 वर्ष का देहावसान 30 नवम्बर को हो गया है। वे पूर्व राज्य सभा सदस्य छाया वर्मा के पति थे। जिनकी अंत्येष्ठि गृह ग्राम किरना (तिल्दा) में 1 दिसम्बर दिन शुक्रवार को 11 बजे होगी। इनके निधन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु सहित राजनीतिक नेताओं, शुभचिंतकों एवं समाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

विठ्ठल गजभिए

भिलाईनगर, 30 नवंबर। सेक्टर-2 सड़क-3, क्वॉटर-7/ए निवासी 75 वर्ष विठ्ठल गजभिए का निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास स्थान सेक्टर-2 से गुरुवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



पूरन सिंघ ठाकुर

छुईखदान, 30 नवंबर। स्वास्थय विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी पूरन सिंघ ठाकुर का निधन लगभग 80 साल की उम्र में सुयश अस्पताल रायपुर में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार छुईखदान स्थित टिकरी पारा शमशान घाट में किया गया। श्री सिंह स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़े बाबू के पद पर कार्य करते हुए सेवानिवृत हुए थे। श्री सिंघ साहब नवभारत संवाददाता महेंद्र सिंघ ठाकुर के पिता थे, उनके निधन पर प्रेस क्लब के सदस्य संजय शर्मा अनिल यादव सज्जाक खान दीपक देशमुख नीलम वैष्णव देवेश सोनी करण पाल ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

केसीजी जिले में 3 को मतगणना के दिन शराब की दुकानें रहेगी बंद

खैरागढ़, 30 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश में प्रदेश में हुए पहले चरण का विधानसभा चुनाव 20 सीटो पर संपन्न हुआ था. जिसका मतदान 7 नवम्बर को हुआ है. वही दूसरे चरण का विधानसभा चुनाव 80 सीटो में पर हुआ था. जिसका मतदान 17 नवम्बर को हुआ है. वही परिणाम 3 दिसंबर को जनता के सामने होगा छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार में कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी गापोल वर्मा ने केसीजी जिले में स्थित देशी ,विदेशी मदिरा दुकान को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई में 3 दिसंबर को शराब की संपूर्ण दुकानें बंद रहेगी उक्त तिथि में मदिरा की सम्पूर्ण शराब भट्टी प्रतिबंधित रहेगा।

सभी डाक मतपत्र कड़ी सुरक्षा के बीच कोषालय के स्ट्रॉंक रूम में

बेमेतरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 की निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारी एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग व दिव्यांग वर्ग के घर - घर नियमानुसार कराये गये मतदान और इलेक्ट्रॉनिकली ट्रॉसमिटेड पोस्टल बैलेट (ईटीपीबी) सिस्टम सेवारत मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्र जिसे कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्ता के समक्ष कोषालय स्ट्रॉंग रूम में सील बंद किया गया है।

नोडल अधिकारी डाक मतपत्र से मिली जानकारी अनुसार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारी, 80 से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं सहित ईटीपीबी सेवारत मतदाताओं से 2856 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। डाकमत पत्र विधानसभा वार इस प्रकार है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा में ड्यूटी कर्मचारियों के 1061, डाक मतपत्र, 04 मतपत्र पत्र 80 से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग वर्ग के तथा 13 डाकमत पत्र (ईटीपीबी) सेवारत मतदाताओं से प्राप्त हुए है। विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा में डयूटी कर्मचारियों के 980 डाक मतपत्र और 80 से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग वर्ग के 9 मतपत्र और 17 ईटीपीबी से प्राप्त हुए है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 नवागढ़ में ड्यूटी कर्मचारियों के 750 डाक मतपत्र, और 5 मतपत्र 80 से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग वर्ग से तथा 17 मतपत्र ईटीपीबी डाक मतपत्र से प्राप्त है। मालूम हो कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात 2791 अधिकारी -कर्मचारियों ने बीते 9 नवंबर से अंतिम दिन 14 नवंबर मंगलवार तक कलेक्ट्रेट में बने जिला स्तरीय सुविधा केंद्र पर अपना वोट डाला था। उक्त निर्धारित तारीखों में कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी मतदान दल,बीएलओ, ड्रायवर, डाक मतपत्र से अपना मतदान किया। इसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो के साथ साथ कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 6 में भी मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया था। सभी डाक मतपत्र कड़ी सुरक्षा में कोषालय के स्ट्रॉंग रूम में रखा गया है।

तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी/ निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थित में खोला जाएगा विशेष स्ट्रांग रूम

निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मियों सहित ईटीपीबी एवं 80 प्लस एवं दिव्यांग वर्ग से प्राप्त डाक मतपत्र का विधानसभा वार ब्यौरा

विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्राप्त डाक मतपत्र / श्वज्ञक्क्र को जिला कोषालय स्थित विशेष स्ट्रांग रूम में ष्टक्क्र सुरक्षा व्यवस्था के साथ सील बंद पेटी में रखा गया है। मतगणना कार्य के लिए डाक मतपत्र/श्वज्ञक्क्र की सीलबंद पेटी को निकालने हेतु मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को प्रात: 6:30 बजे जिला कोषालय स्थित विशेष स्ट्रांग रूम को नोडल अधिकारी डाक मतपत्र, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति में खोला जायेगा। इसी दिन प्रात: 07:00 बजे तक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतगणना कक्ष कृषि उपज मंडी परिसर बेमेतरा में परिवहन किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के अभ्यर्थी/ निर्वाचन अभिकर्ताओं से मतगणना वाले दिन 3 दिसम्बर को प्रात: 6:30 बजे जिला कोषालय स्थित विशेष स्ट्रांग रूम को खोलने, परिवहन एवं उक्त कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है। इसके लिए अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकताओं को उपस्थित रहने हेतु पत्र भी जारी किया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 नवम्बर 2023 तक प्राप्त डाक मतपत्र एवं श्वज्ञक्क्र विधानसभा क्षेत्रवार सीलबंद पेटी में है। जिसे मतगणना वाले दिन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में रखा जायेगा। दिनांक 23 नवम्बर 2023 से डाक द्वारा प्राप्त होने वाले श्वज्ञक्क्र एक साथ सीलबंद पेटी में रखा गया है। जिसे मतगणना वाले दिन विधानसभा क्षेत्र 69- बेमेतरा में वरिष्ठ एवं सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में खोला जायेगा और श्वज्ञक्क्र लिफाफा की विधानसभा वार घंटनी की जायेगी और संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को मतगणना हेतु सौंपा जायेगा। मतगणना वाले दिन 3 दिसंबर को प्रात: 6:30 बजे जिला कोषालय स्थित विशेष स्ट्रांग रूम को खोलने, परिवहन एवं उक्त कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहने का कष्ट करें।

अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं को मतगणना के संबंध में दी जानकारी

कवर्धा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा के लिए 03 दिसंबर 2023 को सुबह 08 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन पर मतगणना की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारियां अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं को दी जा रही है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया के रिटर्निंग अधिकारी संदीप ठाकुर, विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी पीसी कोरी ने अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं को मतगणना के संबंध में जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर एमके गुप्ता ने अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं कंट्रोल यूनिट से मतगणना कार्य और डाक मतपत्र, ईटीपीबी की गणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल में अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने मतगणना अभिकर्ता की भूमिका एवं उत्तर दायित्व, नियुक्ति, पात्रता, प्रति अभ्यर्थी मतगणना अभिकर्ताओं की संख्या, मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति की समय सीमा, नियुक्ति का प्रतिसंहरण, मतगणना हॉल के अंदर आचरण, मतगणना मेजो की बैरिकेंटिंग की व्यवस्था तथा गोपनियता बनाएं रखने के संबध में जानकारी दी। इसके साथ मतदान की प्रक्रिया डाक मतपत्रों की गणना, निर्वाचन में ईवीएम और व्हीव्हीपैट, मतो की गणना, परिणाम सुनिश्चित करना, ईवीएम मतो एवं व्हीव्हीपैट पर्चीयों के गणना से संबंधित विशेष मामलां में की जाने वाली कार्यवाही, अंतिम परिणाम पत्रक की जानकारी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

मतगणना हॉल के अंदर प्रत्याशी और अभिकर्ता द्वारा किए जाने वाले आचरण

रिटर्निंग अधिकारी ने अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं को बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद, मतगणना अभिकर्ता से रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष मतदान की गोपनीयता को बनाए रखने के विषय में उसके नियुक्ति पत्र में अंतर्विष्ट घोषणा पर हस्ताक्षर करना होगा। नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और घोषणा के सत्यापन के बाद रिटर्निंग ऑफिसर मतगणना अभिकर्ता को मतगणना हॉल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर किसी भी मतगणना अभिकर्ता को मतगणना हॉल में प्रवेश करने से पहले उसकी व्यक्तिगत तलाशी लिए जाने के लिए अधिकृत है। प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा एक बैज दिया जाएगा जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि वह किसका अभिकर्ता है और उस मेज की क्रम संख्या भी दर्शायी जाएगी, जिस पर हो रही मतगणना पर वह नजर रखेगा। उसे आबंटित मेज पर बैठा रहना चाहिए। उसे पूरे हॉल में चलने-फिरने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी, उसके निर्वाचन अभिकर्ता और उनकी अनुपस्थिति में, केवल रिटर्निंग ऑफिसर की मेज पर नियुक्त उसके मतगणना अभिकर्ता को सभी मतगणना मेज के चारों ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।

मतगणना हॉल में रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशों का करना होगा पालन

प्रत्येक व्यक्ति से मतगणना हॉल के भीतर कड़ा अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में रिटर्निंग ऑफिसर के साथ पूरी तरह सहयोग किया जाना अपेक्षित होगा। उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना चाहिए। रिटर्निंग ऑफिसर किसी ऐसे व्यक्ति को मतगणना हॉल से बाहर भेज सकता है जो उसके निर्देशों की बार-बार अवज्ञा कर रहा हो। मतगणना अभिकर्ता और दूसरे व्यक्तियों को मतगणना प्रक्रिया के दौरान मतगणना हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। दूसरे शब्दों में, जब एक मतगणना अभिकर्ता और अन्य व्यक्ति मतगणना हॉल के भीतर है, तो उन्हें साधारणतया परिणाम की घोषणा के बाद ही बाहर जाने की अनुमति होगी।

मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्मार्ट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण प्रतिबंध

मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना अभिकर्ताओं को अपने उपयोग, संदर्भ के लिए मतगणना कक्ष के अंदर पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान समाप्ति के बाद मतदान अभिकर्ता को दी गई 17सी (मतों का लेखा) की डुप्लिकेट कॉपी, पेन, पेसिल, सादा कागज, नोट पैड ले जाने की अनुमति है। मतगणना स्टॉफ, अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

मतपत्र में अभ्यर्थियों के अंकित नाम के क्रम में बैठेंगे मतगणना अभिकर्ता

मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने के लिए मेंजो की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक कतार में मेजों को क्रम संख्याकित किया जाएगा। प्रत्येक मतगणना मेंजों पर अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए बैठने की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें पहले क्रम में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता, दूसरे क्रम में मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता, तीसरे क्रम में अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता जिन्हें निर्वाचन क्षेत्र में अपने आरक्षित प्रतीकों का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। पंजीकृत-अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता तथा निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता। मतगणना अभिकर्ता अपनी पंक्ति में उसी क्रम में बैठेंगे जिस क्रम में मतपत्र में अभ्यर्थी का नाम अंकित है।

21-21 टेबल में पूरी होगी मतगणना

मतगणना जिले के कृषि उपज मंडी में सुबह 08 बजे से शुरू होगी। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा के मतों की गिनती के लिए गणना हॉल में 21-21 टेबल लगाए जाएंगे। ईवीएम मशीनों के वोटों की अंतिम राउंड की गिनती के तत्काल बाद पांच मतदान केंद्रों का रेंडम आधार पर चयन कर वीवीपैट पर्ची की गिनती की जाएगी। प्रत्येक मतगणना टेबल के पास बेरीकेडिंग के बाहर गणना एजेंट के बैठने की व्यवस्था होगी। उन्हें एक टेबल से दूसरे टेबल में आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता बेरीकेडिंग के बाहर से ही एक टेबल से दूसरे टेबल पर आना-जाना कर सकेंगे।

प्रादेशिकी का शेष...

पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए ...

करने के पश्चात् किया जायेगा। अन्य सभी आवेदकों को वि.वि. द्वारा जारी पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 से संबंधित प्रवेश पत्र के आधार पर 17 दिसंबर को प्रात: 11 से 1 बजे तक आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में बैठना अनिवार्य होगा।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यूजीसी के नियमानुसार प्रत्येक विषय में कुल 100 अंक का वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित प्रष्नपत्र होगा। जिसमें 02 अंक वाले 50 प्रश्न परीक्षार्थी को हल करना होगा। इन 50 प्रश्नों में से 25 प्रश्न विद्यार्थी के संबंधित विषय से तथा 25 प्रश्न रिसर्च मैथोडोलॉजी पर आधारित होंगे। विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों को 70 अंकों में से परिवर्तित किया जायेगा तथा प्रावीण्यता के आधार पर साक्षात्कार हेतु बुलाये गये आवेदकों को साक्षात्कार हेतु 30 अंक आबंटित होंगे। लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा दोनों को मिलाकर प्रत्येक विषय में प्रावीण्य चयन सूची तैयार की जायेगी। वि.वि. में मान्यता प्राप्त शोधनिर्देशकों के पास उपलब्ध रिक्त स्थानों के आधार पर शोधार्थियों को प्रावीण्यता क्रम में पीएचडी हेतु प्रवेश दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में लगभग 60 प्राध्यापकों ने नये शोधनिर्देशक बनने हेतु वि.वि. में आवेदन किया है। जिसपर वि.वि. में 6 से 21 दिसंबर के मध्य में आयोजित होने वाली आरडीसी की बैठक में विचार किया जायेगा।

दूसरे दिन भी गौरव पथ से ...

लेकर जेल तिराहे तक के अतिक्रमण हटाये गये। इस कार्रवाई में सड़क के दोनों किनारे लगाये ठेले, पसरा को हटाया गया। आज गौरव पथ पर सांई द्वार चौक से महिला समृद्धि बाजार, जेल तिराहा चौक और महाराजा चौक से बोरसी चौक तक सड़क किनारे फल व सब्जी के ठेलों को हटाया गया। सड़कों के किनारे खड़े ठेलों, दूकानों के बाहर रखे बोर्ड, बैनर पोस्टर हटवाये गये। इसके साथ ही फुटपाथ व सड़क को भी हटाया गया।

आज स्वयं आयुक्त लोकेश चंद्राकर भी मौके पर पहुंचे। श्री चंद्राकर व अवैध कब्जे हटाओं दल को देखने ही लोगों ने अपने सामान खुद ही हटा लिये। जिन लोगों ने सड़क पर टेंट लगा लिये थे, उन्हें भी हटा लिया। इसके बाद महाराजा चौक से बोरसी रोड तक भी अभियान चलाकर फुटपाथ पर फल, सब्जी इत्यादि व्यवसाइयों की दूकानें हटवाकर उन्हें दुबारा अतिक्रमण नकरने की समझाइश दी गई। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने सड़क के दोनों किनारे जो लोग व्यवसाय कर रहे है उन्हें सर्विस रोड खाली दें अन्यथा उन पर जुर्माने के साथ ही सामान जब्ती बेदखली की कार्रवाई की जायेगी। आयुक्त श्री चंद्राकर ने चौक चौराहों, बिजली पोल पर लगाये गये बैनर पोस्टर को निकालकर जब्त करने के निर्देश दिये। आज की कार्रवाई में बाजार अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव, मुक्तेश कान्हें, मनीष त्रिपाठी, के अलावा नगर निगम की टीम सक्रिय रही।

निर्माणाधीन शाला भवन की ...

बगैर भवन निर्माण का ठेका दिया गया। पूर्व सरपंच ने इस पूरे मामले में संबंधित इंजीनियर व ठेकेदार पर स्तरहीन निर्माण सामग्री व कमीशनखोरी का आरोप भी लगाया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में नरेन्द्र कुमार, सालिक राम, अमर सिंह, प्रदीप शामिल थे।

शत प्रतिशत हाजिरी के लिए ...

है। अभी तक 7 प्रश्नबैंक 06 मॉडयूल एंव 14 मासिक टेस्ट के प्रश्न तैयार कर लिए गए हैं। कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के कक्षावार एवं विषयवार इंटरएक्टिव वीडियो विषय विशेषज्ञों द्वारा वीडियो तैयार करने को कहाए ताकि बच्चों की विषय की मूलभूत अवधारणा स्पष्ट हो सके। शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन एवं कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम आने वाले स्कूलों का निरीक्षण करने को कहा और शिक्षा स्तर में सुधार करवाने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि 10 सेजेस स्कूलों में स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं बच्चों को दी जा रही है। जिले में नवाचारी गतिविधियों के तहत जिले में चल रही कम्प्यूटर कोडिंग संचालित कक्षाओं की जानकारी ली, जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय के कम्प्यूटर शिक्षक को कोडिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। कम्प्यूटर शिक्षक के द्वारा विद्यालय में छात्र छात्राओं को विद्यालय समय सारणी के अनुसार कोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विद्यालयों में ऑनलाईन माध्यम से नवगुरूकुल दिल्ली द्वारा संचालित की जा रही है। जिले के 23 सेजेस स्कूलों में यह कक्षाएं संचालित की जा रही है।

जिला चिकित्सालय में ...

उन्होंने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक त्त अरुण साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.जे पी मेश्राम, आर एम ओ त्त अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज...

बलराम चंद्राकर यशवंत दिल्लीवार गोपाल कृष्ण वर्मा डाकेश्वर परघनिया अशोक देशमुख शशि भूषण चंद्राकर मिला देशमुख जितेंद्र सिंगरौली विजय बल चंदन सुरेश कौशिक सुरेंद्र देशमुख हेमंत कश्यप पवन दिल्ली बर तेजराम देशमुख नरेंद्र कौशिक पुष्पक रात देशमुख कोमल देशमुख टीकम पिपरिया तिलक देशमुख महेंद्र कश्यप दिलीप देशमुख भूपेंद्र वर्मा की संदेशों प्रदीप चंद्राकर केके राजू चंद्राकर कार्यकारिणी सदस्य माखन वर्मा दीना देशमुख नागेन्द्र चंद्राकर चांदनी बैस किशोर देशमुख टेकेश्वर गौतम पोषण देशमुख महेंद्र कश्यप ललित वर्मा धानेश्वर देशमुख विपिन कौशिक नीरज देशमुख शेखर बैसवाड़े धर्मेंद्र वर्मा रवि चंद्राकार वाल्मीकि वर्मा मोहन चंद्राकर महेंद्र चंद्राकर रोचिका देशमुख अंजू चंद्राकर लीना चंद्रवंशी मंजू वर्मा सुरेंद्र चंद्राकर दिग्विजय चंद्रा गोविंद कुमार चंद्रा सीताराम चंद्रा विवेक चंद्राकर मोहित देशमुख।

समिति प्रबंधक के विरोध में 3 घंटे चक्काजाम

डोंगरगांव, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विकासखंड छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जोशीलमती सोसायटी के प्रबंधक की मनमानी को लेकर एक बार क्षेत्र के किसान लामबंद हो गए थे करीब छह-सात माह पहले समिति प्रबंधक पर क्षेत्र के किसानों द्वारा बीमा कंपनी का एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी, किंतु समय गुजरने के बाद उनकी पुन- बहाली को लेकर अब किसान फिर लामबंद हो गए थे इस मामले को लेकर 11 गांवो के किसानों द्वारा जोशीलमती सेवा सहकारी समिति में 30 नवंबर को 11 बजे से 1 बजे तक 3 घंटे तक सोसायटी में तालाबंदी कर 3 घंटे तक धान खरीदी बंद कर सोसायटी के सामने चक्का जाम किया गया चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रभारी तहसीलदार आकांक्षा साहू जोशीलमती सोसायटी पहुंच कर किसानों से जानकारी लिया गया तो वहां पर उपस्थित किसानों ने तहसीलदार को बताया की पूर्व से ही यहां पर प्रबंधक कैलाश गजपल्ला के ऊपर निलंबित की कार्रवाई हुआ था जो जॉइनिंग के लिए बहल होकर वापसी जोशीलमती सोसायटी ज्वाइन करने वाला है तभी तहसीलदार ने बताया किसानों को कि यहां पर प्रबंधक का ज्वाइन नहीं हुआ है इनके बादअन्य उपस्थित सहकारिता अधिकारी सी ई ओ देवेंद्र कुमार मिश्रा और प्राधिकृत अधिकारी एस एस पंद्रे ने लिखित आदेश कॉपी किसानों को दिया गया की कैलाश गजपल्ला यहां पर ज्वाइन नहीं करेगा सभी किसानों के सामने एक लिखित आदेश उपस्थित अधिकारियों द्वारा दिया गया तभी चक्का जाम समाप्त किया गया

- **सोसायटी में 11 गांवों के किसानों ने ताला बंदी किया**
- **अधिकारी के लिखित आदेश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ**

चक्काजाम में 11 गांव के किसान उपस्थित हुए

गैंदाटोला के समीपस्थ ग्राम जोशीलमती सोसायटी में जोशीलमती सहित क्षेत्र के ग्राम गर्रापार, खोराटोला, कोलियारी, कोलिहालमती, पठानढ़ोडगी, दतरेंगाटोला, हर्राटोला, केसाल, मावलीनचुवा, दैहान आदि गांवों के किसानो ने प्रबंधक के खिलाफ अपनी उपस्थिति देकर प्रबंधक को हटाओ अभियान का मुहिम छेड़ा गया था जो उपस्थित अधिकारियों के लिखित आदेश के बाद समाप्त किया गया।

डा. गुरमीत ने दिये छात्र-छात्राओं को विशेष टिप्स

बेमेतरा, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। आज एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् व लेखक डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल का आगमन हुआ उन्होने कामर्स सेक्शन के ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया एवं परीक्षा में ध्यान रखने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया जो की छात्र - छात्राओं के लिए सहायक सिद्ध होंगे ।

मुख्यत: उन्होने तार्किक प्रश्नों तथा वैकल्पिक प्रश्नों को हल करने संबंधी तकनीक को छात्रों को बताया कि वे किस तरह इन प्रश्नों को आसानी से एवं सटीकता से कम समय में हल कर सकते है। इसी प्रकार उन्होने अपने व्याख्यान के माध्यम से कठिन परिश्रम, लक्ष्य निर्धारण जैसे सकर्ते महत्वपूर्ण बिदुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार उन्होंने परीक्षा में उत्तर पुस्तिका लिखते समय लेखन को शैली के साथ साथ समय का ध्यान कैसे रखा जाए इस पर बल दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा भी करियर संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए जिनका समाधान डॉ गुरमीत सिंह द्वारा बहुत ही उम्दा तरीके से किया गया एवं भविष्य को उन्वल बनाने हेतु अनेक टिप्स दिए गए। उनके ज्ञान और अनुभव की स्पष्ट झलक उनके व्याख्यान में नजर आ रही है।

ज्ञात हो कि डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल द्वारा अनेक पुस्तकें लिखी गई है जो पुस्तकें केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में उपयोग की जा रही है। उनके विशेष रूप से प्रचलित पुस्तक 'डबल एंट्री बुक किपिंग' ग्यारहवीं और बारहवीं में प्राय: सीबीएसई विद्यालयों में संचालित हैं छात्र-छात्राओं ने उनसे अपने ङ्क अपने पुस्तक में स्मरणीय हस्ताक्षर करवाया ।

उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि बेमेतरा में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के माध्यम से छात्रों को उनके उज्वल भविष्य संबंधी वर्ल्ड क्लास मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है जो उन्हें उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए अत्यावश्यक एवं उपयोगी है, उनके द्वारा लिए गये इस सेमीनार में छात्र स्वयं को लाभान्वित एवं प्रोत्साहित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इसी तर्ज पर विद्यालय प्राचार्य श्री पंकज जोशी द्वारा भी छात्रों को आवश्यक परीक्षोपयोगी निर्देश प्रदान किए गए एवं अनुभवों को साझा किया गया। उन्होंने कहा कि समय के उचित व्यवस्थापन, उचित शैक्षिक तकनीकों के उपयोग से सफलता को सुगमतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है।

सेमिनार में प्राचार्य श्री पंकज जोशी व उप प्राचार्य श्री राकेश कुमार एवं कामर्स संकाय की विभागाध्यक्ष मिस प्रियंका व सभी कॉमर्स शिक्षक-शिक्षिकाएँ प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी ने सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवं लेखक 'डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल' के द्वारा छात्रों को दिए गए अनमोल मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया ।

विद्यालय संचालिका 'श्रीमती भावना बोहरा' ने विद्यालय मे आए सुप्रसिद्ध शिक्षाविद व लेखक डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल को अपना बहुमूल्य अनुभव से बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया एवं कहा कि आज डॉ. ग्रेवाल द्वारा किया गया मार्गदर्शन शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को आने वाले भविष्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगा। उन्होने कार्यक्रम मे उपस्थित कॉमर्स विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के 'शैक्षणिक सेमिनार' का आयोजन विद्यालय मे निरंतर होते रहेंगे एवं आने वाले परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

मोदी जी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी: खूबचंद पारख

राजनांदगांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा डोंगरगढ़ के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने आज पांचो राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात अपने दावे में विश्वासपूर्वक कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार स्पष्ट बहुमत से बनने जा रही है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पारख ने कहा कि 5 वर्षों में भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार एवं वादाखिलाफी के कारण सरकार की नीतियों से परेशान जनता ने भूपेश सरकार को घोषणा पत्र पर कतई विश्वास नहीं किया है, क्योंकि पिछली बार भी 36 वायदों साथ भरोसे सरकार बनाई गई थी, वह सरकार ने पूरे नहीं किया, साथ ही इस बार भाजपा ने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी योजना लाकर लोगों का दिल जीत लिया जिसके कारण यहां के सभी वर्गों ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है। इसलिए छत्तीसगढ़ में स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बेमेतरा, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का जायजा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान एसपी बेमेतरा ने सुरक्षा बलों की डियूटी, बैरिकेडिंग आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कृषि उपज मण्डी बेमेतरा स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा बलों को सजगता के साथ स्ट्रांग रूम की निगरानी करने के निर्देश दिये। विधानसभा निर्वाचन की मतगणना त्रिस्तरीय कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 08 बजे से की जायेगी।

कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर मतगणना स्थल में त्रिस्तरीय कडी सुरक्षा व्यवस्था रहेंगी। पहली और बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती रहेंगी। द्वितीय और मध्य स्तर पर स्टेट आर्म फोर्स सुरक्षा करेंगी। तृतीय स्तर पर सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल (केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स) के हवाले सुरक्षा रहेंगी। सम्पूर्ण मतगणना क्षेत्र सीसीटीवी कैमरों के निगरानी में है। मतगणना तीसरी आँख (सीसीटीवी कैमरा) की निगरानी में होगी। कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर के पूरे मतगणना स्थल में मोबाइल, स्मार्ट वॉच एवं किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना कक्ष, परिसर में तरल, ज्वलनशील पदार्थ, अनुचित तुकीली वस्तु, धूम्रपान, गुटका व मोबाईल का प्रवेश पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के सहायक कमांडेंट अम्रेश विश्वास, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, ,डीएसपी कमल नारायण शर्मा, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के निरीक्षक इंद्र सिंह, उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, सब इंजिनियर बी.आर. मरकाम एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

16 दिसम्बर को आयोजित वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ के साथ बैठक

बेमेतरा 30 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित है। आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार शास्त्री, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री उमेश कुमार उपाध्याय, सचिव श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री प्रणीश चौबे, श्री पी गोवर्धन, श्री नरेश तिवारी, श्री गिरीश शर्मा, श्री विनय किशोर सिंह, श्री हेमंत वर्मा एवं अन्य साथी अधिवक्ता के साथ अधिवक्ता बार रूम में बैठक ली।

उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिये अधिवक्ताओं के साथ परिचर्चा की गई। माननीय अध्यक्ष / जिला न्यायाधीश ने कहा की लोक अदालत में किसी पक्षकार की ना हार होती है ना जीत होती है। सौहाद्रपूर्ण तरीके से पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण किया जाना चाहिये। जिसमें अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अधिवक्ताओं से सतत रूप से प्रकरणों का पर्यवेक्षण कर अधिक से अधिक राजीनामा प्रकरणों का निराकरण करने सहयोग करने कहा। माननीय अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश ने यह भी कहा कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण में बीएसएनएल, विद्युत विभाग, नगर पालिका, बीमा कंपनी, बैंक से प्राप्त लोन के प्रकरण के निराकरण के साथ-साथ चेक बाउस के प्रकरण, भरण पोषण एवं राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। तहसील न्यायालय में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे विक्रय पत्र, दान पत्र, वसीयतनामा आदि के आधार पर नामांतरण के मामले आदि का निराकरण नेशनल लोक अदालत में करने पर चर्चा की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत पुरे देश में आयोजित किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी आयोजित की जायेगी। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भाँति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है।

एक बार फिर बनेगी कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार: विवेक वासनिक

राजनांदगांव, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक ने दावा किया है कि, कांग्रेस सरकार के पिछले पांच वर्ष के सुशासन और किसान, मजदूर, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों का ख्याल रखा, उसी की वजह से जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को फिर से मिला है। उन्होंने आगे कहा किए प्रदेश में एक फिर कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस सरकार का काम धरातल पर दिखा है, जिसे देखते हुए प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर एक बार फिर भरोसा जताया है और इसी भरोसे के साथ कांग्रेस को बड़ी जीत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया है।

राजगामी अध्यक्ष श्री वासनिक ने कहा कि, कांग्रेस 70 से अधिक सीट जीतकर पुन: सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता-बहनें, युवा, श्रमिक, व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति रहा है। विधानसभा का यह चुनाव कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा है। पहले चरण के मतदान के बाद से ही यह स्पष्ट हो गया था कि, राज्य में तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन रही है। पहले चरण की सभी 20 सीटें कांग्रेस जीतेगी। दूसरे चरण के मतदान के बाद हम अपने 75 सीटों के लक्ष्य को जरूर पूरा करेंगे। कांग्रेस ने 2018 के अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदों को विगत 5 वर्षों के कार्यकाल के भीतर निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और भी ज्यादा बढ़ा है। यही कारण है कि, जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी अब की बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

परिपेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा पृथक-पृथक एरिया (ज़ोन) निर्धारित

बेमेतरा, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 में पदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिला बेमेतरा की सीमा के अन्तर्गत सभी शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय और समस्त शासकीय कार्यालय (भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन) क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। इस आशय के आदेश कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बेमेतरा से जारी किया था ।

कलेक्टर द्वारा आज जारी ताजा आदेश में स्पष्ट किया है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत परिपेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा पृथक- पृथक एरिया (ज़ोन) निर्धारित किया गया है- औद्योगिक क्षेत्र, दिन में 75 डीबी रात के समय 70 डीबी वाणिज्यिक क्षेत्र, दिन के समय 65 डीबी ,रात 55 डीबी, इसी प्रकार आवासीय क्षेत्र में दिन के समय 55 डीबी रात में 45 डीबी और शांति परिक्षेत्र में दिन के समय 50 डीबी और रात के समय 40 डीबी ध्वनि का स्तर होना चाहिए। दिन का समय अर्थात प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे और रात का समय अर्थात रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक है। शांति परिक्षेत्र के कम से कम 100 मीटर दूर तक पटाखे न फोड़े जाये । इसी प्रकार इनसे 100 मीटर दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी भी प्रकार के सांउड एम्लीफायर का उपयोग प्रतिबंधित होगा ।

रक्तदान शिविर मे 41 युवाओ ने किया रक्तदान

गुण्डरदेही, 30 नवम्बर (देशबन्धु) । स्वर्गीय कंवर लाल देशलहरा की स्मृति मे मानव सेवा परिवार गुण्डरदेही के तत्वावधान मे गुरूवार 30 नवंबर को गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे 41 युवाओ ने रक्तदान किया शिविर मे नगर के आलावा आसपास के युवा भी पहुंचे गुण्डरदेही चेम्बर आफ कामर्स के सदस्य प्रमोद जैन व सुरेश सोनी ने बताया की मानव सेवा परिवार की पहल सराहनीय है रक्तदान से न सिर्फ दूसरों की जिंदगी बचती है बल्कि मानव शरीर भी स्वस्थ रहता है। गुण्डरदेही बीएमओ मारकंडे सर ने बताया कि बालोद व गुण्डरदेही अस्पताल की टीम रक्तदान करने वाले व्यक्ति की स्वास्थ्य जांच के बाद ही रक्तदान करवाया गया उन्होंने बताया कि मानव सेवा परिवार द्वारा जो रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था वह गरीबों जरूरतमंदों को समय पर रक्तदान उपलब्ध कराना है रक्त न मिलने की वजह से गर्भवती महिलाए सड़क हादसे में घायलों को परेशानी का सामना करना पड़ता है अस्पतालों में खून की कमी बनी रहती है शिविर में जो ब्लड जमा होगा वह ब्लड बैंक बालोद को जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने मे मानव सेवा परिवार के सदस्य प्रमोद जैन सुरेश सोनी अंकित जैन मनीष जैन दर्शन जैन दिनेश टावरी सोहन सिन्हा अमीत जैन केशव साहू दयाराम सिन्हा आदि शिविर को सफल बनाने मे जुटे हुए थे सभी रक्तदान दाता को मानव सेवा परिवार की ओर से प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉ करण ओटवानी सीएचसी बालोद डॉ अजय कुमार साहू बालोद उत्तम टंडन दिलीप निर्मलकर चैतराम रामनाथ ठाकुर चमन डडसेना वरूण डडसेना शीतल ठाकुर ओपी नेताम डॉ पुजा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही के अन्य स्टाप मौजूद थे ।

नामदेव समाज ने मनाई संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 753वीं जयंती

गंडई पंडरिया, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज की 753 वीं जयंती गंडई नगर में धूमधाम से मनाई गई। संत नामदेव के अनुयायीयों ने जयंती के अवसर पर विभिश्र कार्यक्रम का आयोजन भी किया। समाज के लोगों ने भगवान सत्यनरायण का पूजा अर्चना भी किया।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 27 नवंबर को गंडई में नामदेव समाज द्वारा अपने आराध्य देव संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की जयंती सादगी पूर्ण भक्तिभाव से मनाया। समाज ने राम मंदिर में बैठक का आयोजन कर जयंती की रूपरेखा तय किया गया था। जिसमें 27 नवम्बर को सुबह 11 बजे नामदेव मंच में संत नामदेव के आराध्य देव भगवान सत्यनरायण का पूजा अर्चना किया गया जो लगभग 3 बजे तक चला। समाज के युवाओं ने रैली की तैयारियां किए। संत नामदेव की तैलचित्र को और वाहन को फूलों से सजाया गया। लगभग शाम 5 बजे डीजे की धुन में रैली निकाली गई। रैली वार्ड नम्बर 02 डहरिया पारा से निकाली गई जोकि डिवहार पारा, चौंदनी चौक और हटरी होते हुए कृष्ण मंदिर पहुंची। रैली में मुकेश नामदेव एवम देवनरायन नामदेव के द्वारा प्रसादी स्वरूप पोहे का वितरण किया।

बता दे कि श्यामलाल नामदेव के घर में कुछ वर्षों पूर्व संत शिरोमणि नामदेव महाराज की आकर्षक मूर्ति की स्थापना किया गया था जिसकी प्रति वर्ष उनके परिवार एवं समाज के द्वारा किया जाता है। समाज के महिलाएं पुरुष हर वर्ष अपने आराध्य की पूजा करने श्यामलाल नामदेव के घर जाते है। इस वर्ष भी समाज की महिलाये एवं पुरुष ने मिलकर संत नामदेव महाराज की मूर्ति की पूजा किये। इसी प्रकार कृष्ण मंदिर पहुंच कर भगवान कृष्ण की पूजन किये है। शाम साढ़े 6 रैली का समापन राम मंदिर में किया गया। मंदिर में बच्चो एवम समाज की महिलाओ के द्वारा कुर्सी दौड़ किया गया जिसमें किरण बिसौहा नामदेव प्रथम एवं द्वितीय सीमा संजय नामदेव रही। इसी तरह बच्चो में राजदीप पिता विनोद नामदेव प्रथम एवं द्वितीय अनादि पिता देवनरायन नामदेव, छोटे बच्चों में अविराज पिता विवेक नामदेव प्रथम एवं युग पिता प्रेमचंद नामदेव रहे। कार्यक्रम में संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जीवनी पर भाषण का आयोजन किया गया जिसमें नीलम नामदेव, गौरी नामदेव, किरण नामदेव, वर्षा नामदेव, मौली, उज्ज्वल नामदेव, हर्ष नामदेव, विनोद नामदेव ने अपनी बातें रखी। मंच का सफल संचालन नवीन नामदेव के ने किया। कार्यक्रम के में समाज के वरिष्ठजनों का तिलक लगा कर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कांति नामदेव,बीगोविंद नामदेव, भरतलाल नामदेव, गौरी बाई नामदेव, पार्वती नामदेव, बिसाहू नामदेव, दीपा नामदेव, ओमप्रकाश नामदेव, लखन नामदेव, भैरव नामदेव, बिसौहा नामदेव, इंद्रापी नामदेव, लक्ष्मण नामदेव का सम्मान समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष देवनरायन नामदेव, आयुष नामदेव एवं वर्तमान अध्यक्ष अजय नामदेव के द्वारा किया गया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे 4 बच्चो ने भाग लिया था कार्यक्रम के दौरान प्रवीण नामदेव के द्वारा अपने स्वर्गीय पिता नरायनलाल नामदेव के स्मृति में प्रतम द्वितीय एवं तृतीय इनाम दिया गया। इसी प्रकार गोविंद नामदेव ने समाज के तीन वरिष्ठजनों का सम्मान कम्बल देकर किया। भाषण प्रतियोगिता में मौली नामदेव के अच्छे भाषण देने पर नीलम नामदेव के द्वारा 200 सौ रुपये एवं सूरज नामदेव के द्वारा 500 सौ रुपये पुरुष्कार दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को द्वारा रुपये का पुरुष्कार दिया गया। 200 सौ रुपये का पुरुष्कार दिया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान, समाज के युवाओं में उत्साह देखते ही बना। समाज के महिलाओ ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

पुलिस विभाग में कार्यरत निरीक्षक सीआर ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावपूर्ण विदाई



- श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मान
- श्री ठाकुर ने पुलिस विभाग में लगभग 42 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी

बेमेतरा, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस विभाग में कार्यरत निरीक्षक सी. आर. ठाकुर के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने निरीक्षक सी. आर. ठाकुर के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। वे अब अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे। उल्लेखनीय है कि निरीक्षक सी. आर. ठाकुर ने पुलिस विभाग में लगभग 42 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। इस दौरान दुर्ग, राजनांदगांव एवं बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना/चौकी में अपनी सेवा प्रदान की। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। एसपी श्रीमती भावना गुप्ता ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान निरीक्षक सी. आर. ठाकुर ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए कार्य किये। ज्ञात हो कि निरीक्षक सी. आर. ठाकुर सन 1981 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग में भर्ती हुए थे। अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत ने कहा कि निरीक्षक सी. आर. ठाकुर ने पुलिस विभाग में शालीन एवं मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई गृह विभाग में संवेदनशील होकर ड्यूटी करनी पड़ती है। इसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। पुलिस परिवार की ओर से हम उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते है। निरीक्षक सी. आर. ठाकुर ने 42 वर्ष के अपने सेवाकाल के दौरान अपने खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्टाफ से मिले भरपूर सहयोग से अपनी ड्यूटी तत्परतापूर्वक निभाई इसके लिए उन्होंने अपने स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, सेवानिवृत निरीक्षक सी. आर. ठाकुर की पत्नि श्रीमती कस्तुरी ठाकुर, पुत्र हेमंत कुमार ठाकुर, शेखर कुमार ठाकुर, बहु रूबी ठाकुर, पुत्री साधना ठाकुर, नातिन चेरीभव, काव्या ठाकुर, दोहित ठाकुर एवं पुलिस कार्यालय के अधि./कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

एयरपोर्ट पर फास्टैग

एक स्वागत योग्य निर्णय के अंतर्गत रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग के लिये लगने वाला शुल्क अब फास्टैग के जरिये भी पटाया जा सकेगा। अब तक यह भुगतान नगद लेन-देन के जरिये होता है। इससे जहां एक ओर लोगों व पार्किंग ठेकेदार कर्मचारियों का समय बचेगा, वहीं किसी तरह का विवाद भी नहीं होगा। अक्सर वहां वाहनों से आने वाले लोगों और कर्मचारियों के बीच पार्किंग के समय को लेकर विवाद होते रहते हैं। इससे भी निज़ात मिल सकेगी। ठेकेदार को इस आशय के निर्देश भी एयरपोर्ट निदेशक द्वारा दिये गये हैं। साथ ही 7 दिनों के भीतर इस तरह की आवश्यक व्यवस्था लागू करने के लिये कह दिया गया है वरना ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

यह भी बतलाया गया है कि फास्टैग का उपयोग न करने वाले चार पहिया वाहनों के चालक अपने मोबाइल से क्यूआर कोड के जरिये भुगतान कर सकेंगे। जो इन दोनों का इस्तेमाल नहीं करते वे नगद भुगतान कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित रूप से इससे निर्गम वाले स्थान पर वाहनों की भीड़ नहीं होगी। अक्सर ऐसा होता है कि वाहनों की लम्बी कतारों के कारण कई ऐसे लोगों को भी देर हो जाती है जो निर्धारित छूट वाली अवधि के भीतर ही आ चुके रहते हैं लेकिन भीड़ के कारण उन्हें ठहरना पड़ जाता है। ठेकेदार के कर्मचारी इस बात को नहीं मानते और वहां अक्सर इसे लेकर तीखी बहस हो जाती है। कई बार तो मारपीट तक होती देखी गई है। इससे बाहर से आने वाले लोग परेशान होते हैं। निश्चित रूप से फास्टैग वालों के लिये रूकने की आवश्यकता न होगी तथा क्यूआर कोड का इस्तेमाल करने वालों को केवल भुगतान कर दिया जाना ही दिखलाना पड़ेगा जो वे पहले ही कर सकते हैं। उसमें क्यूआर पेमेंट का वक्त भी दर्ज होता है। अब वहां केवल उन्हीं लोगों की भीड़ होगी जो नगद भुगतान करेंगे। तीनों तरह के भुगतान करने वालों के लिये अगर पृथक निर्गम की व्यवस्था कर दी जाये तो इससे वहां वाहनों के लिये बेहतर सुविधा निर्मित हो जायेगी। एयरपोर्ट पर होने वाली वाहनों की भीड़ से सभी को परेशानी होती है। छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति द्वारा वहां होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ नागरिक उड्डयन मंत्रालय को शिकायत की गयी थी। सम्भवतः उसी के मद्देनज़र यह व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान दरों के अनुसार पहले चार मिनटों के लिये पार्किंग पूर्णतः निशुल्क है। इसके बाद दो पहिया वाहनों के लिये 30 मिनट तक 10 रु., चार पहिया वाहनों के लिये 20 रु. और मालवाहक का शुल्क 30 रु. होता है।

उम्मीद की जा सकती है कि वाहनों की पार्किंग की फास्टैग एवं क्यूआर करने से लोगों को सुविधा तो बढ़ेगी ही, पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद भी अब नहीं होंगे।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं।
मिन्टू- अरे भाई, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है!!!

सेठ फूलचंद कॉलेज में रोड सेफ्टी पर कार्यशाला

राजिम, 30 नवंबर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में स्पर्श ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु रोड सेफ्टी विषय के संदर्भ में महाविद्यालयीन क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी मैनेजर दीपक सरकार, रंजू विश्वकर्मा एवं भावेश रोखड़े द्वारा विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी के विषय में विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने गाड़ी कैसे चलाई जाए, ड्राइविंग लाइसेंस क्यों अनिवार्य है, बीमा एवं अन्य दस्तावेज के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उक्त कार्यक्रम करवाने का उद्देश्य महाविद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को जानकारी देना था जो वाहन का उपयोग तो करते हैं किंतु यातायात के नियमों से पूर्ण रूप से परिचित नहीं हैं। साथ ही दुर्घटना होने पर किस प्रकार बीमा क्लेम किया जाता है व दुर्घटना के समय बचाव कैसे किया जाए या दुर्घटना होने की स्थिति से कैसे बचा जाए जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के लिए विशेष तौर पर रोड सेफ्टी विषय पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया उक्त कार्यक्रम में मोनू यादव, पूजा साहू, सृष्टि ठाकुर, दीपेश सेन, गौरव साहू, धारिणी साहू मृत्युंजय साहू, जैस्मिन रिजवी एवं संजू को विजेता घोषित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी एवं क्रीड़ा अधिकारी शिवकुमार पांडेय साथ ही शाखा के प्रभारी मैनेजर दीपक सरकार द्वारा पुरस्कार प्रदान कर विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही स्पर्श ऑटोमोबाइल शाखा प्रभारी दीपक सरकार ने प्राचार्य महोदया एवं कार्यक्रम संयोजक खेल अधिकारी शिवकुमार पांडेय को कंपनी की ओर से कार्यक्रम की सफलता पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो छात्र-छात्राएँ वाहन चला रहे हैं और जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वे यथाशीघ्र ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलाएं साथ ही जो विद्यार्थी हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं वह अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें अन्यथा ऐसे विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उक्त रोड सेफ्टी एवं यातायात नियम संबंधी कार्यशाला को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण बबलू यादव, गिरजा शंकर मैत्री, कृष्णा यदु, सुमित तिवारी एवं राहुल साखरकर, जीवन गायकवाड़ व रवि कोठारी का विशेष सहयोग रहा।

कबड्डी स्पर्धा में लोहारडीह अव्वल

महासमुंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। स्व. हेमलाल दीवान की स्मृति में जय भवानी नवयुवक ग्रामीण कबड्डी दल केरागुड़ा बावनकेरा के तत्वाधान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि लक्ष्मण पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद, विशेष अतिथि दारा साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी, श्रीमती खिलेश्वरी तारावंद दीवान, सरपंच ग्राम पंचायत पत्थर्री के करकमलों से दीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर हुआ। श्री पटेल ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कि कबड्डी को अद्भुत खेल बताया और कहा कि इसमें बंदर जैसी चपलता, लोमड़ी जैसी चतुरता और शेर जैसी पकड़ होनी चाहिए। आप सभी खेल भावना से खेले और हमारे ग्राम क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाए। खिलाड़ी हमेशा हर परिस्थिति के लिए तैयार रहता है और वह पूरे मनोयोग से अपना अच्छा देने का प्रयास करता है। खेल में पराजित होने वाला भी जीतने वाले को बधाई देता है। यह सिफेरोलेर्ों में होता है। इससे समाज के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। खेल हमेशा एकजुट रहने व संघर्ष करने कि प्रेरणा भी देता हैं जो युवा पीढ़ी के लिए जरुरी भी हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की। फाइनल मुकाबले में लोहारडीह प्रथम, डोकर पाली द्वितीय, तृतीय एवम चतुर्थ मुनगासेर, तेलीबांधा की टीम रही। इस अवसर पर अध्यक्ष जागेश्वर साहू, हुलास साहू, फिरत राम दीवान, नोहरसिंह साहू, पानसिंह दीवान, हंसराम दीवान, नंदकुमार दीवान, कलीराम, संतोष, परमानन्द, दयालु, रामभरोसा आदि उपस्थित थे।

जवान गुलशन साहू एसएसबी ट्रेनिंग करके आने पर गांव में खुशी का माहौल

राजिम, 30 नवंबर (देशबन्धु)। एसएसबी के जवान गुलशन साहू अपने गृहग्राम चैतरा मे आने से पूरे गांव में खुशी का माहौल छाया हुआ है। वह अपना ट्रेनिंग बिहार पटना से करके आया जिसमें पूरे परिवार फूल माला तिलक लगाकर स्वागत किया। ग्राम के सरपंच संजय कंडरा, वासुदेव यादव, दाऊलाल साहू, बुधराम साहू, हरिलाल साहू, नेमीचंद साहू, रोशन साहू, सियाराम यादव, फ्लेश साहू, जयलाल साहू, जीतू कांडरा इत्यादि उपस्थित थे। इस मौके पर दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू ने कहा कि चैतरा ही नहीं बल्कि पूरे राजिम क्षेत्र के लिए खुशी की बात है कि हमारे गांव के बच्चे अब सेवा में जाकर देश की रक्षा करेंगे ट्रेनिंग पूर्ण करके आने के बाद खुशी और उल्लास का वातावरण है। गांव में पहुंचते ही इनका फूल माला से स्वागत किया गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और इनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सरपंच संजय कंडरा ने बताया कि यह हमारे गांव के लिए फक्र का विषय है। हम सिफेटलीविजन पर देखे थे कि जवान कैसे देश की रक्षा करते हैं अब तो हमारे गांव के भी युवा सेना में जाने लगे हैं।

सीएमओ ने किया कार्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण

महासमुंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन राज़े ने बुधवार को अचानक पालिका कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। सीएमओ को अचानक देख अधिकारी.कर्मचारी के होश उड़ गए। निरीक्षण के दौरान कुछ जो अधिकारी.कर्मचारी अपने कक्ष से अनुपस्थित मिले उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। कार्यालय में विभिन्न विभागों के औचक निरीक्षण का उद्देश्य पालिका में जनहित के कार्यों में गति लाना है। इसी के मद्देनजर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन राज़े ने ऑफिस खुलते ही उपस्थित पंजी का अवलोकन कर कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों में दस्तक दी। श्री राज़े ने कहा कि अधिकारी.कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें और अपने कार्य के प्रति मुस्तैद रहें तथा जनहित के कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने निर्देश में कहा कि समय. समय पर सभी विभागों का कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जांच की जाएगी। निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारी कर्मचारीयो पर नियमानुसार कार्रवाई करना प्रस्तावित किया जाएगा।

पोस्टल बैलेट गणना और माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना प्रक्रिया के संबंध में पोस्टल बैलेट गणना के लिए एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को आज वन विद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र के सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में मतगणना कार्य हेतु 100 माइक्रो आब्जर्वर एवं 80 पोस्टल बैलेट गणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का यह दूसरा दिन था। पहले चरण में गणना सहायक, सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। आज द्वितीय दिवस भी प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स संजय मांझी एवं राजेश कौशिक ने कहा कि मतगणना के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रत्येक प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने सहित उसे बारीकी से समझें, अपनी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लेवें ताकि मतगणना कार्य को नियमानुसार बेहतर ढंग से संपन्न कर सकें। सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईटीपीबीएसए डाक मतपत्रए ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं ईटीपीबीएस, डाक मत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डाक मतपत्रों की गणनाए ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डाक मत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। इसके साथ ही ईटीपीबीएस की गणना के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए मॉक काउंटिंग करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, चारों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उमेश साहू, श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, ओंकारेश्वर सिंह एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एन के सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

महासमुंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कोमाखान थाना प्रभारी रामअवतार पटेल को सेवानिवृति पर एसपी कार्यालय के सभागार में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने शाल-श्रीफल, गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री पटेल पुलिस विभाग में 39 वर्ष की सेवा देने के बाद कोमाखान थाना से प्रभारी के पद पर रहते सेवानिवृत्त हुए है। इस अवसर पर विभाग ने उनकी सेवाओं को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने साझा करते हुए उनके सुदीर्घ और स्वस्थ जीवन की कामना की।

कांग्रेस मतगणना अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

महासमुंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी 03 दिसम्बर को होने वाली विधानसभा चुनाव की मतगणना को ध्यान मे रखते हुए महासमुंद जिले की चारों विधानसभा के मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण हेतु बिटोबा टॉकीज महासमुंद मे आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण में पंहुचे अभिकर्ताओं को राउण्ड वाईज अलग अलग विधानसभा की गणना के लिए सतत निगरानी रखते हुए गणना की बारीकी को समझाया गया। गणना प्रशिक्षक के रूप में कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा के द्वारा सिलसिलेवार रूप से मतगणना के दौरान सजग रहकर कार्य करने तथा सावधानी बरतने की हिदायत दी गयी। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा तय महत्वपूर्ण बिंदुओ पर एवं निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार महत्वपूर्ण बिंदुओ पर अभिकर्ताओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से महासमुंद विधानसभा प्रत्याशी एवं जिलाध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर मौजूद रही। इसके अतिरिक्त बसना विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र बहादुर ने मतगणना हेतु नियुक्त अभिकर्ताओ से एवं प्रशिक्षक अंकित से दूरभाष पर कुछ बिंदुओ पर चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान महासमुंद, खल्लारी, बसना तथा सरायपाली विधानसभा के मतगणना अभिकर्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल जैन ने दी।

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय के छात्र कुणाल यादव का पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय हॉकी टीम में चयन

राजिम, 30 नवंबर (देशबन्धु)। महाविद्यालय के बी. ए. तृतीय वर्ष के छात्र श्री कुणाल यादव पिता श्री बसंत यादव का चयन पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय शुक्ल रायपुर की हॉकी टीम में हुआ है। 25 नवंबर को विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों द्वारा ट्रायल का आयोजन किया गया था जिसमें कुणाल यादव ने भाग लिया और ट्रायल पश्चात उनका चयन अंतर विश्वविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। दिसंबर माह में प्रतियोगिता राउरकेला उड़ीसा में आयोजित है। महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष व गौरव का विषय है कि राजिम क्षेत्र के खिलाड़ी विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

राजिम माता जयंती मनाने एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए सोरिद में बैठक सम्पन्न

राजिम, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ गरियाबंद की बैठक अध्यक्ष नारायण लाल साहू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक का मुख्य विषय युवक युवती परिचय सम्मेलन कराने पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन जिला साहू संघ गरियाबंद के महासचिव हेमंत साहू द्वारा किया। जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष द्वारा सात जनवरी राजिम माता जयंती पर भी जानकारी दिया जो प्रदेश साहू संघ के द्वारा निर्देशित किया है। प्रतिवर्ष जयंती मनाते आ रहे हैं इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा और सभी तहसील परिक्षेत्र, नगर ग्रामीण द्वारा भोजन प्रसादी के लिए जो सहयोग देते आ रहे हैं उसे दिया जाएगा। प्रति घर एक किलो चावल दस रूपये दान दिया जायें, इस पर सहमति समस्त तहसील अध्यक्ष परिक्षेत्र अध्यक्ष उपस्थित पदाधिकारीगण द्वारा दिया गया। बैठक मे उपस्थित जिला साहू संघ गरियाबंद के संरक्षक कुंजन साहू, अध्यक्ष नारायण लाल साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, महासचिव हेमंत साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक अनुशासन साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, महिला उपाध्यक्ष डॉली साहू, जिला साहू संघ गरियाबंद के कार्यकारी अध्यक्ष मोती साहू, कछार परिक्षेत्र अध्यक्ष बंशी साहू, राजिम तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, तहसील छुरा अध्यक्ष अवध राम साहू, छुरा अध्यक्ष नरोत्तम साहू, सोरिद परिक्षेत्र रूपसिंह साहू, बोरसी गोवर्धन साहू, प्रकाश साहू राजिम, परिक्षेत्र बेलर अध्यक्ष प्रवीण साहू, मनेरी परिक्षेत्र अध्यक्ष महेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू देवगांव, युवराज साहू सहसचिव, हरिराम साहू उपाध्यक्ष, शेखर साहू, अरुण साहू व्यापारी प्रकोष्ठ, तेजराम साहू, दुर्जन साहू कार्यकारी अध्यक्ष हेमचंद साहू सचिव, रोहित साहू उपाध्यक्ष, लालजी साहू सह सचिव, रेखु राम साहू, सोनसाया साहू, महिला उपाध्यक्ष.. पार्वती साहू, ढोलू राम साहू, हेमलाल साहू, हुलास साहू, हीरालाल साहू शिव प्रशाद साहू, राधे श्याम साहू, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

दुलना के बालवाड़ी में लगा टीवी

नवापारा राजिम, 30 नवंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम दुलना में शासन व्दारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी योजना बालवाड़ी संचालित हो रहा है। जिसमें बच्चों के बौध्दिक विकास हेतु शाला प्रबंधन समिति व्दारा टी.वी. सेट लगाया गया है। बालवाड़ी के बच्चे टी.वी. देखकर काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। शुभारंभ समारोह में संकुल प्रभारी प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा के मार्गदर्शन में व्याख्याता महेश नेताम, विद्यालय के प्रधानपाठक रामनाथ साहू, अश्वनीकुमार साहू, सुरेन्द्रकुमार साहू, दुष्यंत साहू, हेमनाथ कोसरे, श्रीमती लता साहू, वेदप्रकाश साहू, एसएमसी अध्यक्ष अनुरूध्द साहू, मनोज साहू, मितानिन श्रीमती संगीता साहू के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ट्रक में लदे 18 नग प्लास्टिक बोरी में 517 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त

पिथौरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्य ओडिशा से लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन महासमुंद के रास्ते किये जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक महासमुन्द श्री धर्मेन्द्र सिंह ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगो के खिलाफ कार्यवाही तथा सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया था। कि दिनांक 29.11.2023 को मुखबीर से सूचना मिली कि बरगढ ओड़िशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप 10 चक्का ट्रक में ओडिशा से महासमुन्द होते हुये रायपुर मध्यप्रदेश, दिल्ली ले जाने वाला है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महासमुन्द श्री धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा एन.एन.एच. 53 के समस्त थाना प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को त्वरित कार्यावाही करने हेतु निर्देशित किया व महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईंटों पर भी बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी तभी 10 चक्का ट्रक क्रमांक ष्ठ04 श्रब् 2783 सांकरा, बसना की तरफ से आकर ग्राम राजा सेवैया आकाश आटो पार्ट के सामने नेशनल हाईवे 53 अवतार ढाबा के पास खडी हुई थी। वाहन का चालक नही था।

पिथौरा में वाहन को बिना वाहन चालक के खडा देख नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरों (छब्ठ) की टीम एवं थाना पिथौरा की पुलिस टीम को संदेह प्रतीत हुआ है जिसके आधार पर वाहन की तलाशी ली गई। वाहन

- पुलिस को चकमा देने के लिए खंडा चावल के आड में ले जा रहे थे गांजा
- कार्रवाई के दौरान एनसीबी इंदौर क्षेत्रीय इकाई की टीम भी रही शामिल

के पीछे ट्राली में 295 नग प्लास्टिक के बोरी में चावल का खण्डा भरा हुआ जिसमें विभिन्न प्रकार का चावल का खण्डा प्रत्येक बोरी में लगभग 50 किलो चावल भरा हुआ बोरियों को हटाने के बाद नीचे 18 नग अन्य बोरी भरा हुआ मिला। जिसे खोलकर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। वाहन में कुल 18 नग प्लास्टिक बोरीयों में कुल 517 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। वाहन पर अवैध गांजा की परिवहन करते पाये जाने पर मौके पर 05 व्हिल 17 किलो ग्राम गांजा कीमती लगभग 2,58,50,000 रूपये एवं 10 चक्का ट्रक वाहन कीमती लगभग 15,00,000 रूपये तथा 295 नग खण्डा चावल कीमती लगभग 2,50,000 कुल जुमला कीमती लगभग 2,76,00,000 रूपये जप्त किया गया। उक्त घटना में संलिप्त आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है। भारी मात्रा में अवैध गांजा परिवहन करते पाये जाने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनओडीपीएएस के तहत थाना पिथौरा में कार्यवाही की जा रही है। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव एवं अनु0अधिकारी (पु) पिथौरा श्री प्रेमलाल साहू के निर्देशन में थाना प्रभारी पिथौरा निरीक्षक अमित शुक्ला, उपनिरी. रविन्द्र ध्रुव, सायबर सेल प्रभारी निरी. नसीमुददीन खान आर0 रमाकांत साहू, संदीप भोई, देव कोसरिया, शैलेष ठाकुर, जितेन्द्र बाघ, निरी. संजय दलात, विजय कुमार शर्मा, उपनिरी श्रीराम पांडे (ग्रि प्रभारी) आर0 प्रहलाद सिंह तोमर एन0सी0बी इंदौर क्षेत्रीय इकाई एवं थाना पिथौरा टीम के द्वारा की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के संबंध में वीसी लिया

बिलाईगढ़, 30 नवंबर(देशबंधु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले के नेतृत्व में मतगणना के संबंध में सुबह 11.30 बजे आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित छत्तीसगढ़ के अन्य सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिटर्निंग अधिकारी शामिल हुए। सीईओ कंगाले ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छे परफार्मेन्स के साथ अब तक के निर्वाचन कार्यों को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सकारात्मक ढंग से पूरा किया है आगामी मतगणना में भी से किया जाना है। संबंधित निर्वाचन नियमों, मतगणना विधि का सभी अधिकारी विशेष ज्ञान रखें, पढ़ाई कर लें। कम्पयूजन न रहें, आत्मविश्वास और मजिस्ट्रेट अधिकार के साथ कार्यों को संपन्न कराएं। वीसी में कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अधिकारियों ने डाकमत पत्र अंतर्गत ईटीपीबीएस और सामान्य डाकमत तथा ईव्हीएम से गणना के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दिया गया। वीसी में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ मोनिका वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, सहायक एवं अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

कच्ची महुआ शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

पलारी, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। 29 नवंबर को ग्राम अमेरा केसला मार्ग चौक में आरोपी पुरन सिह जोशी पिता मंशाराम जोशी उम्र 41 वर्ष सा0 डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से एक सफेद बोरी अंदर रखे 20 नग पांच पांच ली. वाली सफेद पारदर्शी झिल्ली प्रत्येक में 5-5 ली भरी कच्ची महुआ शराब कुल 100 लीटर किमती 20000 एवं 02. पुरानी इस्तेमाली मो0स्टा0 ऋ0 ष्ठल 04 ष्ठङ्क 6267 कि. ?15000 को जप्त किया गया। शराब के संबंध में पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो अपने मेमोरण्डम में उक्त शराब संजय पिता खरीदिया निवासी ग्राम खैरी से खरीदना एवं बिक्री हेतु ले जाना बताया आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्र. 542/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी पलारी एवं प्रधान आरक्षक रेशम माण्डले, भास्कर प्रसाद घृतलहरे का योगदान रहा।

जिले में होम वोटिंग, सेवा मतदाता व ईटीपीबीएस के माध्यम से कुल 2 हजार 89 डाक मतपत्र हुए प्राप्त

गरियाबंद, 30 नवंबर। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान होम वोटिंग, सेवा मतदाताओं एवं ईटीपीबीएस के माध्यम से कुल 2089 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 54 राजिम के 1110 मतपत्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 55 बिन्द्रानवागढ़ के कुल 979 डाक मतपत्र शामिल है। नोडल अधिकारी भूपेन्द्र साहू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54- राजिम अंतर्गत होम वोटिंग के माध्यम से कुल 14 डाक मतपत्र, सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से 37 तथा मतदान प्रक्रिया में नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु चयनित सुविधा केन्द्रों से 1059 डाक मतपत्र कुल 1110 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 55 - बिन्द्रानवागढ़ में होम वोटिंग के माध्यम से कुल 14 डाक मतपत्र, सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से 30 डाक मतपत्र, मतदान प्रक्रिया में नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों हेतु चयनित सुविधा केन्द्रों से 935 डाक मतपत्र कुल 979 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। समस्त डाक मतपत्रों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। डाक मतपत्रों की गणना 03 दिसम्बर को ईवीएम मशीन के वोटों से पहले कृषि उपज मंडी परिसर में बनाएं गए मतगणना केन्द्र में की जायेगी।

कलेक्टर-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

गरियाबंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में 03 दिसंबर को दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना होगी। इसे लेकर जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल में प्रशासनिक तैयारी जारी है। गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतगणना स्थल पर उचित बैठक व टेबल व्यवस्था, राउंड वाइस डिक्लेरेशन बोर्ड, विद्युत व्यवस्था, डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मीडिया सेंटर में आवश्यक व्यवस्थाएं, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही वाहनों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाकमत पत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल

- मतगणना की सभी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- 3 को जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषि उपज मंडी में सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी मतगणना कार्य

ने बताया कि जिले में 03 दिसंबर को दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां की जा रही है। मतगणना का कार्य सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट पेपरों की गणना की जाएगी इसके पश्चात् कंट्रोल यूनिट के माध्यम से गणना आरंभ किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक कंट्रोल यूनिट के गणना हेतु प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबल लगाए गए हैं। गणना हेतु प्रत्येक टेबल में 01 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है जो गणना प्रेक्षक के दिशा-निर्देशन में कार्य करेंगे।

मतगणना स्थल के लिए नियुक्त किए गए गणना अधिकार्ताओं को 03 दिसंबर सुबह 7 बजे से मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु उन्हें अपने साथ गणना अभिकर्ता नियुक्ति पत्र एवं फोटो पहचान पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है। गणना स्थल पर एक समय में केवल एक ही गणना अभिकर्ता निर्धारित स्थल पर उपस्थित रह सकेंगे। मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारी, गणना अभिकर्ता एवं अन्य किसी को भी मोबाईल फोन, डीजिटल घड़ी, कैमरा आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि के अलावा गुटखा, पान, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित होगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल, राजिम रिटर्निंग ऑफिसर धनंजय नेताम, एसडीएम गरियाबंद भूपेन्द्र साहू, एनआईसी के उपनिदेशक नेहरू निराला सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

निधन

डॉ. रामानंद सोनी



रायपुर, 30 नवंबर। फिंगेश्वर निवासी डॉ. रामानंद सोनी (उम्र-76) का आकस्मिक निधन 30 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान से फिंगेश्वर मुक्तिधाम में 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे आर्चीट सोनी के दादा थे।

मिथिलेश तिवारी

जगदलपुर, 30 नवंबर। पं. अवधेश तिवारी पुजारी बालाजी मंदिर (भीतर मठ) की धर्मपत्नी श्रीमती मिथिलेश तिवारी का 30 नवंबर को स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 1 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे उनके गृह निवास मोती तालाब पारा महावीर भवन के पास से खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

सुखनंदन यादव

महासमुंद, 30 नवंबर। स्थानीय वार्ड क्रमांक 14 बिठोबा के समीप निवासी सुखनंदन यादव 70 वर्ष का 30 नवंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेम यादव के बड़े भाई, जीवन, अनिता, गीता, सीता यादव के पिता, संजय यादव के बड़े पिता व अजय यादव के दादा थे।

डॉ. दयाराम वर्मा



बलौदाबाजार, 30 नवम्बर। ग्राम किरना (तिल्दा) निवासी डॉ. दयाराम वर्मा 72 वर्ष का देहावसान 30 नवम्बर को हो गया है। वे पूर्व राज्य सभा सदस्य छाया वर्मा के पति थे। जिनकी अंत्येष्टि गृह ग्राम किरना (तिल्दा) में 1 दिसम्बर दिन शुक्रवार को 11 बजे होगी। इनके निधन पर जिला कक्षिस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु सहित राजनीतिक नेताओं, शुभचिंतकों एवं समाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

विठ्ठल गजभिए



भिलाईनगर, 30 नवंबर। सेक्टर-2 सड़क-3, क्वॉटर-7/ए निवासी 75 वर्ष विठ्ठल गजभिए का निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम शवयात्रा उनके निवास स्थान सेक्टर-2 से गुरुवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने प्राथमिक विद्यालय केशला में बांटा सेलेक्टेड स्टैंड बैग

खरोरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी बैकुंठ के द्वारा सीएसआर मद से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ,शाला प्रबंधन विकास समिती के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों,सरपंच ग्राम पंचायत केशला के गरिमामय उपस्थिति में शाला के सभी बच्चों को सेलेक्टेड स्टैंड बैग वितरण किया गया ।अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी बैकुंठ के सी एस आर सीनियर आफिसर श्री राहुल देव ने बताया कि यह बैग प्राथमिक विद्यालय के बच्चो के लिए विशेष रूप से आई आई टी द्वारा डिजाइन किया गया है । प्राथमिक शाला के बच्चे जमीन में बैठकर पढ़ाई करते हैं जिसके फलस्वरूप छोटे छोटे बच्चों को कमर दर्द की समस्याओ एवं झुककर लिखने से आंखों में कमजोरी आने की समस्याओ से ग्रसित हो रहें हैं।बच्चों की इन समस्याओ को देखते हुए आईआईटी के द्वारा यह सेलेक्टेड स्कुल बैग को डिजाइन किया गया है ।इस सेलेक्टेड स्टैंड बैग को बच्चे अपने घर ले जा सकतें,उस बैग में अपनी सभी कापी पुस्तक रख सकते हैं एवं पढ़ाई के समय स्टैंड को अलग कर अध्यापन कार्य कर सकतें हैं ।ग्राम पंचायत केशला के सरपंच विनोद देवांगन ने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सीएसआर सीनियर ऑफिसर से अनुरोध किया कि आप के कंपनी के द्वारा जब कभी भी इस तरह की योजना लायें तो हमारे ग्राम पंचायत एवं यहां की स्कूलों को पहले प्राथमिकता देवें ।जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी ने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल में पढ़ाई की है।मुझें कक्षा दसवीं में बेंच में बैठने का सौभाग्य मिला।शासकीय शालाओं में खासकर प्राथमिक शालाओं में टेबल बेंच का अभाव रहता ।आप लोगों को आज अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की ओर से जो सेलेकेटेड स्टैंड बैग की सुविधा दी जा रही है उसका भरपुर फायदा उठायें और अच्छी पढ़ाई करें ।

सेलेक्टेड स्टैंड बैग वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामीजी,ग्राम पंचायत केशला के सरपंच विनोद देवांगनजी,मूलचंद देवांगन पंच,अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी बैकुंठ के सीएसआर सीनियर ऑफिसर राहुल देव,असिस्टेंट सीएसआर ऑफिसर मुन्ना प्रबंधन विकास समिती के अध्यक्ष श्रीमती शांति देवांगन,उपाध्यक्ष श्रीमती मानसी गेण्डे,पालक समिति अं के सदस्य श्रीमती रेवती देवांगन,सुकृति देवांगन,डिगेश्वरी देवांगन,बिहान योजना से सुश्री निशा,अनुज चन्द्राकर,संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा,जयप्रकाश टंडन,लता देवांगन,अंजनी गिलहरे,गणेश्वरी नवरंगें,प्रियंका सिदार,रेखा देवांगन,किरण वर्मा,अरुणा वर्मा,इंदु देवांगन ,रसोईया लक्ष्मी बंजारे,भुखैया,गायत्री सिन्हा उपस्थित रहे ।

सर्वोच्च अलंकरण से अनुसुइया साहू हुई सम्मानित

खरोरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। पिछड़े एवं संवेदनशील क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं व नन्हे बच्चों के शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार और लोगों में व्यवहार परिवर्तन पर लगातार सेवाएं दे रही महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक अनुसुइया साहू को उत्कृष्ट महिला सशक्तिकरण अवार्ड 2023 कि मानद उपाधि का सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं। बधाई देने वाले में सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, झाड़ू राम मंडावी जनपद सदस्य, सौरभ ठाकुर सरपंच कोरर, रामकुमार दरों सरपंच हाटकरां, सुनहेर यादव उप सरपंच, नवीन पांडे, राघवेंद्र राजपूत, ममता सुखदेवे परिवेजना अधिकारी तथा समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर हाटकर्स आदि महिला मौजूद थे।

प्रादेशिकी का शेष...

शासकीय राजीव लोचन ...

प्रतिभा दिखा रहे हैं । वर्तमान में कुणाल यादव विश्वविद्यालय के पांच दिवसीय हॉकी प्रशिक्षण में भाग लेने रायपुर गए हुए हैं। कुणाल यादव के विश्वविद्यालय स्तर पर चयन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य एम.एल. वर्मा, डॉ. गोवर्धन यदु ,डॉ. समीक्षा चंद्राकर और समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ ने अग्रिम बधाई और शुभकामना दी।

राजिम माता जयंती मनाने...

सोरिद परिक्षेत्र , फिन्गेश्वर नगर साहू संघ से भुवन साहू, विष्णु साहू कार्यकारी अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजिम न्याय प्रकोष्ठ हरि साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ भोजन साहू प्रचार सचिव ओमप्रकाश साहू सहसचिव युवराज साहू मनोहर साहू हेमराज साहू पवन साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज सचिव घनश्याम साहू कोषाध्यक्ष झाड़ूराम साहू संजु साहु उपाध्यक्ष हरिश साहू उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ,प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के संयोजक राजु साहू मिडिया प्रभारी जागेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी अंजोर साहू बैठक में उपस्थित रहा। समस्त परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं ग्रामीण अध्यक्षगण उपाध्यक्षगण युवा साथियों की भी उपस्थिति रही।

कलेक्टर ने सभी अभ्यर्थियों को टेबल अनुसार एजेंट रखने सूचित किया

ईसीआई ने मतपत्रों की गणना के लिए अतिरिक्त टेबल लगाने की स्वीकृति दी

बिलाईगढ़, 30 नवंबर(देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतों की गणना हेतु मतगणना हॉल में अतिरिक्त टेबल लगाने के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के दोनों विधानसभा अंतर्गत सभी राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे स्वीकृत किए गए टेबल अनुसार निर्वाचन अभिकर्ता (एजेंट) को निर्धारित मतगणना तिथि और समय पर उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

सारंगढ़ बिस-17 में में डाकमत-3 टेबल, सीयू (ईवीएम)-21 टेबल और 17 राउंड में होगा मतगणना

बिलाईगढ़ बिस-43 में डाकमत-3 टेबल, सीयू (ईवीएम)-21 टेबल और 18 राउंड में होगा मतगणना

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि भारत निर्वाचन आयोग के मतगणना टेबल बढ़ोतरी की स्वीकृति के बाद सारंगढ़ विधानसभा-17 में डाकमत का टेबल 2 से 1 बढ़कर कुल 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का टेबल 14 से 7 बढ़कर कुल 21 टेबल हो गया है, जिसका मतगणना 17 राउंड में संपन्न होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा 43 में टेबल 2 से 1 बढ़कर कुल 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का टेबल 14 से 7 बढ़कर कुल 21 टेबल हो गया है, जिसका मतगणना 18 राउंड में संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 18 अन्य जिलों का इसी प्रकार मतगणना टेबल बढ़ोतरी स्वीकृति दी है, उसमें कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर रामानुजगंज, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, महासमुंद, धमतरी, बालोद, दुर्ग, उत्तर बस्तर कांकेर, कोण्डागांव और बस्तर जिला शामिल है।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मतगणना व्यवस्था का निरीक्षण किया

विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने मंडी परिसर मतगणना स्थल का जायजा लिया। अब तक दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ का मतगणना टेबल, जाली बेरिकेटिंग का कार्य हो चुका है। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने श्री विनोश एसडीओ लोक निर्माण विभाग अधिकारी को मतगणना हाल के पास मतगणना कर्मियों के भोजन के लिए पंडाल व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने मतगणना स्थल में पेयजल व्यवस्था के लिए एसडीओ पीएचई श्री कमल कंवर को और साफ-सफाई के लिए श्री राजेश पांडेय नगरपालिका सारंगढ़ सीएमओ को, विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता श्री नरेन्द्र नायक को, भोजन व्यवस्था के लिए खाद्य अधिकारी श्री चित्रकांत ध्रुव, टेलीफोन और वाईफाई के लिए बीएसएनएल अधिकारी श्री नायक को, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग के लिए डीएसपी श्री मनीष कुंवर को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ मोनिका वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, सहायक एवं अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

मंत्रालय पहुंचे बिलाईगढ़ सरपंच संघ

बिलाईगढ़, 30 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ में जब से आचार संहिता लागू किया गया है तब से बहुत से कार्य पैंडिंग हो गया है। लेकिन विधान सभा चुनाव के बाद विभाग में भी कार्य धीरे से चल रहा है। इस कड़ी में विकासखंड स्तर के बहुत से कार्य को तेजी से प्रारंभ करने और जो कार्य पूर्ण हो गया है। उसकी आबंटन के लिए सरपंच संघ ने अपने प्रतिनिधि टीम बनाकर मंत्रालय और उसके बाद संचनालय पहुचकर बिलाईगढ़ ब्लाक प्रमुख समस्याओ से अवगत कराया। अधिकारी ने समस्या का समाधान जल्द पूरा करने की आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष मुकेस्वर साहू, ग्राम पंचायत छपोरा से यादराम हिरवानी,ग्राम पंचायत बिसनपुर से भूदेव बंजारे, ग्राम पंचायत तिहलीपाली से मनोज कुमार महिवाल, ग्राम पंचायत पिपरभावना से लक्ष्मण कुरे, ग्राम पंचायत टेढ़ीभद्रा से पूर्व सरपंच हेतराम भारती शामिल हैं।

सीजन का धंधा इसलिए 'सीजनल रजिस्ट्रेशन'

भाटापारा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। सीजन के दिनों में खाद्य सामग्री बनाने और बेचने वालों को करवाना होगा च्सीजनल रजिस्ट्रेशनज्। इसमें उस जगह का उल्लेख स्पष्ट रूप से करना होगा, जहां से यह कारोबार किया जा रहा है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तेवर दिन-ब-दिन सख्त हो रहे हैं। त्यौहारी सीजन का काम निपटा लेने के बाद अब ध्यान उस क्षेत्र पर है, जो सीजन के अनुसार खाद्य सामग्री बनाते और बेचते हैं। सीमित दिनों के लिए चलने वाले इस कारोबारी क्षेत्र को इसलिए नियमों के घेरे में लिया जा रहा है क्योंकि लापरवाही यहां भी नजर आने लगी है प्रशासन की नजर विशेष रूप से मोमोज काउंटर पर ज्यादा है।

इसलिए सीजनल रजिस्ट्रेशन

सीमित दिनों का होता है ऐसा कारोबार। इसलिए स्थानीय के साथ दीगर प्रांत के कारोबारी भी आते हैं। कुछ दिन रहकर कारोबार करते हैं फिर लौट जाते हैं। प्रारंभिक जांच में प्रशासन ने पाया है कि बेची जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, मानक के अनुरूप नहीं होती। शिकायतें आती तो हैं

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की सख्ती

लेकिन कारोबार की जगह तय नहीं होती। ऐसे में जांच कर पाना मुश्किल होता है।

दें नी होगी यह जानकारी

सीजन के कारोबार के लिए जो आवेदन कारोबारियों द्वारा दिए जाएंगे, उसमें विक्रय करने की जगह का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। इसके अलावा स्थाई पता भी अनिवार्य होगा। बेची जाने वाली सामग्री का विवरण स्पष्ट रूप से देना होगा। खाद्य सामग्री की पैकिंग में नियमानुसार आवश्यक जानकारी का उल्लेख अहम होगा ताकि प्रतिकूल स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

इन्हें अनिवार्य

शीत ऋतु में तिल, मूंगफली, चना, मुरमुरा, लाई और राजगीर से बनाई और बेची जाने वाली खाद्य सामग्री। स्थानीय स्तर पर बनी व पैक की हुई सोनपापड़ी और नारियल की बर्फी और लड्डू, ठेलों में खूब बेचे जाते हैं। गांठिया और पापड़ी का भी उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए यह भी ठेलों में नजर आने लगे हैं। ग्रीष्म ऋतु में सोडा, सॉफ्ट और कोल्ड ड्रिंक के अलावा चलती-फिरती दुकानें गन्ना जूस भी बेचतीं हैं। बारिश के मौसम में कारोबार थोड़ा शांत रहता है। फिर भी ऐसे सभी कारोबारियों को च्सीजनल रजिस्ट्रेशनज् करवाना होगा।

अनिवार्य है सीजनल रजिस्ट्रेशन

सीजन के दिनों में चलने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों के कारोबारियों के लिए सीजनल रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। जरूरी औपचारिकताओं के साथ संबंधित कारोबारी आवेदन कर सकते हैं।

- उमेश वर्मा, असिस्टेंट कमिश्नर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, रायपुर

शासकीय महाविद्यालय में छग राजभाषा दिवस मनाया गया

सरायपाली, 30 नवंबर (देशबन्धु)। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य प्रदीप कुमार भोई के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी राज भाखा दिवस का आयोजन किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई डॉ. चंद्रिका चौधरी (सहायक प्राध्यापक हिंदी) श्रीमती शब्या पटेल (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र) राजकिशोर पटेल (सहायक प्राध्यापक गणित, नैक प्रभारी) एवं अनिल तांडी उपस्थित थे कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्वत जनों ने छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्त्व एवं उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन खीरसागर पटेल (सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र, आई. क्यू. ए. सी. प्रभारी) द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन राजकिशोर पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दीपक भोई- एम.ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर द्वारा छत्तीसगढ़ी गजलकार मुकुंद कौशल के गजल का पाठ किया गया। स्नातकोत्तर हिंदी के छात्र/छात्राओं के साथ स्नातक कक्षाओं के छात्र/छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित थे

रबी फसल के लिए चरौदा बांध से किसानों ने की पानी देने की मांग

बागबाहरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी रबी फसल लेने हेतु एम के बाहरा एवं चरौदा के किसानों ने सिंचाई के लिए पानी देने की मांग कलेक्टर एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर की है। ताकि खरीफ़ फसल में हुए नुकसानी का भरपाई रबी फसल लेकर पूर्ति किया जा सके। उक्त दोनों गांव के करीब 300 किसान ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे।

बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा एवं ग्राम पंचायत एम के बाहरा के किसान सरपंच कमल नारायण साहू, डॉ. कुंजलाल साहू, देवानंद साहू, संजय समुद्दर, भूखन पटेल, नारायण सिंह ठाकुर, देवक राम साहू, नैमीचंद साहू, राजेश पटेल, नारायण साहू, इंदल पुरैना, रामनारायण साहू, भेखराम पटेल, नेतराम पटेल, दिनेश कुमार साहू, गया राम साहू एवं ऋषि कुमार साहू ने बताया कि उनकी खड़ी खरीफ़ फसल में कीट प्रकोप के कारण फसल का नुकसान हुआ है। साथ ही चरौदा बाँध के नहर से ज्यादा पानी चलने के कारण भी फसलों को क्षति पहुंची है। फसल खराब होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है इसलिए चरौदा बाँध से रबी फसल के लिए पानी छोड़ने की मांग लेकर इस गांव के किसान जिला प्रशासन से गुहार लगाने पहुंचे थे। ताकि खरीफ फसल में हुए आर्थिक क्षति की भरपाई रबी फसल लेकर किसान अपना पूर्ति कर सके।

सुगम नहीं, प्रवेश और निर्गम

भाटापारा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। आवाजाही कैसे सुगम होगी ? यह सवाल रेलवे स्टेशन प्रवेश कर रहे यात्रियों के हैं क्योंकि प्रवेश द्वार के सामने का हिस्सा निर्माण कार्य के लिए खोदा जा रहा है। किनारों की जगह खाली तो है लेकिन सुगम नहीं है।

भाटापारा स्टेशन का सौंदर्यीकरण का काम दरुत गति से चल रहा है। लेकिन जहां-तहां हो रही खुदाई यात्रियों के लिए परेशानी की वजह बनी हुई है। खासकर शाम ढलने के बाद तो यह दिक्कत और भी ज्यादा हो जा रही है। वैकल्पिक उपाय तो है लेकिन यह सही नहीं माने जा रहें हैं।

पूरा हिस्सा बंद

स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के ठीक सामने हो चुकी खुदाई के बाद आवाजाही

बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को हो रही परेशानी

पूरी तरह बाधित हो चुका है। ऐसे में आवाजाही के लिए यात्रियों को दोनों किनारों के खुले हिस्से की ओर जाना पड़ रहा है। यह किनारे इसलिए सुरक्षित नहीं माने जा रहे हैं क्योंकि यहां पर ऑटो और मोटर साइकिलें खड़ी होती हैं।

ज्यादा परेशानी इन यात्रियों को

सामने का हिस्सा बंद होने के बाद बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है क्योंकि सूचना देने वाली जानकारी नहीं मिलती। लिहाजा किसी तरह खुद को रास्ता खोजना पड़ रहा है, जहां से सुगमता के साथ प्रवेश और निर्गम हो सके। सुबह और शाम यह परेशानी ज्यादा महसूस की जा रही है।

सड़क पर यह कैसे

प्रवेश द्वार के सामने की सड़क पर ही हर रोज लगता है लेबर मार्केट। यहीं पर ऑटो और टैक्सी स्टैंड है। अनाधिकृत हैं यह दोनों। आवाजाही को यह भी प्रभावित कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि इन्हें कब हटाया जाएगा ? जवाब नहीं मिलते। इसलिए जैसे- तैसे करके यात्री आना-जाना कर रहे हैं।

मतगणना नजदीक आते ही खल्लारी क्षेत्र के प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कनें

■ ललित सोनी

बागबाहरा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के परिणाम को जानने के लिए लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। हर लोगों की नजर अब 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना पर बनी हुई है। लोग जानने को उत्सुक हैं कि इस क्षेत्र के अगला विधायक कौन होंगे ? यह तो समय ही बताएगा। समय बहुत बड़ा बलवान होता है। इसी समय ने राजा को रंक ? और फकीर को राजा बना दिया है। इतिहास से इस गुजरते घटनाक्रम को सभी ने देखा है। समय काफी बदल चुका है। लोग काफी जागरूक हो चुके हैं। अब पहले जैसे समय नहीं रहा। जिले के बहुचर्चित विधानसभा क्षेत्र खल्लारी के चुनाव में टिकट से लेकर मतगणना तक नेताओं और प्रत्याशियों के दिल की धड़कनें काफी तेज हो गई है। इन दिनों उनकी नींद हराम हो गई है। क्योंकि ठीक दो दिन बाद चुनाव का मतगणना होने जा रही है। जिस पर प्रत्याशियों समेत आम जनता की निगाह बनी हुई है। क्षेत्र के आम मतदाता कहने लगे हैं कि इस क्षेत्र का अगला विधायक कौन होंगे ? सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता अपनी-अपनी ढपली अपना-अपना राग अलाप रहे हैं। लेकिन असलियत तो ईवीएम मशीन में बंद है। जो ठीक दो दिन बाद यानि 3 दिसंबर को जिला मुख्यालय महासमुंद में मतगणना के साथ स्पस्ट हो जाएगा। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कौन विधायक बनेगा और छत्तीसगढ़ प्रदेश में किस पार्टी की सरकार बैठ रही है। यह सब जानकारी 3 दिसम्बर को शाम तक पता चल जाएगा। चुनाव से पहले सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसी ने कांग्रेस पार्टी की सरकार बन रही है कहा, तो किसी ने भाजपा की सरकार बनने की बात कही है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव के पहले अपने-अपने घोषणा पत्र जारी किए थे।

- **सन 2018 के पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने करीब 57 हजार वोटों से जीते थे**
- **यह विंस क्षेत्र प्रसिद्ध प्राचीन देवी खल्लारी देवी मां एवं चंडी देवी मां का धार्मिक आस्था का स्थान है**
- **खल्लारी क्षेत्र से कुल 15 उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमां रहे थे**

इसी आधार पर उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। खल्लारी क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा संसदीय सचिव एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव को टिकट दिया था। तो भाजपा ने प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य एवं तेज तर्रार नेत्री श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर को टिकट दिया था। सन 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने यहाँ से मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव को टिकट दिया था। और भाजपा ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सक्रिय भाजपा नेत्री श्रीमती मोनिका साहू को टिकट दिया था। लेकिन भाजपा में गुटबाजी, बगावत एवं भीतरघात के चलते मोनिका साहू को लगभग 57 हजार वोटों से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

उस समय द्वारिकाधीश यादव मोनिका साहू से 57 हजार मतों से रिकॉर्ड तोड़ जीते थे। जिसे पार्टी के लोग आज भी नहीं भूले हैं। इस बार भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा कराए गए विकास कार्यों से प्रभावित होकर एवं पार्टी के घोषणा पत्र के आधार पर श्री यादव की जीत को सुनिश्चित मान रहे हैं। वहीं भाजपा वाले भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता कि मतगणना कार्य का परिणाम ऊंट किस तरह करवट लेगा। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के चुनावी मैदान में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमां रहे थे। लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच था। लोग इस चुनाव के मतगणना को लेकर कई तरह के कयास लगा रहे हैं। अब देखना यह है कि कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव क्या पिछले चुनाव की तरह इस बार भी बम्पर वोटों से जीतेंगे ? इस क्षेत्र के अगला भावी विधायक कौन होंगे, ये तो दो दिन बाद ही पता चलेगा।

झेरिया यादव समाज का आदर्श विवाह

भाटापारा, 30 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज तरेंगा परिक्षेत्र , समय समय पर बैठके एवं जनसंपर्क के माध्यम से आदर्श विवाह के लिए जागृत करते रहे हैं । इसी का परिणाम हैं कि आज मंदिरों में आदर्श विवाह संपन्न हो रहे हैं ।

आज झेरिया यादव समाज के श्री कृष्ण बाके बिहारी मंदिर मावली माता मन्दिर परिसर सिंगारपुर में देवरी निवासी श्री गोविंद यादव पिता रमेश यादव एवं ओठगन निवासी कु. सरिता यादव पिता शत्रुहन यादव का आदर्श विवाह सादगी पूर्ण संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री एम एल यादव सचिव शोभित यादवश्री हिंसा राम यादव जी बुंदेला महामंत्री सम्बलपुर राज श्री संजय यादव नवयुवक अध्यक्ष ओठगन अशोक यादव श्री भगत यादव जी ओठगन श्रीमती शांति यादव, सुखमनी यादव श्रीमती रामेश्वरी यादव चैती बाई गौरी बाई सहित बड़े संख्या में वर वधु के परिजनों के साथ साथ सामाजिक गण उपस्थित रहे ।

मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों-निर्वाचन अभिकर्ताओं को दी गई जानकारी

महासमुंद, 30 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अभ्यर्थियों.निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा उन्हें शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतगणना के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। अभ्यर्थियों.निर्वाचन अभिकर्ताओं को डाक मतपत्रों ईटीपीबी हो या सामान्य के गणना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उमेश साहू, श्रीमती सृष्टि चंद्राकर एवं ओंकारेश्वर सिंह मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मलिक ने बताया कि मतगणना का कार्य प्रात: 8 बजे शुरू होगा। अभ्यर्थियों.निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना के 1 घंटे पहले अर्थात सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम में उपस्थित होना होगा। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पहचान पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना 14.14 टेबलों पर राउंड आधार पर होगा। आयोग के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट के लिए सरायपाली में 03, बसना में 04, खल्लारी में 02 एवं महासमुंद में 03 अतिरिक्त टेबल लागए जायेंगे। इसी तरह सरायपाली में 20, बसना में 21, खल्लारी में 20 एवं महासमुंद में 18 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगा। प्रत्येक राउंड के बाद मतगणना की घोषणा की जाएगी और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा साथ ही अभ्यर्थियों को इसकी प्रति भी दी जाएगी। राजनीतिक अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सुबह 06 बजे पोस्टल बैलेट के लिए जिला कार्यालय स्थित कोषालय में आमंत्रित किया गया है। तत्पश्चात उसे मतगणना कक्ष के लिए शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए सुबह 05:30 बजे उपस्थित होने कहा गया है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन द्वारा गणना के लिए कैलकुलेटर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक की उपस्थिति में होगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रत्याशी सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बसपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, निर्दलीय अभ्यर्थी उपस्थित थे।

सिक्ख समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया 554वां प्रकाश पर्व

सरायपाली, 30 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख समाज के द्वारा श्री गुरूनानक देव का 554वां प्रकाश पर्व भव्य एवं अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिनों तक अखंड पाठ चलने के बाद 27 नवंबर को इसकी समाप्ति हुई। अरदास पश्चात 28 नवम्बर को अटूट लंगर का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे से नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाली गई। प्रकाश पर्व पर नगर के सभी मार्गों को सिक्ख समाज के द्वारा स्वागत द्वार, झालर, बैनर लगाकर सजाया गया था। पदमपुर रोड स्थित गुरूद्वारे को आकर्षक लाईटों से रौशनी प्रदान की गई थी।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विगत 15 दिनों से सिक्ख समाज की महिलाएं एवं पुरूष वर्ग शबद - कीर्तन करते हुए नगर में प्रभात फेरी निकालते रहे। सुबह से ही माईक की मधुर ध्वनि में गुरूवाणी का मंद्धिम स्वर लोगों के लिए कर्णप्रिय रहा। इस बीच 25 से 27 नवंबर तक गुरु नानक देव जी का श्री अखंड पाठ किया गया, 27 की रात्रि में रैन सबाई का कार्यक्रम हुआ, और गुरु नानक देव का जन्मोत्सव मनाया गया।

इसके पश्चात 28 नवंबर को रायपुर श्याम नगर के गुरुद्वारा से पहुंचे प्रदीप सिंह के द्वारा गुरुद्वारा में भजन-कीर्तन पाठ करवाया गया जो देर रात तक चलता रहा। कीर्तन पाठ समाप्ति के पश्चात सभी समाज के लोगों को व गणमान्य नागरिकों को सिख समाज के द्वारा स्वागत किया गया। गुरूसिंग सभा के तत्वाधान में शाम 5 बजे नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें राजनांदगांव से व रायपुर से झांकी लाया गया था राजनांदगांव

की झांकी को रिंकल भाटिया द्वारा सेवा की गई थी वहीं रायपुर की झांकी को सरदार परविंदर सिंह भाटिया द्वारा सेवा की गई थी, उनके द्वारा आकर्षक रूप से वाहन को फूलों से व लाइट से सजाया गया था।

इस दौरान पंजाब से आए गतका पार्टी के द्वारा विभिन्न स्थानों पर हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। शहर के ह्रदय स्थल जय स्तंभ चौक के पास गतका पार्टी के लिए सुसज्जित मंच तैयार किया गया था, जहां अनेक लोगों ने उन करतबों का आनंद लिया। इस वर्ष शोभायात्रा में दो वाहनों में झांकी निकाली गई थी।

विभिन्न मार्गों से निकली गुरू ग्रंथ साहिब की सवारी: शोभायात्रा पदमपुर रोड गुरुद्वारा से निकलकर गुरुनानक चौक होते हुए फव्वारा चौक, जयस्तंभ चौक, अग्रसेन चौक, उड़िया पारा चौक से गुजरते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंची। शोभायात्रा में फूलों से सजे सुसज्जित वाहन में गुरू ग्रंथ साहिब की सवारी भी निकली। शोभा यात्रा की बड़ी विशेषता यह रही कि समाज के सभी महिला पुरूष शुभ्रवेश में दिखे। परंपरा के अनुसार पंच प्यारों के सामने समाज की महिलाएं झाड़ू लगाते हुए आगे बढ़ रही थी।

अध्यक्ष ने स्वागत करने वाले सभी का जताया आभार: सिख समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह आहूजा (बिट्टू भाई) ने बताया कि दोपहर को अटूट लंगर का आयोजन गुरूद्वारे में किया गया, जिसमें दूसरे समुदाय के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। सिक्ख समाज द्वारा गुरूद्वारा में अन्य समाज के लोगों का शॉल श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। दिन भर सिक्ख समाज का समस्त व्यवसाय बंद रहा। उन्होंने स्वागत करने वाले सभी सामाजिक जनों, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका एवं आमजनों का आभार व्यक्त किया।

शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत: शोभायात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा पंच प्यारों का स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के द्वारा शोभायात्रा के स्वागत हेतु मदरसा निजामिया के सामने स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नंद, मण्डी अध्यक्ष श्रीमती सीता अमृत पटेल ने शोभायात्रा का स्वागत किया एवं यात्रा के सामने झाड़ू भी लगाए। नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। इसी तरह मानिकपुरी पनका समाज, पार्षद गुंजन अग्रवाल, अग्रवाल समाज, ब्राम्हण गौण समाज, अमित आहूजा आदि के द्वारा भी शोभायात्रा का स्वागत किया गया।